प्रकाशक :
चौपासनी-शिक्षासमिति
जोधपुर


भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय
द्वारा संचालित प्रादेशिक भाषाओं के
विकास सम्बन्धी योजना से सहायता प्राप्त

मूल्य रुपये १५०)

प्रथम संस्करण

मुद्रक :
हरिदत्त शास्त्री,
श्री सुमेर प्रिंटिंग प्रेस,
जोधपुर

❁ श्रद्धांजलि ❁



ठा० गोरधनसिंहजी मेड़तिया (खानपुर) *आई. ए. एस. !*

जन्म : वि० सं० १९६६ चैत्र शुक्ल सप्तमी रविवार

निधन : वि० सं० २०३४ भाद्रपद शुक्ल ६ रविवार

दोहा :

मित्र मनोरथ पूरणा, कवि जंपै जग जीह,
इक तो गोरधन धारणा, दुजा गोरधन सीह ।

—सीताराम लालस

—: दूहा :—

सांई तूं वडा धणी, तूझ न वडा कोय।
तूं जिन्नां सिर हत्थ दे, से जग वडा होय॥
सांई सूं सब कुछ हुवै, बंदा सूं कुछ नांहि।
राई सूं परबत हुवै, परबत राई मांहि॥

—महात्मा ईसरदास




प्रधान मंत्री भवन
नई दिल्ली

सन्देश

शब्द संस्कृति के परिचायक होते हैं। व्यक्ति और समाज के विकास की प्रक्रिया में शब्द बनते हैं और प्रयोग की कसौटी पर उनकी परख होती है। 'शब्द कोष' में सांस्कृतिक इतिहास का स्पन्दन सुनाई देता है और उसकी अनुभूतियों का आभास मिलता है। इस दृष्टि से डा० सीताराम लाळस का राजस्थानी सबद कोस एक अपूर्व एवं अत्यन्त उपयोगी सांस्कृतिक उपलब्धि है। इस सबद कोस में न केवल संख्या की दृष्टि से विपुल शब्द भंडार है बल्कि उसमें व्युत्पत्ति, उदाहरण एवं अर्थवैविध्य की व्याख्या का भी समावेश हुआ है।

'सबद कोस' डा० लाळस के अध्यवसाय और निष्ठा तथा साधना का फल है। मैं साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में डा० लाळस की लगन और तपस्या की सराहना करता हूं और आशा करता हूं कि हमारे देश की नई पीढ़ी उनके कृतित्व से प्रेरणा प्राप्त करेगी।

'सबद कोस' के लिए एवं डा० लाळस के लिए मेरी शुभकामनाएं।



प्रधान मंत्री श्री मोरारजी भाई देसाई, कोशकर्त्ता व संपादक डॉ० सीताराम लाळस, डॉ० लक्ष्मीमल्लजी सिंघवी के साथ "राजस्थांनी सबद कोस" का अवलोकन करते हुए।



कोशकर्त्ता व संपादक डॉ० सीताराम लालस, प्रधान मंत्री श्री मोरारजी भाई देसाई व डॉ० लक्ष्मीमल्लजी सिंघवी




राज भवन
जयपुर

दिनांक दिसम्बर ५, १६७८

राजस्थान के वयोवृद्ध विद्वान श्री सीताराम लालस द्वारा ६ जिल्दों में लिखे हुए राजस्थानी कोश को मैं ने देखा। मुझे इस बात से अत्यन्त हर्ष तथा आश्चर्य हुआ कि इस विद्वान ने गरीबी की परिस्थितियों में भी अपने परिश्रम और लगन से कितना बड़ा काम सम्पादित किया।

श्री लालस प्रचार के कृत्रिम प्रकाश से दूर रहने वाले कर्मठ साहित्यकार हैं। इन्होंने जो कोश तैयार किया है वह राजस्थानी भाषा और साहित्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है ही। हिन्दी भाषा और साहित्य के लिए भी यह एक बहुत उपयोगी सन्दर्भ-ग्रन्थ है।

मैं चाहता हूं कि राजस्थान और भारत के विद्वान लोग इस कोश को देखें। राजस्थानी में और हिन्दी में इस प्रकार के महत्त्वपूर्ण सन्दर्भ ग्रन्थों की कमी है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि श्री लालस का यह परिश्रम विद्वानों द्वारा मान्य और प्रशंसित होगा।



राज्यपाल रघुकुल तिलक को कोश कर्त्ता : डॉ० सीताराम लाळस राजस्थानी सबद कोस भेंट कर रहे हैं। पास में पं. विष्णुदत्त शर्मा, श्रध्यक्ष राजस्थानी साहित्य एकेडेमी, खड़े हैं।



डॉ० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी, श्री प्रताप चंद्र चंदर, शिक्षा मंत्री (भारत) एवम् डॉ० सीताराम लालस

राजस्थान सरकार

493/C.M.O. G/79

मुख्य मन्त्री, राजस्थान
जयपुर
Chief Minister of Rajasthan
JAIPUR
9 फरवरी, 1979

प्रिय श्री लालस,

आपका पत्र प्राप्त हुआ। आपने राजस्थानी शब्द कोष को पूरा कर लिया है, यह जानकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई। शब्द कोष के बारे में जो जानकारी आपने मुझे भेजी है उसके आधार पर मैं कह सकता हूँ कि आपने राजस्थानी साहित्य को एक सुदृढ़ आधार देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। आपने न केवल इस प्रदेश के विभिन्न अंचलों में फैले हुए शब्दों को ढूँढा है बल्कि उनके अर्थ और वैज्ञानिक व्याख्या के साथ उनके प्रयोगों को जिस प्रकार संकलित किया है उसने सचमुच में इस कोष को राजस्थानी जन-जीवन के विश्व कोष के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया है।

मैं आशा करता हूँ कि आपकी अनवरत तपस्या और सतत् साधना ने राजस्थानी साहित्य के निर्माण और आधुनिकरण की दिशा में एक बुनियादी आधार खड़ा किया है और मुझे विश्वास है कि ब्य में इसी आधार पर राजस्थानी भाषा का भवन खड़ा होगा। आपका यह प्रयत्न सचमुच में सराहनीय है और इसके माध्यम से न केवल राजस्थानी साहित्य की श्रीवृद्धि होगी बल्कि इससे हिन्दी भाषा के विकास में भी महत्त्वपूर्ण योगदान मिलेगा। मैं आपकी कठोर तपस्या और साधना के प्रतिफल के रूप में प्राप्त इस सफलता के लिए आपको हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि आपका यह योगदान राजस्थानी साहित्य और संस्कृति के लिए न केवल संजीवनी प्रदान करेगा बल्कि इस क्षेत्र में सदियों से व्याप्त अंधकार को दूर कर एक नई आभा और एक नये प्राण का संचार करेगा। मैं आपको इस महत्वपूर्ण उपलब्धी के लिए पुनः बधाई देता हूँ।

आपने मुझसे मिलने के लिए समय चाहा है। मार्च में बजट सत्र के दौरान मैं अधिकांशतः जयपुर में ही रहूँगा, आप जानकारी करके अवश्य पधारें मैं आपका स्वागत करूँगा।

❀ उप समिति राजस्थानी शब्द कोश की ओर से ❀

इस वृहत राजस्थानी शब्द कोश का अन्तिम खण्ड साहित्य-समाज के सम्मुख रखते हुए हमें अपार हर्ष का अनुभव होता है। एक लम्बी साधना के पश्चात् इस ग्रन्थ रत्न के सभी भाग प्रकाश में आने से हमारे साहित्य की एक बहुत बड़ी कमी की जहाँ पूर्ति हुई है वहाँ चौपासनी शिक्षा समिति के संकल्प को पूर्ण सफलता प्रदान करने में कोश के लिये निर्मित इस उप समिति की सेवाएँ भी सार्थक हुई हैं।

इस भाग में 'स' और 'ह' दोनों ही अक्षर एक जिल्द में समाहित कर दिये गये हैं। इसका मुख्य कारण 'ह' अक्षर की पृष्ठ संख्या का अति सीमित होना ही है। समिति ने यही उचित समझा कि कोश क्रय करने वालों पर एक अतिरिक्त जिल्द बँधाई का व्यय मूल्य निर्धारण में न पड़े।

इस खण्ड के प्रकाशन में भी भारत सरकार और राज्य सरकार से हमें जो आर्थिक सहायता उपलब्ध हुई है उसके लिये हम उन सभी सज्जनों का भी आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में हमारी विभिन्न प्रकार से सहायता की है। कोश की उप समिति के मन्त्री श्री नारायणसिंहजी माणकलाव ने जिस तत्परता और सूझबूझ से कार्य को गति देने में हमारी सहायता की है उसके लिए उन्हें अनेक धन्यवाद देते हैं। साथ ही हमारे वयोवृद्ध मनीषी डॉ० सीतारामजी लालस के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं कि उन्होंने अपनी अपूर्व साधना के फलस्वरूप हमारे समाज की अविस्मरणीय सेवा की है, भगवान उन्हें दीर्घायु करे।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी
२५ अगस्त, १९७८

महाराजा प्रह्लादसिंह
अध्यक्ष
उप समिति राजस्थानी शब्द कोश
जोधपुर

चौपासनी शिक्षा समिति की ओर से

राजस्थानी शब्द कोश के प्रकाशन का कार्य आज से 20 वर्ष पहले चौपासनी शिक्षा समिति के निर्णयानुसार राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी के तत्वावधान में प्रारम्भ किया गया था। क्योंकि इस कोश की रचना का कार्य अनुभवी विद्वान् डॉ० सीतारामजी लाळस ने किया था और सम्पूर्ण कोश का अर्थ सहित प्रारूप बना हुआ तैयार था। अतः इस कार्य की प्रारम्भिक योजना बनाने और क्रियान्वित के लिए साधन आदि जुटाने का कार्य शिक्षा समिति के लिए जितना नया था उतना ही दुष्कर भी और फिर इतने बड़े साहित्यिक कार्य को उसकी गरिमा के अनुकूल नियोजित करके प्रकाश में लाना तो और भी कठिन था। परन्तु शिक्षा समिति के तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय श्री भैरूंसिंहजी खेजड़ला के धैर्य, लग्न और निष्ठा का ही परिणाम था कि आवश्यक साधन भी जुटाए जा सके और इस कार्य के लिए समुचित व्यवस्था की गई। इस कार्य में उन्हें समिति के सचिव स्व० श्री विजयसिंहजी सिरियारी का भी पूरा-पूरा सहयोग मिला।

किसी कार्य के लिए प्रारम्भ में सरकारी अनुदान प्राप्त करना और तदनुरूप उसके उपयोग की व्यवस्था आदि करना भी बड़ा ही कठिन कार्य होता है, परन्तु वह भी अति सीमित साधनों के अन्तर्गत सम्पन्न किया गया। लगभग चार वर्षों के निरन्तर कार्य के पश्चात् कोश की प्रथम जिल्द लगभग एक हजार पृष्ठों में छपकर तैयार हुई। इस जिल्द के प्रारम्भ में राजस्थानी भाषा और साहित्य पर विस्तृत सम्पादकीय भूमिका भी प्रकाशित की गई।

इस कार्यावधि के दौरान अनेक बाधाएँ और व्यवधान आये पर इस कार्य के महत्त्व को समझते हुए शिक्षा समिति के सदस्यों व उसके अध्यक्ष खेजड़ला ठाकुर भैरूंसिंहजी तथा कर्नल श्यामसिंहजी, श्री गोवर्धन-सिंहजी मेड़तिया, श्री विजयसिंहजी सिरियारी तथा झालावाड़ नरेश हरिश्चन्द्रजी ने पूरी दिलचस्पी के साथ हर बाधा को दूर करने का भरसक प्रयास किया और उन्हें इस कार्य को आगे बढ़ाने में सफलता मिली।

प्रथम जिल्द जब देश-विदेश के विद्वानों के हाथों में पहुँची तो इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा भाषाविदों ने की तथा उनसे उपयोगी सुझाव भी मिले, जिसके फलस्वरूप प्रोत्साहन मिलना भी स्वाभाविक था।

प्रारम्भ में इस कोश के अन्तर्गत लगभग दो लाख शब्दों को समाहित करने की योजना थी, पर बाद में नवीन सामग्री की उपलब्धि, विभिन्न बोलियों के शब्दों का आकलन तथा मुहावरों, कहावतों सहित शब्दों के सन्दर्भित अर्थों का उद्घाटन आदि शामिल कर लेने से यह योजना अनुमान से अधिक विस्तृत होती अनुभव की जाने लगी। उधर संस्थान का भी अपना कार्य विस्तार हो रहा था, फलस्वरूप यही उचित समझा गया कि शिक्षा समिति इस कार्य के लिए अपने अधीनस्थ एक उप-समिति गठित कर दे जो इस कार्य का क्रियान्वयन करती रहे।

आज के बहुधन्धी और अति व्यस्त युग में ऐसे संजीदा और अनुभवी व्यक्तियों की मानद सेवाएँ उपलब्ध होना बड़ा कठिन है जो ऐसे कार्य को पूरी दिलचस्पी से आगे बढ़ा सकें, पर इस मामले में शिक्षा समिति बड़ी भाग्यशाली रही कि समय-समय उप-समिति के लिए ऐसे योग्य सदस्य व पदाधिकारी उपलब्ध होते रहे। आज जब यह कार्य सम्पन्न हो रहा है, मैं चौपासनी शिक्षा समिति की ओर से उप-समिति के अध्यक्ष स्वर्गीय राजा साहिब देवीसिंहजी भाद्राजून, ठाकुर केसरी-सिंहजी जोजावर, ब्रिगेडियर आपजी रणधीरसिंहजी और वर्तमान अध्यक्ष महाराज प्रह्लादसिंहजी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने इस राष्ट्रीय महत्त्व के कार्य को अपना बहुमूल्य समय देकर इसे सम्पन्न कराने में अपूर्व योगदान दिया। शिक्षा समिति उनकी सदैव ऋणी रहेगी। यहाँ मैं उन दो सज्जनों—स्व० श्री गोवर्धनसिंहजी मेड़तिया व स्व० कर्नल श्यामसिंहजी रोड़ला का विशेष रूप से सादर उल्लेख करना भी परम कर्त्तव्य समझता हूँ जिनकी लगन, सूझबूझ और मातृभाषा के प्रति ममत्व का ही परिणाम था कि इस कोश का निर्माण इस रूप में सम्भव हो सका। उनका निरन्तर हार्दिक सहयोग इस कार्य में शिक्षा समिति को मिलता रहा। कर्नल श्यामसिंहजी ने तो तन, मन और धन से आजीवन इस कार्य में पूरी निष्ठा के साथ सहयोग दिया और जब-जब कोश के कार्य में कोई कठिनाई आई तो उस कठिनाई से उसे उबारने में कर्नल साहिब ने महत्ती भूमिका निभाई और अनासक्त भाव से वे इस कार्य के प्रेरणा-पुंज बने रहे।

यहाँ पर मैं चौपासनी विद्यालय के भूतपूर्व प्राध्यापक और जोधपुर नरेश के पुस्तक प्रकाश के अध्यक्ष आशुकवि स्वर्गीय नित्यानन्दजी दाधीच का भी श्रद्धाभाव से स्मरण करता हूँ जिन्होंने कोश के शब्दों की व्युत्पत्ति आदि द्वारा संशोधन किया और अपनी पाण्डित्यपूर्ण सेवाएँ मातृभाषा के लिए प्रदान की।

इन महानुभावों के अलावा समय-समय पर अनेक व्यक्तियों, राजकीय पदाधिकारियों, राजनेताओं आदि का सहयोग व सहमति इस कार्य में हमें मिली जिनका उल्लेख समय-समय पर कोश की विभिन्न जिल्दों में किया गया है, उनके प्रति एक बार पुनः मैं आभार प्रकट करता हूँ।

इस अवसर पर कोश कार्यालय के समय-समय पर कार्यरत सब सभी कर्मचारियों को भी मैं उनकी कर्त्तव्यनिष्ठता और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

यहाँ कोश के मुद्रण व प्रकाशन में सहयोग देने वाले साधना प्रेस के मालिक हरिप्रसादजी पारीक और सुमेर प्रेस के मैनेजर रामदत्तजी भानजी साहिब को भी नहीं भुलाया जा सकता जिन्होंने इस विशिष्ट कार्य में अपना पूरा सहयोग दिया।

इतने बड़े राष्ट्रीय महत्त्व के कार्य में बहुत बड़ी राशि का व्यय होना स्वाभाविक ही है। चौपासनी शिक्षा समिति जहाँ अपने साधनों से यह कार्य करने में यथासंभव सक्रिय रही है, वहाँ इस मामले में अपने आपको बड़ी भाग्यशाली मानती है कि राजस्थान राज्य सरकार और भारत सरकार दोनों ने ही इस कार्य के लिए समुचित अनुदान की राशि समय-समय पर प्रदान कर हमारे इस कार्य को सुगम बनाया। एतदर्थ हम दोनों ही सरकारों के प्रति विशेष कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

इस कोश यज्ञ की पूर्णाहुति पर शिक्षा समिति के समस्त सदस्य और शुभचिंतक तथा योगदान देने वाले सज्जन आह्लादित हैं पर सबसे महत्त्वपूर्ण तथ्य तो यह है कि इस कोश के निर्माता डॉ० सीताराम जी लालस की सम्पूर्ण जीवन-आराधना का प्रतिफल मातृभाषा के लिए अमृत-घट की तरह निकल कर बाहर आ गया है अतः उनके असीम आनन्द की थाह लेना जितना कठिन है उतना ही कठिन है शब्दों में उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना। शिक्षा समिति ही क्या, भविष्य में में आने वाली विद्वानों की पीढ़ियाँ और साहित्य प्रेमी इनके चिर कृतज्ञ रहेंगे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
२५ अगस्त, १९७८

डॉ० गोविन्दसिंह
मन्त्री
चौपासनी शिक्षा समिति
जोधपुर

॥ श्री ॥

❀ निवेदन ❀

—: दूहा सोरठा :—

नारायण भूले नहीं, अपणी माया, ईश ।	रोग पैल ओखद रचै, जगवाळा जगदीश ॥१॥
साच न बूडो होय, साच अमर संसार में ।	कैती धोवो कोय, ओ सेवट प्रकटे 'उदय' ॥२॥
सेवा देश समाज, धरती में साचो धरम ।	इण सूं पूरै आस सकल मनोरथ सांवरो ॥३॥
साहित री सेवाह, सेवा देश समाज री ।	आवे इण एवाह ईशर किरपा सूं उदय ॥४॥
खत ऊजळा संदेश, उदयराज ऊजल अखै ।	दीपै वांरा देश, ज्यांरा साहित जगमगै ॥५॥

भारत संसद में सन् १९५० रे करीब देशरी दूसरी सगला प्रान्तां री भसावां मानी गई उणां रे सामल राजस्थानी भाषा ने नहीं मानी तो कुदरती तौर सूं राजस्थान में अपणी भाषा राजस्थानी ने मान्यता दिरावण सारु आन्दोलन पत्रों में शुरु हुवो।

राजस्थानी रै विरोध में अक्सर आ बात कही जाती के इण री कोई आधुनिक कोश नहीं हो। ओ घाटो मिटावण सारु म्हैं सीतारामजी लालस ने कयो क्योंकि हूँ जाणतो हो के डिंगल रा संग्रह रो उण ने काफी अनुभव है। श्री सीताराम जी इण काम सारु तैयार हो गया ने म्हें दोनु सामिल होय ने पूरा सहयोग सूं मैनत सूं कोश रो काम शुरु कियो ने इण में खर्च री मदत री जरुरत हुई तो उण बाबत म्हैं स्वर्गीय ठाकुर श्री भवानीसिंहजी साहब बार एटला पोकरण ने अरज की। इणां कृपा करने मंजूर करी ने तारीख १-५-५१ सूं रुपीया री मदत देणी चालू कर दीवी। सीतारामजी मथाणिया में लेखक राख ने काम शब्द संग्रह री स्लिप कोपियां लिखावण रो चालू कर दीयो और म्हैं दोनु तारीख १-५-५१ सूं सन् १९५२ रा आखिर तक सामिल कांम कियो जिण सूं कुल शब्द ११३००० स्लिप कोपियां में लिखीजीया फेर समय रा हेरफैर सूं श्री पोकरण ठाकुर साहब री सहायता बद हो गई, इण सूं सन् १९५३ लगायत सन् १९५६ तक ४ साल तक कोश रो काम बंद रेयो।

इण कोश ने पूरो करण री म्हां दोनूं री लगन ही। म्हैं करनल श्री स्यामसिंहजी रोडला ने जून सन् १९५६ में कोश में सहायता देवण सारु कागद लिखियो उण रो जवाब उणां तारीख २९-६-५६ रा कागद में म्हने लिखियो के कोश सारु मावार रु. ५०) ३ या ४ साल तक या कोश पूरो होवे जठा तक दे सकूंला। परन्तु उणारा पिता करनल श्री अनोपसिंहजी बीमार हो गया इण वास्ते सहायता चालू होणे में देरी हुई। उणां रे स्वर्गवास होणे रे बाद में नवम्बर रा अन्त में ने दिसम्बर रा शुरू में जोधपुर में ही जद कर्नल श्री सामसिंहजी कोश री मदत बाबत वातचीत करणने दोयवार म्हारे मकान पर आया और फिर सहायता देणी चालू कर दीवी।

कोश रो काम उणां री सहायता सूं सन् १९५७ री जनवरी सूं सीतारामजी जोधपुर में चालू कर दियो क्यूंकि जद उणां रो तबादलो जोधपुर में हो गयो हो। जो एक लाख तेरह हजार शब्दों की स्लिप कोपियां पेली बणी हुई ही। इणतरे सब शब्द अक्षरवार किया जाय ने उणां अक्षरवार रजिस्टर में लिख लिया गया इणतरे कोश सन् १९५८ री माह मई तक पूरो हो गयो। म्हैं पैली री तरे सीतारामजी रे साथ हर तरह रो सहयोग ने मदत राखी ने काम कियो ओ कोश करनल श्री सामसिंहजी री रुपीया री सहायता सूं पूरो हुवो।

इणरे बाद प्रेस कापी बणावण रो काम चालू हुवो। उणरे खरचे रो प्रबन्ध ठाकुर श्री गोरधनसिंहजी मेड़तिया खानपुर वाला श्री झालावाड़ दरबार सूं श्री नीवांज ठाकुर साहब सूं रुपियां री सहायता लेने करायो ने तरे छपण रो प्रबन्ध राजस्थानी सोध संस्थान चोपासनी जोधपुर सूं हुवो ने तारीख ११-३-५९ ने सीतारामजी ने इण सोध संस्थान शिक्षा विभाग सूं लोन पर ले लिया जद सूं वे इण संस्थान में काम करण लागा।

इण कोश ने तैयार करावण में व्युत्पति विभाग पूरो करावण में स्वर्गीय पं० नित्यानन्दजी शास्त्री जोधपुर री घणी मदद ही इण वास्ते बैकूंठवासी विदवान ने घणा धन्यवाद देवां हां। तारीख २२-५-५७ ने लिख दय्या नीचे मुजब हो :—

सीतारामजी लालस ने राजस्थानी कोश की रचना की है। यह भारी कठिन कार्य का यंत्र श्री उदयराजजी उज्जवल यंत्रों (मैकेनिकल) के बल संचालित हुवा है। मैंने इसे देखा, उन्होंने प्रत्येक शब्द और धातु को जांचकर उनके प्रयोज्य सब प्रकार के प्रयोगों को प्रदर्शित किया है क्योंकि उन्होंने संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश विविध भाषाओं के बल पर यह कार्यभार उठाया है। बीच-बीच में हर समय मेरे साथ विचार-विमर्श करते हुए आपने पूर्ण परिश्रम करके इसे रचा है। ऐसे कठिन कार्य को पार करने में श्री सीतारामजी की ही पूर्ण कृपा ने सहायता की है। आशा है राजस्थान की जनता इससे लाभ उठाकर इस कोश की त्रुटी की पूर्ती से संतुष्ट होगी और श्रम को समझने वाले विद्वान कार्य की प्रशंसा करेंगे। दस्तखत-नित्यानन्द शास्त्री।

इण तरै ललगा विश्वविद्यालय सूं डा० डब्लू० एस० एलन जो संसार री करीब चालीस भाषाओं रो जानकार है ने अन्तर्राष्ट्रीय ख्याती रा भाषा शास्त्री है वे राजस्थानी भाषा रे ध्वनि विज्ञान संबन्धी जांच वो शोध रो काम सारू सन् १९५२ में राजस्थान आया हा ने जोधपुर में दोय मास ठहरिया हा ने भाषा रे सिलसिले में म्हारे कने घणा आता उणांने म्हे ने सीतारामजी दोनूं कोश वाली स्लिप कोपिया राख रे वास्ते म्हारे मकान पर दिखाई ही उणां म्हारो उत्साह बधायो उणां री सम्मति नीचे मुजब है :—

Thinity College Cambridge **26 Feb., 1960**

It is excellent news for Indo/Aryan Linguistics that the Rajasthan Dictionary of Shri Udayraj Ujjawal and Shri Sitaram Lalas is new to be published Rajasthani has long pressented a serious gap in the comparative study of the voca-bulary of the Indo-Aryan Languages and now at Last it is filled by the evoted work of two Rajasthani Scholars and the support of their distinguished Sponsors. I know well the difficulties that have beset the undertaking of this task and its Completion is therefore all the more a menument to the courage of these who conceived the project and brought it to fruition. With this work added to the grammer by Shri Sitaramji, the status of the Rajasthani Language can no Longer be denied.

Sd. W. S. Allen M. A., P. H. D.
Professor Comprative Philology
in the University of Cambridge.

कोश दोय दातार राजपूत सरदारों री रुपया री मदत सूं शुरू होय ने पूरो बणियो इण वास्ते पुरानी प्रथा रे माफक म्हे ता० २६-६-५७ ने इण बाबत काव्य गीत, कविता, रचियो ने सीतारामजी कने भेजीया वो अठे दिया जावे है इण में दोनूं सरदारां रो धन्यवाद रे तौर पर वर्णन है। इण गीत री सीतारामजी पत्रों में तारीफ की है।

"गीत" राजस्थानी में

कोम मह चारणरो गुणी वण्यो नह किण सू, लाख शब्दो तणे वडो लेखो गया भूपात, कवराज गुण गावता, दियो नह ध्यान इण हेत वेलो ॥१॥
लूटगा राजना नरेसो देखता, गया तजमाल ठकरेत गाढा । सेव साहित्य री वणी न किणी सू, लागता पंथ धन छोड़ लाडा ॥२॥
मेव साहित्य ही रहे संसार में, सुजसफल लगावे घणी सरसे । मिले सुखलाध हितकर चित समाजां, दिनों दिन कितां सनमान वरसे ॥३॥
पांण भर थांन है प्रांत रो परंपर, वेण परताप राजस्थान ऊंचो । रची नह पढण में भावलां प्रांत री, निरखतां जाय है प्रांत नीचो ॥४॥
वणई चारणों व्याकरण विधोविध, वणेगो कोश ही लाखसबदो । 'सीत'रो परिश्रम अथग फलियों सिरे, रेटियो'उदय' मिल सकल सबदो ॥५॥
पोकरण भवानीसीह चांपे प्रथम कोश रे हेत धन खर्च कियो । पडता लांच इण समेरा फेर सू, स्यामसी रोडले कांम सीधो ॥६॥
रोडले स्यामसी सपूतो सिरोमण, कमधज आज अखियाज कीधी । वार विपरीति में हजारों खरचवो, दाद उजल 'उदे' देस दीधी ॥७॥
चारणों दोय मिल व्याकरण कोश रचि, वण्या नह वडो कवराज मिलियो । कमधा दोय मिल कियो सुभ काम जो, महीयो कियो नह वीम मिलियो॥८॥

कवित

सूर्यमल मिशण ने बनाया वंस भास्कर, बूंदी नृपराम ने खजाना खोल करके ।
सावल कविराज ने लिखाया इतिहास त्योंही उदीयापुर रान के कोष बल घर के ।
सीताराम लालस ने की राजस्थानी कोश उदयराज उज्जवल के योग शक्ति भरके ।
पोकरण भवानीसिंह स्यामसिंह रोडला के कोष हित कोष बने दानी धन घर के ।
प्रांत को प्रबल भाषा प्रतिष्ठत परम्परा विबुधन दीनमाल वीरपद वाला है ।
शिक्षा को माध्यम निज प्रान्त हूं में रची नहीं होय कोटि जनता को दास गति डाला है ।
डूबत है माय भाषा वीर राजस्थान केरी, प्रान्त का भविष्य याते दर्शित विदाजा है ।
जीवित उठेगी प्रीय राजस्थानी आशामात्र, व्याकरण कोश याके बनेगे जिशाला है ।

Sd. हु० उदयराज उज्जवल
Sd. Nami Chand Jain
Civil Judge, Jodhpur.

Compared by
Sd. Bhawar Singh
Sd. सत्येन्द्रप्रकाश गुप्ता

—— भूमिका ——

लेखक : डॉ० हीरालाल माहेश्वरी,
एम.ए., एल्.-एल् बी., डी.फिल्., डी.-लिट्.
प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

राजस्थानी-हिन्दी के वृहत् कोश—'राजस्थांनी सबद कोस,' जैसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की इस अन्तिम जिल्द में भूमिका लिखना मानों सूर्य को दीपक दिखाना है। अद्यावधि प्रकाशित आधुनिक भारतीय भाषाओं के कोशों में सामान्यतः और नागरी अक्षरों में प्रकाशित कोशों में विशेषतः इस कोश का अन्यतम स्थान है, यह निःसंकोच कहा जा सकता है।

साधारण पाठक को भी सरसरी तौर से देखने पर इसके महत्त्व का पता चल जाता है, तथापि श्री सीतारामजी लाळस का स्नेहानुरोध है कि मैं इस सम्बन्ध में कुछ लिखूं। सो, इसका अधिकारी न होते हुए भी, इस भाषा और साहित्य के एक विद्यार्थी के नाते अपनी कृतज्ञता ज्ञापन स्वरूप ये पंक्तियाँ लिख रहा हूँ। श्री सीतारामजी लाळस की सतत दीर्घ साधना के साकार रूप इस कोश के महत्त्व-दिग्दर्शन के लिए राजस्थानी भाषा और साहित्य पर दो शब्द कहने आवश्यक हैं।

राजस्थानी साहित्य अत्यन्त समृद्ध और विशाल है। इसकी अधिकांश महत्त्वपूर्ण रचनाएँ अभी तक हस्तलिखित प्रतियों के रूप में ही प्राप्त हैं। इन रचनाओं की प्राप्ति और अध्ययन अत्यन्त श्रमसाध्य है। अनेक पण्डितों के प्रयासों के फलस्वरूप कुछ रचनाएँ पुस्तक रूप में सामने आई हैं और अनेक छोटी-छोटी रचनाएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से प्रकाश में आई और आ रही हैं। साधनों के अभाव में आधुनिक लेखकों की बहुत सी कृतियाँ भी प्रकाशित नहीं हो पा रही हैं। जो रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं, उनकी प्राप्ति में भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। कुल मिलाकर स्थिति संतोषजनक नहीं है। एक सर्वांगपूर्ण मानक शब्द कोश के लिए उस भाषा की सभी महत्त्वपूर्ण कृतियों का सुसम्पादित रूप में प्रकाशित होना आवश्यक है। राजस्थानी के लिए यह बात अल्पांश में ही सत्य है। श्री सीतारामजी को कोश के शब्द चयन में कतिपय हस्तलिखित ग्रन्थों के अतिरिक्त अधिकतर ऐसी पुस्तकों पर निर्भर रहना पड़ा है। शब्द-चयन और रूप में इसी अनुपात से कोश की काया का निर्माण हुआ है। शब्द के अर्थ, उसके प्रयोग, व्याकरणिक परिचय, रूप-भेद, तत्सम्बन्धी मुहावरों और कहावतों तथा सम्बन्धित टिप्पणियाँ कर्ता की हैं जो इस विषय में उसके गहन पाण्डित्य की द्योतक हैं।

ऐतिहासिक दृष्टि से आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के विकास-क्रम में राजस्थानी का सम्बन्ध शौरसेनी प्राकृत से है। शौरसेनी प्राकृत से शौरसेनी अपभ्रंश और गुर्जर या गौर्जरी अपभ्रंश का विकास हुआ है। शौरसेनी अपभ्रंश का क्षेत्र मुख्यतः मथुरा-मण्डल तथा उसके आसपास का प्रदेश था। गुर्जर अपभ्रंश का क्षेत्र गुर्जर-प्रदेश था जिसके अन्तर्गत वर्तमान राजस्थान, गुजरात तथा पंजाब, सिन्ध और मध्यप्रदेश के कुछ क्षेत्र सम्मिलित हैं। प्राप्त अपभ्रंश साहित्य के आधार पर अपभ्रंश को पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी रूपों में विभाजित किया जा सकता है। यहाँ यह भी लक्ष्यनीय है कि किसी समय अपभ्रंश पूरे उत्तर भारत में साहित्यिक भाषा की मर्यादा ग्रहण कर चुकी थी। उसका एक ऐसा सामान्य रूप था जिसका मूलाधार पश्चिमी अपभ्रंश था। पुन, प्राप्त अपभ्रंश साहित्य का बहुलांश पश्चिमी अपभ्रंश में है। इस पश्चिमी अपभ्रंश अथवा गुर्जरी अपभ्रंश की अनेक विशेषताएँ पुरानी राजस्थानी में पाई जाती हैं।

विक्रम संवत् 1100 के लगभग गुर्जरी अपभ्रंश से जिस भाषा का विकास हुआ उसके कई नाम दिये गए हैं, यथा—मरु-गुर्जर, पुरानी पश्चिमी राजस्थानी, मरु-सोरठ, जूनी गुजराती, पुरानी राजस्थानी आदि। इनमें मरु-गुर्जर नाम सर्वाधिक संगत लगता है जिससे गुजरात और मरु प्रदेश—दोनों की भाषाओं का बोध होता है। अपने उद्भव-काल से लेकर लगभग संवत् 1500 तक गुजराती और राजस्थानी एक ही थी। भाषिक दृष्टि से दोनों का इतिहास इसके पश्चात् पृथक्-पृथक् होता है।

मरु-गुर्जर या पुरानी राजस्थानी के उद्भव-काल—संवत् 1100 से लेकर वर्तमान समय तक राजस्थानी में विभिन्न शैलियों में प्रभूत परिमाण में साहित्य-रचना होती रही है। विक्रम की उन्नीसवीं शताब्दी उत्तरार्द्ध और बीसवीं शताब्दी के आरम्भिक 5–6 दशकों में अंग्रेजों के फैलते और सुदृढ़ होते राजनैतिक प्रभुत्व, तद्जन्य परिस्थितियों, वैचारिक परिवर्तनों आदि के कारण साहित्य की धारा मंद तो पड़ीं, पर किसी न किसी रूप में वह प्रवाहित अवश्य होती रही। वर्तमान शताब्दी में स्वतन्त्रता-प्राप्ति के आसपास से राजस्थानी में साहित्य-निर्माण की गति पुनः तेज हुई और उसका क्षेत्र-विस्तार हुआ। यह परम्परा अब पूरे जोर से चालू है।

मोटे रूप से इन साढ़े नौ सौ सालों के राजस्थानी-साहित्य के इतिहास को इन तीन कालों में विभक्त किया जा सकता है :—

(1) प्रारम्भिक काल—सन् 11[illegible] से सन् 1500,
(2) मध्यकाल—सन् 15[illegible] से सन् 19[illegible],
(3) आधुनिक काल—सन् 19[illegible] से वर्तमान समय तक।

प्रारम्भिक काल में गद्य की मुख्य धाराएँ प्रवाहित मिलती हैं :—
(1) [illegible] (2) [illegible] और (3) धार्मिक गद्य। [illegible] की रचनाएँ [illegible] और [illegible] दोनों रूपों में प्राप्त हैं।

मध्यकाल में इनके अतिरिक्त [illegible] और [illegible] धाराएँ इस प्रकार [illegible] :—

(4) [illegible] और (5) [illegible]। इस काल में इन दोनों ही प्रकार की [illegible] की प्रचुरता रचनाएँ लिखी गईं। मुख्यतया और [illegible], बातों और [illegible] में इस काल का साहित्य [illegible] महत्वपूर्ण है। [illegible] मुख्यतः तीन धाराओं में विभाजित किया जा सकता है :—

(1) पौराणिक और धार्मिक (2) ऐतिहासिक और वीर-[illegible] तथा (3) [illegible]।

आधुनिक काल में परम्परागत रचनाओं के साथ नवीन शैली की रचनाएँ भी लिखी जाने लगीं। सन् 1940-50 तक इनमें [illegible] न होते हुए भी, देश, काल और वातावरण के अनुसार [illegible] है। इसके पश्चात् का राजस्थानी साहित्य समसामयिक [illegible], [illegible] जीवन-मूल्यों और विभिन्न परिवर्तनशील परिस्थितियों पर [illegible] भी करता है।

यहाँ यह भी उल्लेख्य है कि राजस्थानी गद्य की परम्परा प्रारम्भिक काल से लेकर वर्तमान समय तक चलती आई है।

उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि इसमें विशाल और वैविध्यपूर्ण साहित्य तथा ज्ञान के [illegible] क्षेत्रों से शब्दों का आकलन, चयन और [illegible] प्रयासपूर्ण अर्थ [illegible] कार्य है। इस कोशकर्ता ने इसका [illegible] सम्पन्न किया है।

[illegible] 19 वीं शताब्दी के अन्तिम वर्षों से यूरोप के विद्वानों ने भारतीय विद्या से सम्बन्धित अनेक विषयों पर काम करना आरम्भ किया था। राजस्थान के गरिमामय और गौरवशाली इतिहास का सर्वप्रथम परिचय कर्नल टॉड ने अपने बहुचर्चित ग्रन्थ 'एनल्स् एण्ड एन्टिक्विटीज ऑफ राजस्थान' से दिया। इसका प्रथम संस्करण संवत् 18[illegible] (सन् 1829) में प्रकाशित हुआ था। [illegible] से [illegible] विद्वानों का [illegible] राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति की ओर भी आकर्षित हुआ था। अनेक ऐतिहासिक ग्रंथों के [illegible] में इसका प्रमुख स्थान रहा है। स्वा-[illegible], देश की अन्य भाषाओं के साहित्यों में, इसमें [illegible] और [illegible] के आधार पर अनेकानेक रचनाएँ लिखी गईं। इस परम्परा में कविराजा श्यामलदास, म० [illegible], [illegible] गौरीशंकर हीराचन्द ओझा प्रभृति इतिहास-कारों ने राजस्थान के इतिहास से सम्बन्धित अपने-अपने ग्रन्थ लिखे। राजस्थानी-साहित्य के विद्यार्थी के लिए भी इनके ग्रन्थ अत्यन्त मूल्यवान हैं। समग्रता में पूर्व-आधुनिक (सन् 1527 से 1947 ईसवी) राजस्थान का इतिहास पहली बार डॉ० रघुबीरसिंहजी ने लिखा जो सन् 1949 में प्रकाशित हुआ था। अब तो राजस्थान के इतिहास-विषयक अनेक ग्रन्थ सामने आ रहे हैं।

इतिहास की भाँति राजस्थानी भाषा विषयक कार्य भी पश्चिमी पण्डितों ने प्रारम्भ किया। उन्नीसवीं शताब्दी उत्तरार्द्ध में बाइबिल के द्वितीय खण्ड—'नए नियम' का श्रीरामपुर के बाप्तिस्त मिशन द्वारा राजस्थानी बोलियों में अनुवाद प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् भारतीय आर्य भाषाओं विषयक जॉन बीम्स, रुडोल्फ हॉर्नले, भण्डारकर प्रभृति विद्वानों ने अपने-अपने ग्रन्थ लिखे पर उनमें राजस्थानी भाषा विषयक कोई विशेष बात नहीं कही गई। कैलाग के हिन्दी व्याकरण में कहीं-कहीं मारवाड़ी, मेवाड़ी और जयपुरी बोलियों का उल्लेख अवश्य है। राजस्थानी बोलियों का सर्वप्रथम वर्णनात्मक परिचय जार्ज ग्रियर्सन ने अपने सुप्रसिद्ध ग्रन्थ 'भ.षा सर्वे' में दिया। ग्रियर्सन से कुछ पूर्व मैकालिस्टर ने जयपुरी बोली विषयक एक पुस्तक लिखी थी। ग्रियर्सन के पश्चात् सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य डॉ० टैसीटरी ने किया। उन्होंने इंडियन एंटीक्वेरी (सन 1914 से 1916) में पुरानी *पश्चिमी राजस्थानी का ऐतिहासिक विश्लेषण प्रकाशित करवाया।* इसके अतिरिक्त उन्होंने एतद् विषयक कुछ टिप्पणियाँ भी लिखी थीं। इसके बाद डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'ओरिजिन एण्ड डैवलपमेन्ट ऑफ बंगाली लैंग्वेज' तथा अन्य पुस्तकों और निबन्धों में प्रासंगिक रूप से राजस्थानी की भी चर्चा की। उनकी 'राजस्थानी भाषा' नामक एक छोटी सी पुस्तिका भी पहली बार सन् 1949 में प्रकाशित हुई। तब से कई विद्वान् राजस्थानी भाषा और उसकी विभिन्न बोलियों पर विभिन्न दृष्टियों से प्रकाश डालते रहे हैं।

राजस्थान के इतिहास से सम्बन्धित साहित्यिक ग्रन्थों में सर्वाधिक चर्चा विवाद में रचित पृथ्वीराज रासो की हुई है। कर्नल टाड से लेकर अब पर्यन्त इस पर कुछ न कुछ लिखा जाता ही रहा है। विभिन्न पहलुओं को लेकर इस पर लिखा गया साहित्य इतना विशाल है कि वह अपने आप में एक स्वतन्त्र शोध और अध्ययन का विषय है। आधुनिक काल में राजस्थान से सम्बन्धित साहित्य और राजस्थानी साहित्य के अध्ययन में मनोरंजन, ज्ञानवर्द्धन, जिज्ञासा-पूर्ति तथा रसास्वादन के अतिरिक्त छः और उद्देश्य भी थे :—

(1) देश के इतिहास की, विशेषतः राजपूत-युग और उसके पश्चात् की टूटी कड़ियाँ जोड़ने, तद् विषयक नवीन जानकारी प्राप्त करने तथा राजस्थान के इतिहास के लिए,

(2) भारतीय आर्य भाषाओं और राजस्थानी के विकास-क्रम, तुलनात्मक अध्ययन आदि के लिए,

(3) पुनर्जागरण, शौर्य-गाथाओं, उदात्त चरित्रों और राष्ट्र-प्रेम की भावनाओं के प्रकटीकरण हेतु, प्रेरणा-स्रोत के रूप में,

(4) राष्ट्रीय साहित्य की अनुपम धरोहर समझ कर,
(5) भारतीय विद्या के एक सुदृढ़ अंग के रूप में तथा
(6) प्रशासन की दृष्टि से—लोक-मानस, परम्पराओं, मान्यताओं आदि की जानकारी के लिए। तत्कालीन गजेटियरों में ऐसे संकेत-उल्लेख मिलते हैं।

चाहे कोई भी उद्देश्य रहा हो, उसकी प्राप्ति के लिए सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन अनिवार्य था और अब भी है, यह कहने की आवश्यकता नहीं। लगभग साढ़े नौ सौ सालों के विशाल राजस्थानी साहित्य को सम्यक्रूपेण समझने के लिए आधुनिक पद्धति पर लिखे एक सुसम्पादित, वैज्ञानिक और सर्वांगपूर्ण वृहद् कोश की नितान्त आवश्यकता थी क्योंकि शब्दों की ईंटों से निर्मित भाषा ही वह दीवार है जिसको पार कर इस साहित्य तक पहुँचा जा सकता है। श्री सीतारामजी लाळस ने सर्वप्रथम साहित्य जगत को ऐसा कोश, इस—राजस्थानी हिन्दी-कोश के रूप में दिया है। इतना ही नहीं यह शब्द कोश राजस्थान की संस्कृति और सांस्कृतिक परम्पराओं को भी सुष्ठुरूपेण संकेतित करता है।

सन् ईस्वी की बीसवीं सदी के आरम्भिक वर्षों से अनेक विद्वानों ने राजस्थानी साहित्य विषयक कार्य आरम्भ किए और वे तथा अनेक परवर्ती विद्वान् इस परम्परा को आगे बढ़ाते रहे। इनमें कतिपय उल्लेख्य नाम ये हैं :—

सर्वश्री पं० रामकर्ण आसोपा, पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, मुंशी देवीप्रसाद, हरप्रसाद शास्त्री, डॉ० टैसं टरी, भूरसिंह शेखावत, पुरोहित हरिनारायण, मुनि जिनविजय, सूर्यकरण पारीक, रामसिंह, नरोत्तमदास स्वामी डॉ० मोतीलाल मेनारिया आदि। सम्भवत: अनेक विद्वान् शब्द कोश के अभाव में चाह कर भी राजस्थानी साहित्य के अध्ययन से विरत हो गये हों तो कोई आश्चर्य की बात नहीं।

किसी भी साहित्य के स्थायित्व के लिये ये तीन आधारभूत आवश्यकताएँ हैं :—

(1) उसकी भाषा का इतिहास और व्याकरण,
(2) उसका सुसम्पादित, सर्वांगपूर्ण शब्द कोश तथा
(3) उसके साहित्य का इतिहास।

ऐसी बात नहीं है कि इन बातों की ओर विशेषत: राजस्थानी के शब्द कोश के निर्माण की ओर विद्वानों का ध्यान ही न गया हो। आधुनिक काल—पुनरुत्थान काल में इस ओर सर्वप्रथम ध्यान पण्डित रामकर्ण आसोपा का गया था और उन्होंने इसकी पूर्ति के लिए महत्त्वपूर्ण प्रयास भी किए थे। वैज्ञानिक पद्धति पर रचित उनका मारवाड़ी व्याकरण प्रथम बार सन् 1886 (संवत् 1953) में प्रकाशित हुआ था। इस कोटि के उत्कृष्ट व्याकरण उस समय अनेक भारतीय भाषाओं में भी नहीं लिखे गए थे। और तो और, उनका ऐसा ही एक उत्कृष्ट 'हिन्दी व्याकरण' ग्रन्थ श्री कामताप्रसाद गुरु के सुप्रसिद्ध 'हिन्दी व्याकरण' (प्रथम संस्करण—संवत् 1977) से नौ वर्ष पूर्व (संवत् 1968 में) प्रकाशित हो चुका था। यही नहीं, उन्होंने काशी नागरी प्रचारिणी सभा के अनुरोध पर एक विस्तृत हिन्दी व्याकरण भी बना कर उसको भेजा था। वह व्याकरण तो नहीं छपा; हाँ, उसकी 'अधिकांश उपयोगिता,' का उल्लेख श्री कामताप्रसाद गुरु ने अपने व्याकरण की भूमिका में किया है, अस्तु। आसोपाजी ने रतनू वीरभांण कृत 'राजरूपक', 'बाँकीदास ग्रन्थावली', भाग—एक और कविया करणीदान कृत 'सूरजप्रकास' का सम्पादन भी किया था। इनमें प्रथम दो ग्रन्थ और तीसरे का कुछ आरम्भिक अंश प्रकाशित हुआ है। उन्होंने राजस्थानी बच्चों की आरम्भिक पढ़ाई के लिए 'मारवाड़ी पैली', 'दूजी' और 'तीजी' पोथियाँ भी लिखी थीं। राजस्थानी भाषा और साहित्य के पुनरुत्थान के लिए आसोपाजी के प्रयास चिर स्मरणीय रहेंगे। प्रस्तुत सन्दर्भ में आसोपाजी का महत्त्वपूर्ण कार्य राजस्थानी कोश विषयक है। जोधपुर के प्राइम मिनिस्टर सर शुकदेव प्रसाद काक के प्रोत्साहन पर उन्होंने ६० हजार शब्दों का एक सर्वांगपूर्ण राजस्थानी शब्द कोश तैयार किया तथा इसी आधार पर 20 हजार शब्दों का एक और संक्षिप्त कोश भी उन्होंने बनाया था। दुर्भाग्य से आसोपाजी के जीवन-काल में कोई कोश नहीं छप सका। सर शुकदेवप्रसादजी के देहावसान के पश्चात् उनके सुपुत्र श्री धर्मनारायण काक ने तद् विषयक उपलब्ध सामग्री सादूळ राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बीकानेर को सौंप दी। 'कोश' वहाँ से भी प्रकाशित नहीं हो सका। वर्तमान में वह सामग्री कहाँ है इसके विषय में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार, आसोपाजी का एक विद्वत्तापूर्ण महान् कार्य बिना फलीभूत हुए ही काल-कवलित हो गया। वे अनेक विषयों और भाषाओं के प्रकाण्ड पण्डित थे। उनका वृहद् कोश निश्चय ही माँ भारती का गौरव ग्रन्थ सिद्ध होता। इधर कोश की आवश्यकता तो दिनोंदिन तीव्रतर रूप में अनुभव की जाती रही।

इसी बिन्दु से प्रस्तुत कोश के कर्ता श्री सीतारामजी लाळस का कार्य-आरम्भ होता है।

यह भी एक सुखद आश्चर्य की बात है कि श्री सीतारामजी ने भी आसोपाजी की भाँति एक 'राजस्थानी व्याकरण' (प्रकाशन काल—सन् 1954) भी लिखा है तथा कविया करणीदान कृत 'सूरज प्रकास' (तीन भागों में), आढा किसना कृत छन्द शास्त्रीय ग्रन्थ रघुवरजसप्रकास' तथा गाडण केसौदास कृत 'गजगुणरूपकबन्ध' का सुसम्पादन कर उन्हें प्रकाशित करवाया है।

श्री सीतारामजी ने पहली जिल्द की भूमिका में बताया है कि कोश-निर्माण का मेरा विचार सन् 1932 में जयपुर के पुरोहित हरिनारायणजी विद्याभूषण की उत्प्रेरणा से दृढ़ हुआ। तब से लेकर प्रथम जिल्द के प्रकाशन समय – सन् 1962— लगभग 30 वर्ष तक वे यह कार्य करते रहे और जिसका नैरन्तर्य इस अन्तिम जिल्द के प्रकाशन काल—सन् 1978 तक रहा है। उनकी लगभग 46 वर्षों की निरन्तर साधना का सुफल है—यह राजस्थानी शब्द कोश। सतत

[illegible] है।

[illegible] कि इसमें पूर्व राजस्थानी के किसी [illegible] नहीं। [illegible] विभिन्न भाषाओं के प्राचीन कोशों [illegible] हैं। वे मुख्यतः तीन प्रकार के हैं :—

(१) [illegible] (यथा—डिंगल नाम-माला, नागराज डिंगल कोश, हमीर नाम-माला, अवधान माला, नाम माला; डिंगल कोश (कविराजा मुरारीदान कृत) आदि।
(२) [illegible] कोश, जैसे—उदयराम कृत 'अनेकार्थी कोश' तथा
(३) [illegible] कोश, जैसे—[illegible] दादू तथा उदयराम रचित [illegible] नाम माला आदि।

[illegible] कोशों का महत्व था जो अनेक दृष्टियों से [illegible] आज के पाठक और उपयोगकर्ता के [illegible] सीमित और प्रयोग-विधि जटिल है [illegible] आवश्यकता नहीं है। श्री सीतारामजी ने इनका [illegible] उपयोग किया है। [illegible] जा चुका है कि राजस्थानी का [illegible] गुजराती से है और दूसरी ओर हिन्दी से। [illegible] की दृष्टि से अन्य आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की भाँति इसका सम्बन्ध वैदिक संस्कृत, प्राकृत, और अपभ्रंश से है। इस प्रकार, [illegible] सन्दर्भ में राजस्थानी का स्वरूप [illegible] है। [illegible] राजस्थानी शब्द कोश के निर्माण में इनमें रचित शब्द [illegible] मिलती है। संस्कृत के अमर कोश के अतिरिक्त राजा [illegible] देव बहादुर (शब्द कल्पद्रुम), तर्कवाचस्पति तारानाथ [illegible] (वाचस्पत्यम्) [illegible], मोनियर विलियम्स, तथा [illegible] आदि के संस्कृत शब्द कोश; प्राकृत-अपभ्रंश के धनपाल कृत [illegible], हेमचन्द्र कृत देशी नाम माला, विजय राजेंद्र सूरि कृत [illegible] तथा हरगोविन्द त्रिकमचन्द सेठ कृत पाइय सद्द महण्णवो; उर्दू-हिन्दी के मुहम्मद मुस्तफा खां मद्दाह कृत उर्दू-हिन्दी शब्द कोश, [illegible] भट्ट कृत उर्दू-हिन्दी कोश, रामचन्द्र वर्मा [illegible] उर्दू-हिन्दी कोश आदि, हिन्दी के वृहत् हिन्दी कोश, (ज्ञानमण्डल [illegible]), हिन्दी शब्द सागर (नागरी प्रचारिणी सभा), मानक हिन्दी कोश (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, अंतिम जिल्द सन् [illegible] में प्रकाशित), ब्रज भाषा सूर कोश, अवधी कोश, मानस शब्द [illegible] गुजराती [illegible] 'जोडणी कोश', गुजराती-इंग्लिश डिक्शनरी [illegible] आदि कोश अपने-अपने क्षेत्रों में अत्यन्त प्रसिद्ध [illegible] अंग्रेजी के [illegible] कई भारतीय भाषाओं में [illegible] प्रकाशित हो चुके हैं। श्री सीतारामजी ने इनसे [illegible] सहायता ली है। इससे प्रस्तुत कोश [illegible] वृद्धि हुई है।

[illegible] हिन्दी शब्द सागर की पद्धति पर निर्मित [illegible] शब्द और उनके प्रचलित अर्थ-भेद सहित शब्द के अर्थ देकर उनकी पुष्टि सम्बन्धित शब्द-प्रयोग के उदाहरणों से करने में, यौगिक शब्दों के सन्दर्भ में भी यही पद्धति अपनाने एवं कतिपय स्थलों पर पूर्ववर्ती कोशों की भूल सुधार करने में इसका समुत्कर्ष देखा जा सकता है। कोश को अधिकाधिक पूर्ण बनाने हेतु, सभी स्रोतों से शब्द-चयन का प्रयास भी किया गया है। इस संबंध में चार उदाहरण दिए जा रहे हैं।

प्रस्तुत कोश की प्रथम जिल्द के पृष्ठ 444 पर 'कल्हार' शब्द को संज्ञा पुल्लिंग बताते हुए उसके अर्थ—१ पुष्प २ श्वेत कमल और ३ सुगंधित कमल बताए हैं पर उदाहरण एक भी नहीं है। 'पुष्प' के लिए हमीर नाम माला का संदर्भ दिया है। प्रश्न है कि शेष अर्थ कहां से लिये ? हिन्दी शब्द सागर की दूसरी जिल्द के पृष्ठ 859 पर 'कल्हार' को संज्ञा पु० सं० बताते हुए उसके अर्थ सफेद कोई, श्वेत कमलिनी दिए हैं और उदाहरण से भी इसकी पुष्टि की है। मानक हिन्दी कोश की प्रथम जिल्द के पृष्ठ 485 पर इसके अर्थ-एक प्रकार का पौधा और उसके फूल तथा २ कमल दिए हैं किन्तु इस कोश में शब्द-प्रयोग के उदाहरण नहीं हैं। 'कल्हार' का प्रयोग अध्यात्म रामायण के अरण्य-काण्ड में इस प्रकार है :—

> इत्येवं भाषमाणौ तौ जग्मतुः सार्धयोजनम्।
> तत्रैका पुष्करिण्यासीत् कल्हार कुमुदोत्पलैः ॥१५॥

(इस प्रकार आपस में बातचीत करते हुए वे डेढ़ योजन (६ कोस) निकल गए। वहां कुमुद, कल्हार और कमलादि से सुशोभित एक पुष्करिणी (तलाई) थी।

मेहोजी रचित राजस्थानी 'रामायण' में इसका प्रयोग है :—

> लख चवरासी जीव तिरया, वणी अठारा भार।
> सातूं सायर जिणि तिरया, नवसे नदी कल्हार।

इसका रचनाकाल संवत् 1572 के आसपास है। कवि गणपति रचित 'माधवानल-कामकन्दल-प्रबन्ध' (गायकवाड़ ओरियंटल सिरीज, बड़ोदा, सन् 1942) में भी इसका प्रयोग हुआ है—पृष्ठ २८५, छन्द ३१२ तथा पृष्ठ ३१८, छन्द ६१। शब्द प्रयोग के उदाहरण देने की प्रतिज्ञा सी करके भी श्री सीतारामजी यहां ऐसा नहीं कर पाए। इस कारण यदि वे चाहते तो इस शब्द को छोड़ भी सकते थे। किन्तु उदाहरण न देकर भी उन्होंने इसको लिया। इस एक उदाहरण से उनकी बौद्धिक ईमानदारी का पता चलता है। हमीर नाम माला के साक्ष्य पर उन्होंने यह शब्द ग्रहण किया तथा प्राप्त कोशों और इतर सामग्री के आधार पर उसके अर्थ दिए।

दूसरा उदाहरण 'दिशा' विषयक है। अनेक ग्रंथों का मन्थन कर दिशा संबंधी उन्होंने जो टिप्पणियां और दिग्चक्र दिए हैं, वे उनके महत् पाण्डित्य के साथ-साथ राजस्थानी भाषा की समृद्धि के भी परिचायक हैं। इस विवेचन की तुलना परिवर्तित, संशोधित हिन्दी शब्द सागर के नवीन संस्करण के पांचवें भाग के पृष्ठ 2288–89 पर 'दिशा' के अन्तर्गत दी गई टिप्पणियों से करने पर स्पष्टतः पता

चलता हैं कि श्री सीतारामजी ने कितनी सांगोपांग अतिरिक्त जानकारी देकर 'दिशा' को स्पष्ट किया है।

तीसरा उदाहरण 'दिक्शूल' संबंधी है। हिन्दी शब्द सागर की इसी जिल्द के पृष्ठ 2270 पर इसकी परिभाषा इस प्रकार दी है :—फलित ज्योतिष के अनुसार कुछ विशिष्ट दिनों में कुछ विशिष्ट दिशाओं में काल का वास जो कुछ विशेष योगिनियों के योग के कारण माना जाता है। जिस दिन जिस दिशा में कुछ विशिष्ट योगिनियों के योग के कारण इस प्रकार का वास और दिक्शूल माना जाता है, उस दिन उस दिशा की ओर यात्रा करना बहुत ही अशुभ और हानिकारक माना जाता है।' श्री सीतारामजी ने 'दिसासूळ' (सं० दिक्शूल) की यह परिभाषा दी है :—फलित ज्योतिष के अनुसार यात्रा मुहूर्त देखने में शूल की वह उपस्थिति जो विशिष्ट वार व नक्षत्र के कारण विशिष्ट दिशाओं में रहती है....आदि। फिर हिन्दी शब्द सागर की उल्लिखित पंक्तियों को बिना उसका नामोल्लेख किए वे लिखते हैं :—किन्तु उपर्युक्त मत भ्रमपूर्ण है। दिशाशूल काल एवं योगिनियों से पूर्णत: पृथक् है। दिशाशूल विशिष्ट वारों और नक्षत्रों के कारण केवल मुख्य दिशाओं में ही लागू होता है जबकि काल विशिष्ट वार के कारण मुख्य दिशाओं एवं उप दिशाओं पर भी लागू होता है। दिशा-शूल एवं काल की गति एक दूसरे के विपरीत होती है। दिशाशूल एवं योगिनियों में भी कोई सम्बन्ध नहीं है क्योंकि योगिनियाँ तिथियों पर आधारित रहती हैं, उनका वारों और नक्षत्रों से कोई संबंध नहीं होता। काल व योगिनियाँ भी परस्पर पृथक् हैं क्योंकि काल विशिष्ट वार के कारण विशिष्ट दिशा अथवा उप दिशा में रहता है जबकि योगिनी की उपस्थिति विशिष्ट तिथि के कारण विशिष्ट दिशा में रहती है।

इस टिप्पणी से ही पता चलता है कि उन्होंने एक-एक शब्द पर कितना सूक्ष्म विचार किया है तथा यह कोश इस क्षेत्र में अन्य कोशों से कितना आगे है।

इसी प्रकार, 'दुगड़ियो' (पृष्ठ 1757) पर दी गई सीतारामजी की टिप्पणी और 'होरा' के अन्तर्गत दी गई हिंन्दी शब्द सागर (11 वाँ भाग, पृ० 5564) की टिप्पणी से मिलाने पर भी इस बात की पुष्टि होती है। ऐसे अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

कोशकर्ता से 'डिंगळ' या 'डिंगल' शब्द पर भी ऐसी ही विस्तृत टिप्पणी की अपेक्षा थी क्योंकि इस विषय में परस्पर विरुद्ध अनेक धारणाएँ व्यक्त की गई हैं।

हिन्दी शब्दसागर के संशोधित नवीन संस्करण (सन् 1968) में 'डिंगल' को 'राजपूताने की वह भाषा जिसमें भाट और चारण काव्य और वंशावली आदि लिखते चले आते हैं' बताया है (पृष्ठ 1950)। 'मानक हिन्दी कोश' में इसके लिए 'मध्ययुग में राजस्थान में बोली जाने वाली एक भाषा जिसमें यथेष्ट साहित्य मिलता है, लिखा है (दूसरा खण्ड, पृ० 470)। 'शब्दसागर' का कथन तो बिल्कुल गलत है, 'मानक' का कथन सर्वांश में गलत न होकर आंशिक रूप में सत्य है।

अत: यहाँ 'डिंगल' पर भी दो शब्द कहने आवश्यक हैं। इस कोशकर्ता ने इसको 'राजस्थानी भाषा का एक नाम' या 'मरुभाषा' बताया है। 'राजस्थानी' शब्द के अन्तर्गत उसके दो भाषिक अर्थ दिए गए हैं :—'राजस्थान प्रदेश की मरु या डिंगल भाषा' तथा 'इस प्रदेश की बोली'। ये अर्थ संगत हैं।

सन् 1913 में प्रकाशित श्री हरप्रसाद शास्त्री की 'प्रिलिमिनरी रिपोर्ट ऑन दि ऑपरेशन—इन-सर्च ऑफ मैन्यूस्क्रिप्टस् ऑफ बार्डिक क्रानिकल्स्' तथा उसके पश्चात् डॉ० टैसीटरी प्रभृति बहुत से विद्वानों ने 'डिंगल', 'डिंगळ' या 'डींगळ' शब्द की (साथ ही 'पिंगल' शब्द की भी) व्युत्पत्ति और उसके अर्थ को लेकर अनेक कल्पनाएँ की हैं किन्तु उनका परिणाम कुछ भी नहीं निकला, वे सभी अभी तक अनिर्णयात्मक ही हैं। (ऐसे विभिन्न मतों के लिए इन पंक्तियों के लेखक का राजस्थानी भाषा और साहित्य नामक ग्रंथ द्रष्टव्य है)। डिंगल को भाषा भी माना गया है और शैली भी। भाषा मानने वालों में भी मतैक्य नहीं है, इसकी किंचित् झलक 'शब्दसागर' और 'मानक-कोश' में दिए उल्लिखित अर्थों में भी मिलती है। इस विषय के विस्तार में न जाकर इतना कहना ही पर्याप्त होगा कि डिंगल, मरुभाषा या राजस्थानी का ही पर्याय है, चाहे वह साहित्यिक हो या बोलचाल की। डिंगल के छन्दशास्त्र रचयिताओं और साहित्यकारों ने ऐसा ही समझा और माना है। पिंगळ सिरोमणी (अथ पिंगळ सिरोमणि मारवाड़ी भाषा लिख्यते), रघुनाथ रूपक गीताँ रो (मरुभूम भाषा तणों मारग, मुरभूम पाठ पिंगळ मता) तथा रघुवरजस प्रकास (मुरधर भाखा जिण निमंत, अथ भाखा पिंगळ तथा डिंगळ का रूपग गीत कवित, दूहा गाहा·····') में आई अनेकशः उक्तियों से मरुभाषा (जिसको कई नामों से सम्बोधित किया गया है) के स्वरूप, उसकी व्याप्ति और उसके आभोग में आने वाली सामग्री के संकेत मिलते हैं जिनसे उपर्युक्त बात सिद्ध होती है। ऐसा ही साहित्यकारों ने समझा था। इसके दो उदाहरण पर्याप्त होंगे।

१. पदम भगत ने संवत् 1545 के आसपास विभिन्न लोक-प्रचलित राग-रागिनियों में गेय 'रुकमणी मंगळ' या 'हरजी रो व्यांवलो' काव्य की रचना की थी। यह राजस्थानी के प्राचीनतम पौराणिक आख्यान काव्यों में से एक है। मेहोजी कृत रामायण, डेल्हजी कृत कथा अहमनी आदि अन्य आख्यान काव्यों की भाँति इसकी भाषा भी बोलचाल की मरुभाषा या राजस्थानी है। इसकी अनेकश: प्रतियाँ मिलती हैं, जिनमें प्राचीनतम प्रति संवत् 1669 की लिपिबद्ध है। इसमें तो नहीं पर इसके बाद में लिपिबद्ध बहुत सी प्रतियों में रचना के पुष्पिका स्वरूप यह दोहा मिलता है :—

कविता मेरी डींगळी, नहीं व्याकरण ग्यान।
छन्द प्रबन्ध कविता नहीं, केवल हर को ध्यान।

(पाठान्तर-मेरी)

[illegible] (और [illegible]) 'भाषा' को 'डींगली' [illegible] है। [illegible] कि बाँकीदास की राजस्थानी और डिंगल में [illegible] है।

2. [illegible] (समय—संवत् 1860–1923) ने अपने सुप्रसिद्ध ग्रन्थ [illegible] में इसकी भाषा के लिए कहा है:—

डिंगल पिंगल संस्कृत सब समझन के काज।
मिश्रित की भाषा करी, क्षमा करहु कविराज॥

स्पष्ट है कि डिंगल भाषा है और यह 'सब समझन के काज' [illegible] भाषा भी है। सभी समझने लायक भाषा तो बोलचाल की ही हो सकती है। अतः बोलचाल की मरुभाषा और डिंगल एक ही है।

सूर्यमल्ल मिश्रण ने डिंगल उपनाम वाली मरुभाषा (डिंगल [illegible] राजस्थानी ही विशेष) का भी प्रयोग वंशभास्कर में किया है। इनके अनुसार मरुभाषा को कई लोग डिंगल भाषा भी कहते हैं (मरुभाषा डिंगलभाषा [illegible])। निष्कर्ष यह है कि 'डिंगल' का आशय राजस्थानी या मरुभाषा ही है।

जहाँ तक डिंगल शब्द के सर्वप्रथम प्रयोग का प्रश्न है, उसका श्रेय [illegible] को नहीं दिया जा सकता, जैसा कि विद्वान् अब तक मानते आए हैं। इस सम्बन्ध में ऐतिहासिक दृष्टि से [illegible] ग्रन्थ 'डिंगळ सिरोमणि' ('परम्परा', भाग 13, सन् 1961–62, राजस्थानी शोध-संस्थान, चौपासनी, जोधपुर) में एतद् विषयक उल्लेखों की चर्चा आवश्यक है। इसमें 'डिंगळ' (बारहट [illegible] डिंगळ री कहै, पृष्ठ 110; अथ डिंगळ नाममाळा लिख्यते पृ० 145) तथा 'उडिंगळ' (डिंगळ सिरोमणे उडिंगळ नाम माळा''' पृ० 150) दोनों शब्द रूप मिलते हैं। ऊपर के प्रथम दो उदाहरणों में '[illegible]' और 'अथ' के अन्तिम 'उ' का 'डिंगळ' के साथ जुड़कर 'उडिंगळ' शब्द होना अपेक्षाकृत अधिक संभव लगता है। इसके दो कारण हैं। एक तो इस 'नाम माळा' की पुष्पिका में स्वतंत्र रूप से 'उडिंगळ' शब्द प्रयुक्त है। दूसरे, इसी ग्रन्थ में अन्यत्र प्रयुक्त अकारान्त [illegible] यथा — भट्ट, गंग, शंकर, नागराज, काशीराम, केशव, भोज, [illegible], हरराज आदि के अन्त में 'उ' नहीं जुड़ा हुआ है। पर 'उडिंगळ' का भाव स्पष्ट नहीं है, इसको 'डिंगळ' का पूर्व रूप या मूल बताने में और विचार और प्रमाणों की आवश्यकता है। इसके सम्पादक [illegible] शर्मा ने इसकी सम्यक् परीक्षा किए बिना ही इसको जैसलमेर के कुँवर हरराज द्वारा रचित तथा रचनाकाल [illegible] संवत् 1610 और 1618 के बीच मान लिया है (सम्पादकीय, पृ० 10) जो भ्रम है। इसके कई कारण हैं। एक कारण तो यही है कि अधिकांश विद्वान् इसको कुशललाभ की रचना मानते हैं, कुँवर हरराज की नहीं। इस पर आगे विचार किया गया है। दूसरे, इसमें कुँवर हरराज के 'कुँवरपदे' (संवत् 1618) के पश्चात् प्रसिद्ध हुए कवियों की भी रचनाएँ संकलित हैं। इसमें बारहट ईसरदास और दुरसा आढ़ा के गीत दिए हुए हैं। बारहट ईसरदास का समय संवत् 1595 से 1675 है। उनके प्रारम्भिक 40 साल जामनगर में बीते थे। दुरसा आढ़ा का काल संवत् 1595 से 1708 है। उनकी विशेष प्रसिद्धि 34 साल की आयु में संवत् 1629 के आसपास हुई थी जब राजा रायसिंह कल्याणमलोत ने जोधपुर पर अधिकार के समय अन्य चारणों के साथ उनको भी एक हाथी, एक करोड़ पसाव और चार गाँव दिए थे। किन्तु जिस ढंग से इसमें इन कवियों का उल्लेख हुआ है, उससे यह हरराज के 'कुँवरपदे' की रचना तो दूर, उनके पूरे जीवनकाल—(संवत् 1634 तक) में भी रचित हुई सम्भव नहीं लगती। लखमलजी कृत तवारीख जैसलमेर, हरिदत्त गोविंद व्यास कृत जैसलमेर का इतिहास तथा गहलोत कृत जैसलमेर राज्य का इतिहास के अनुसार रावळ हरराज का देहावसान संवत् 1634 में हुआ था। तीसरे, इसमें हरराज के पुत्र भाटी भीम की प्रशंसा में माधवदास द्वारा रचित एक गीत दिया हुआ है (पृ० 155)। यह गीत भीम के रावळ बनने के बाद का रचा प्रतीत होता है। भीम अत्यन्त साहसी और वीर थे। उनके विषय में यह दोहा बहु-प्रचलित है:—

दूजा राजा शाह रे, कर में ले वारी।
भाटी भीम छोड़ायदी, नव रोजे नारी॥

चौथे, समग्र रचना में जिस रूप में कुँवर हरराज का उल्लेख हुआ है उससे यह उनकी रचना सिद्ध नहीं हो सकती। श्री अगरचन्द नाहटा प्रभृति अधिकांश लोग इसको जैन कवि कुशललाभ की रचना मानते हैं। कुशललाभ का समय लगभग संवत् 1580 से 1650 है। इस सम्बन्ध में दो बातें विचारणीय हैं। एक तो इसमें जिस ढंग से कुँवर हरराज और कुशललाभ के प्रश्नोत्तर दिए हैं उनसे यह शंका होनी स्वाभाविक है कि यह कितनी और किस रूप में कुशललाभ की रचना है। दूसरे इसमें गंग भट्ट के कथन का भूतकालिक उल्लेख है (पृष्ठ 98)। गंग भट्ट तो कुशललाभ के बाद भी 12–15 साल तक जीवित रहे थे। उनकी मृत्यु संवत् 1662–1665 के बीच हुई थी (द्रष्टव्य—गंग कवित्त, भूमिका, पृष्ठ 10; ना. प्र. स., काशी)। वर्तमान में यह जिस रूप में प्राप्त है, उस रूप में इसको कुशललाभ की रचना मानने में तो संकोच होता है। यदि यह किसी अंश तक कुशललाभ की रचना मान भी ली जाए तो यह तो निश्चित ही है किसी परवर्ती लेखक ने इसमें संशोधन, संवर्द्धन करके इसका सम्पादन किया है। अतः वैज्ञानिक पद्धति पर इसके सुसम्पादन की नितान्त आवश्यकता बनी हुई है। ऐसा सम्पादन होने पर ही हम 'डिंगळ' या 'उडिंगळ' शब्दों और उनकी व्याप्ति पर ऐतिहासिक दृष्टि से विचार कर सकने की स्थिति में होंगे। कोशकर्ता ने 'उडिंगळ' को संदिग्ध समझकर सम्भवतः कोश में स्थान नहीं दिया जो ठीक ही किया है। असल में राजस्थानी और हिन्दी में भी सम्पादन की स्थिति सन्तोषजनक नहीं है। 'सम्पादन' के नाम पर अधिकांशतः या तो एक प्रति का हूबहू पाठ छपा दिया जाता है अथवा प्रति-विशेष के

पाठ को मूल का मान कर फुटनोट में शेष उपलब्ध प्रतियों के रूपान्तर और पाठान्तर दे दिए जाते हैं। यह दृष्टिकोण एकांगी है। सम्पादन की वैज्ञानिक पद्धति इससे भिन्न है, कदाचित् यह बताने की आवश्यकता नहीं है।

पिंगळ-सिरोमणि के अतिरिक्त 'डिंगळ' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग सुरजनदास पूनिया (संवत् 1640–1748) के एक कवित्त में मिलता है। विभिन्न हस्तलिखित प्रतियों में प्राप्त पाठ इस प्रकार है :—

कोक पढ्यां का होय, दुंनी करतूत पिछांणै।
गीता का सुध ग्यांन, ग्यांन का म्यांन न जांणै।।
अमर पढ्यां क्या होय, अमर तैं अमर न होई।
पींगळ डींगळ प्रीति, दीन घरि दीठा दोई।।
साखी सबदी तंत रस, नाद वेद गुण जांण।
सुरजन सुमत गुण उच्चरै, संमरत सुंणौ वखांण।।

सुरजनजी के 'कवित्तों' और 'रामरासौ' का रचनाकाल संवत् 1700 के लगभग है (द्रष्टव्य—इन पंक्तियों के लेखक का जाम्भोजी, विष्णोई सम्प्रदाय और साहित्य नामक ग्रन्थ का दूसरा भाग)। कदाचित् 'डिंगळ' शब्द प्रयोग की परम्परा संवत् 1700 से भी पुरानी रही हो, तो आश्चर्य की बात नहीं होगी। बाँकीदास के आश्रयदाता जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी ने भी डिंगळ का भाषा के रूप में प्रयोग किया है, यथा :—

डिंगळ पिंगळ संस्कृत, सब्यौ न एकौ सोध।
अखर अखर अवतारचित, पूरो मोहि प्रबोध।।

मुंशी देवीप्रसाद कृत चारण-चमत्कार (अप्रकाशित) में यह दोहा दिया गया है—(श्री सीताराम लाळस के सौजन्य से प्राप्त)। कोशकर्ता 'डिंगळ' और 'राजस्थानी' शब्दों पर अधिक प्रकाश डालता तो स्थिति और अधिक स्पष्ट होती।

राजस्थानी–शब्द कोश निर्माण में कतिपय विशेष प्रकार की कठिनाइयाँ और भी हैं, जैसे :—

(1) शब्दों के मानक रूप के स्थिरीकरण की। तद्भव और देशज शब्दों के अनेक रूप, शब्दार्थ-नियोजन में भी कठिनाई पैदा करते हैं।

(2) राजस्थानी के ध्वनि-परिवर्तनों, उदात्त, अनुदात्त ध्वनियों, अनुस्वार तथा 'ल' और 'ळ' वर्णों आदि विषयक।

कोशकर्ता ने इनका ध्यान रखते हुए शब्द-रूप और अर्थ दिए हैं तथापि कतिपय शब्दों का छूट जाना असम्भव बात नहीं है। राजस्थानी में 'र' का आगम और लोप प्राय: होता है। इसी प्रकार 'ऋ' का 'र', 'र' और लोप, 'क्ष' का 'ख', 'क्ख' आदि, छ। कश्यप ऋषि का एक नाम तृक्ष है। तृक्ष का राजस्थानी में तिखिया, तीख, तिरख, त्रख आदि रूपों में प्रयोग किया गया मिलता है, यथा :—

(1) **होतिव काज हठबाद करि, वीण विरोध विचखिया।**
एक एक तंन तीनि करि, तिणि सराप सुर तिखिया।।
(—सुरजनदासजी पुनिया कृत रामरासौ)

(2) **तांम कोड़ि तेतीस, तीख रिख तामस आया।**
वंनवासौ तंन तीनि, रीछ कपि धारै काया।
(—वही)

(3) **पूरव दिशा अपूरव वातू, रंग रळी जहाँ होय प्रभातू।**
तहाँ तिरख रिख क्रिरिया सारू, जोग ध्यान बैठे अवधारू।
(—सुरजनदासजी पूनिया कृत भोगळ पुराण)

(4) **बग दाळ‍ेव सींगी रिख सुणी, गुर गंगेव गोतम रिख गिणी।**
कपला रिख त्रख सुर सार, मारकुंड तंवर तत सार।
(केसीदासजी कृत कथा विगतावळी)

किन्तु जहाँ तक ज्ञात है, इस कोश में इस अर्थ में ऐसे शब्द नहीं दिए गए हैं। राजस्थानी के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का सुसम्पादित रूप में सामने न आना भी इसका एक मुख्य कारण है। पूर्वी राजस्थानी में क्रियान्त 'णो', 'णौ' के स्थान पर 'वो', 'वौ' का प्रयोग किया जाता है। अत: इस कोश में प्रत्येक क्रिया और उसका रूप जिसके अन्त में 'णो', 'णौ' होते हैं, को इस दूसरे 'वो, 'वौ' अन्त के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है। शब्द के अनेक रूप भेदों का एक कारण यह भी है। श्री सीत रामजी ने यथासम्भव शब्द के रूप भेदों को भलीभाँति दर्शाया है। कोश में कतिपय शब्दों के रूप भेद देखने से ही इसके कर्ता के तद् विषयक प्रयास का पता चलता है। कई-कई शब्द तो ऐसे हैं जिनके 46-47 तक रूप-भेद दिए गए हैं, जैसे पहुंचाणो (पृ० 24-25) बोलाणौ (पृ० 5059) आदि। दस-दस बारह-बारह रूप तो साधारण बात है।

उदाहरणार्थ ऐसे कुछ शब्द नीचे दिए जाते हैं :—

छाव, जुधिष्ठिर, झूंबो, दिनंद, दीयौ, पपइयौ, पहरणौ, पछताणौ, बहस, बहणौ, विसम, विरुदाणौ, विकसाईजणौ, वरती, समरणौ आदि।

कोशकर्ता ने शब्द-विशेष के अनेकश: उदाहरण एकत्र कर उनके उपलब्ध सभी अर्थों को सोदाहरण देने का प्रयास किया है। साथ ही मुख्य शब्द के अन्तर्गत उसके पर्यायवाची, उससे सम्बन्धित यथा सम्भव मुहावरे और कहावतें भी दी हैं। इससे पता चलता है कि कोशकर्ता ने कोश को सर्वांगपूर्ण बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 'सारंग' शब्द के 89 और 'वीर' शब्द के 72 अर्थ दिए गए हैं और इस कोश को ज्ञान कोशीय रूप देते हुए राजस्थानी साहित्य में बहु प्रयुक्त 52 वीरों की नामावली भी दी है। अनेकश: अर्थों के लिए इन कतिपय शब्दों पर दृष्टिपात करना उचित होगा :—

कागलौ, चढणौ, जोग, वैठणौ, बहियोड़ौ, वाट, निकालियोड़ौ, दिन, लागणौ, विसम, संख, संभाळणौ, सत, सजियोड़ौ, सर, सरभ, सरस, सहज, साजियोड़ौ, सारंग, सार, सिद्ध, कुत्तौ आदि।

इतना होने पर भी अनेक ऐसे शब्द होंगे जिनके सभी अर्थ सम्भवत: नहीं दिए जा सके हों। एक उदाहरण द्रष्टव्य है। सतारा का अर्थ सप्तऋषि तथा सतारौ का एक प्रकार का वाद्य यन्त्र बताते हुए उस

पर पूरी टिप्पणी दी है। सतारो (सं० सत्वर) का अन्य अर्थ द्रुतगामी या तेज चलने वाला भी होता है। जैसे :—साता ऊंट'र घणा सतारा (—बीकानेरी ऊंट तथा जैसलमेर की)। सतारा सतारो का बहुवचन है। यह अर्थ कोश में नहीं है।

यहां से साथ मुहावरों और कहावतों का ठाठ पदे-पदे लक्षित होता है। 'बात' पर ……, तथा 'हाथ' पर 171 मुहावरे दिए गए हैं। 'बात' और 'हाथ' शब्दों के अन्तर्गत 67 कहावतें दी गई हैं। इनका नमूना निम्नलिखित शब्दों के अन्तर्गत देखा जा सकता है :—

आंख, आंधी, आणी, ऊंट, एक कण, करम, चक्कर, छाती, जीव, टको, दिन, नाम पाणी, तरवार, आदि।

मुख्य शब्दों के पर्यायवाची शब्द देकर कोश को समृद्ध किया गया है। सूरज के 127 पर्यायवाची दिए हैं। इसी प्रकार चन्द्रमा, जुध, तरवार, दाता, समुद्र, मद्य, मिष, परवत, पाणी आदि के अनेक पर्यायवाची देखे जा सकते हैं।

शब्दों की यथासम्भव व्युत्पत्तियां दी गई हैं। कोशकर्ता ने इस सम्बन्ध में पं० नित्यानन्दजी शास्त्री के प्रति विनम्र कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए ठीक ही स्वीकार किया है कि नित्य नवीन खोजों के फलस्वरूप व्युत्पत्तियों में मतभेद हो सकता है। शब्द की व्युत्पत्ति से उसके ऐतिहासिक विकास-क्रम, तुलनात्मक अध्ययन और अर्थ में भी पर्याप्त सहायता मिलती है। इस सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न मतों का विवेचन कर सही निर्णयों पर पहुँचना सुधी जनों का कार्य है।

शब्द-विशेष की व्युत्पत्ति विषयक कितना मतभेद हो सकता है यह एक उदाहरण से स्पष्ट होगा। इस कोश में 'खोट' (पृ० 649) शब्द को संस्कृत 'क्षोट' से व्युत्पन्न बताया है। हिन्दी शब्दसागर (पृ० 1184) में सं० खोट = खोटा (दूषित) अंकित है। संक्षिप्त हिन्दी शब्द सागर में इसको संस्कृत 'खोट्', से, मानक हिन्दी कोश में संस्कृत 'कूट' से तथा ब्रजभाषा सूर कोश में संस्कृत 'खोट' से निष्पन्न बताया है।

प्रस्तुत कोश यत्र-तत्र ज्ञान कोश की सीमा भी छूता है। अनेक ऐतिहासिक और पौराणिक प्रसंगों पर यथोचित टिप्पणियां दी गई हैं। संकरानारू, हनु, सरस्वती, मान, ऊंमती, जोगणी, साज, सिद्धी, सन्ति आदि अनेकश: शब्दों पर दी गई टिप्पणियां तथा इसके अतिरिक्त 'जोड़ी' कांगरी, 'हींदोळी' जैसे शब्दों के अन्तर्गत बनाए गए नक्शे इस कोश को ज्ञान कोशीय रूप भी प्रदान करते हैं।

संक्षेप में कोश का मूल ढांचा इस प्रकार है :—(विशेष द्रष्टव्य—पहली जिल्द में कोशकर्ता की भूमिका)

(1) शब्द के व्याकरणिक रूप और व्युत्पत्ति दी गई है।

(2) अप्रयुक्त या अल्प प्रयुक्त शब्द भी लिए गए हैं।

(3) अर्थ की स्पष्टता और प्रामाणिकता के लिए शब्द-प्रयोगों के अनेकश: उदाहरण दिए गए हैं।

(4) पर्यायवाची और यौगिक शब्दों के अतिरिक्त मुख्य शब्द के साथ यथा सम्भव रूप-भेद, अल्पार्थ, महत्त्ववाची, विलोम शब्द तथा क्रिया प्रयोग भी तुरन्त बाद ही दिए गए हैं।

(5) शब्द-क्रम में देवनागरी लिपि में प्रकाशित कोशों के अनुसार अनुस्वार प्रधान प्रणाली अपनाई गई है।

(6) अनुस्वार और चन्द्र बिन्दु के स्थान पर अनुस्वार लिया गया है। ध्यातव्य है कि पुरानी हस्तलिखित प्रतियों में चन्द्र बिन्दु का द्योतक चिन्ह नहीं मिलता। राजस्थानी में विशेष ध्वनियों को प्रकट करने वाले विशेष वर्ण हैं, यथा :—ध–व़, ल–ळ, स–स़। इनमें नीचे बिन्दी वाले वर्ण पहले लिए गए हैं, जैसे—आळ के बाद आल। व़ और स़ से सम्बन्धित शब्दों को क्रमश: व और स के अन्तर्गत दिया है। छपाई में व़ और स़ वर्णों की व्यवस्था न होने से ऐसा किया गया है।

(7) शब्द कोशों में अर्थों का महत्त्व सर्वाधिक होता है। उनका उपयोग मुख्यत: अर्थ, परिभाषा मानक रूप, वर्तनी या व्याकरण के लिए किया जाता है। इसमें शब्द के विभिन्न अर्थों की संख्या देकर, पर्याय एवं व्याख्या दोनों विधियां अपनाई गई हैं। उसको (शब्द को) अलग-अलग वर्गों में बांटा गया है; साथ ही विवरण भी दिया गया है। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं—तर, दाय, धजर, धू आदि।

यहां यह संकेत करना भी अनावश्यक न होगा कि इसमें 'ड' और 'ड़' वर्णों के क्रम में हिन्दी कोशों से कुछ भिन्नता है। इसमें 'ड़' वर्ण को 'क' वर्ग के अन्तर्गत लेकर उसी अनुसार वर्णानुक्रम रखा है, जबकि हिन्दी में 'ट' वर्ग के वर्ण 'ड' के पश्चात् 'ड़' रखा जाता है। तद्नुसार इस कोश में 'खग्रास' के पश्चात् 'खड़' शब्द है, जबकि हिन्दी शब्द सागर में इसके पश्चात् 'च' वर्ग का 'खचन' शब्द है। 'सागर' में 'खड़' शब्द 'ट' वर्ग के अन्तर्गत 'खड़ंगा' के बाद आया है (पृ० 1122)।

कोश की काया का निर्माण जिन रचनाओं के शब्दों को लेकर हुआ है उनका उल्लेख कोशकर्ता ने अपनी भूमिका में किया है। राजस्थानी साहित्य की चारण शैली के काव्य की शब्दावली अपेक्षया कठिन है। इसको सम्यक् रूपेण समझने वाले विद्वान् इने-गिने ही हैं और उनकी संख्या भी कम होती जा रही है। इस प्रकार की शब्दावली के अर्थों की तो अति शीघ्र बहुत ही आवश्यकता थी। यह भी विचित्र संयोग की बात है कि श्री सीतारामजी लाळस स्वयं एक चारण हैं तथा इस शैली की काव्य-परम्पराओं और शब्दावली से सुपरिचित हैं। इस कोश का यह सर्वाधिक सबल पक्ष कहा जा सकता है।

चारण शैली का एक बड़ा भाग ऐतिहासिक और वीर रसात्मक काव्य के रूप में है, यह लिख आए हैं। योद्धा, युद्ध, उसके विभिन्न उपकरण आदि आदि से सम्बन्धित सभी शब्दों का सूक्ष्म परिचय इस कोश में मिलता है। शस्त्र विशेष के पृथक् पृथक् अंगों के नामों के लिए बानगी के तौर पर तलवार के विभिन्न अंगों से सम्बन्धित ये शब्द

द्रष्टव्य हैं :—कंठी, कलसियौ, खजानो, नळ, पेटा, पीपळो, टोंक, मोगरौ, बतासौ, थेलौ आदि। इसी प्रकार भिन्न-भिन्न बनावटों के आधार पर शस्त्र-विशेष के अनेक नाम राजस्थानी में प्रचलित हैं। इनका सम्यक् परिचय भी कोशकर्ता ने दिया है; यथा—तलवार के विभिन्न नाम रूमीसूरा, सोसनपता, मगरेब, लालूवाड़, देवीकवच, हुसैनी, हलबी, सिरोही, माड़ आदि।

कोश में पूर्व लिखित शेष चार शैलियों की रचनाओं के शब्दों को भी स्थान मिला है। यह भी प्रशंसनीय है कि ज्यों-ज्यों कोशकर्ता को अन्य महत्त्वपूर्ण रचनाएँ प्राप्त होती गईं, वह उनका उपयोग भी यथा स्थान करता गया पर कतिपय महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का जो इस कोश से पूर्व प्रकाशित थे, उपयोग किया जाना आवश्यक था। इनमें से कतिपय का नामोल्लेख किया जा सकता है:—श्री रामचरणजी महाराज की अणभैवाणी तथा आचार्य भीखणजी की पद्य-रचनाओं का संकलन—भिक्षु ग्रन्थ रत्नाकर (2 भागों में)। ये दोनों वृहत् ग्रन्थ क्रमशः सन्त और जैन काव्यो की शब्दावली के महत्त्वपूर्ण भण्डार हैं। संत संप्रदायों में विष्णोई, जसनाथी साहित्य के और निम्बार्क सम्प्रदाय के परशुराम-देवाचार्य को (परशुराम रचनाओं के शब्दों को लेने का यत्न भी करना चाहिए था। इसी प्रकार जैन साहित्य तथा लोक साहित्य विषयक शब्दावली पर और अधिक ध्यान दिया जाता जो अच्छा ही होता। ये तो मात्र सुझाव हैं। वैसे इन शैलियों की रचनाओं में प्रयुक्त अनेक शब्द किसी न किसी रूप में कोश में आ ही गए हैं।

राजस्थानी के अतिरिक्त यहाँ के साहित्यकारों ने राजस्थानी मिश्रित व्रज और राजस्थानी मिश्रित खड़ी बोली में भी प्रभूतशः रचनाएँ लिखी हैं। पिंगल का तात्पर्य छन्दशास्त्र से है पर यहाँ राजस्थानी मिश्रित व्रजभाषा का नाम भी 'पिंगळ' है। सामान्यतः पिंगळ का व्याकरणिक ढाँचा व्रजभाषा के आधार पर होता है पर उसमें राजस्थानी शब्दों और राजस्थानी-ध्वनि-परिवर्तनों के आधार पर बने शब्दों का प्रयोग भी किया जाता है। एक उदाहरण लें।

राजस्थानी कड़ (संस्कृत-कटि) शब्द का अर्थ कमर है। 'ड़' ध्वनि 'र' में परिवर्तित हो जाती है। उसके आधार पर "कड़' से शब्द बना 'कर'। साधारणतः 'कर' का अर्थ हाथ होता है पर यहाँ 'कर' का अर्थ कमर भी होगा। वृहत् पृथ्वीराज रासौ में इस तरह के अनेक शब्द प्रयुक्त हुए हैं। इस कोश में इनका संकेत-उल्लेख होना अतिरिक्त महत्त्व की बात होती। यों पिंगल का शब्दकोश-निर्माण एक पृथक् कार्य है। ध्यातव्य है कि पिंगल केवल काव्य भाषा के रूप में ही समादृत रही है। पृथ्वीराज रासौ, वंशभास्कर (अधिकांश में) पिंगल की रचनाएँ हैं। कतिपय संतों ने भी पिंगल में रचनाएँ की हैं पर उनमें भाषायी स्तर भेद काफी पाया जाता है। नीसाणी, झूलणा, चान्द्रायण आदि छन्दों में रचित रचनाएँ तथा कतिपय संतों और नाथों की वाणियों की भाषा राजस्थानी मिश्रित खड़ी बोली है। दोनों ही प्रकार की कतिपय रचनाओं का प्रयोग श्री सीतारामजी ने किसी न किसी रूप में किया है। इसी प्रकार मुख्य-मुख्य आधुनिक लेखकों की रचनाओं और प्राचीन गद्य रचनाओं को भी शब्द-चयन में ग्रहण किया गया है।

इस शब्दकोश में दिए गए विभिन्न शब्दार्थों में मतभेद सम्भव है। यह अपने ढंग का पहला कार्य है। इस प्रकार के कार्यों में अनेक कारणों से भूल-चूक और त्रुटियाँ रह जाना बहुत स्वाभाविक है। आशा की जाती है कि विद्वान् इसकी 'चूक' पर द्रष्टिपात करते समय इसकी 'कूक' पर विशेष ध्यान देंगे।

श्री सीतारामजी के वैदुष्य का साकार रूप—यह कोश राजस्थानी का गौरव ग्रन्थ है। उनका यह कार्य भारतीय मनीषा के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

यदि कोश में प्रयुक्त शब्द-संख्या देखी जाए, तो वह लगभग दो लाख होगी। इसमें आए मुहावरों की संख्या हजारों में है।

यह कोश पिछले अठारह सालों से शनैः शनैः प्रकाशित होता रहा है। इसकी इस अन्तिम जिल्द का इस वर्ष प्रकाशित होना एक घटना है। इस महान् कार्य को सम्पन्न हुआ देखकर प्रत्येक विद्या-प्रेमी गौरव का अनुभव करेगा, इसमें संदेह नहीं।

कोशकर्ता श्री सीतारामजी लाळस राजस्थानी भाषा और साहित्य के तथा भारतीय विद्या के प्रेमियों की ओर से हार्दिक बधाई के पात्र हैं।

कोश के निर्माण कार्य में समय-समय पर जिन सज्जनों ने इसके महत्त्व को समझकर तन, मन, धन और विचार-विमर्श से सहयोग दिया है, वे सब बधाई के पात्र हैं। चौपासनी शिक्षा समिति और उप-समिति 'राजस्थांनी सबद कोस' के अधिकारी गण तथा कार्यकर्ता तो विशेष रूपेण बधाई के पात्र हैं। 'समिति' ने साहित्य जगत् के सम्मुख एक उदाहरण प्रस्तुत किया है जो ऐसी अन्य संस्थाओं के लिए स्पर्धा का विषय होना चाहिए।

भाषा एक सामाजिक दाय है। सभी जीवंत भाषाओं का शब्द-भंडार निरन्तर बढ़ता ही रहता है। वर्तमान में राजस्थानी साहित्य की दोहरी प्रगति हो रही है। एक ओर तो उसके प्राचीन ग्रन्थों का सुसम्पादन किया जा रहा है और दूसरी ओर अनेक लेखक साहित्य-सर्जना कर उसकी श्रीवृद्धि कर रहे हैं। अतः राजस्थानी शब्द कोश का कार्य ऐसा है जो इसके पश्चात् भी सतत रूप से चालू रहना चाहिए। मैं आशा करता हूँ कि 'समिति' इस ओर भी ध्यान देगी। मैं कोशकर्ता के स्वास्थ्य और शतायु होने की कामना करता हूँ।



सम्पादकीय निवेदन

भाषा की प्रामाणिकता एवं उसके संवर्द्धन के लिए शब्द कोश की अपनी महत्ता है। विश्व की समृद्ध भाषाओं के अपने-अपने सुसम्पादित कोश हैं। राजस्थानी भाषा के पूर्व के प्रकाशित जो शब्द कोश उपलब्ध हैं, वे प्रायः अपूर्ण हैं और उनमें वैज्ञानिकता का अभाव है। राजस्थानी भाषा एवं उसके समृद्ध साहित्य के अनुरूप उपयोगी एवं उच्चस्तरीय शब्द कोश की नितान्त आवश्यकता थी। यह एक सुयोग था कि सुहृदजन से कोश सम्पादन की प्रेरणा से मेरे अन्तर की अभिलाषा बलवती हुई जिसके परिणामस्वरूप 46 वर्ष पूर्व बृहद् राजस्थानी शब्द कोश के आकार एवं स्वरूप के प्रारूप का आकलन किया गया। इसी के अनुसार अभावों एवं बाधाओं की नानाविध घाटियों को पार करते हुए यह शब्द कोश 4 खण्डों की कुल 9 जिल्दों में सम्पूर्ण हुआ। अन्तिम खण्ड की इस अन्तिम जिल्द की संप्रस्तुति के साथ कोश की सम्पूर्णता हो रही है, यह आत्मसन्तोष की एक सुखद स्थिति है। 46 वर्षों की अनवरत श्रम साधना की यह सफलता साहित्य मर्मज्ञों एवं भाषाविदों की सद्भावनाओं का ही परिणाम है।

शब्द कोश की निर्मिति कितनी श्रम-साध्य, समय-साध्य और व्यय-साध्य है, भाषा प्रेमियों को बताने की आवश्यकता नहीं। राजस्थानी शब्द कोश सम्पादन के विचार का अंकुरण जिस सहज भाव से हो गया था उसके विपरीत इसकी क्रियान्विति उतनी ही कठिन एवं दुस्साध्य हो गई थी। इस कोश के सम्पादन कार्यकाल का जो एक दीर्घकालीन इतिहास बना है उसमें अर्थाभाव की अनुभूत विकलताओं और सुहृदसहयोगीजन की सद्भावनाओं का सुन्दर समन्वय हुआ है।

राजस्थानी बृहद् शब्द कोश सम्पादन-कथा एक स्वतन्त्र प्रकरण है, उसकी अभिव्यक्ति सम्प्रति उचित नहीं होगी। कोश का यह बृहद् आकार किसी एक व्यक्ति की शक्ति की परिसीमा का कार्य नहीं है। प्रारम्भिक अर्थाभाव की चपेट में ही कोस निर्माण कार्य में जो व्यवधान उपस्थित हुआ और जिस विकट परिस्थिति की अनुभूति हुई उस आधार पर कोश की सम्पूर्णता असम्भव ही प्रतीत हो रही थी। धीरे-धीरे यही तथ्य उजागर हुआ कि सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग के अभाव में कोश निर्माण जैसे अनुष्ठान की सम्पूर्ति कदापि सम्भव नहीं।

साहित्य संवर्द्धन के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग देना सरकार का दायित्व भले ही हो, लेकिन इसकी उपलब्धि के लिए सुयोग्य जन की कड़ी की आवश्यकता होती है। कोश निर्माण का प्रारम्भिक कार्य तो सद्भावी साहित्य प्रेमियों के सहयोग से आरम्भ तो हो गया, लेकिन प्रकाशन और व्यय-साध्य कार्य बिना समुचित अर्थोपलब्धि के अभाव में कैसे सम्पन्न हो सकता था। विकट अर्थाभाव में जब कोश प्रकाशन की कोई आशा नहीं रही उस समय स्व० ठाकुर कर्नल श्यामसिंहजी रोड़ला और स्व० श्री गोवर्द्धनसिंहजी मेड़तिया (खानपुर) आई० ए० एस० कोश के लिए ऐसे दृढ़ अवलम्ब बनकर आए कि इनके सान्निध्य और संरक्षण में कोश की सम्पूर्ति की आशा बंधने लगी।

श्रद्धेय स्व० ठाकुर कर्नल श्यामसिंहजी रोडला साहित्य प्रेमी ही नहीं साहित्य सेवी भी थे। साहित्य संकलन एवं संवर्द्धन के प्रति उनकी विशिष्ट रुचि थी। इस कोश कार्य की प्रारम्भिक स्थिति में ही मुझे आपका सान्निध्य प्राप्त हुआ। कोश निर्मिति के लिए अपेक्षित साहित्य की उपलब्धि में आपका विशेष सहयोग रहा। अर्थाभाव के कारण जब-जब प्रकाशन कार्य में शैथिल्य आया आपने अपने स्तर पर ही अर्थ व्यवस्था कर कोश कार्य को गति दी। बाधाओं से उत्पन्न, नैराश्य से घिरा और परिस्थितियों से थकित जब भी मैं आपके पास पहुँचा आपने आत्मीय भाव से मेरी परिस्थितियों को समझा और अपनी उदारता का परिचय दिया। यह सत्य है कि कोश का वर्तमान स्वरूप आपके ही सहयोग का प्रतिफल है। स्व० ठाकुर साहब कर्नल श्यामसिंहजी ने इस कोश के प्रति जिस निष्ठा और उदारता का परिचय दिया उसे यहाँ शब्दों में सीमित नहीं किया जा सकता। मैं इस पुण्यात्मा का ऋणी हूँ और कोश के प्रति आपने जो सहज स्नेहपूर्ण सहयोग प्रदान किया उनके लिए मैं हृदय से कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

इस कोश के प्रारम्भिक कार्य को जब स्व० श्री गोरधनसिंहजी मेड़तिया (खानपुर) ने देखा तो अनायास ही उनका लगाव इस कोश के प्रति हो गया। इनके हृदय में साहित्य के प्रति सेवा भावना थी अतः इस कोश की सम्पूर्णता उनके जीवन की एक अभीप्सा बन गई। कोश सम्बन्धी कार्य में चाहे वह अर्थ सम्बन्धी था या व्यवस्था सम्बन्धी आपने सदैव पूर्ण उदारता दर्शायी। मैंने स्व० श्री गोरधनसिंहजी मेड़तिया में औदार्य, सौजन्य एवं सारल्य से परिपूर्ण जो व्यक्तित्व देखा उसके आधार पर यही कह सकता हूँ कि ऐसे सरल, सौम्य साहित्य प्रेमी इस धरा पर यदा-कदा ही अवतरित होते हैं। आप कोश के लिए सच्चे अर्थों में गोवर्द्धन बने और समय पर उसको विकट परिस्थितियों के वज्रपात से उबारा।

कोश के प्रति अपनत्व प्रकट करने वाले ऐसे आत्मीय-जन के लिए आभार-दर्शन को शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता। स्व० श्री गोरधनसिंहजी मेड़तिया (खानपुर) के सौजन्यपूर्ण सहयोग के लिए यह हृदय चिर ऋणि है और ऋणत्व भावना की मूक-स्थिति जितनी सत्य और निष्ठायुक्त है वह मुखर होकर नहीं रह सकती। मेरे लिए यह अपार दुःख की बात है कि राजस्थानी कोश का सच्चा हितैषी, दृढ़ समर्थक उसकी पूर्णता न देख सका। कोश का अन्तिम खण्ड प्रकाशनाधीन था कि 18 सितम्बर, 1977 को वह दिव्यात्मा इहलोक छोड़ गई। स्व० श्रीगोरधनसिंहजी मेड़तिया का पार्थिव शरीर भले ही कोश के स्थूल स्वरूप को न देख सके, परन्तु यह मेरी धारणा है कि उनकी आत्मा इस कोश के साथ आत्मसात् हो चुकी है। सृष्टि पर जब तक कोश की विद्यमानता है, उसकी उपयोगिता है, उस पावन आत्मा की स्मृति स्थिर है।

कोश के दूसरे खण्ड की पूर्णता के समय व्यय भार बढ़ने से पुनः अर्थाभाव का संकट उपस्थित हुआ। इस समय केन्द्रीय सरकार से आर्थिक सहयोग प्राप्त कराने में तत्कालीन संसद सदस्य डॉ० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी ने निःस्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान किया। डॉ० सिंघवी एक अच्छे विचारक और लेखक हैं। साहित्य के प्रति अनुराग उनकी पैतृक विरासत है। प्रकाशित कोश जिल्दों को देखकर आप बड़े प्रभावित हुए। आप ही के सहयोग से मैं भू० पू० प्रधान मन्त्री स्व० श्री लालबहादुर शास्त्रीजी से साक्षात्कार कर उन्हें कोश के प्रकाशित खण्डों का अवलोकन कराते हुए इसकी सम्पूर्णता की मेरी एकमात्र अभिलाषा से परिचित कराया। अभी पुनः वर्तमान प्रधान मन्त्री मान्यवर श्री मोरारजी देसाई से भी साक्षात्कार करने में आपने सहयोग प्रदान किया। आपके सौजन्य के फलस्वरूप ही मैं मान्यवर मोरारजी देसाई को राजस्थानी शब्द कोश की रचना से परिचित करा सका। डॉ० सिंघवी के समयानुकूल समुचित सहयोग के लिए मैं हृदय से उनका आभार स्वीकार करता हूँ।

कोश की प्रकाशित जिल्दों को देखकर सहज भाव से प्रेरित हो कोश कार्य हेतु सहयोग प्रकट करने वालों में स्थानीय साहित्य प्रेमी एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रतिष्ठित अभिभाषक श्री मरुधर मृदुल को भुलाया नहीं जा सकता। सरल स्नेहभाव से ओतप्रोत श्री मरुधर मृदुल ने सदैव मेरी समस्याओं को सुना और उनके निवारण में अपना पूरा-पूरा सहयोग प्रदान किया। कोश कार्य के सम्बन्ध में आपने जो सौजन्य प्रकट किया उसके लिए मैं हृदय से उनका पूर्ण आभार मानता हूँ।

स्थानीय साहित्य प्रेमियों में विशेषकर राजस्थानी भाषा में रूचि रखने वालों की सद्भावना मुझे कोश निर्माण कार्य के आरम्भ से ही प्राप्त होती रही। इनमें श्री कोमल कोठारी और श्री विजयदान देथा का प्रमुख स्थान है। रूपायन संस्थान बोरून्दा की स्थापना कर आपने लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति के प्रति अपनी परिष्कृत रुचि का परिचय दिया है। आप दोनों ने कोश निर्माण के कार्य को निकट से देखा और प्रकाशित खण्डों का अध्ययन कर इसे युग की आवश्यकता बताते हुए राजस्थानी भाषा की समृद्धि के लिए अनिवार्य कृति बताया। कोश सम्बन्धी कार्यों के लिए आपने सदैव प्राथमिकता के आधार पर सहयोग प्रदान किया। आप दोनों के इस सौहार्द्रभाव के लिए मैं हार्दिक धन्यवाद अर्पित करता हूँ।

कोश सम्पादन कार्य जिस लम्बी अवधि में सम्पन्न हुआ उसके अनुसार सम्पादन तथा प्रकाशन व्यवस्था का अनेक स्थितियों से गुजरना सहज स्वाभाविक था। सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग प्राप्त करना नितान्त आवश्यक था अतः नियमानुसार वैधानिक प्रकाशन समिति की देखरेख में कोश कार्य होना वाँछनीय था। द्वितीय खण्ड के प्रकाशन कार्य से ही कोश प्रकाशन कार्य "चौपासनी शिक्षा समिति" द्वारा गठित "उप-समिति राजस्थानी शब्द कोश" की देखरेख में होने लगा। इस उप-समिति के प्रथम अध्यक्ष के रूप में स्व० भाद्राजून राजा साहब श्री देवीसिंहजी ने कार्य करते हुए कोश कार्य को गति प्रदान की। कुछ ही समय पश्चात् ब्रिगेडियर "आपजी" श्री रणधीरसिंहजी ने अध्यक्ष पद ग्रहण किया। आपकी हार्दिक चाहना रही कि इस कोश का प्रकाशन सुगमतापूर्वक सम्पन्न हो। अपनी निजी व्यस्तता के होते हुए भी कोश के प्रकाशन कार्य में आने वाले व्यवधानों का निवारण करने के लिए व्यक्तिगत रूप से रुचि ली। द्वितीय एवं तृतीय खण्ड आपकी अध्यक्षता में ही प्रकाशित हुए। इस अवधि में आपका जो स्नेह-सिक्त संरक्षण एवं हितैषीजन्य मार्गदर्शन मिला उसके लिए आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना अपना दायित्व समझता हूँ।

कोश के चतुर्थ खण्ड के प्रकाशन का कार्य जब प्रारम्भ हुआ तब माननीय महाराज श्री प्रह्लादसिंहजी ने उप-समिति राजस्थानी शब्द कोश के अध्यक्ष पद को ग्रहण किया। राजस्थानी भाषा एवं उसके साहित्य के लिए कोश की अनिवार्यता को आपने समझा और अपने सद्प्रयत्नों से इसे सम्पूर्ण कराने की स्थिति की ओर अग्रसर हुए। मुझे अनेक बार आपसे मिलने का अवसर मिला। आपने कोश सम्बन्धी कार्य निष्पादन में पूरा-पूरा सहयोग प्रदान किया। आपके सामयिक सहयोग के लिए आभार प्रदर्शित करता हूँ।

कोश कार्य हेतु निःस्वार्थ भाव से समय देने वालों में डॉ० हीरालालजी माहेश्वरी, प्राध्यापक राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर का नाम भी उल्लेखनीय है, कोश की अन्तिम जिल्द में आपने भूमिका लिखकर साहित्य प्रेमियों के लिए कोश के स्वरूप का आलोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया है इस सहयोग के लिए डॉ० माहेश्वरी निश्चय ही धन्यवाद के पात्र हैं।

उदार महानुभावों के सद्प्रयत्नों से सरकार की ओर से कोश प्रकाशन के लिए समय-समय पर आर्थिक सहयोग प्राप्त होता रहा। इस कार्य हेतु वांछित पत्रों की प्रस्तुति के लिए शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से मेरा सम्पर्क हुआ। तत्कालीन शिक्षा आयुक्त श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता एवं भूतपूर्व शिक्षा निदेशक श्री अनिल बोर्डिया

ने कोश जैसे कार्य की महत्ता को पहिचाना और मुझे कोश कार्य हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया। जोधपुर में जिलाधीश के पद पर कार्य करते हुए श्री कृष्णकुमारजी भटनागर एवं श्री नरेन्द्रसिंहजी सिसोदिया ने भी मेरी समस्याओं के निवारण में सहयोग का हाथ बढ़ाया। इन सभी महानुभावों के प्रति आभार प्रकट करना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ।

स्थानीय सहयोगियों में श्री सतीशचन्द्र गोयल, भूतपूर्व उपकुलपति जोधपुर विश्वविद्यालय, श्री जहूरखाँ मेहर प्रवक्ता विश्वविद्यालय, जोधपुर, श्री रामनिवास शर्मा, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान जोधपुर, श्री ओमप्रकाश शर्मा एवं श्री शान्तिलाल आदि का नाम उल्लेखनीय है। कोश सम्बन्धी कार्य के लिए आप सभी का सहयोग मुझे मिला इसके लिए मैं आपके प्रति धन्यवाद अर्पित करता हूँ।

इस कोश के सम्पादन में लगभग अर्द्ध शताब्दी की अवधि व्यतीत हुई इस अवधि में कोश सम्बन्धित कार्य वैविध्य के कारण अनेक महानुभावों के सहयोग की अपेक्षा होना नितान्त आवश्यक बात थी। कोश कार्य को लेकर मैं जिन महानुभावों से मिला उन्होंने मुझे यथा समय पूर्ण सहयोग प्रदान किया। मैं यह स्वीकार करता हूँ कि मेरे प्रति सच्ची सहानुभूति रखने वाले एवं हृदय से कोश कार्य में सहयोग देने वाले सभी महानुभावों के नामों का उल्लेख यहाँ नहीं हो पाया है। आवश्यकतानुसार प्रथम खण्ड व द्वितीय खण्ड की प्रथम जिल्द के प्रकाशन के अवसर पर मैं आभार प्रदर्शित कर चुका हूँ फिर भी उन सभी महानुभावों से क्षमा चाहते हुए उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने परोक्ष या अपरोक्ष रूप से कोश सामग्री संग्रह करने प्रकाशन हेतु आर्थिक सहयोग देने तथा अन्य स्रोत से उपयोगी साहित्य सामग्री उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया है।

इस खण्ड के प्रकाशन के साथ "राजस्थानी शब्द कोश" का पूर्ण स्वरूप जिसमें लगभग दो लाख शब्दों का संग्रह है, विद्वज्जन के समक्ष है। उपादेयता की कसौटी साहित्यिक समाज है। मुझ अकिंचन से जो प्रयास सध सका वही संप्रस्तुत है। न्यूनताओं और त्रुटियों के लिए विज्ञसमाज मुझे क्षमा करते हुए उपयोगी सुझाव प्रेषित कर अनुगृहीत करेगा ऐसी मेरी हार्दिक अभिलाषा है।

धन्यवाद

शास्त्री नगर,
जोधपुर
संवत् २०३५
दिपावली

सीताराम लालस

संकेत और चिन्ह

सांकेतिक रूप	पूर्ण नाम
अं०	अंग्रेजी भाषा
अ०	अरबी भाषा
अक०	अकर्मक
अक० रू०	अकर्मक रूप
अनु०	अनुकरण
अप०	अपभ्रंश
अल्प०, अल्पा०	अल्पार्थ रूप
अव्य०	अव्यय
इब्रा०	इब्रानी भाषा
उप०	उपसर्ग
उभ० लि०	उभयलिंग
कर्म वा०, कर्म० वा० रू०	कर्मवाच्य रूप
क्रि०	क्रिया
क्रि० अ०	क्रिया अकर्मक
क्रि० प्र०	क्रिया प्रयोग
क्रि० प्रे०	क्रिया प्रेरणार्थक
क्रि० वि०	क्रिया विशेषण
क्रि० स०	क्रिया सकर्मक
गु०	गुजराती भाषा
गो० रा०	गोरादि
ची०	चीनी भाषा
जा०	जापानी भाषा
डिं०	डिंगळ
तु०	तुर्की भाषा
पं०	पंजाबी भाषा
पा०	पाली भाषा
पु०	पुल्लिग
पुर्त्त०	पुर्त्तगाली भाषा
पृष०	पृषोदरादि
प्र०	प्रत्यय
प्रा०	प्राकृत
प्रे०	प्रेरणार्थक
प्रे० रू०	प्रेरणार्थक रूप
फ्रां०	फ्रांसीसी भाषा
फा०	फारसी भाषा
ब० व०	बहुवचन
भाव वा०	भाव वाच्य
भा० वा० रू०	भाव वाच्य रूप
भू० का०	भूतकाल
भू० का० क्रि०	भूतकालिक क्रिया
भू० का० कृ०	भूतकालिक कृदन्त
भू० का० प्र०	भूतकालिक प्रयोग
म०	मराठी भाषा
मह० महत्व०	महत्ववाची शब्द
मा०	मागधी भाषा
यू०	यूनानी भाषा
यौ०	यौगिक शब्द
रा०, राज०	राजस्थानी भाषा
रा० प्र०	राजस्थानी प्रत्यय
लै०	लैटिन भाषा
व०	वर्तमानकाल
व० का० कृ०	वर्तमान कालिक कृदन्त
वि०	विशेषण
विलो०	विलोम
व्या०	व्याकरण
शक०	शकन्ध्वादि
सं०	संस्कृत
सं० उ०	संज्ञा उभयलिंग
सं० पु०	संज्ञा पुल्लिग
सं० स्त्री०	संज्ञा स्त्रीलिंग
स०	सकर्मक
स० रू०	सकर्मक रूप
सर्व०	सर्वनाम
स्त्री०	स्त्रीलिंग
स्पे०	स्पेनिश भाषा
उ०	उदाहरण
कहा०	कहावत
क्व० प्र०	क्वचित प्रयोग
ज० खि०	जग्गी खिड़ियौ
ज्यो०	ज्योतिष सम्बंधी
दे०	देखो
प्रा० रू०	प्राचीन रूप
प्रा० प्र०	प्राचीन प्रयोग
मि०	मिलाओ
मु० मुहा०	मुहावरा
वि० वि०	विशेष विवरण

चिन्ह

चिन्ह का स्वरूप	स्थान	प्रयोजन
❀	शब्द के आगे	यह शब्द कविता में ही प्रयोग होता है।
,	शब्द के अक्षरों के बीच में सिर पर	यह ध्वनि-लोपक चिन्ह हैं, जहाँ 'ह' की ध्वनि लोप होती है वहां आता है।
—	शब्द के नीचे	उच्चारण की ध्वनी भिन्नता बतलाता है।
'....'	शब्द के दोनों ओर सिरों पर	व्यक्ति वाचक संज्ञा का सूचक (इनवर्टेड कॉमाज)

संदर्भ ग्रंथ–सूची

संक्षिप्त नाम	पूर्ण नाम	रचयिता का नाम
अनेका० कोश०	अनेकार्थी कोश	उदयराम बारहठ
अमरत	अमरत सागर	महा० प्रतापसिंह जयपुर
अ० मा०	अवधांन माळा	उदयरांम बारहठ
अ० वचनिका	अचलदास खीची री वचनिका	शिवदास गाडण
ऊ० का०	ऊमरकाव्य	ऊमरदांन लाळस
उ० र०	उक्ति रत्नाकर	साधु सुन्दरगणि
एका०	एकाक्षरी नांम माळा	वीरभांण रतनू, उदयरांम बारहठ
ऐ० जै० का० सं०	ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह	संपा. अगरचन्द बारहठ
क० कु० बो०	कविकुळ बोध	उदयरांम बारहठ
का० दे० प्र०	कान्हड़दे प्रबन्ध	पद्मनाभ
गी० रां०	गीत रांमायण	अमृतलाल माथुर
गु० रू० बं०	गुण रूपक बंध	केसोदास गाडण
गो० रू०	गोगादे रूपक	पहाड़खां आढी
चितरांम	राजस्थानी संस्कृति रा चितरांम	जहूरखां मेहर
डिं० को०	डिंगळ कोश	कविराजा मुरारीदान, बूंदी
डिं० नां० मा०	डिंगल नांम माला	हरराज कवि
ढो० मा०	ढोला मारू	सम्पादकत्रय रामसिंह तँवर, सूर्यकरण पारीक व नरोत्तमदास स्वामी
जां० वि० सं० सा०	जांभोजी विष्णोई सम्प्रदाय और साहित्य	डॉ० हीरालाल माहेश्वरी
जा० स०	जाभोजी की सबदवांणी	डॉ० हीरालाल माहेश्वरी
द० दा०	दयालदास री ख्यात	दयाळदास सिंढायच
द० वि०	दळपत विलास	सम्पादक रावत सारस्वत
देवि०	देवियांण	ईसरदास बारहठ
ध० व० ग्रं०	धर्म वर्द्धन ग्रन्थावलि	संपा० अगरचन्द नाहटा
नां० मा०	नांम माला	अज्ञात
ना० डिं० को०	नागराज डिंगल कोश	नागराज पिंगल
ना० द०	नागदमण	सांइयां झूला
नी० प्र०	नीति प्रकाश	सगरांमसिंह मुहणोत
नैणसी	नैणसी री ख्यात	मुहणोत नैणसी
पं० पं० च०	पंच पंडव चरित्र	सालिभद्र सूरि
प० च० चौ०	पद्मिनी चरित्र चौपाई	कवि लब्धोदय
पा० प्र०	पाबू प्रकाश	मोडजी आसियो
पिं० प्र०	पिंगळ प्रकाश	हमीरदांन रतनूं
पी० ग्रं०	पीरदांन ग्रन्थावळि	पीरदांन लाळस
पे० रू०	पेमसिंह रूपक	प्रतापदांन गाडण
बां० ग्रं०	बांकीदास ग्रन्थावळि	बांकीदास
बां० दा० ख्यात	बांकीदास री ख्यात	बांकीदास
बी० दे०	बीसलदे रासौ	कवि नाल्ह
भ० मा०	भक्तमाल	ब्रह्मदास
भिक्षु०	भिक्खु दृष्टान्त	भीखणजी
भि० द्र०	,,	,,
मा० कां० प्र०	माधवानल कांम कंदला प्रबंध	कवि गणपति

संदर्भ ग्रंथ-सूची

संक्षिप्त नाम	पूर्ण नाम	रचयिता का नाम
मा० म०	मारवाड़ मर्दुमशुमारी रिपोर्ट	मुंशी देवीप्रसाद
मा० वचनिका	माताजी री वचनिका	जती जयचन्द
मीरां	मीरां बाई	मीरां
मे० म०	मेहाई महिमा	हिंगळाजदांन कवियौ
र० ज० प्र०	रघुवर जसप्रकाश	किसनौ आढ़ौ
र० रू०	रघुनाथ रूपक	मंछारांम
र० वचनिका	रतनसिंह महेसदासोतरी वचनिका	जग्गौ खिड़ियौ
र० हमीर	रतनाहमीर री वारता	महाराजा मानसिंह
रा० जै० रासौ	राउ जैतसी री रासौ	अज्ञात
रा० जै० छंद	राउ जैतसी री छंद	बीठू सूजौ नगराजोत
रां० रा०	रांम रासौ	माधोदास दधवाड़ियौ
रा० रू०	राज रूपक	वीर भांण रतनू
रा० वं० वि०	राठौड़ वंस री विगत	अज्ञात
रा० सा० सं०	राजस्थानी साहित्य संग्रह I	सम्पादक स्वामी नरोतमदास
ल० पिं०	लखपत पिंगल	हमीरदांन रतनू
ला० रा०	लावा रासौ	गोपालदांन कवियौ
लो० गी०	राजस्थानी लोक गीत	अज्ञात
वं० भा०	वंश भास्कर	सूर्यमल मिसण
व० स०	वर्णक समुच्चय	संपादक भोगीलाल सांडेसरा
वि० कु०	विनयकुमार कृति कुसुमांजलि	कविवर विनयचन्द्र
वि० स०	विड़द सिणगार	कविराजा करणीदांन कवियौ
वी० मा०	वीरमायण	बहादर ढाढी
वी० स०	वीर सतसई	सूर्यमल मिसण
वी० स० टी०	वीर सतसई री टीका	किसोरदांन बारहठ
वेलि०	वेलि क्रिसन रुकमणी री	पृथ्वीराज राठौड़
वेलि टी०	वेलि क्रिसन रुकमणी री टीका	अज्ञात
बृस्त०	बृहत्स्तवनावली	संग्रह
शा० हो०	शालि होत्र	अज्ञात
शि० वं०	शिखर वंशोत्पति	गोपालदांन कवियौ
शि० सु० रू०	शिवदांन सुजस रूपक	लालदांन बारहठ
स० कु०	समयसुंदर कृति कुसुमांजलि	महाकवि समयसुंदर
सू० प्र०	सूरज प्रकाश I, II, III	कविराजा करणीदांन
ह० नां० मा०	हमीर नांम माला	हमीरदांन रतनू
ह० पु० वां०	स्रीहरिपुरुष की वांणी	श्री हरिपुरुषजी
ह० र०	हरिरस	ईसरदास बारहठ
हा० झा०	हाला झाला रा कुंडळिया	ईसरदास बारहठ

राजस्थांनी सबद कोस

[राजस्थानी हिन्दी वृहत् कोश]

[चतुर्थ खण्ड]

(तृतीय जिल्द)

स

स-सं. पु. [सं.] नागरी या संस्कृत वर्णमाला का वत्तीसवां व्यञ्जन जिसका उच्चारण-स्थान दन्त होने के कारण दन्त्य कहा जाता है।
वि० वि०—संस्कृत एवं हिन्दी भाषा में यह वर्ण उच्चारण भेद से तालव्य, मूर्धन्य एवं दन्त्य तीन प्रकार का माना गया है, जिनके रूप क्रमश: 'श', 'ष' तथा 'स' हैं। परन्तु प्राकृत, अपभ्रंश एवं राजस्थानी भाषा की लिखावट में दन्त्य 'स' का ही प्रयोग किया जाता है जो तीनों रूपों का प्रतिनिधित्व करता है। संस्कृत वैया-करणों के मतानुसार इसका उच्चारण स्थान दन्त, आभ्यन्तर प्रयत्न ईषद्विवृत व बाह्य प्रयत्न महाप्राण, और अघोष हैं। आधुनिक वैयाकरणों के अनुसार यह वर्त्स्य संघर्षी अघोष ध्वनि है इसका उच्चारण जीभ की नोक से वर्त्स्य स्थान को रगड़ के साथ छू कर किया जाता है।

सं-सं. पु. [सं. शं.] १ सुख, आनन्द, हर्ष। (एका.)
२ कल्याण। (एका.)
उ०—सं कालिका सारदा समया, त्रिपुरा तारणि तारा नमया। ओहं सोहं अखया अभया, आई अजया विजया उमया।—देवि.
३ वैराग्य। ४ शान्ति।
५ शिव, शंकर। (एका.)
६ विष्णु। ७ षड्ज।
[सं. स] ८ आकाश। ९ इन्द्रिय।
१० कारण। (एका.)
११ धार। १२ पक्षी। १३ मधु।
१४ रक्षक। (एका.)
१५ रोग। १६ शनिश्चर।
१७ शरण। (एका.)
१८ शरीर। (एका.)
१९ सर्प, सांप। २० स्मरण।
२१ पवन, हवा। (एका.)
२२ प्रकाश। (नां. मा.)
वि.—१ शुभ। २ सर्वोत्तम।
३ रक्षक। (एका.)
अव्य. [सं. सम्] समानता, संगति, उत्कृष्टता, निरन्तरता, औचित्य आदि सूचित करने का एक अव्यय या उपसर्ग।

संई—१ देखो 'सखी' (रू. भे.)
उ०—आयी रे आयी मारू सांवणियै री तीज। राय संइयां नै कसूंवौ रे म्हारा गाढा मारू ओढियौ।—लो. गी.
२ देखो 'सांमी' (रू. भे.)
उ०—मस्तक मेरै पांव धर, मंदिर मांहीं आव। संइयां सोवै सेज पर, दादू चंपै पांव।—दादूवांणी
३ देखो 'सांई' (रू. भे.)

संईयार—देखो 'सांईआर' (रू. भे.)

संक—देखो 'संका' (रू. भे.) (अ. मा; ह. नां. मा.)
उ०—१ धणी सूंपां सरण मरण संक धारियां, लाज मन धरै जैसांणगढ लारियां।—जसजी आढौ
उ०—२ सुर नर नाग नमै सह कोय, करै नह संक असंक न कोय।—रांमरासौ
उ०—३ नारायण देवां मंही, ज्यूं तारायण चंद। कमळा पगचंपी करै, 'बंक' संक तज वंद।—बां. दा.
उ०—४ ओटहि बैठा पड़िगनौ लै दांम उग्राही, मोटै खोंदाळम तणी, मन संक न काही।—मालौ सांदू

संकड़ाई-सं. स्त्री.—देखो 'सांकड़ीलौ' (रू. भे.)
उ०—१ कुसळौ तिलोक संकड़ाई में चालवा लागा। अनै मन मैं जांणै भीखणजी रा स्रावकां नें फेरां। परुपणां सांकड़ी करवा लागा—साधु ने तीजा पहर नीं गोचरी करणी।—भि. द्र.
उ०—२ स्वांमी भीखण जी बीलाड़ै पधारचा। गांम में लोक लुगाई द्वेस घणौ करै। आहार पांणी री संकड़ाई।—भि. द्र.

संकड़ेलौ—देखो 'सांकड़ीलौ' (रू. भे.)

सकड़ै—देखो 'सांकड़ै' (रू. भे.)
उ०—भड़ां रूप चाढण घड़ा वेहड़ा भावसिंघ, कळह रा थंभ न्यांहै कहावै। सदालग चाड जोधां तणो संकड़ै, आवियौ जेम रिणमाल आवै।—राठौड़ भावसिंघ कूंपावत री गीत

संकड़ौ—देखो 'सांकड़ौ' (रू. भे.)
उ०—१ कांम पताका काय, उदै जै अंकड़ा। राजस तजि चित रोस क, सोक्यां संकड़ा।—बां. दा.
उ०—२ अव्वल संकड़ी कोठरी, दूजी मांझळ-रात। तीजां संकड़ी ढोलियौ, मतवाळै कौ साथ।—लो. गी.
उ०—३ सुज दास टालण संकड़ा, लहरेक आपण लंक। भूपाळ सिंध धन भूपती, रिझवार कीरत वड रती।—र. ज. प्र.
क्रि. प्र.—करणौ, पड़णौ, होणौ।
(स्त्री. संकड़ी)

संकज-सं. स्त्री.—केसर। (अ. मा.)

संकट-सं. पु. [सं.] १ दुख, मुसीबत।
उ०—करता मांचा दै जांचा कूतरिया, उतरत्ता आसाढां मूंढा ऊनरिया। सैणां संकट में वंकट सब राया, घांटा घुटियोड़ा घूंघट घवराया।—ऊ. का.
२ पीड़ा, तकलीफ, कष्ट।
उ०—विना कळदार बुद्धि नहिं वंसा, पुनि या विन नहिं होत प्रसंसा। संकट हरण भहु वेसंसा, येह नर नारि जक्त अवतंसा।
—ऊ. का.
३ बाधा, अड़चन, रोड़ा।
उ०—रोम रोम आंमय रहै, पग पग संकट पूर। दुनियां सूं नजदीक दुख, दुनियां सूं सुख दूर।—बां. दा.

४ घात्न, निर्नि, नार्नि।

उ०—१ 'बांका' मेहामद्रु म बीनरे, संकट हरे नामक्रै नाद।
... कीनै गाजै, मद रै पीठै गडां अजाद।—बां. दा.

उ०—२ अरेम रहियो पहली मऊ री फरमांण आयो जरै ही म्हैं नां जाणि सीधो अब आगरै म्हारा माथा मूं कांम पड़ियो। अर इण संकट मूं भी विसेस अब तिसो कांम रहियो जिण री रीझ मार्ग वडा री देवी लेवड़ियो।—बं. भा.

क्रि. प्र.—करणो, देणो, पड़णो, लागणो, होणो।

५ रोग, बीमारी। (अ. मा.)

क्रि. प्र.—लागणो, होणो।

५ चौसठ भैरवों में से एक।

६ धर्म एवं बुद्रुम के पुत्रों में से एक।

रू. भे.—संगट, संगठ।

संकटगीर-वि. [सं. संकट+फा. गीर] १ दुःखी, पीड़ित।

२ रोगी, बीमार।

संकटचौथ-सं. स्त्री. यौ. [सं. संकट+चतुर्थी] १ प्रत्येक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि। (ज्योतिष)

२ माघ मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि।

संकटणौ, संकटबौ-क्रि. अ.—संकट में पड़ना, पीड़ित होना, संकटयुक्त होना।

उ०—'चानक' नै सठ हैता चाकर, झांझरियाळ मदोमत भूलर।
धार-रंपाळ लगै है चाकर, आई आवजे अन संकटियै ऊपर।
—प्रथ्वीराज राठौड़

संकटणहार, हारौ (हारी), संकटणियौ—वि०।

संकटिश्रोड़ौ, संकटियोड़ौ, संकट्योड़ौ—भू० का० कृ०।

संकटीजणौ, संकटीजबौ—भाव वा०।

संगटणौ, संगटबौ, संगठणौ, संगठबौ—रू० भे०।

संकटहर-वि. यौ. [सं. संकट+हर] संकट को हरण करने वाला, नाश करने वाला या दूर करने वाला।

सं. पु.—ईश्वर। (नां. मा.)

संकटा-सं. स्त्री. [सं. संकटा] १ एक देवी विशेष जो संकटों को नाश करने वाली मानी जाती है और उसका मन्दिर काशी में है।

२ आठ योगनियों में से एक योगिनी विशेष।

वि. वि.—ज्योतिषानुसार आठ योगनियों के नाम निम्नलिखित हैं:—

१ मंगला, २ पिंगला, ३ धन्या, ४ भ्रमरी, ५ संकटा, ६ भद्रिका, ७ उल्का और ८ सिद्धि।

संकटियोड़ौ-भू. का. कृ.—संकट में पड़ा हुआ, पीड़ित हुवा हुआ, संकटयुक्त हुवा हुआ।
(स्त्री. संकटियोड़ी)

संकणौ, संकबौ-क्रि. अ. [सं. शंकनम्] १ शंका होना, सन्देह होना।

उ०—मनि संकांणी मारुवी, गुणसउ रातइ कंत। हंसतां प्री सूं बीनवइ, सांभळि, प्री विरतंत।—ढो. मा.

२ डरना, भयभीत होना, घबराना।

उ०—मन माहि संकै सुभट, पदमणि दीधी राय। जो छूटै नहीं तो रत्नै, दोन्यु स्वारथ जाय।—प. च. चौ.

३ लज्जित होना, शर्मिन्दा होना।

उ०—संकै जावै संग सूं, अरध निसा मैं ऊठ। नर मूरख तो गिण न दै, पातरियां नु पूठ।—बां. दा.

उ०—२ धोळा गोमै, काच-नकचूंटी हरदम हाथां में ही रातै। देराणियां सूं संकतो लकोवै है, पण ठोडी रै सिगदा घालतो ही जावै है।
—दसदोस

संकणहार, हारौ (हारी) संकणियौ—वि०।

संकिश्रोड़ौ, संकियोड़ौ, संक्योड़ौ—भू० का० कृ०।

संकीजणौ संकीजबौ—भाव वा०।

संकाड़णौ सकाड़बौ, संकाणौ, संकाबौ, संकावणौ, संकावबौ।
—रू० भे०

संकदजणणी-सं. स्त्री. [सं. स्कंदजननी] पार्वती।

संकपालिका-सं. स्त्री. एक प्रकार का आभूषण विशेष। (व. स.)

संकप्प—देखो 'संकल्प' (रू. भे.)

उ०—दोस लागै तिको च्यार परकार ना, धुर थकी नांम नै अरथ तै धारणा। किणही कारण बसै पाप जे कीजियै, प्रथम तै नांम संकप्प कहीजियै।—घ. व. ग्रं.

संकमांन-सं. पु. [सं. शंकमान] नागवंशीय प्रवीर राजा का पुत्र, एक राजा।

सकर-सं. पु. [सं. शंकर] १ शिव, महादेव। (डि. को; ना. डि. को.)

उ०—पारस प्रासाद सेन संपेखे, जांणि मयंक कि जळहरी। मेरु पालती नखित्र माळा, ध्रू माळा सकर धरी।—वेलि.

२ शंकराचार्य।

३ सूरज, सूर्य। (ना. डि. को.)

३ एक छन्द विशेष, जिसके प्रत्येक चरण में १६ व १० के विराम से २६ मात्राएं होती हैं तथा अन्त में लघु होता है। (क. कु. बो.)

३ संगीत में मेघ राग का पुत्र एक राग विशेष।

५ भीमसेनी कपूर।

[सं. संकर] ६ भिन्न वर्ण के माता-पिता से उत्पन्न सन्तान, दोगला।

७ भिन्न वस्तुओं का मिश्रण।

८ एक ही आश्रय से अनेक अभिप्राय देने वाली ध्वनि।
(साहित्य)

६ दो अलंकारों के इस प्रकार शामिल रहने की अवस्था, कि वे दोनों अलग २ नहीं किये जा सकते हों। (साहित्य)

[सं. शंकर] १० पाण्डव देशाधिपति सुरुचि का पिता जिसने गलती से शाकल्प मुनि का पत्नी सहित वध कर डाला था।
११ कश्यप एवं दनू का एक पुत्र, दानव।
१२ एक सनातन विश्वदेव। १३ एक शिव भक्त।
वि. [सं. शंकर] १ कल्याण करने वाला, कल्याणकारी।
२ आनन्ददायक, आनन्दकारी।
रू. भे.—संकरयं।
अल्पा;—संकरियौ।

संकरग्रास–सं. पु. [सं. शंकर+ग्रासः] धनुष। (अ. मा.)

संकरखण–सं. पु. [स. संकर्षण] १ श्रीकृष्ण के भाई बलराम। (अ. मा; नां. मा; ह. नां. मा.)
उ०—चढिया हरि सुणि संकरखण चढिया, कटबंध नह घणा, किध। एक उजाथर कळहि एहवा, साथी सहु आखाढसिध।
—वेलि.
२ श्रीकृष्ण। (अ. मा.)
३ अपनी ओर खींचने की क्रिया।
४ खेत में हलजोतने की क्रिया।
५ संघर्षण। (४) ग्यारह रुद्रों में से एक। (७) एक वैष्णव सम्प्रदाय।

संकरघरणि, संकरघरणी–सं. स्त्री. यौ. [सं. शंकर+गृहिणी] शिव की स्त्री पार्वती। (डिं. को.)

संकरण–सं. पु. [सं.] मिश्रित होने की क्रिया या भाव।
वि. [सं. शंकरण] शिव का, शिव से सम्बन्धित।
उ०—सघण री छटा किरि उपटा अणसरण, संकरण चुवड़ि पण धरण सोधी। बंधव रौ ग्रहण करि उग्रहण अणसरण, 'करण' तण नळ बरण भखण कीधौ।—पदमसिंघ राठौड़ रौ गीत

संकरणी–सं. स्त्री. १ हरड़, हरड़ै, हड़। (नां. मा.)
२ दुर्गा, पार्वती, शिवा।

संकरजटा–सं. स्त्री. यौ. [सं. शंकरजटा] १ रुद्रजटा।
२ सागुदाना, साबूदाना।

संकरता–सं. स्त्री. [सं. संकर+ता प्रत्य.] १ मिश्रित होने की अवस्था या भाव।
२ दोगला होने की अवस्था या भाव, दोगलापन।

संकरताळ–सं. स्त्री. [सं. शंकर ताल] संगीत का एक ताल विशेष।

संकरतीरथ–सं. पु. यौ. [सं. शंकरतीर्थ] एक तीर्थ-स्थान। (पुराण)

संकरप्रिय–सं. पु. यौ. [सं. शंकरप्रिय] १ अर्क, आक।
२ भांग।
३ धतूरा।

संकरभास्य–सं. पु. यौ. [सं. शंकरभाष्य] शंकराचार्य द्वारा की गई श्रीमद् भगवत् गीता की टीका।

संकरयं—देखो 'संकर' (रू. भे.)

संकरवांणी–सं. स्त्री. यौ. [सं. शंकर वाणी] जो सदा सत्य होता है, ब्रह्मवाक्य।

संकरसेल–सं. पु. यौ. [सं. शंकर शैल] कैलाश पर्वत जो महादेव का निवास-स्थान माना जाता है।

संकरस्वांमी—देखो 'संकराचारय'।
उ०—वैसाखां में बिळखा वांमी, हुयगा सबळा जैन बिरांमी। आखातीजां धणी अमांमी, सिद्ध जन्मियौ संकरस्वांमी।
—ऊ. का.

संकरांत, संकरांति, संकरांयत, संकरांयति–सं. स्त्री. [सं. संक्रान्ति] १ सूर्य अथवा किसी अन्य ग्रह का एक राशि से दूसरी राशि में जाने का समय।
२ सूर्य या अन्य ग्रहों का एक राशि से दूसरी राशि में जाने की क्रिया।
३ वह दिन, जब सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में गमन करता है। इस दिन को प्रायः पवित्र माना जाता है एवं लोग स्नान, दान, पूजा आदि करते हैं तथा उत्सव मनाते है।
४ उक्त दिन मनाया जाने वाला उत्सव।
५ मकर सक्रान्ति।
उ०—१ पद वनरावन पांमियौ, दुरद दिखाळै दांत। सीह थयौ वन साहिबौ, ठींगां री संकरांत।—बां. दा.
उ०—२ म्हैं तौ आं चार पांच दिनां मैं आछी तरै पतवांणी कै लाठी जिणरी भैंस। लाठां री संकरायत है। पइसां री खीर है।
—फुलवाड़ी
वि० वि०—संक्रांन्ति का अर्थ सूर्य का मकर राशि में संक्रमण करते से है। अन्य ग्रहों के किसी राशि में संक्रमण होने वाले समय को इतना महत्व तथा पुण्यकाल नहीं माना जाता है।
मुहा०—ठींगां री संकरांत=बल के आधार पर जबरदस्ती कोई कार्य कर लेने वाले के प्रति।
रू. भे.—संक्रांत, संक्रांति, संक्रांयत, सकरांत, सकरांति, सकरायंत, सकरायंति।

संकरा–सं. स्त्री. [सं. शंकरा] १ पार्वती, भवानी।
२ मजीठ।
३ शमी वृक्ष।
४ शंकर नामक राग। (संगीत)
वि. स्त्री.—कल्याण करने वाली।

संकराचारज, संकराचारय, संकराचारिज, संकराचारी–सं. पु. [सं. शंकराचार्य] एक प्रसिद्ध शैव आचार्य जो अद्वैत मत के प्रतिपादक तथा प्रवर्त्तक थे।
उ०—वांम दखिण मति दुज वारिज, चवै प्रमांण संकराचारिज। उवै सास्त्र लखि दुज्ज उचारै, ध्यांन धरेस अखंडित धारै।
—सू. प्र.

वि. वि.—इनका जन्म सन् ७८८ ई. में केरल देश में कालटी या कालडी नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता का नाम शिवगुरु व पितामह का नाम विद्याधर और माता का नाम सुभद्रा था। मतान्तर से इनका जन्म शिवगुरु और आर्याम्बा नामक नम्बूदरि दम्पति से हुआ था। शिवगुरु ने बहुत दिनों तक सपत्नीक शिव की आराधना करने के पश्चात् इन्हें पुत्र रत्न के रूप में पाया था अतः इनका नाम शंकर रखा था। इनके पिता का देहान्त इनकी तीन वर्ष की अवस्था में ही हो गया था। ये इतने विलक्षण मेधावी थे कि ये छः वर्ष की अवस्था में ही कठिन दार्शनिक समस्याओं की मीमांसा करने लगे थे और शीघ्र ही वेद-वेदांगों में पारंगत हो गये और आठ वर्ष की अवस्था में संन्यास ग्रहण कर लिया था। मतान्तर से इन्होंने संन्यास-ग्रहण ब्रह्मचर्यावस्था के पश्चात् किया था। इनके संन्यास ग्रहण करने की कथा बड़ी विचित्र है। कहते हैं कि माता अपने एक मात्र पुत्र को संन्यासी बनने की आज्ञा नहीं देती थी। एक दिन शंकर अपनी माता के साथ किसी आत्मीय के यहां से लौट रहे थे, तब नदी पार करने के लिए वे उसमें घुसे। गले तक पानी में पहुंच कर इन्होंने माता को संन्यास ग्रहण करने की आज्ञा न देने पर डूब मरने की धमकी दी। इससे इनकी माता ने भयभीत होकर तुरन्त संन्यासी होने की आज्ञा प्रदान इस शर्त पर की कि उनकी (शंकराचार्य की माता) की मृत्यु के समय ये पास रहें और अन्त्येष्टि किया करें। इन्हें आज्ञा मिलते ही ये नर्मदा के तट पर श्री गौडपाद के शिष्य श्रीगोविन्द भगवत् पाद के शिष्य बने। वहां से काशी गये तत्पश्चात् इन्होंने विजिलबिंदु के तालवन में मंडनमिश्र और उनकी विदुषी पत्नी भारती को शास्त्रार्थ में पराजित किया और मंडनमिश्र को अपना शिष्य बनाया। इन्होंने वैराग्य आत्मज्ञान और भक्ति को मुक्ति का साधन बताया। इन्होंने ही वैदिक धर्म को पुनरुज्जीवित किया था। संन्यास ग्रहण करने के पश्चात् इन्होंने समस्त भारत की यात्रा अपने मत के प्रचारार्थ की थी जिसका नाम 'शंकरदिग्विजय' है। इन्होंने जैन व बौद्ध धर्म का खंडन किया था। उपनिषदों और वेदों पर इन्होंने कई टीकाएं लिखी थी। इन्होंने भारत वर्ष में चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की थी जो अभी तक बहुत प्रसिद्ध और पवित्र माने जाते हैं और जिनके प्रबन्धक व गद्दी के अधिकारी शंकराचार्य कहे जाते हैं। ये चारों स्थान निम्नलिखित हैं—पूर्व में जगन्नाथ पुरी में गोवर्धन पीठ, पश्चिम में द्वारिका में शारदापीठ, उत्तर में बद्रिकाश्रम के पास, उससे २० मील दक्षिण की तरफ ज्योतिर्मठ जिसे आजकल जोशीमठ भी कहते हैं और दक्षिण में शृंगेरी (मैसूर राज्य में) प्रथम और मुख्य पीठ। शब्द सागर व हिन्दी कोश आदि में शृंगेरी पीठ न लिखकर 'करवेरी मठ' लिखा है जो भ्रमित है। यह त्रुटि इस कारण हुई प्रतीत होती है कि इन चार पीठों या मठों के अतिरिक्त काशी के सुमेर और कांची कामकोठि भी आचार्य शंकर के पीठ कहे जाते हैं परन्तु अधिकांश विद्वान इस बात के समर्थक नहीं है और इन्हें अधिकार सम्पन्न मठ नहीं मानते इनमें से कामकोटि पीठ के विषय में लिखा मिलता है कि मुसलमानों के आक्रमण के कारण १७ वीं शताब्दी के उपरान्त इसका स्थानान्तरण तंजोर और फिर कावेरी के किनारे कुंभ कोणम में कर दिया गया। इसी को 'करवीर' लिखा है।

ये शंकरावतार माने जाते हैं। ये भारतीय संस्कृति के प्रधान स्तम्भ हैं।

इन्होंने ब्रह्मसूत्र और उपनिषद, गीता आदि के भाष्य, सौन्दर्य लहरी, मोहमुद्गर, भजगोविन्दम, आत्मबोध ललिता त्रिशति, प्रबोध सुधाकर, अद्वैतानुभूति आदि कई विशिष्ट ग्रन्थ लिखे हैं।

ये सन् ८२२ ई० में केदारनाथ के समीप ३२ वर्ष की अल्पायु में स्वर्गवासी हुवे थे।

संकराभरण—सं. पु. [सं. शंकराभरण] सम्पूर्ण जाति का एक राग विशेष। (संगीत)

संकरालय—सं. पु. यौ. [सं. शंकर+आलय] कैलाश पर्वत, जो शकर का निवास स्थान माना जाता है।

संकरावास—सं. पु. यौ. [सं. शंकर+आवास] १ शंकर का वास-स्थान, कैलाश पर्वत।

२ श्मशान भूमि।

संकरियो—सं. पु.—१ एक प्रकार का हाथी।

२ देखो 'संकर' (अल्पा; रू. भे.)

संकरी—सं स्त्री. [सं. शंकरी] १ पार्वती, गिरजा।

(अ. मा., डि. को; ह. नां. मा.)

२ दुर्गा, भवानी।

उ०—तू होज उपावै ईसरी, मनछा आपांणी। फेर सघारै संकरी, मन दया न आंणी।—गज-उद्धार

३ एक महाविद्या।

उ०—······वारुणी, दारुणी, भास्करी, संकरी, जया, विजया, घोरा, कोवेरी, प्रवाही, मदनसेना, बलमथनी, गोदिनी, पेसांनी, बागेस्वरी, सिद्धावी, अजरामरा इत्यादि महाविद्या।—व. स.

[सं. संकरी] मि. दोगला, वर्णसंकर।

संकरेचा—सं. स्त्री.—चौहान वंश की एक शाखा।

संकळ—देखो 'सांकळ' (रू. भे.) (व. स)

उ०—१ सकळ सकळ मद मकळ, ममत घूमंत मदगळ। मेघ डमर नीसांण, महीमुरतवां मळाहळ।—सू. प्र.

उ०—२ गहि चाडै मंटोवर जंगळ, साकड़ा मिळिया दळ सब्बळ। समहर मुळ लड्या पं संकळ, गमा गयां वीटांणो 'गोकळ'।

—राठौड़ गोकळ (सुजांनसिहोत, ईसरोत) री गीत

उ०—३ 'सादूळै' संकळ सहै, तोडै लाज जंजीर। स्रोण सली-भौ चीतवै, गिणै निलौ-भौ नीर।—गु. रू. वं.

संकळजथा-सं. स्त्री.—डिंगळ साहित्य में गीत (छन्द) रचना का एक नियम विशेष जिसमें शृंखलाबद्ध विधानपूर्वक भावों का वर्णन किया जाता है।

संकलण-सं. पु. [सं. संकलन] १ संग्रह, ढेर।

२ एकत्रीकरण।

३ अनेक ग्रंथों से अच्छे विषय चुनने की क्रिया।

संकळणौ, संकळबौ-क्रि. स.—१ संकलित करना, संग्रह करना।

२ एकत्रीकरण करना।

३ विभिन्न ग्रंथों में से अच्छे विषयों को चुनना।

क्रि. अ.—४ शस्त्रों से सुसज्जित होना।

उ०—माहौ माहि तै लसकर बै मिलिया, सनद्ध बद्ध संकळिया। टंकारव लागे नवि टलिया, भड़ सहु कोई भिलिया रे।—वि. कु.

संकळणहार, हारौ (हारी), संकळणियौ—वि०।

संकळिप्रोडौ, संकळियोड़ौ, संकळ्योड़ौ—भू० का० कृ०।

संकळाड़णौ, संकळाड़बौ, संकळाणौ, संकळाबौ, संकळावणौ, संकळावबौ—प्रे० रू०।

संकळीजणौ, संकळीजबौ—कर्म वा०।

संकळप—देखो 'संकल्प' (रू. भे.)

उ०—१ कमधजां छात जिग वात क्रत, लख विख्यात संकळप लियौ। रिखि वयण आद वासिस्ट ग्रग, कहिया तिम उद्यम कियौ।—रा. रू.

उ०—२ दो जणां सायरौ देय'र ऊभौ कियौ। परणावण री विधि वेगी-वेगी होवण लागी। चंदू रौ हाथ पकड़'र संकळप भरायौ।—वरसगांठ

संकळपणौ, संकळपबौ-क्रि स. [सं. संकल्पनं] १ किसी बात के लिए पक्का विचार करना, दृढ़ निश्चय करना।

उ०—'विहारी' दिन वंकड़ै, वंका सेर जुआंण। रहिया गढ जाळोर सूं, संकळपै आपांण।—गु. रू. बं.

२ धार्मिक कार्य के निमित्त हाथ में जल लेकर कुछ मंत्र पढ़ कर दान करना।

उ०—तद गोगेजी नूं बूड़ैजी री बेटी परणाई। ताहरां बाई रै दायजै री वखत किहि गायां संकळपी, किही क्युं ही संकळपियौ। ताहरां पाबूजी कह्यौ—बाई! हूं तोनूं दोदै सूंमरै री सांढां रा वरग आंण देईस।—नैणसी

३ विचार करना, इरादा करना।

४ समर्पण करना।

संकळपणहार, हारौ (हारी), संकळपणियौ—वि०।

संकळपिप्रोड़ौ, संकळपियोड़ौ, संकळप्योड़ौ—भू० का० कृ०।

संकळपीजणौ, संकळपीजबौ—कर्म वा०।

संकळप्पणौ, संकळप्पबौ, संकल्पणौ, संकल्पबौ—रू० भे०।

संकळपियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ किसी बात के लिए पक्का विचार किया हुआ, दृढ़ निश्चय किया हुआ। २ धार्मिक कार्य के निमित्त हाथ में जल लेकर कुछ मंत्र पढ़ कर दान किया हुआ। ३ विचार किया हुआ, इरादा किया हुआ। ४ समर्पित। (स्त्री. संकळपियोड़ी)

संकळप्पणौ, संकळप्पबौ—देखो 'संकळपणौ, संकळपबौ' (रू. भे.)

उ०—वळिवंत जोधं (व्र) 'ढण' हरी, सूर धीर साकौ करण। संकळप्पि प्रांण जाळोर सूं, नीमै रहिया निज मरण।—गु. रू. वं.

संकळप्पणहार, हारौ (हारी), संकळप्पणियौ—वि०।

संकळप्पिप्रोड़ौ, संकळप्पियोड़ौ, संकळप्प्योड़ौ—भू० का० कृ०।

संकळप्पीजणौ, संकळप्पीजबौ—कर्म वा०।

संकळप्पियोड़ौ—देखो 'संकळपियोड़ौ' (रू. भे.)

संकळि, संकळिक, संकलिक—देखो 'सांकळ' (रू. भे.)

उ०—१ ......हेमजालक रत्नजालक मांनक गोपुच्छक उरस्त्रिक मगध वरणसार कदंबपुस्प कललभंगक अभ्रमेखक नुटक संकलिक स्रवणपीठ स्रवणपाल वैस्टिक...... ।—व. स.

उ०—२ आखि और इंद्री छूटि २ पड़िया। हाड संकळि जुदी हुई—द. वि.

संकळियोड़ौ-भू. का. कृ.—१ संकलित किया हुआ, संग्रह किया हुआ। २ एकत्रीकरण किया हुआ. ३ विभिन्न ग्रंथों में से अच्छे विषयों को चुना हुआ. ४ शस्त्रों से सुसज्जित हुवा हुआ। (स्त्री. संकळियोड़ी)

संकळौ—देखो 'सांकळौ' (रू. भे.)

उ०—इण भांत सूं कुंवर मन मैं विचार नै पचास मोहरां रौ संकळौ दियौ न वरजै राखौ खबरदार, कठहि जाव काढजै मती।—रिसालू री बात

संकल्प—सं. पु. [सं. संकल्प] १ दृढ़ निश्चय या विचार।

उ०—चालुक्य राज भीम आप रा वांम भुज नूं इच्छणी रा ताटंक री पीठ करण रौ संकल्प तजियौ।—वं. भा.

उ०—२ जिकी बात प्राची रा अधीस दूजा कुमार सुजासाह रा उर मैं न माई। अर अनामय पूछण रौ व्याज करि पिता नूं बडा भाई समेत मारि साह होण रौ संकल्प करि दिल्ली माथै आपरी चतुरंग चमू चलाई।—वं. भा.

२ इच्छा, अभिलाषा।

उ०—अर कंठीरव कन्नह चालुक्य राज रै विजय रौ संकल्प वधावतौ निसंक थकौ एक महूरत लड़ियौ।—वं. भा.

३ इरादा, विचार।

उ०—१ अर रांमपुरै आपरौ सगपण हुवौ जिण रा विवाहण मैं दसोर रा फौजदार नूं नीड़ै जांणि केही बार संकल्प पाछौ पाड़ि तुरकां रा पेच मैं कैद होण रौ डर धारियौ।—वं.भा.

उ०—२ [illegible] मकरंद मूल्य। निरखांग नित्य. ग्रंतर [illegible]।—[illegible]

उ०—३ [illegible] कुमार नु मोकळियानी जरै ही पाछो भाई कही [illegible] मूं कवाई जिको मारन री तो संकल्प भी लावै नहीं।
—वं. भा.

४ किसी देव पूजनादि ग्रथवा धार्मिक कार्य के निमित्त चुल्लु में जल लेकर कोई विशेष मंत्र पढ़कर दान देने या किसी दृढ़ विचार [illegible] की क्रिया।

क्रि. प्र.—करणो, छोडणो, भराणो, लेणो।

५ संकल्प के समय पढ़ा जाने वाला मंत्र।

६ सभा-समिति में किसी विषय में विचार पूर्वक किया हुआ पक्का निश्चय, (प्रस्ताव)।

७ मन, चित्त।

८ समरांगण।

९ धर्म एवं दक्ष-पुत्री संकल्पा के संसर्ग से उत्पन्न एक पुत्र का नाम।

रू. भे.—सकल्प, संकळप।

संकळपणो, संकळपबो—देखो 'संकळपणो, संकळपबो' (रू. भे.)

उ०—पछै मान्या रा गान, काना रा मोर छांटिया, तीखा कुरळा, कीया, पछै एक ग्रमळ नै पोडाड़ियो। पछै सिनांन संपाड़ो करि पाघ बांधी, तुळसीदळ पाघ माहे मेल्यो, काया स्रीनारायण प्रीत संकळपी।—जैतसी ऊदावत री वात

संकळपणहार, हारो (हारी), संकळपणियो—वि०।

संकळपियोड़ो, संकळिपयोड़ो, संकळप्योड़ो—भू० का० कृ०।

संकळपीजणो, संकळपीजबो—कर्म वा०।

संकल्पा-सं. स्त्री. [सं.] दक्ष की पुत्री एवं धर्म की पत्नी जो संकल्प की माता थी।

संकल्पित-वि. [सं.] १ संकल्प किया हुग्रा। २ जिस पर या जिसका संकल्प लिया गया हो।

संकळिपयोड़ो—देखो 'संकळपियोड़ो' (रू. भे.) (स्त्री. संकल्पियोड़ी)

संकांन—देखो 'संका' (रू. भे.)

उ०—सोहा चित्त न देखड़ी, सीह न चित्त संकांण। सोहां नित [illegible], 'राजन' सीह प्रमान।—जैतदांन बारहठ

संका-सं. स्त्री. [सं. शंका] १ मन में होने वाला अनिष्ट का भय, डर, खौफ।

उ०—[illegible] सीह सेठ उठै विसम, हसतम ऊधम हैमरां। मक [illegible] संका सहित, [illegible] संका वन्तरां।—रा. रू.

२ किसी विषय की सत्यता या असत्यता के सम्बन्ध में होने वाला संदेह, संशय, शक, अविश्वास।

उ०—[illegible] नव पदारथ में पांच जीव च्यार ग्रजीव री श्रद्धा [illegible]। [illegible] जीव ग्राठ ग्रजीव है। जद स्वामीजी सिमा कर विस्वासी ग्राहार पवेर ने बोल्या —ग्रा थारे संका है तो चरचा करांला।—भि. द्र.

३ ग्रौचित्यपूर्ण विचार, परवाह।

उ०—करै न संका कोय, गांव धणी संभड़ मिणें। रेत बराबर होय, रोळदट्ट में राजिया।—किरपाराम

४ हाजत, उपेक्षा।

उ०—ग्रर मासी ई चार-पांच महीनां मे बेटा री सै रग-रग पिछांण ली। उरानै कणां तिरस लागै, कणां भूख लागै कणां मळ-मूत री संका व्है, वो कणां रोवै, कणां सूवै ग्रर कणां हसै-मुळकै इत्याद सगळी वातां रै ग्रेक ग्रेक छिण री उणनै वेरो है।
—फुलवाड़ी

६ हिचकिचाहट, पेशोपेश।

७ ग्रर्थ ग्रादि के बारे में होने वाली उलझन, भ्रम।

८ ग्राशा, विश्वास।

९ लाज, लज्जा, शर्म।

उ०—१ साफ खोल नै कै दूं ला. संका री कांई वात, के भाईड़ा ग्रकल री लड़ाई लड़णी व्है तो ग्रपां सूं लड़. नींतर ग्रै हाथा-पायां ग्रपांनै नीं सुहावै।—फुलवाड़ी

उ०—२ उण जवाब री तो पैंला किणी नै कांई ठा पड़ै, पण सेठ माथो खुभळावता ग्रापरी घरवाळी नै तो तुरत जवाब देई दियो—म्हारै सवालां रो जवाब खुद भगवांन जैड़ो देवैला. वैड़ो जवाब म्हैं थांरै सवालां रो देय दूंला. इण में लिहाज संका री कांई वात।—फुलवाड़ी

रू. भे.—संक, सकांण, सांक।

संकाग्रइयार-स. पु. यो. [सं. शंकाग्रतिचार] जैनियों के ग्रनुसार सर्वज्ञ भगवान द्वारा कथित तत्वों में शंका करने का दोष या पाप।

संकाड़णो, संकाड़बो—१ देखो 'संकाणो, संकाबो' (रू. भे.)

२ देखो 'संकणो, संकबो' (रू. भे.)

संकाड़णहार, हारो (हारी), संकाड़णियो—वि०।

संकाड़िग्रोड़ो, संकाड़ियोड़ो संकाड़्योड़ो—भू० का० कृ०।

संकाड़ीजणो, संकाड़ीजबो—कर्म वा०।

संकाड़ियोड़ो—१ देखो 'संकायोड़ो' (रू. भे.)

२ देखो 'संकियोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री. संकाड़ियोड़ी)

संकाणो, संकाबो-क्रि. स. [संकणो क्रिया का प्रे. रू.] १ शंकित करना/कराना, सन्देहशील करना/कराना।

२ भयभीत करना/कराना, डराना।

३ परवाह करना/कराना, ग्रौचित्यपूर्ण विचार रखना/रखाना।

४ लज्जित करना/कराना, शर्मिन्दा करना/कराना।

५ देखो 'संकणो, संकबो' (रू. भे.)

उ०—ग्रलावदी ग्रारंभ कीध सोनागर ऊपर, हुवौ समर तलहटी जुड़ै चहुवांण मछर भर। सकतीपुर चौ सांम प्रांण सुरतांण संकायौ, गाजै घड़ गज रूप चीत ग्रालम चमकायौ।—ग्रग्यात

संकाणहार, हारौ (हारी), संकाणियौ—वि०।
संकायोड़ौ—भू० का० कृ०।
संकाईजणौ, संकाईजबौ—कर्म वा०।
संकाड़णौ, संकाड़बौ, संकावणौ, संकावबौ—रू० भे०।

संकायोड़ौ–भू. का. कृ.—१ शंकित कराया या किया हुग्रा, सन्देहशील कराया या किया हुग्रा।

२ भयभीत किया या कराया हुग्रा, डराया हुग्रा। ३ परवाह किया या कराया हुग्रा, ग्रौचित्यपूर्ण विचार रखा हुग्रा या रखाया हुग्रा। ४ लज्जित किया या कराया हुग्रा, शर्मिन्दा किया या कराया हुग्रा।
५ देखो 'संकियोड़ौ (रू. भे.)
(स्त्री. संकायोड़ी)

संकाळ, सकाळू–वि. [सं. शंका+ग्रालुच्] १ शंकित करने वाला, भयभीत करने वाला।

उ०—चाळौ बीर वाळौ सारौ, भूजाटां तुहाळै छाजै, कमधेस वाळौ हाकौ, ग्ररिंदा संकाळ।—गुलाब सिंह महड़ू

२ शंकित होने वाला।
३ भयभीत होने वाला।
४ लज्जित होने वाला, शर्मिन्दा होने वाला।
रू. भे.—संकीलौ।

संकावणौ, संकावबौ—१ देखो 'संकाणौ, संकाबौ' (रू. भे.)

उ०—ग्रादर देवण मीत, रंक ना रंच संकावै। परवत घण पौछाळ, प्रीतड़ी कही न जावै।—मेघ.

संकावणहार, हारौ (हारी), संकावणियौ—वि०।
संकाविग्रोड़ौ, संकावियोड़ौ, संकाव्योड़ौ—भू० का० कृ०।
संकावीजणौ, संकावीजबौ—कर्म वा०।

संकावियोड़ौ—देखो 'संकायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. संकावियोड़ी)

संकित–वि. [सं. शंकित] १ भयभीत, खोफजदा।
उ०—वदै 'जसौ' जिणवार, कंवर ग्रग्गळ जोड़ै कर। मीणां ग्रधम गंमार, घणै छक ग्रनड़ रहै घर। वीरां सम्मुह वेग, पूंछ पटकै मंडळ मित। एक खीची ग्राइ सबळ, कीधा खळ संकित।
—वं. भा.

२ जिसके मन में शंका हुई हो।

संकिय, संकियदोस–सं. पु.—जैनियों के ग्रनुसार साधु ग्रौर गृहस्थ को ग्राहार के विषय में शंका होने पर लगने वाला दोष।

संकियोड़ौ–भू. का. कृ.—१ शंकित हुवा हुग्रा, सन्देहशील हुवा हुग्रा।
२ भयभीत हुवा हुग्रा, डरा हुग्रा।
३ लज्जित हुवा हुग्रा, शर्मिन्दा हुवा हुग्रा।
(स्त्री. संकियोड़ी)

संकीरण–वि. [सं. संकीर्ण] १ तंग, संकुचित।
२ मिला हुग्रा, मिश्रित।
३ नीच।
४ तुच्छ।
५ मदमस्त हाथी।
६ दो ग्रन्य रागों या रागनियों को मिलाने पर बनने वाली एक रागनी। (संगीत)
३ साहित्य में एक प्रकार का मिश्रित गद्य।

सकीरणता–सं. स्त्री. [स. संकीर्णता] १ संकीर्ण होने का भाव।
२ संकरापन।
३ नीचता।
४ क्षुद्रता, ग्रोछापन।

संकीरतन–सं. पु. [सं. संकीर्तन] १ किसी की कीर्ति का वर्णन करने की क्रिया या भाव।
२ देवताग्रों की उपासना।

संकीळ–स. पु. [सं. संकील] एक प्राचीन ऋषि। (पुराण)

संकीलौ–वि. (स्त्री. संकीली] १ किसी विषय या बात की सत्यता या ग्रसत्यता के बारे में संशय या सन्देह करने वाला।
उ०—जद स्वांमीजी बोल्या—ए पाली री चोथजी संकलैचो दरसन करवा ग्रायो। घणौ संकीलौ तौ ग्रौ छै पिण इण बात री संका तौ उणरै ई न पड़ी। तौ थारै ग्रा संका कठा सूं पड़ी।
—भि. द्र.

२ देखो 'संकाळू' (रू. भे.)

संकु–सं. पु. [सं. शंकु] १ कोई नुकीली वस्तु।
२ कील, मेख।
३ भाला, बरछा।
४ शंख (दस लाख कोटि के बराबर) नामक संख्या।
५ एक मछली।
६ कामदेव।
७ शिव, महादेव।
८ राक्षस, दैत्य।
९ हंस, बगुला। (१०) लिंग। (११) नुकीली वस्तु की नोक।
१२ बारह ग्रंगुल के बराबर का नाप या उक्त नाप की खूंटी।
१३ विष, जहर। (१४) एक प्रकार का वाद्य विशेष।
१५ घड़ी की सुई। (१६) जलजन्तु विशेष। (१७) वसिष्ठ एवं ऊर्जा के पुत्रों में से एक पुत्र जो स्वयं ऋषि था।
१८ पाप, कलुष। (१९) हिरण्याक्ष के एक पुत्र का नाम।

२० उग्रसेन का पुत्र एक यादव राजा। (२१) राजा विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक।

२२ एक दानव। (२३) कृष्ण व सत्या का एक पुत्र।

२४ द्रौपदी स्वयंवर में उपस्थित एक यादव।

रू. भे.—संकू

संकुकरण-सं. पु. [सं. शंकु+कर्ण] १ शंकु के समान नुकीले व खड़े कान वाला, गधा। (हि. ना. मा.)

२ शिव का एक पार्षद। (३) स्वामी कार्तिकेय का पार्षद।

४ एक नाग का नाम। (५) अशोकवन में सीता के संरक्षणार्थ नियुक्त एक राक्षस। (६) दक्ष का अनुचर। (७) कश्यप व दनू के पुत्रों में से एक दानव। (८) जनमेजय व वपुष्टमा के पुत्रों में से एक राजा।

रू. भे.—संकुकरण।

संकुकरणेसर, संकुकरणेसुर, संकुकरणेस्वर-सं. पु. [सं. शंकुकर्णेश्वर] एक शिवमूर्ति जिसके पूजन से अश्वमेध यज्ञ का दसगुना फल प्राप्त होता है।

संकुड़न—देखो 'सिकुड़न' (रू. भे.)

संकुड़णो, संकुड़बो—देखो 'सिकुड़णो, सिकुड़बो' (रू. भे.)

उ०—१ दिन जेहो रिणी रिणाई दरसणि, क्रमि क्रमि लागा संकु-ड़िणि। नीठि हुई आकास पोस निसि, ओछा करणि पंगुरिणि।
—वेलि.

उ०—२ गुरजवंसी कमठ, तुरक हिंदू संकुड़िया। गड्ढ द्रुग परगाद, लोह नै ताळा जड़िया।—गु. रू. बं.

संकुड़णहार, हारो (हारी), संकुड़णियो—वि०।

संकुड़िग्रोड़ो, संकुड़ियोड़ो संकुड़योड़ो—भू० का० कृ०।

संकुड़ीजणो, संकुड़ीजबो—भाव वा०।

संकुड़ित-वि. [सं. संकुचित] १ सिकुड़ा हुवा, संकुचित।

२ लज्जित, शर्मिन्दा।

उ०—संकुड़ित समसमा संध्या समये, रति वंछित रुकमणि रमणि। पदिम सपू ढिठि पत्र पंखियां, कमळ पत्र सूरिज किरणि।
—वेलि.

३ तंग, संकड़ा।

संकुड़ियोड़ो—देखो 'सिकुड़ियोड़ो' (रू. भे.)
(स्त्री. संकुड़ियोड़ी)

संकुचन-सं. स्त्री. [सं. संकुचन] संकुचित होने की क्रिया, अवस्था या भाव।

रू. भे.—सुकचण।

संकुचनि-सं. स्त्री.—संकोच, लज्जा।

उ०—[illegible] वसीकरण उनमादक, परठि द्रविण सोखण सर-वर। [illegible] संकुचनि, सुंदरी हारि देहुरा सर।—वेलि.

वि. स्त्री.—संकोच करने वाली, लजवन्ती, लज्जावान।

संकुचणो, संकुचबो-क्रि. अ.—१ शर्मिन्दा होना, लज्जित होना।

उ०—अग विस्फोटता कीयो। जंभाई आई पाछै वयों थोड़ा थोड़ा चाल्या गति दिखाई। पाछै वयों एक संकुच्या। ए पांचों बांण सेनां नैं लागा।—वेलि टी.

२ सिमटना, छोटा होना।

उ०—दिन तो यै सें संकुचिवा लागो जैसें रिणाई को देतें दांम को देणहार संकुचै। क्रमि क्रमि यों दिन संकुचै छै अर पोस कै विखै रात्रि छै सु आकास कों निठि छोडै छै।—वेलि टी.

३ सिकुड़ना, सलवट पड़ना, झुरियां पड़ना।

४ बन्द होना। (पुष्प, पत्ता)

संकुचणहार, हारो (हारी), संकुचणियो—वि०।

संकुचिग्रोड़ो, संकुचियोड़ो. संकुच्योड़ो—भू० क० कृ०।

संकुचीजणो. संकुचीजबो—भाव वा०।

संकुचाणो, सकुचाबो, सकुचणो. सकुचबो सकुछणो, सकुछबो, सुकचाणो. सुकचाबो, सुकजाणो सुकजाबो—रू० भे०।

संकुचाणो संकुचाबो—देखो 'सकुचणो, संकुचबो' (रू. भे.)

सकुचाणहार, हारो (हारी), संकुचाणियो—वि०।

सकुचायोड़ो—भू० का० कृ०।

सकुचाईजणो, संकुचाईजबो—भाव वा०।

सकुचायोड़ो— देखो सकुचियोड़ो' (रू. भे.)
(स्त्री. सकुचायोड़ी)

संकुचित-वि.—१ संकुचन युक्त। (२) लज्जित, शर्मिन्दा। (३) बिना विस्तार का। (४) अव्यापक।

सं. स्त्री.—कली। (डिं. को.)

संकुचियोड़ो-भू. का. कृ.—१ लजित हुवा हुआ, शर्मिन्दा हुवा हुआ। (२) सिमटा हुआ, छोटा हुवा हुआ. (३) सिकुड़ा हुआ, सलवट पड़ा हुआ, झुरियां पड़ा हुआ. (४) बन्द हुवा हुआ. (पुष्प, पत्ता)
(स्त्री. संकुचियोड़ी)

संकुडणो, संकुडबो—देखो 'सिकुड़णो, सिकुड़बो' (रू. भे.)

उ०—गोम ऊमर हुग्रै वोम गाहीजियै, ग्रंत रै वोम गरदोम ग्रागा। सोनरा ऊधड़ै थोभ रा संकुडै, गयण गजगाह दळ राह लागा।
—कल्याणदास महडू

संकुडणहार, हारो (हारी), संकुडणियो—वि०।

संकुडिग्रोड़ो; संकुडियोड़ो, संकुड्योड़ो—भू० का० कृ०।

सकुडीजणो, संकुडीजबो - भाव वा०।

संकुडियोड़ो—देखो 'सिकुड़ियोड़ो' (रू. भे.) (स्त्री. संकुडियोड़ी)

संकुद्वार-सं. पु. [सं संकुद्वारा] गुजरात के निकटस्थ छोटा टापू जहां नारायण की मूर्ति है।

संकुर-स. पु. [सं. संकुर] एक दानव। (पुराण)

उ०—२ ताहरां भरमल जांणियो, जो कुंवरजी छै । तद बोली—जो साहिब, आधा पधारीजै । अठै दूजो कोई नहीं । हूं रावळी चाकर खड़ी वाट जोऊं छूं ।—कुंवरसी सांखला री वारता

२ प्रेमी, यार ।

५ नाम के साथ व्यवहार में प्रयुक्त किया जाने वाला सम्मानसूचक शब्द ।

६ उच्च अधिकारी या कर्मचारी के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला शब्द ।

७ अंग्रेजों के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला शब्द ।

उ०—अमावड़ वनां मैं हुई लोथां अनंत, चढै घोड़ां वात दिगंत चाली । साथरा दिराणा हजारां साहिबां, खुरसियां हजारां हुई खाली ।—कविराजा बांकीदास

रू. भे.—सहाब, सा, साब, सा'ब, सायब, साहब, साहिब्ब, साहेब ।

अल्पा;—सायबियो सायबो, साहबियो, साहबो, साहिबियो, साहिबो ।

साहिबजादौ—देखो 'साहजादौ' (रू. भे.)

उ०—विध रांवण सिर विलंद, उहिज चित धरै इरादो । जुड़ै पहल इंद्रजीत, जेण विध साहिबजादौ ।—सू. प्र.

साहिबि—देखो 'साहिबी' (रू. भे.)

साहिबियौ—देखो 'साहब' (अल्पा; रू. भे.)

उ०—राजुल कहै सजनी सुनो रे लाल, रजनी केम विहाय हे सहेली । अरज करी आंणी इहां रे लाल, साहिबियो समझाय हे सहेली ।—ध. व. ग्रं.

साहिबी-सं. स्त्री. [फा.] १ हुकूमत, शासन ।

उ०—१ तरै गुर भीम री थाळी मांहै सूं उरो लियो, लै नै आपरा पत्तर मांहै घालियो, पांणी भेळो नांई नै पी गयो । नै भींव नूं कह्यो—खीच तैं खाधो हुतो तो तूं अमर हुवतो म्हैं तोनूं इण धरती री साहिबी दी ।—नैणसी

उ०—२ माथै हाथ दियो । कह्यो—काछ री साहिबी म्हे तोनूं दी,

पण जोगियां री सेवा घणी करीजै, ज्यूं घणा दिन राज रहै।
—नैणसी

२ वैभव, ठाट-बाट, ऐश्वर्य।

उ०—१ पछै रिणमल जी रै तीन वार मूंजाई होवै। कड़ाह थाट रहै। आठ-पोहर सिकार खेलै। वडी साहिबी।—नैणसी

उ०—२ ताहरां मालदेजी नूं खबर हुई। कह्यो—वीरमदेजी रै अधिकी साहिबी हुई। ताहरां वळै फोजां विदा कीवी वीरमदेजी ऊपर।—नैणसी

३ दरबार।

उ०—हिवै वसंत की साहिबी वरणै छै। वसंत महीपति कहतां राजा हुग्रो। कांमदेव मंत्री प्रधांन हुग्रो। परवतां की सिला आछी सुंदर रहि गई छै। यही सिंघासण हुग्रो। आंब जांह की बराबरि साखा मिळी छै। छत्राकारि जु हुइ रह्या छै। एही मांनों माथै छत्र धरै है। वायका झकोळचा। आंबा का मजर गिरि गिरि पड़ै छै। एही मांनू चमर हुग्रा।—वेलि टी.

४ राज्य।

उ०—दोयसै गावां री साहिबी। वडा तरवारिया, वडा दातार। सो खरळ वेणीदास राज करै। वडा भोमीया। सो इहां रो लोक सारो आप मुरादो वहै।—कुंवरसी सांखला री वारता

५ दल, साथ।

उ०—तद रैबारियां कही—साहिबी कुंवरसी सांखलै री छै। तिण कहीं, म्हांरो रजपूत थां पल्लू मैं मारियो। तेरै वैर मैं लै जावां छां घर थांनुं मारां छां।—कुंवरसी सांखला री वारता

६ साहब होने का भाव।

७ आनन्द, हर्ष, मौज।

रू. भे.—सायबी, साहबी, साहिबि, साहेबी।

साहिबो—देखो 'साहिब' (अल्पा; रू. भे.)

उ०—१ सखी अमीणो साहिबो, वोह जूंझो वळवंड। सो थांभै भुजदंड सूं, खड़हड़तो ब्रहमंड।—बां. दा.

उ०—२ सादूळो वन साहिबो, खाटै पग पग खून। कायरड़ा इण कांम नूं, जंबक कहै जवून।—बां. दा.

उ०—३ दुलहो बनड़ो देखतां, ऊलही उर बिच आग। संगम देखो साहिबो, कीनो हंस र काग।—बगसीरांम प्रोहित री वात

उ०—४ आठम आज सहेलियां, ओ पख ओळो जाय। हियै खटूकै साहिबो, कांटो ओही मांय।—अग्यात

उ०—५ साहिबा रै सीह थारो सारो, वडा धिणी जम त्रासै वारो। खोटो वात संसारीइ खारो; प्रातिमा मुंना पारि उतारो।
—पी. ग्रं.

साहिब्ब—देखो 'साहिब' (रू. भे.)

उ०—दिन दांन जिमणइ करइं, साहिब्ब सेव सच्ची करइ। कुरांण न्याइं पंथि चल्लइ, सो मुसलमांन भस्त जि वरइ।—व. स.

साहियोड़ो-भू. का. कृ.—१ पकड़ा हुग्रा, ग्रहण किया हुग्रा, झेला हुग्रा. २ धारण किया हुग्रा. ३ शस्त्रादि उठाया हुग्रा, लिया हुग्रा. ४ सहन किया हुग्रा, झेला हुग्रा. ५ थामा हुग्रा, रोका हुग्रा. ६ उद्धार किया हुग्रा, मोक्ष किया हुग्रा. ७ धरा हुग्रा, रखा हुग्रा. ८ संभाला हुग्रा. ९ मारा हुग्रा, वध किया हुग्रा. १० लिया हुग्रा. ११ सहन किया हुग्रा. १२ धारण किया हुग्रा, झेला हुग्रा. १३ रक्षा किया हुग्रा, १४ संधान किया हुग्रा, चढ़ाया हुग्रा।

(स्त्री. साहियोड़ी)

साहिय, साहियौ—देखो 'साह'।

उ०—साहिया लोक वंभ नइ बालक, नारी वरण अढार। आलै ग्राघ हालरां कीधां, बांन न लाभइ पार।—कां. दे. प्र.

साही-सं. स्त्री. [फा. शाही] १ बादशाह का शासन या राज्यकाल।

२ किसी प्रकार का अधिकारिक प्रकार, व्यवहार।

ज्यूं—तानासाही, नादिरसाही, नोकरसाही, हिटलरसाही।

वि.—१ राजसी, बादशाही।

२ शाह का, शाह सम्बन्धी।

३ शाहों जैसा।

४ देखो 'सेही' (रू. भे.)

रू. भे.—साहि।

साहीवांन-सं. पु.—शामियाना, तम्बू।

साहु—१ देखो 'साह' (रू. भे.)

२ देखो 'साहू' (रू. भे.)

उ०—१ जुध धिणी जगत केरिण भांति जीतो, विळै खाफर जिसो दइत वीतो। अला साहु लै सिधि वाळै सुणीजै, अला कलंकी तणो अवतार कीजै।—पी. ग्रं.

उ०—२ हिव संभव जिन तीजो होय, गणधर एकसो नै बलि दोय। दुइ लख साहु साहुणी सार, तीन लाख छतीस हजार।
—ध. व. ग्रं.

(स्त्री. साहुणी)

साहुकार—देखो 'साहूकार' (रू. भे.)

उ०—किण ही मेस्री नीं हाटै साधु उतरचा। रात्रै चोर आया। हाट खोली। साधू बोल्या—थे कुण हो जब तै बोल्या—म्हें चोर छां। साहुकार हजार रुपइयां री थेली मांहे मैली है सो म्हें परही लै जास्यां।—भि. द्र.

साहुणि, साहुणी—१ देखो 'साधवी' (रू. भे.)

उ०—हिव संभव जिन तीजो होय, गणधर एकसो नै बलि दोय। दुइ लख साहु साहुणी सार, तीन लाख छतीस हजार।
—ध. व. ग्रं.

२ देखो 'सावणी' (रू. भे.)

साहुळि, साहुलि—देखो 'साहल' (रू. भे.)

उ०—१ ढोल मती करिजो घणी, वैगा सांवळियाह। बारठ

वाहुड़ियौ वहत, साहुलि सांमळियाह ।—पी. ग्रं.

उ०—२ संभळत धवळ सर साहुळि संभळि, ग्राळूदा ठाकुर ग्रलल । पिंड वहुरूप कि भेख पालटै, केसरिया ठाहै क्रिगल ।—वेलि

साहुवांणि, साहुवांणी—देखो 'साउवांणी' (रू. भे.)

साहू-सं. पु.—१ साधु, मुनि ।

उ०—ग्रजितनाथ बीजौ मन ग्रांणु, प्रणमीजै गणधर पंचांणु । साहू इकलख वंदौ भवियां, त्रिण लख वीस सहस साधवीयां ।
—ध. व. ग्रं.

२ देखो 'साह' (रू. भे.)

रू. भे.—साहु ।

साहूकार-सं. पु.—१ कोई बड़ा व्यापारी, महाजन, सेठ, वैश्य ।
(डिं. को.)

उ०—१ कितरा एक दिन हूवा, उवै चोर गुजरात गया । ताहरां गुजरात मैं साहूकार रो वेटौ परणीज नै परदेस व्यापार गयौ हूतो, सू वरसं १० ग्रायौ ।—स्यांमसुंदर री वात

उ०—२ ग्रेक चोर कह्यौ—कुदरत वणावणिया भगवांन नैं ई चोरां री जात ईवै कोनीं । ग्रो ई साहूकारां रै पखै वंध्योड़ो । ग्रेड़ी कांई जरूरत ही उणनै रेत ग्रर चांद वणावण री ।—फुलवाड़ी

२ वह व्यक्ति जो रुपयों के लेन-देन का कार्य करता हो ।

उ०—सतगुर साहूकार है, सिख सौदागर जांनि । जनहरीया राखै नहीं, काय न ग्रंतर कांनि ।—ग्रनुभववांणी

वि.—ईनामदार ।

उ०—रुघनाथजी कंयौ—चोर जको चोर ग्रर साहूकार है जको सोळह ग्रांनां साहूकार । राज तेज मैं मोकळी पूछ-ताछ रैवती ।
—दसदोख

रू. भे.—साऊकार, साहुकार ।

साहूकारी-सं. स्त्री.—१ साहूकार होने की ग्रवस्था या भाव ।

२ ईमानदारी ।

साहूकारौ-सं. पु.—१ रुपयों के लेन-देन का कार्य या भाव ।

२ ईमानदारी ।

साहूवांणी—देखो 'साउवांणी' (रू. भे.)

साहेत—देखो 'सहित' (रू. भे.)

उ०—सको राकसां एकणी हाथ साहै, मेलुं लंक साहेत पाताळ माहे । जपै वैण ऐहा हणूमांन ज्यारां, तेडै मांन वभीखणां भ्रात त्यारां ।—सू. प्र.

साहेव—देखो 'साहिव' (रू. भे.)

साहेवी—देखो 'साहिवी' (रू. भे.)

उ०—सांखलो खींवसी 'चरमुकाळे' जांगळ राज करै । वडौ साहेवी तडो सिरदार । सौ खींवसी हळोद भालै परणीया । वडो विहा हुवौ ।—कुंवरसी सांखला री वारता

साहेलो—देखो 'सहेली' (रू. भे.)

उ०—जड़ाऊ नगां मिंदरां हेम जाळी, सभै सेज साहेलियां चित्रसाळी । वणै ऊजळी सेज एही विराजै, लखै खीर सांमंदरा फेण लाजै ।—सू. प्र.

साहोगम-सं. पु.—ब्रह्मा, विधाता । (डिं. नां. मा.)

साहौ—देखो 'सावौ' (रू. भे.)

उ०—१ निरखै ततकाळ त्रिकाळ निदरसी, करि निरणै लागा कहण । सगळै दोख विवरजित साहौ, हूंतौ जई हूग्रौ हरण ।
—वेलि

उ०—२ तरै ग्रापरै नांवै तौ विजैराव न भालियौ नै देवराज वरसं ५ मैं वेटो हुतौ, तिण रै नांवै नाळेर भालियौ नै साहौ थापियौ ।—नैणसी

उ०—३ ताहरां चारण कह्यौ—फोफाणंदजी परणीजै तौ परणावां । ताहरां कह्यौ जी ग्राज रौ साहौ दयौ तौ परणीजां ।
—फोफाणंद री वात

सिकुल—देखो 'सांकळ' (रू. भे.)

उ०—हम जियत ही हनुमंतसी पर, हत्थ म्लेच्छन कौ परचौ । यह वत्त हुव ग्रनरत्थ सी, सादूळ सिकुल तै जरचौ ।—ला. रा.

सिख्या—देखो 'संख्या' (रू. भे.)

उ०—पाहीवाळ री ग्रतरी भैंस घोड़ी ऊंठ हाथ ग्रावै तिकां री सिख्या कांई नहीं ।—खोखर छाडावत री बात

सिंग-सं. पु. [सं. शृंग] १ शिखर, चोटी ।

२ देखो 'संग' (रू. भे.)

उ०—राजांन ग्रनेक तीयइ सिंग रमतउ, धरियइ गिर चिटी ग्राधार । मुरळी ग्रधर भालियइ माहव, ग्राया गरुड़ तणा ग्रसवार ।—महादेव पारवती री वेलि

३ देखो 'सींग' (रू. भे.)

सिंगड़ो—देखो 'सींग' (ग्रल्पा; रू. भे.)

सिंगणी—देखो 'सींगण' (रू. भे.)

उ०—सौ किण भांत री कवांणां, थेट विलाती, सींगरी सिंगणी तूंजी हळकी, ग्रठारै टांक चिलै री खाऊणहार ।—रा. सा. सं.

सिंगरफ-सं. पु. [फा. शिंगरफ] ईंगुर, हिंगुल ।

सिंगरफी-वि. [फा. शिंगरफी] १ हिंगुल के समान रंग का, हिंगुल जैसा ।

२ लाल ।

सिंगराज-सं. पु. [देश.] एक प्रकार का चिकना सफेद पत्थर जिसे पीसकर चूने के साथ मिलाया जाता है । (क्षेत्रीय)
(मि. मारवणियौ-भाटौ)

सिंगरौर-सं. पु. [सं. शृंगवेर] प्रयाग के पश्चिमोत्तर कोण में स्थित एक तीर्थ जहां निषादराज गुह की राजधानी होना मानी गई है ।

सिंगल-सं. पु. [ग्रं.] १ रेल की पटरी के किनारे ऊंचे खम्भे पर लगी लोह की वह पट्टी जो रेल के ग्राने व जाने की सूचना देती है ।

उ०—परधर पग नहीं मेलणो, विनां मांन मनवार। इंम्रन आवत देस कर, सिगल री सतकार।—अग्यात

२ देखो 'सिहल' (रू. भे.)

उ०—मनय सिगल कोसल नइ अंब्य, स्रीपरवत द्राविड नइ वध्य। वंरोट तापी लाञी धार, स्रोवंदरम पाटल अविसार।

—नळदवदंती रास

रू. भे.—सींघल।

सिगलदीप, सिगलद्वीप—देखो 'सिंहलदीप' (रू. भे.)

सिगसट, सिगसठ, सिगसत, सिगसत्य, सिगसथ—सं पु. [सं. सिंहस्थ] सिंह राशि स्थित गुरु का समय जो १३ मास का होता है। इस अवधि में विवाह संस्कार निषिद्ध माना गया है।

उ०—माह एक पर्छ सिगसत लागसी सो महिना तेरह रहसी।

—व. भा.

रू. भे.—सिंहसत, सिहसत, सींघसट, सींघसठ, सींघसत, सींघसथ।

सिगाड़ो, सिगाड़ौ—देखो 'सिगोटी' (रू. भे.)

उ०—मुगट सिगाड़ी साकवर।—व. भा

सिगार-सं. पु.—१ एक प्रकार का घोड़ा। (शा. हो.)

२ देखो 'स्रंगार' (रू. भे.)

उ०—१ रगत पिद्ध बळि लिद्ध, जपं जेकार सकत्ती। कियौ संकर सिगार, रुंडमाळा गळ घत्तो।—गु. रू. वं.

उ०—२ मांगणहा'रा सीख दें, ढोलइ तिण हिज ताळ। सोवन जड़ित सिगार दे, नांख्यउ दळिद उलाळ।—ढो. मा.

उ०—३ श्री वरणण पहिलो कीजौ तिणि, गूंथियौ जेणि सिगार ग्रंथ।—वेलि

सिगारक-सं. पु [सं. श्रृंगारक] कामदेव, मदन। (अ. मा.)

सिगारचोकी—देखो 'सिणगारचौकी' (रू. भे.)

उ०—आवियो वादि तोरण 'अजो', पह सिगारचौकी परे। तदि मिळे लोक मुरधर तणा, कोड दरब निजरां करे।—सू. प्र.

सिगारणी, सिगारबो—देखो 'सिणगारणौ, सिणगारबो' (रू. भे.)

उ०—१ धर बुगलांण तेज छत्रधारी, समै हेत चंद्रिका सिगारी।

—सू. प्र.

उ०—२ रजधांनी उच्छव रहसि, मणि दीपक अप्रमांण। सूंघे महल सिगारिया, सोरंभी महरांण।—रा. रू.

उ०—३ तळिया तोरण बाधा हाट सिगारी पोळि सिगारी घरि घरि गूडी ऊछळी।—ढ. वि.

सिगारणहार, हारौ (हारी), सिगारणियौ—वि०।

सिगारिओड़ो, सिगारियोड़ौ, सिगारयोड़ौ—भू० का० कृ०।

सिगारीजणौ, सिगारीजबौ—कर्म वा०।

सिगारियोड़ौ—देखो 'सिणगारियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. सिगारियोडी)

सिगासण—देखो 'सिंहासण' (रू. भे.)

उ०—असिया रह्या पग्ग आफळता, मदभर खळहळता मैमंत। बहळो धणी सिगासण वाळो, पाळो होय हालियो पंथ।

—प्रथ्वीराज राठौड़

सिगियौ—सं. पु. [सं. श्रृंगिक] एक प्रकार का स्थावर विष।

वि. वि.—इसको गाय के सींग के बांध देने पर गाय का दूध लाल उतरने लगता है। इसका पौधा हल्दी या अदरक के समान होता है, जड़ सींग के आकार की होती है।

सिगी—सं. स्त्री. [सं. श्रृंगी] १ तुरही नामक बाजा।

उ०—सर सरिता बहु बाग सडंबर, मांझ तिण सिगी कांम चित्र मंदिर।—सू. प्र.

२ योगियों द्वारा फूंक कर बजाने का सींग का बाजा।

३ घोड़ों का एक अशुभ लक्षण।

रू भे.—सींघी।

४ देखो 'स्रंगी' (रू. भे.)

५ देखो 'सिघवी' (रू. भे)

सिगीमलकाछबौ—सं. पु.—एक प्रकार का कछुआ।

उ०—ओसीसा गींडवा कैसा विराजे छै। जांणे सिगीमलकाछबौ समुद्र में केळ करै छै।—रा. सा. सं.

सिगीमूरो, सिगीमूहरो, सिगीमोहरौ—सं. पु.—एक प्रकार का पत्थर विशेष।

रू भे.—सींगीमुहरो।

सिगीय, सिगीया—सं. स्त्री [सं श्रृंगिका, प्रा. सिंगिय] पिचकारी।

उ०—अरे कांहडु अन्नइ नेमिजिणु, खंडोखलि मिलि जाइं। अरे सिगीय जलभरै छांटियइ, एसिय रमलि कराइं।—समुधर

सिगोड़ो—देखो 'सिघोड़ो' (रू. भे.)

सिगोटी—सं. स्त्री.—१ बैलों के सींगों पर पहनाया जाने वाला एक प्रकार का आभूषण।

२ सींगों की आकृति या बनावट।

३ एक मध्ययुगीन सरकारी टेक्स।

रू. भे.—सिगाड़ी, सिगाड़ो, सींगाड़ी, सींगोटी।

सिगौ—स पु. [सं. श्रृंग] १ फूंक कर बजाया जाने वाला एक बाजा विशेष, नरसिंहा।

२ देखो 'स्रींगो' (रू. भे.)

३ देखो 'सींग' (रू भे.)

सिग्या—देखो 'संग्या' (रू. भे.)

सिग्याहीण—देखो 'संग्याहीण' (रू. भे.)

उ०—टापू माथै सिग्याहीण खत बध्योड़ो, अेक काळो मिनख तांगियां खावतो अठी ऊठी भंवतो हो।—फुलवाड़ी

सिघ—स. पु. [सं. सिंह] (स्त्री. सिघण, सिघणी) १ सिंह, शेर।

(डिं. को; नां. मा; ना. डिं. को; ह. नां. मा.)

उ०—१ अेक विकराळ नोहरथी सिघणी रै कारण जंगळ मैं सून्याड़ व्हैगी ही।—फुलवाड़ी

उ०—२ सिघ सरस रायसिघ रै, रहियो भूझै रांम। आड़ो सरवहियो अछै, कळह तणो घरि कांम।—हा. भा.

उ०—३ वाघ सिघ चितर घणा, भुंइ बीहती चालइ रे। चालइ नइ सालइ वरसा रत घणु ए।—नळदवदंती रास

पर्याय.—अभंग, अमल, अस्टपाद, आवद्धनख, एकवळा, कंकाळ, कंठीर, कंठीरव, करछिप, करीमार, काळ, केसरी, खिणकर, गजराज-अरि, गजरिपु, गहपूर, ग्रह, ग्रीठ, चोळचख, छटाधाव, जंगी, जीवजख्र, डारण, ढुंढराव, दाढाळह, दीरघछळ, दुगम, दुछर, नखआवध, नखी, नहराळ, नाहर, पंचमुख, पचसिख, पंचायण, पळपक्ष, पारंद, बनराज, बाघ, भुभारव, भूपवन, मंग, मंजारछळ, मतंगरिपु, मयंद, मरगराज, महाताव, महानाद, म्रगपत, मग्रमरद, म्रगमारण, म्रगयंद, म्रगराज, म्रगेस, लंकाळ, लोहलाठ, वनपती, वांण, विकराळ, संहारण, सधीर, सरभ, सादूल, सारंग, साहल, सिघळी, सूर, सूरसेत, हर, हरि, हरीजख।

२ वीरता या श्रेष्ठता सूचक शब्द जो प्रत्यय रूप में किसी के नाम के पीछे लगता है।

३ वास्तुविद्या में प्रासाद का एक भेद।

४ एक राग का नाम।

५ ज्योतिष में बारह राशियों में से पाँचवीं राशि। (नां. मा.)

६ छप्पय छन्द का १६ वां भेद जिसमें ५५ गुरु, ४२ लघु कुल ९७ वर्ण या १५२ मात्राएँ होती हैं।

रू. भे.—संघ, सिंह, सींह, सीह।

सिघण—सं. पु.—पंवार राजपूत वंश की एक शाखा।

सिघनाद—देखो 'सिंहनाद' (रू. भे.)

उ०—१ वीरारस हेक न मेल्है वाद, निहसै हेक करै सिघनाद।
—गु. रू. बं.

उ०—२ गजसिघ कियो गज केसरी, सिघनाद मेवाड़ सिरि।
—गु. रू. बं.

सिघपोळ—सं. पु.—वह मुख्य द्वार जिस पर सिंह की मूर्ति स्थापित हो।

सिघरास, सिघरासी—देखो 'सिंहरासी' (रू. भे.) (अ. मा; नां. मा.)

सिघळ, सिघळदीप—देखो 'सिंहलदीप' (रू. भे.)

उ०—की कठियांणी कायथण, पुंगळ प्रसू प्रथीप। अमरांणी धर ऊपनी, दूजै सिघळदीप।—पा. प्र.

सिघळी—सं. पु.—१ हाथी। (अ. मा; ह. नां. मा.)

उ०—डोहत सूंड सिघळी घटा विराज सांमळी।—गु. रू. बं.

२ सिंह।

उ०—तठा उपरांत करि नै राजांन सिलांमति बडा सिकारी सिघळी सादूळ पटाला केहरी नरहथां कंठीरआं।.........।
—रा. सा. सं.

३ पुत्र, लड़का, औलाद।

उ०—सिवा रा सिघळी मुरधरा सहायक, कूंप रा पोतरा उग्रकारी। अंजसै गोत रा आपसूं आज दिन, धजावंध चिरंजी छत्रधारी।—आसोप ठाकुर चैनसिंह रो गीत

वि.—१ वीर, बहादुर।

उ०—१ मुहर भूप वित मुहर, गुमर घर कुंवर 'गुमांनो'। 'सादूळो' सिघळी, एम बोलियो 'अमांनो'।—सू. प्र.

उ०—२ केई वारां तोखारां हरोळां ओरै फतै किधी। केई फोजां मार दीधी सिघळी कमंध।—किरपारांम

२ वंशज।

३ जबरदस्त।

रू. भे.—सींगळी, सींघळी।

सिघवाऊ—सं. पु.—१ घोड़े का एक रोग जिससे घोड़े के पेट में पीले रंग के कीड़े उत्पन्न हो जाते हैं। (शा. हो.)

२ सिंह के शरीर से उत्पन्न होने वाली गन्ध।

सिंघवाहणी, सिघवाहनी—सं. स्त्री. [सं. सिंह+वाहिनी] १ गिरिजा, पार्वती। (अ. मा; ह. नां. मा.)

२ दुर्गा, भवानी।

३ रणचंडी।

रू. भे.—संघवाहणी, सिंहवाहणी।

सिघविलोक—देखो 'सिंहावलोकन' (रू. भे.)

सिंघवी—सं. पु.—ओसवालों की एक प्रमुख शाखा व इस शाखा का व्यक्ति जो संघी या संघवी के नाम से पुकारे जाते हैं।

वि वि.—पहले नन्दवाणा बोहरा (ब्राह्मण) जाति में देवजी नामक प्रतापी पुरुष के पुत्र को सांप ने काट लिया जिसे एक जैन मुनि ने जीवित कर दिया था। उसी समय से इनका इस्ट पुण्डरिक नागदेव हुआ। लगभग २३ पीढ़ियों तक ये नदवाणा बोहरा ही रहे। तत्पश्चात् बोहरावंशीय आसानन्दजी के पुत्र विजयानन्दजी ने सुप्रख्यात जैनाचार्य जिनवल्लभ सूरि के उपदेश से जैन धर्म को स्वीकार किया। इन विजयानन्दजी से कुछ पीढ़ियों के बाद श्रीधरजी के पुत्र सोनपालजी ने शत्रुञ्जय का बड़ा भारी संघ निकाला। इनके बाद भी इनके वंशजों ने बाद के कई संघों का नेतृत्व करते रहे। अतः ये संघी या संघवी कहलाये।

मतान्तर स ओसवालों की एक शाखा विशेष जो सिंघी या सिघवी नाम से पुकारी जाती हैं। सिंघी या सिघवी शब्द की व्युत्पत्ति सिंह शब्द से मानी जाती है। इनके पूर्वज देशी राज्यों में दीवान, प्रधान, मन्त्री, सेनापति, फौजबख्शी व अन्य सैनिक तथा प्रशासनिक पदों पर कार्य करते रहे और इसीलिए इनके नामों के साथ सिंह (सिंघ) व सिंहवी (उच्चारण—सिंघवी, अर्थ—सिंहों में प्रमुख या श्रेष्ठ) का प्रयोग होता रहा है। ये जैनी होने के नाते जैन धर्म व विशेष रूप से सनातन धर्म को मानते हैं।

रू. भे.—संगवी, संघवी, सिंगी, सिंघी ।

सिंघनादूळ—देखो 'सान्दूळ' (रू. भे.)

सिंघसेन-सं. पु. [सं. सिंह-सेन] एक सूर्यवंशी राजा।

उ०—तदा नाभिकमळ थै ब्रह्मा नीपनो। ब्रह्मा रो अत्री। अत्रि रो कस्यप, कस्यप रो सूरज तिण वंस उतपन्न राजा सिंघसेन।
—द. वि.

सिंघार—देखो 'संहार' (रू. भे.)

उ०—१ सिंघार हुवै असवार सूर, हर हार करै वर रंभ हूर। गळ भार लियै पळचार ग्रीध, पत भार सगत भर रुघर पीध।
—वि. सं.

उ०—सोहै तू डाहुल दंत सिंघार, निमो नरकासुर खोसण नार।
—पी. ग्रं.

२ देखो 'सस्त्र' (रू. भे.)

उ०—असटंग विभूत सनाह उपावै, सोह छतीस सिंघार लियं। सिघ बारह पंथक तेरह साखा, 'केहरि' गोरख रूप कियं।
—गु. रू. बं.

सिंघारणौ, सिंघारबौ—देखो 'सिणगारणौ, सिणगारबौ' (रू. भे.)

२ देखो 'संहारणौ, सहारबौ' (रू. भे.)

उ०—धनुधारै रे धनुधारै, तार एका बाळ सिंघारै। महाराजधिराज सुग्रीव मनां रा, सारा कारज सारै।—र. रू.

सिंघारियोड़ौ - देखो 'सिणगारियोड़ौ' (रू. भे.)

२ देखो 'संहारियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. सिंघारियोड़ी)

सिंघाळ—देखो 'सिंघाळौ' (रू. भे.)

उ०—१ चहुवांण 'चाळ' चम्मर वंबाळ, सूरमौ सीह सामंत सिंघाळ।—गु. रू. बं.

उ०—२ करता कूक कराळ, आया फरियादू असुर। सुणजै 'दला' सिंघाळ, वीरम फगास वधावियौ।—गो. रू.

उ०—३ सेखावत वाहत खाग सिंघाळ, चाढै जळपूर चवद्द चाळ।—सू. प्र.

२ देखो 'सिंघळौ' (रू. भे.)

उ०—घाजै जसवास वीरघंट वळवळ, सिर आंकुस प्रम लीयां सिंघाळ। खग पोगर खळ रूंख उखाळै, छावौ मद आयौ 'छाताळ'।—महाराज छत्रसिंघ रौ गीत

सिंघाळी-सं. स्त्री.—जो सिंह की सवारी करे, दुर्गा।

उ०—सिंघाळी तुही सीमिका होल सैणी, ध्रिदाळी तुही गूंगिका नाग वेणी। खगाळी तुही विव्वड़ा चहखड़ाई, मुदाळी तुही आवड़ा मांमडाइ।—मे. म.

सिंघाळौ-वि.—१ योद्धा।

उ०—१ 'सावळ' तणा ऊपर जे सारा, घूमै 'अवरंग' साह घड़। ग्राळै मरण सिंघाळै कीधौ, उदयापुर वाळ अनड़।
—उगरसिंह राठौड़ रौ गीत

२ पराक्रमी, बलवान।

उ०—सुणै वचन धिक वीर सिंघाळा, जांणै जेठ सालुळी ज्वाळा।
—गो. रू.

३ सींगो वाला।

उ०—मोडला मांण पण मेलियां, सिंघाळा बळ कर समथ। निरवाह तुंही नव साहुंसा, रेण कळता राज रथ।—अनोपसिंह सांदु

४ श्रेष्ठ, अग्रणी।

सं. पु.—हाथी, गज।

रू. भे.—संघाळौ, सघाळौ, सिंघाळौ, सींगाळौ, सींघाळौ।

सिंघावलोकण, सिंघाविलोकण—देखो 'सिंहावलोकन' (रू. भे.)

उ०—कहू प्रहास सांणोर किव, अख विखम सम आद। तुक सिंघाविलोकण तिय, मुकताग्रह मुरजाद।—र. ज. प्र.

सिंघासण—देखो 'सिंहासन' (रू. भे.)

उ०—१ सूरजपोळ सूं बारै जको ई पैलो मांनखो मिळै, वो ई उजीण रै सिंघासण रौ धणी।—फुलवाड़ी

उ०—२ मत्री तहां मयण वसंत महिपति, सिळा सिंघासण घर सघर।—वेलि

सिंघासणचक्र – देखो 'सिंहासनचक्र' (रू. भे.)

सिंघी—१ देखो 'सिंगी' (रू. भे.)

२ देखो 'सिंघवी' (रू. भे.)

३ देखो 'सिंही' (रू. भे.)

४ देखो 'सिंगियौ'।

उ० – बीछड़तां ही सज्जणां, क्यांही कहण न लध्ध। तिण वेळा कंठ रोकियउ, जांणक सिंघी खध्ध।—अज्ञात

५ देखो 'सिंघवी' (रू. भे.)

सिंघेस्वरी-सं. स्त्री. [सं. सिंहेश्वरी] १ दुर्गा।

२ पार्वती।

सिंघोड़ौ-सं. पु.—१ तालाब के पानी के ऊपर फैलने वाली लता के लगने वाला एक तिकोना फल। (अमरत)

२ तिकोनी सिलाई या बेल-बूटे जो सिंघाडे के आकार के होते हैं।

३ सिंघाडे के समान तिकोना समोसा नामक एक नमकीन पकवान।

४ एक प्रकार की आतिशबाजी।

५ ऊंट के चारजामा के नीचे लगाई जाने वाली गद्दी।

रू. भे.—सींघोड़ौ।

सिंघोदरी—वि. स्त्री. [सं. सिंहोदरी] १ जिसका उदर सिंह के समान हो।

२ सिंह के समान पतली कमर वाली।

सिंचणियौ—देखो 'सींचणियौ' (रू. भे.)

सिंचणौ, सिंचबौ—देखो 'सींचणौ, सींचबौ' (रू. भे.)

उ०—लाधइ सार सुधा रसिका रसि तें सिचंति । अग धरीयें अगलोचना लोच ना रंग चूकंति ।—जयसेखर सूरि
सिचणहार, हारौ (हारी), सिचणियौ—वि० ।
सिचिग्रोड़ौ, सिचियोड़ौ, सिच्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
सिचीजणौ, सिचीजबौ—कर्म वा० ।

सिचन-सं. स्त्री.—सिचाई करने की क्रिया या भाव, सिचाई ।

सिचय-सं. पु. [सं.] १ वस्त्र, कपड़ा । (डि. को.)
उ०—ग्रंत्रावळि ग्रलगरद्ध रूप संचय संचारै । जळनिधि निभ सिचय जाळ इत तिरत अपारै ।—वं. भा.
२ आवरण ।
३ देखो 'संचय' (रू. भे.)

सिचांण, सिचांणौ-सं. पु.—१ एक शिकारी पक्षी जो बाज की अपेक्षा छोटा होता है ।
उ०—१ पाए पवंग पोडए, धरा धमस धोड ए । हमरस असी हुंश ए, सिचांण जांण पंख ए ।—गु. रू. बं.
उ०—२ सांई नांव संभाळि लै, क्या सोवै नर नींद । काळ सिचांणौ सिर खड़ौ, ज्यौं तोरण आयौ बींद ।
—परमानंद बणियाळ
२ दोहा नामक छन्द का चतुर्थ भेद, जिसमें १६ गुरु और १० लघु होते हैं ।
रू. भे.—संचांण, संचांणौ, संचांन, सचांण, सचांन, सिचांण, सिच्चांन, सींचांण, सींचांणौ ।

सिचाई-सं. स्त्री.—१ सिचाई करने की क्रिया या भाव ।
२ सिचाई का कर या लगान ।
३ सिचाई का पारिश्रमिक या मजदूरी ।

सिचाणौ, सिचाबौ—देखो 'सींचाणौ, सींचाबौ' (रू. भे.)
सिचाणहार, हारौ (हारी), सिचाणियौ—वि० ।
सिचायोड़ौ—भू० का० कृ० ।
सिचाईजणौ सिचाईजबौ—कर्म वा० ।

सिचायोड़ौ—देखो 'सींचायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. सिचायोड़ी)

सिचावणौ, सिचावबौ—देखो 'सींचाणौ, सींचाबौ' (रू. भे.)
उ०—क्यां रे वधावां नीमड़लौ री पाळ हजारी ढोला । क्यां रे सिचावां ए हरियै रूख नै जी म्हारा राज ।—लो. गी.
सिचावणहार, हारौ (हारी), सिचावणियौ—वि० ।
सिचाविग्रोड़ौ, सिचावियोड़ौ, सिचाव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
सिचावीजणौ, सिचावीजबौ—कर्म वा० ।

सिचावियोड़ौ—देखो 'सींचायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. सिचावियोड़ी)

सिचियोड़ौ—देखो 'सींचियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. सिचियोड़ी)

सिजनी-स. स्त्री. [सं. शिञ्जनी] पैरों का आभूषण, पायजेब, पैंजनी ।
उ०—धिमिद्ध मिद्ध ऊद्धनी न सिजनी सुनी नहीं ।—ऊ. का.
२ धनुष की डोर, प्रत्यंचा ।
३ कटि मेखला के नूपुर, घुंघुरु ।

सिजारौ, सिंजारौ—देखो 'सिझारौ' (रू. भे.)

सिज्या, सिंज्या—देखो 'संध्या' (रू. भे.)

सिज्यारौ, सिंज्यारौ—१ देखो 'सिझारौ' (रू. भे.)
२ देखो 'संजीरौ' (रू. भे.)

सिझ, सिझया, सिझा, सिझ्य, सिंझ्या—देखो 'संध्या' (रू. भे.)
उ०—१ आजक काल्हे रांम राय सिझ सवेरै । तुझि निरास मुझि आस नवेरै ।—अनुभववांणी
उ०—२ चौखड़ आंथूणियै राजस्थान री घणीं चावी रम्मत है । सिझ्यां पड़चां मोटियार रम्मण ठौड़ भेळा व्है जावै । चौखड़ रम्मण री ठौड़ थोड़ी मोकळास आळी व्है ।—चितरांम

सिझारौ-स. पु.—१ गौर व सावण मास की कृष्ण तृतीया को कन्या व वधु के लिए उसके पीहर व ससुराल वालों द्वारा भेजी जाने वाली सामग्री ।
वि. वि.—उक्त सामग्री में मिठाई, फल, मेवा, वस्त्र एवं शृंगारिक वस्तुएं सम्मिलित होती हैं । यह सामग्री, जब कन्या ससुराल होती है तब उसके पीहर वालों द्वारा व जब वह पीहर होती है तब ससुराल वालों द्वारा भेजी जाती है ।
२ वह दिन जिस दिन उक्त सामग्री भेजी जाने की प्रथा है ।
रू. भे.—सिजारौ, सिज्यारौ, सिंज्यारौ, सिंदारौ ।

सिंझ्झा, सिंझ्या—देखो 'संध्या' (रू. भे.)
उ०—१ दूजै दिन सिंझ्या री वेळा दौड़तौ दौड़तौ घोड़ौ अणछक ढब्यौ, जांणै च्यारूं पगां नै कोई अपड़ लिया व्है ।—फुलवाड़ी
उ०—२ सिंझ्या रा ठाकर रंगमैं'ल में पधारचा उण वगत वौ ई सांप रै रस वाळौ दीवौ झुप्योड़ौ हौ ।—फुलवाड़ी

सिण—देखो 'सण' (रू. भे.)

सिणगार—देखो 'सिंगार' (रू. भे.)
उ०—१ राजांन कुमार सोळै सिणगार विराजमांन हुआ छै । सु प्रथम मरदरा सोळै सिणगार तिकै किण भांति रा कहीजै ।
—रा. सा. सं.
उ०—२ सजि सिणगार पधारत अंबा, गांव खुड़द गढवाड़ै ।
—मे. म.
उ०—३ हास हसंता रह्या धोळहर, सुंदर सझती रही सिणगार । लाखां धणी पयांणै लांबै, जातां ही न कियौ जुहार ।
—प्रथ्वीराज राठौड़

सिणगारचौकी—देखो 'सिणगारचौकी' (रू. भे.)
उ०—सिणगारचौकी आगै सूरसिंघजी कराई तिका सादै भाटै री

गो, जिका म्हाराज बखतसिंघजी मकरांणा री नवी कराई ।

—मारवाड़ री ख्यात

सिणगारणी-सं. स्त्री.—शृंगार की सामग्री ।

वि. स्त्री.—शृंगार करवाने वाली ।

उ०—तांह बडारणा महेलियां आगै ४ पात्रां सिणगारणी ख्वास्यां रहै छै । १ गुणमाळा, २ फूलमाळा, ३ विजैमाळा, ४ दीपमाळा ।

—रा. सा. सं.

सिणगारणो, सिणगारवो—देखो 'सिणगारणो, सिणगारबो' (रू. भे.)

सिणगारियोड़ो—देखो 'सिणगारियोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री. सिणगारियोड़ी)

सिणतरो, सितरो—देखो 'सिणियो' (रू. भे.)

सिदड़ो—देखो 'सींदड़ो' (रू. भे.)

उ०—कहै दास सगरांम, जितै साजी है जिंदड़ी । करो भजन दिन रात, काच री है या सिंदड़ी ।—सगरांमदास

सिंदण, सिंदन—१ देखो 'स्यंदन' (रू. भे.)

उ०—खाड़ैत्यां खोलिया, खिड़क खासा रथखांना । सिणगारया सिंदणां, मिळण सांमां मिजमांना ।—मे. म.

२ देखो 'सैंधव' (रू. भे.)

३ देखो 'सिंधी' (स्त्री.)

सिंदळी-सं. पु.—शुभ रंग का घोड़ा ।

उ०—१ गुलजार बोज अबलक्ख गात, सिंदळी अनै सरंगा सुभात ।

—सू. प्र.

उ०—२ ढाल सिंदळी ऊपर छै सो आगै होय कटारी मांहै छुरी थी सो काढी ।—कुंवरसी सांखला री वारता

सिंदवी-स. स्त्री.—एक रागिनी विशेप ।

उ०—उण वेळा कवर कनै सिंदवी आसावरी गाइजै । रस रा डंका लगत ।—पनां

सिंदारो—देखो 'सिंझारो' (रू. भे.)

सिंदिया-सं. पु.—१ सिंधिया ।

२ देखो 'संध्या' (रू. भे.)

सिंदुरिया-वि.—सिंदूर के रंग जैसा ।

सिंदुरियो-सं. पु.—सिंदूरी रंग का पौधा ।

वि.—सिंदूर के रंग का, सिंदूर रंग सम्बन्धी ।

रू. भे.—सींदूरियो ।

सिंदूक—देखो 'संदूक' (रू. भे.)

सिंदूर-सं. पु. [सं.] १ सौभाग्यवती स्त्रियों के मांग में भरने का एक लाल रंग का चूर्ण जो ईंगुर को पीस कर तैयार किया जाता है ।

(हि. को.)

वि. वि.—हनुमान, गणेश आदि देवताओं की मूर्तियों पर यह घी या तेल मिला कर चढ़ाया जाता है ।

उ०—१ दाढी रंग उज्जळ भाळ सिंदूर, प्यालां मतवाळ नसौ भरपूर ।—मे. म.

उ०—२ जिकां काट मांजिया, छांट उजळ जळ छोळां । रचि सिंदूर चितरांम, चरचि आंनन रंग चोळां ।—मे. म.

२ देखो 'सिंधुर' (रू. भे.) (ना. डि. को.)

रू. भे.—संदूर, सींदूर, स्यंदूर ।

सिंदूरतिलक, सिंदूरतिलका-सं. पु.—१ हाथी ।

सं. स्त्री.—२ सधवा स्त्री ।

रू. भे.—संदूरतलका, संदूरतिलका ।

सिंदूरदांन-सं. पु. [सं. सिंदूर+फा. दान] विवाह में वर द्वारा कन्या के मांग मे सिंदूर डालने की एक रस्म ।

सिंदूरिया, सिंदूरी-सं. स्त्री.—सिंदूर रखने की डिबिया ।

वि.—सिंदूर के रंग का ।

रू. भे.—सींदूरियो ।

सिंदूवार-सं. पु.—१ वृक्ष विशेष । (सभा)

सिंध-सं. पु. [सं. सिंधुः] १ पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम का एक प्रदेश ।

२ पश्चिमी पाकिस्तान की प्रमुख नदी ।

३ मालवा की एक नदी ।

४ देखो 'सिंधु' (रू. भे.)

उ०—१ मांगी सीख नरिंद सूं, दीन्ही सीख कुंवार । जांणे बंध पलट्टियो, सिंध प्रळै री वार ।—रा. रू.

उ०—२ आतस बाजो गाडियां, आरावा अनमंध । गडडै गोळी नाळियां, किरि लहरी रव सिंध ।—गु. रू. बं.

उ०—३ नर नाग सुरासुर जोड़ नथी, कथ वेद पुरांण दुजांण कथी मुर कीट मधु हण सिंध मथी, रट रे मन राघवदासरथी ।

—र. ज. प्र.

सिंधक-सं. पु. [सं. संध्यक] पुष्प, फूल । (अ. मा.)

सिंधचारी, सिंधचोरी—देखो 'सिंधुचरी' (रू. भे.)

((अ. मा; ह. नां. मा.)

सिंधण—देखो 'सिंधी' (स्त्री.)

सिंधन—१ देखो 'सनद' (रू. भे.)

उ०—चंडाळां थांरी वात री कीं सिंधन व्है तो थें भूत क्यूं बाजो ।

—फुलवाड़ी

२ देखो 'सिंधी' (स्त्री.)

सिंधपीण-सं. पु. [सं. सिंधु+रा. पीणो] अगस्त्य मुनि ।

वि. वि.—ये ऋग्वेद की कई ऋचाओं के रचयिता थे । देवासुर संग्राम में जब दानव सागर में जाकर छिप गये और खुद सागर ने भी इन्हें क्षुब्ध कर दिया था, तो ये सागर को ही पी गये और इसी कारण समुद्रचुलुक या सिंधपीण कहलाये ।

सिंधभैरव-सं. स्त्री.—एक राग विशेप ।

सिंघळ-सं. पु.—राठौड़ क्षत्रियों की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति ।

उ०—वालीसा नइ सीसोदिया, सोढा नइ सिंघल आवीया । तें पंचास सहस असवार, राउल भेटी करचउ जुहार ।—कां. दे. प्र.

सिंघलावटी, सिंघळावटी-स. स्त्री.—वह प्रदेश जहाँ सिंघल शाखा के राठौड़ों का आधिपत्य रहा था ।

सिंधव—१ देखो 'सैंधव' (रू. भे.) (अ. मा; ह. नां. मा.)

२ देखो 'सिंधु' (रू. भे.)

उ०—घण वाण कोहक वांणां गहक, दुगम घोर सिंधव डकां । कमधजां खाग ऊनंग करैं, वाग ऊपाड़ी वेढकां । —सू. प्र.

सिंधवराग, सिंधवा—देखो सिंधुराग' (रू. भे.)

उ०—रुड़ै दळ वेहुँय सिंधवराग, धजावंध वेहुं लाग धियाग ।

—गो. रू.

सिंधवी-सं. स्त्री.—आभारी और आसावरी के मेल से बनने वाली एक रागिनी विशेष ।

वि.—सागर का, समुद्र सम्बन्धी ।

सिंधवीराग—देखो 'सिंधुराग' (रू. भे.)

उ०—लागा सिंधवीराग रा पांना साकुरां भडाळा लीधां, अभागां छडाळां आभ छवंतो ताठौड़ ।—विसनसिंह राठौड़ रौ गीत

सिंधसागरी-सं. पु.—एक प्रकार का घोड़ा विशेष ।

सिंधी-सं. पु. (स्त्री. सिंधण) १ सिन्ध प्रदेश का निवासी ।

२ सिन्ध प्रदेश के निवासी जो अब भारत में यत्र-तत्र बस गये ।

३ मुसलमानों की एक जाति या इस जाति का व्यक्ति ।

४ सिन्ध प्रदेश का घोड़ा जो अपनी मजबूती के लिए प्रसिद्ध है ।

सं. स्त्री.—४ सिंध प्रदेश की भाषा या बोली ।

६ शीतकाल में पश्चिमोत्तर से चलने वाली हवा जो रबी की फसल के लिए हानिकारक होती है ।

(मि. सूरियौ)

७ एक प्रकार की बन्दूक ।

८ एक प्रकार की तलवार की मूठ विशेष ।

सिंधु-सं. पु. [सं. सिंधुः] १ समुद्र, सागर ।

उ०—सम माई क्रिया सब थाकी, ज्यूं सलीता सिंधु समाई । पांच पचीस लीन कर सब ही, साक्षी स्वरूप रहाई ।

—सुखरांमजी महाराज

२ सिंधुनद जो पंजाब के पश्चिम से होता हुआ सिंध देश के समुद्र में मिलता है ।

३ उक्त नद के आसपास का प्रदेश ।

५ हाथी के सूंड से निकला हुआ पानी ।

६ हाथी का मद ।

७ हाथी ।

८ ऊंट ।

उ०—मजबूत थूंभ डाचा मगर, जियां पूंछ करवत जिसा । झोखियां सिंधु नुखतां झटकि, अंध कंध राकस इसा ।—सू. प्र.

९ वरुण देवता ।

१० गंधर्वों के राजा का नाम ।

११ पुराण प्रसिद्ध एक देश, जिसका राजा जयद्रथ था ।

१२ एक सम्पूर्ण जाति का वीररस पूर्ण राग । (संगीत) (डिं. को.)

उ०—भाभी जांगड़ आपणी, छिपै न लाखां गांन । सुनै घर सिंधु थयौ, आंपां रा मिजमांन ।—वी. स.

१३ बिल्कुल श्वेत सुहागा ।

सं. स्त्री.—१४ बड़ी नदी, नद ।

१५ नदी, सरिता । (अ. मा; ह. नां. मा.)

उ०—चिंत प्रथम चेत, उल्लू अचेत । यह तन अग्यांन, न स्थिर निदांन । बचि है न बीर; तरु सिंधु तीर । इक दिवस यार, है गिरन हार ।—ऊ. का.

१६ सात की संख्या । * (डिं. को.)

वि.—सुन्दर । (ह नां. मा.)

रू. भे.—संध, संधव, संधवौ, संधु, सिंध, सींधु, सींधू, सींधू, स्यंध ।

अल्पा; —सिंधुड़क, सिंधुड़ौ ।

सिंधुओ-सं. पु.—१ सिंधुदेशोत्पन्न घोड़ा । (कां. दे. प्र.)

२ देखो 'सिंधु' (अल्पा; रू, भे.)

सिंधुकन्या-सं. स्त्री. [सं.] लक्ष्मी ।

सिंधुकुला, सिंधुकुल्या-सं. स्त्री.[सं. सिंधुकुल्या] नदी । (अ. मा.)

सिंधुड़क, सिंधुड़ौ—१ देखो 'सिंधु' (अल्पा; रू. भे.)

२ देखो 'सिंधी' (अल्पा; रू. भे.)

उ०—मालांणी रै सिंधुड़ै गोरबंध गूंथ्यौ । बीकांणै रै राइकै पोयौ, म्हारौ गोरबंद लूंबाळौ ।—लो. गी.

सिंधुचरी-सं. स्त्री. [सं.] मछली । (अ. मा.)

रू. भे.—सिंधचारी, सिंधचीरी ।

सिंधुज, सिंधुजन्मौ-सं. पु. [सं. सिंधुज, सिंधुजन्मा] १ चंद्रमा, शशि ।

२ सेंधा नमक ।

वि.—१ समुद्र से उत्पन्न ।

२ नदी से उत्पन्न ।

३ सिंधु देश से उत्पन्न ।

सिंधुजा-सं. पु. [सं.] लक्ष्मी ।

सिंधुजात-सं. पु. [सं.] १ घोड़ा, अश्व । (डिं. को; डिं. नां. मा.)

२ सागर मंथन से उत्पन्न चौदह रत्नों में से कोई एक रत्न ।

३ शराब, मदिरा ।

सिंधुदीप-सं. पु. [सं. सिंधुद्वीप] १ राजा भगीरथ के वंशज एक राजा ।

२ अंबरीष के पुत्र का नाम ।

सिंधुदेस—देखो 'सिंधु' (रू. भे.)

उ०—पर सिंधुदेस रा सूबादार जवन करीमखांन जिसा अनेक ।
—वं. भा.

सिंधुदेसभव-स. पु. [सं. सिंधुदेशभव] सेंधानमक । (डि. को.)

सिंधुप-सं. पु. [सं.] अगस्त्य ऋषि का एक नाम ।

सिंधुपुत्र, सिंधुप्रसूत—देखो 'सिंधुजात' (अ. मा.)

सिंधुर-सं. पु. [सं.] १ हाथी, गज ।
(अ. मा; डि. को; ना. डि. को; ह. नां. मा.)

उ०—१ जिण समय अरसिव गदा री आघात देर दूजा सिंधुर री सीस चौफाड़ि करि पटकियौ ।—वं. भा.

उ०—२ बेउ बंधव बळ बंधुर, सिंधुर जिम वनतीरि। खेलइं विपुल महोखली, ओखली पाडती नीरि ।—जयसेखर सूरि

सं. स्त्री.—२ नदी ।

उ०—भाई वै भेळा हुवा, असुर नदी सिर आय । सिंधुर घोड़ै सूकड़ी, मेल न मापी जाय । —रा. रू.

३ आठ की संख्या । ⁕ (डि. को.)

रू. भे.—संधुर, संधूर, सिंदुर, सींदुर ।

सिंधुरवर-सं. पु.—श्रेष्ठ नर ।

उ०—सिंधुरवर वावर भूंडण कर सांवै, वांमा वीजळ नै थावर गळ वांवै ।—ऊ. का.

सिंधुरमणि-स. पु. यौ. [सं.] गज-मुक्ता ।

सिंधुरवदन-सं. पु. यौ [सं.] गणेश, गजानन ।

सिंधुराग-सं. पु.—वीररस पूर्ण राग ।

उ०—गढवी गांगौ गावीजै, स्यांम न मेलै साथ । ओढण अनि-सारां नरां, हालां रा पण हाथ । हाथ आवाहतौ सिंधुरागां थियां, सही भूफा थयां वळि 'जसा' रा सथियां ।—हा. झा.

(मि. सिंधु (८)

रू. भे.—संधव, संधवौ, सिंधवराग, सिंधूराग ।

सिंधुवौ-सं. पु —युद्ध का वाद्य, वीररस का वाद्य ।

उ०—उण दिसिया अजमेर सूं, आयौ तहवरखांन । इण दिसि वग्गा सिंधुवा, भुज लग्गा असमांन ।—रा. रू.

सिंधुसुत-सं. पु. यौ. [सं.] १ चौदह रत्नों में से कोई एक ।

२ चन्द्रमा ।

३ शिव द्वारा मारा जाने वाला जलंधर नामक एक राक्षस ।

सिंधुसुता-सं. स्त्री. यौ—१ लक्ष्मी ।

उ०—लोक माता सिंधुसुता स्री लिखमी पदमा पदमालया प्रमा ।
—वेलि

२ सीप ।

सिंधू—देखो 'सिंधु' (रू. भे.) (डि. नां. मा)

उ०—१ सकौ गोतियौ हाकड़ौ नांम सिंधू, वहंतौ थकौ रोकियौ लोरबंधू ।—मे. म.

उ०—२ गोपाळां नांमी नेक नांमी, सेव पाय सुरेस । सुज दया सिंधू दीनबंधू, अखै क्रीत अहेस ।—र. ज. प्र.

सिंधूप्रसूत—देखो 'सिंधुजात' (अ. मा.)

सिंधूभव-सं. पु. [सं. सिंधुभव] १ सेंधा नमक । (डि. को.)

२ समुद्र से उत्पन्न होने वाले चौदह रत्नों में से एक ।

सिंधूराग—देखो 'सिंधुराग' (रू. भे.)

उ०—गत व्रत करि सिंधूराग वडाळा, लयवथ भारत घणा लोह ।
—महादेव पारवती री वेलि

सिंधूरी-सं. पु.— हिंडोल राग की पुत्रवधू माने जाने वाली एक रागिनी।
(संगीत)

सिंधूसुवन-सं. पु. [सं. सिंधु+सूनुः] १ चन्द्रमा, चांद । (अ. मा.)

२ समुद्र से उत्पन्न होने वाले चौदह रत्नों में से कोई एक ।

सिंध्या —देखो 'संध्या' (रू. भे.)

उ०—कंवरजी स्री बीकोजी जोधपुर सूं विदा हुआ सु सिंध्या रा मंडोवर आया ।—द. दा.

सिंनेह—देखो 'सनेह' (रू. भे.)

उ०—संसार एह असगौ सगौ, दईवि आप वासौ दियौ । कलिमांहि दुख सिंनेह थया, कूड़ कूड़ साचौ कियौ ।—पी. ग्रं.

सिंन्यास—देखो 'संन्यास' (रू. भे.)

उ०—कया मैं करत सिंन्यास क्रम, का कुळ मारग लोक क्रम।
—अनुभववांणी

सिंपा—देखो 'संपा' (रू. भे.)

उ०—मूखमलू से मुलायम वरवागूं कै सांचै पंखराउ सी धाय खुरतालु कै झमकै सत सिंपा कै सिलाव......... ।—र. रू.

सिंबन-सं. स्त्री.—फली ।

उ०—परंड अरणी अगथीउ अखोड़ ताड़ असोख । खजूरि खारिक कूड़ौ सालर, सिंबन सइंबल मोख ।—रुकमणी मंगळ

सिंबी-सं. स्त्री. [सं. शिम्बा या शिम्बिका] फली । (डि. को.)

सिंबेण—देखो 'संभु' (रू. भे.)

सिंभ—देखो 'संभु' (रू. भे.)

उ०—१ भुजां सजोर भंजणा, चढाय सिंभ चाप ।—र. ज. प्र.

उ०—२ उभै साचा अखर कहै रिख सिंभ अज । हरिभज हरिभज हरिभज हरिभज ।—र. ज. प्र.

सिंभजियत, सिंभजीत, सिंभजीवत—देखो 'जीवतसंभ' (रू. भे.)

उ०—१ 'केहर' जसावंत कहै, घणां मुगळां खग घाऊं । काय आऊं जुध कांम, किवै सिंभजियत कहाऊं ।—सू. प्र.

उ०—२ व्हां अमर काय सिंभजीत व्हां, विखम 'विलंद' फौजां विहृरि ।—सू. प्र.

उ०—३ वर अपछर जग क्रीत वधाऊं, का सिंभजीवत विरद कहाऊं ।—सू. प्र.

सिंभरि-सं. पु.—सांभर ।

उ०—कइ अम्ह आवी करइ सिलांम, कइ प्रांणइ छंडाविसुं ठांम ।

ग्या प्रधान सिरि धरीय पसाउ, जई भेटिउ सिभरि नउ राउ।
—कां. दे. प्र.

सिंभु, सिंभू, सिंभौ—देखो 'संभु' (रू. भे.) (अ. मा; नां. मा.)

उ०—१ थया स्रंद नाखत्र, कं चद्र साथं, कना सोभियौ, सिंभु जीखेस माथं।—रा. रू.

उ०—२ सुगंधां करं सुंदरं फूल सोहै, महाथंभ सौरंभ सिंभू विमोहै।—रा. रू.

२ देखो 'संब' (रू. भे.) (अ. मा.)

सिम्रत—१ देखो 'समरथ' (रू. भे.)

२ देखो 'स्म्रति' (रू. भे.)

सिंम्रत—देखो 'स्म्रति' (रू. भे.)

उ०—रांम वखांनै वेद, रांम कुं दाखि पुरांनै। रांम साख सिंम्रित, रांम सासत्र सु जांनै।—अनुभववाणी

सियातर-स. स्त्री.—कृषकों की इष्ट देवी।

(मि. सावढ)

सियारौ-स. पु.—लोहे की मोटी लम्बी नुकीली छड़।

(मि. सरियो)

सियाळ-स. पु.—क्यारी के उस ओर की मेढ जिधर से पानी भरा नहीं जाता अपितु रोका जाता है। (कृषि)

२ देखो 'स्रगाल' (रू. भे.)

सिंवटणौ, सिंवटबौ—देखो 'सिमटणौ, सिमटबौ' (रू. भे.)

उ०—तड़कै घड़ाघड़ आडो भचेड़चां दोनां री सुधबुध वापरी। दीवा रो उजास बाटां मैं सिंवटग्यौ हो। फूलां हळफळाई होय आडो खोलै जित्तै जित्तै माईत खथावळ करता चूळियौ उतार मेड़ी रै मांय वड़ता इज निगै आया।—फुलवाड़ी

सिंवटणहार, हारौ (हारी), सिंवटणियौ—वि०।

सिंवटिओड़ौ, सिंवटियोड़ौ, सिंवट्योड़ौ—भू० का० कृ०।

सिंवटीजणौ, सिंवटीजबौ—भाव वा०।

सिंवटियोड़ौ—देखो 'सिमटियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. सिंवटियोड़ी)

सिंवरणौ, सिंवरबौ—देखो 'सुमरणौ, सुमरबौ' (रू. भे.)

उ०—१ सेवट हीमतहार अेक दिन पै'लीवार वां रांमजी नै सिंवरचा कै किणी जीव जीनावर रौ ई बिसरांम दै।—फुलवाड़ी

उ०—२ आं देवी देवतावां रे भरोसै राज री खजांनौ ई खाली कर दियौ, सिंवरता सिंवरतां म्हारी तौ जीभ ई घिसगी।
—फुलवाड़ी

सिंवरियोड़ौ—देखो 'सुमरियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. सिंवरियोड़ी)

सिंवरी-सं. स्त्री.—झड़बेरी के कांटों का उतना गोलाकार ढेर जितना एक बैलगाड़ी में समा सकें।

रू. भे.—सिमरी।

सिंवल-सं. स्त्री.—१ लकड़ी की वह खूंटी या गुल्ली, जो जुए के कंधावर भाग के छोर पर लगी रहती है। इसी से जोत की रस्सी बांधी जाती है।

रू. भे.—संमळ, संवळ, समळ, समेळ, सिमल।

सिंवसंगिया-सं. स्त्री.—घोड़े के गर्दन के दाहिनी ओर की (मतांतर से पीठ पर की) भौंरी जो शुभ मानी जाती है। (शा. हो.)

सिंवाई-सं. स्त्री.—१ कपड़े सीने की क्रिया या इस कार्य की मजदूरी, सिलाई।

२ कपड़े आदि की सिलाई का व्यवसाय या कार्य।

सिंवाड़, सिंवाड़ौ—देखो 'सीमाड़ौ' (रू. भे.)

उ०—पाड़ पतसाह् घड़ सिंवाड़ां पौढियौ, देव मंडळ सरी नकौ दूजो।—सुजांणसिंघ कछवाहा रो गीत

सिंवाळ-सं. पु. [सं. शैवाल] १ बालों के लच्छों की तरह पानी पर पसरने, फैलने वाला एक घास।

उ०—सोहै अंगिया ओट, हरी रंग साज मैं। दुड़िया चकवा दोय सिंवाळ समाज मैं।—बां. दा.

२ फफूंदी।

रू. भे.—सिवाळ, सींवाळ।

सिंसपौ-सं. पु. [सं. शिशपा] १ शीशम का वृक्ष।

२ अशोक वृक्ष।

सिंसार—देखो 'संसार' (रू. भे.)

उ०—राजन मैं राजा वड़ौ, इंद्र तणौ अवतार। तिण ऊपर रज नाखियै, साराहै न सिंसार।—पंचदंडी री वारता

सिंसुमा-[सं. शिशुमा] श्रीकृष्ण की रानी सुकेशी का एक नामान्तर।

सिंसुमार-सं. पु. [सं. शिशुमार] एक प्रकार का जल जंतु जिसे सूंस भी कहते हैं।

सिंहंड—देखो 'सिहंड' (रू. भे.) (ह. नां. मा.)

सिंह-सं. पु. [सं.] १ राजा। (डि. नां. मा.)

२ हवा, पवन। (ना. डि. को.)

३ सिंह, शेर, बाघ।

वि.—१ योद्धा, वीर। (डि. नां. मा.)

२ श्वेत। * (डि. को.)

३ श्याम। * (डि. को.)

४ धुंधला। * (डि. को.)

५ देखो 'सिंघ' (रू. भे.)

रू. भे.—सींह, स्यंघ।

मह.—सिंहांण।

सिंहकेतु-सं. पु. [सं.] चेदि देश का एक राजकुमार जो महाभारत में कर्ण द्वारा मारा गया था।

सिंहकेसर-सं. पु.—सिंह की गर्दन के बाल।

सिंहगुहा-सं. स्त्री.—सिंह की गुफा।

उ०—सिहगुहा पइसी कवण थाइ निःसंक, सरप खांधि घालिउ कवण थाइ निरवधान।—व. स.

सिहगोस-स. पु.—एक प्रकार का छोटा जानवर विशेष जिसकी उपमा घोड़े के कान को दी जाती है।

उ०- सिहगोस जिसा बेहूं कांन सही, पग पींड पघा सुद्रिढ पही।
—मा. वचनिका

सिहचंद्र-सं. पु. [सं.] पांचाल देश का एक राजा जो युधिष्ठिर का मित्र एवं समर्थक था।

सिहचलोनिसांणी-स. स्त्री.—निसांणी छन्द का एक भेद जिसमें 'प्रौढ़-गीत' का सिंहावलोकन किया गया हो।

वि. वि.—देखो 'प्रौढगीत'।

सिहचलो, सिहचालो-सं. पु.—डिंगल का एक गीत जिसके प्रथम चरण में १६, दूसरे में १३ तीसरे में १६ और चतुर्थ चरण में १३ मात्रा व तुकांत में रगण होता है।

सिहड—देखो सिहंड' (रू. भे.) (ह. नां. मा.)

सिहणी-सं. स्त्री.—१ आर्या या गाहा छंद का एक भेद जिसके चारों चरणों में ३ गुरु व ५१ लघु मात्रा से कुल ५७ मात्राएँ होती है।
२ सिंह या शेर की मादा।

रू. भे.—सिंही।

सिहदवार, सिहदुवार, सिहद्वार-सं. पु. [सं. सिंहद्वार] मुख्य द्वार, तोरण द्वार।

रू. भे.—सीहद्वार, सीहद्वारो।

सिहनखो—देखो 'वाघनखो'।

सिहनाद-सं. स्त्री [सं] १ सिंह की दहाड़, सिंह की गर्जना।

उ०- घ्रळिआळ गाज करंत नह, गयंद कपोळां गांन। सिहनाद मद मुकियो औ कोजे अनुमांन।—बां. दा.

२ वीरों की हुंकार।

सं. पु.—३ रावण का एक पुत्र। (रामायण)

रू. भे.—सिघनाद।

सिहनिकोलिऊ-सं. स्त्री.—एक प्रकार की तपस्या या प्रायश्चित।

उ०—मुकतावलि तपु साहू चउ थऊ ए सिहनिकोलिऊ ए। पांचमु आंबिल वरध मांनु तपु तपो ए अणुत्तरि सवि गिया ए।
—सालिभद्र सूरि

सिहफलंग-सं. पु.—डिंगल का एक गीत विशेष जिसके प्रत्येक चरण में चार भगण होते हैं।

सिहरासि, सिहरासी-सं. स्त्री. [सं. सिंहराशि] ज्योतिष में बारह राशियों के अन्तर्गत एक राशि विशेष।

सिहल, सिहलदिव, सिहलदीव, सिहलद्वीप-सं. पु.—भारत के दक्षिण में स्थित एक प्राचीन जनपद या द्वीप जो मतान्तर से आधुनिक लंका ही माना जाता है।

उ०—१ सिहलदिव-उ हार, वावर कूलनी गजवडि........।
—व. स.

उ०—२ सिहल देस में गांधरव सेन नांव रो राजा हो। गांधरवसेन री फूटरी-फररी कंवरी पदमणी रै हीरांमण नांव रो मिठू हो जिको अेकर उड गयो।—चितरांम

रू. भे.—संघल, संघलदीप, संघलद्वीप, संघलि, संघलिदीप, संघलिद्वीप, संघली, संघलीदीप, संघलीद्वीप, सिंगल, सिंगलदीप, सिंगलद्वीप, सिंघलदीप, स्यंघल, स्यंघलदीप, स्यंघलद्वीप।

सिहळी-सं पु.—शृंगाल।

उ०—सादूळउ एक अनेक सिहळी, घूमर कियइ फेरतउ घंस।
—महादेव पारवती री वेलि

सिहलोक-सं पु. सिंह समुदाय।

उ०- म्रिग मणधर की मशाल मोढंतां, सिंहलोक ओपमा किसी। अच्छर जिसूं सकत रइ आगइ, जग अचरिज जोवतां जिसी।
—महादेव पारवती री वेलि

सिहवाहणी—देखो सिंघवाहणी' (रू भे.) (डि. को.)

सिहविक्रम, सिंहविक्रमांक-सं. पु. [सं. सिंहविक्रम] घोड़ा, अश्व।
(डि. को.)

सिहविक्रांत-१ सिंह की चाल।
२ घोड़ा।

सिहसत, सिंहस्थ—देखो 'सिंगसट' (रू. भे.)

उ०—ताहरां पुरोहित अरज कीवी—मास अेक पछै सिंहसत लागसी सो महिनां तेरह रहसी तो पछै साहो करस्यां।
—पलक दरियाव री बात

सिंहसेन-सं पु.—पांडव पक्ष का एक योद्धा जिसका वध द्रोणाचार्य के हाथों से हुआ था।

सिंहांण—देखो 'सिंह' (मह; रू. भे.)

उ०—सिंहांण चढै करवी सहाय, राखजै पीठ नागांण राय।
—पा. प्र.

सिंहार—देखो 'संहार' (रू. भे) (डिं. को.)

सिंहारणी, सिंहारवौ—देखो 'संहारणी, संहारवौ' (रू. भे.)

उ०—बे कर जोडी करी बीनती, आसापुरी अवधारि। सांतल भणइ भांजि तू संकट, असुर सवे सिंहारि।—कां. दे. प्र.

सिंहारियोड़ौ—देखो 'संहारियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. सिंहारियोडी)

सिंहालय-सं. पु. यौ. [सं. सिंह+आलय] सिंह की मांद, सिंह की गुफा।

उ०—तुरकन कै आगम तदन, कर गहि ऐंचै काळ। आयै जुत्थ पै जुत्थ मनु, सिंहालय सं'गाळ।—ला. रा.

सिंहावलोकण, सिंहावलोकन-सं. पु.—१ सिंह के समान पीछे देखते हुए आगे बढ़ना।

२ एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में चार सगण होते हैं। (पिं. प्र.)

३ एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में चार चौकल सहित अन्त में सगण होता है। (र. ज. प्र.)

रू. भे.—सिंघविलोक।

सिंहासण, सिंहासन—सं. पु. [सं. सिंहासन] एक विशेष प्रकार का आसन जो राजाओं, महाराजाओं एवं बादशाहों के बैठने या देवमूर्तियों की स्थापना के लिए चौकी के आकार का बना होता है, जो बहुमूल्य रत्न, मणिकों आदि से सुशोभित होता है एवं इसके दोनों तरफ सिंह के मुख की आकृति बनी होती है।

उ०—१ आवियौ सिंहासण राज इंद्र, व्राजियौ सिंघासण क्रीत बींद।—सू. प्र.

उ०—२ देव सेज्जा सिंहासण जांणी रे, ज्योत ऊगां दह दिस भांणी रे।—जयवांणी

उ०—३ राजरिद्धि दीठी निरमली, राय तणू सिंहासन वली।—कां. दे. प्र.

२ योग के चौरासी आसनों में से एक, जिसमें वृषण के नीचे सींवनी के दांये भाग में बांये पैर की एड़ी रखना होता है। तत्पश्चात जांघ के ऊपर दोनों हाथों के पंजे की अंगुलियां फैलाकर छाती निकालकर, मुंह फाड, जिह्वा को अच्छी प्रकार से बाहर निकाल कर नासिका के अग्रभाग को देखता हुआ स्थिर होकर बैठा रहना पड़ता है। इससे शरीर में बल की वृद्धि होती है और जठराग्नि प्रदीप्त होती है।

३ काम-शास्त्र में सोलह प्रकार के रतिबंधों में से एक।

४ देखो 'सिंहासनचक्र'।

रू. भे.—संघासण, सिंगासण, सिंघासण, सींगासण, सींघासण, स्यंगासण, स्यंगासन, स्यंघासण, स्यंघासन।

सिंहासनचक्र सं पु.—मनुष्य के आकार का सत्ताइस कोठों का एक चक्र जिसमें नक्षत्रों के नाम भरे रहते हैं। (फलित ज्योतिष)

सिंहिका—सं. स्त्री.—राहु की माता जो लंका के समीप समुद्र में रहती थी। लंका जाते समय हनुमान ने इसे मारा था।

रू. भे.—सिंघका।

सिंही—१ आर्या (गाथा) छंद का एक भेद विशेष जिसमें तीन गुरु ५१ लघु से कुल ५४ अक्षर तथा ५७ मात्राएं होती हैं। (र. ज. प्र.)

२ देखो सिंहणी' (रू. भे.)

सि—सं. पु. [सं. शि.] १ शिव, महादेव। २ शिखर, चोटी।

३ सुक, तोता।

४ सुख। (एका.)

५ शुभ।

६ सौभाग्य।

७ शील।

सं. स्त्री.—८ शिखा।

९ अग्नि।

१० आशीष।

११ स्वस्थता।

१२ शान्ति।

वि.—हितैषी, शुभचिंतक।

सिआर—देखो 'स्याळ' (रू. भे.)

सिआल, सिआलक—देखो 'स्याल, स्यालक' (रू. भे.)

सिआळौ—देखो 'सियाळौ' (रू. भे.)

उ०—१ तोही तद रिणमलां रै घरै इसड़ो वडावड हुतौ। लखा-यची सिआळै जैताजी री मेलीयौ पहरता।—राव मालदेव री बात

उ०—२ ऊंनाळौ आछौ नहीं, बरसाळौ महमंत। सिआळै मत संचरौ, कांमण बरजै कंत।—अग्यात

सिउं—देखो 'स्यूं' (रू. भे.)

उ०—१ वणि रुलतां अम्ह रहइं अजीय सत्र सिउं सिउं करेसिइं। राजरिद्धि अम्ह तणी लईय जेण हिव सिउं हरेसिउं।—सालिभद्र सूरि

उ०—२ कूडउं बोलइ धरमपूतु, हथीयार छंडावइ। छेदिउं मस्तकु द्रस्टद्युमनि, क्रमु सिउं न करावइ।—सालिभद्र सूरि

उ०—३ आज जीवी कहु सिउं कीजइ। ताहरइ नयरि गौ हरि लीजइ।—सालि सूरि

उ०—४ महासती सिउं कुणि हास्य कीजइ। तु जीविवा कीचक नीर दीजइ।—सालिसूरि

सिकंजौ—सं. पु. [फा. शिकंज:] १ किसी वस्तु को कसकर दबाने का एक यंत्र विशेष।

२ जिल्दसाजी का एक छोटा यंत्र जिसमें किताब या कागजों को दबाकर किनारे काटे जाते हैं या गोलाई निकाली जाती है।

३ प्राचीन काल का एक काष्ठ का यंत्र जिसमें अपराधियों के पैर कस कर यंत्रणा दी जाती थी।

४ वह तागा जिससे जुलाहे घुमावदार बंद बनाते हैं।

५ रुई की गांठ बांधते समय दबाव देने का यंत्र, पेच।

६ ऊख, तेल आदि पेरने का कोल्हू।

सिकंदर—सं. पु. [फा.] विश्व प्रसिद्ध एक यूनानी सम्राट जो मक्दूनिया के राजा फैलकूस का बेटा था और अरस्तू का शिष्य था।

उ०—कलाकार नीतिग्य पंडित, बुद्ध सिकंदर नापड़ा। माटी रा अवतार मारा, खिड खंघेड़ै जापड़ा।—दसदेव

वि.—१ तीव्र, तेज।

२ महान्।

३ अच्छा, श्रेष्ठ।

उ०—मुसाफरां फेर इस्टदेवां री सिवरण करयौ, पण आज सित्र-रण अक्ष्यारथ लखावण लागग्यौ, फेर भी हाल तगदीर सिकंदर

हो, मर ममंदर सिंवांमी लेयर मधरी पड़ग्यो।

—एक वीनणी दो वीन

सिक—देखो 'सिग' (रू. भे.)

उ०—नांनग सरवर भरियो नीको, फुर्क लोग पीवण दे फीको। टगराजी गादी री ठोको, फेर सिकां कर दीनो फीको।—ऊ. का.

सिकटासुर—देखो 'सकटासुर' (रू. भे.)

उ०—ताड ब्रख ग्रमूल्या कांन्हड, सिकटासुर संघारया। नड कूवड नड भंजण कराव्या, ग्वड ग्वड लंबक मारया।—रुक्मणी मंगळ

सिकणौ, सिकबौ-क्रि अ.—१ रोटी आदि खाद्य पदार्थ का अंगारे या ताप पर पकना।

उ०—बापड़ै सा'ब रो कसूर यो हो नीं सोगरो व्है ई ग्रैड़ो खीरां मायं सिकयोड़ो कै सा'ब जै उण नै पलेट समझ गिया तो वणां रो घणो कसूर को हो नीं।—चितरांम

ज्यूं—रोटी सिकणी, चीणा सिकणा।

२ घी, तेल आदि डाल कर किसी पदार्थ का आंच पर भुनना।

ज्यूं—सॅतळ सिकणी, आटो सिकणो।

३ तेज धूप, आग या अत्यन्त गर्म वातावरण में गरमी पाना, तपना।

उ०—१ चमकंता डागल गोडा चिक चिकता, जंतू जळ रिकता सिकता में सिकता।—ऊ. का.

उ०—२ बिरखा री घणी ग्रोळूं आवती तो घोड़ा माथै बैठ बिना मतलब कांकड़ मैं कुदड़का मारतो। रंजी सूं भखभूर व्हैतो। तावड़ा मैं सिकतो।—फुलवाड़ी

४ तपना, गर्म होना।

उ०—सिकती सिकता सेवळै, मार ग्रनोखी मार। तेल छिड़क ताती तजण, तणिक न धरम तयार।—रैवतसिंह भाटी

सिकणहार, हारौ (हारी), सिकणियौ—वि०।

सिकिग्रोड़ौ, सिकियोड़ौ, सिकयोड़ौ—भू० का० कृ०।

सिकीजणौ, सिकीजबौ—भाव वा०।

सिकता-सं. स्त्री. [सं.] १ बालू रेत धूलि।

(ग्र. मा; डि. को; ह. नां. मा.)

उ०—१ चमकंता डागळ गोडा चिक चिकता, जंतू जळ रिकता सिकता में सिकता।—ऊ. का.

उ०—२ सिकती सिकता सेवळै, मार ग्रनोखी मार। तेल छिड़क ताती तजण, तणिक न धरम तयार।—रैवतसिंह भाटी

२ रेतीली भूमि।

सिकताव-सं. पु.—शरीर के किसी रुग्ण अंग पर गर्म वस्तु, गर्म पानी या बिजली द्वारा किया जाने वाला सेक।

उ०—लूण रा सिकताव सूं कोई बिखरतो नीं दीस्यो तो नेगड रा पांन एक लूट कर वांरो सेक करयो।—फुलवाड़ी

सिकदार-सं. पु. [फा. सिकदार] १ किसी क्षेत्र विशेष का पदाधिकारी।

वि. वि.—मुगलकाल में सिकदार, परगने के चार अधिकारियों में से एक प्रमुख अधिकारी होता था। वह परगने में सामान्य प्रशासन के लिए उत्तरदायी होता था। परगने में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने के अतिरिक्त काश्तकारों द्वारा लायी गयी मालगुजारी की रकम का भी ध्यान रखता था। खजाने के कर्मचारियों की निगरानी रखने के साथ साथ वह फौजदारी के मामले भी निपटाया करता था। किन्तु मजिस्ट्रेट के रूप में उसके अधिकार बहुत ही सीमित थे।

२ राज्य का वह प्रधान अधिकारी जिसके पास राज्य की मुद्रा या मोहर रहती हो, टकसाल का अधिकारी।

३ कोतवाल।

उ०—१ गोयंद भगवांनो फतो, अै धांधल्ल उदार। रैणायर प्रोहित रिधू, चालदास सिकदार।—रा. रू.

उ०—२ पांच पचीसुं ग्रोळीया, छठो मन सिकदार। जनहरीया सुन्य सहर का, चेतन चोकीदार।—अनुभववांणी

रू. भे.—सिकादार, सीकदार।

सिकदारी-सं. स्त्री.—१ सिकदार का पद व कार्य।

उ०—घट मैं अजपा जाप जपेसां, धरिस्यां ध्यांन सदारी। प्याला भरि भरि पीया रांमरस, घरि आई सिकदारी —अनुभववांणी

२ एक प्रकार का कर विशेष।

रू. भे.—सीकदारी।

सिकम-सं. पु. [फा. शिकम] उदर, पेट। (बां. दा. ख्यात)

सिकमी-वि —१ पेट सम्बन्धी।

२ जन्म सम्बन्धी, पैदाईशी।

३ भीतरी, आंतरिक।

सिकमीकास्तकार-सं. पु. यौ. [फा. शिकमीकाश्तकार] अन्य काश्तकार का खेत जोतने वाला कृषक।

सिकर—देखो 'सिखर' (रू. भे.)

सिकरवार-सं. पु.—क्षत्रियों की एक शाखा।

सिकरौ-सं. पु [फा. शिकरा] एक प्रकार का शिकारी पक्षी।

उ०—कुत्तो मिन्नियां नै मारतां विचार करै नी, मिन्नियां ऊंदरा नै मारतां विचार करै नीं, बाज अर सिकरा पंछियां नै मारतां विचार करै नीं।—फुलवाड़ी

रू. भे.—सकरो।

सिकल—देखो 'सकल' (रू. भे)

उ०—१ रांम सूं विमुख गेवण रसा, धूम्रवांन मुख मैं धरै। तूं देख सिकल होकै तणी, क्यूंरि अकल हांणी करै।—ऊ. का.

उ०—२ सहज चाल संगत समझ, वांणी सिकल वणाव। इता प्रकारां अवस है, गोलां तणो जणाव।—बां. दा.

सिकलात-सं. पु.—बहुमूल्य ऊनी वस्त्र की बनी बनात।

उ०—१ लाल हरी सिकलात जिलह जाळियां अजोदां। रसां कसै

रेसमां, हेम रूपी हरि हींदां ।—सू. प्र.

उ०—ज्या मभि तखत नयंद जमातां, सबज जियां ऊपरि सिकलातां ।—सू. प्र.

उ०—३ इण आणंद निंद्रा तदि आवै, अरुण झीण सिकलाति उठावै ।—सू. प्र.

सिकळी—सं. स्त्री. [अ. सैकल] धारदार हथियारों को मांजने और उन पर सान चढाने की क्रिया ।

सिकळीगर, सिकळीघर—सं. पु – १ वह व्यक्ति जो धारदार हथियार को मांजने और उन पर सान चढाने का कार्य करता है ।

उ०—१ इयनूं साथ लेय सिकळीगर और मणियार वसै जठै जावो अो मांटी होसो तो हतियार लावसी वैर हुवै तो मणिहारी वस्तुवां जोयसी आ परीक्षा छै ।—रायधण री बात

उ०—२ काया लागो काट, सिकळीघर सुधरै नहीं । निरमळ होय निराट, भेंट्यां तुझ भागीरथी ।—प्रथ्वीराज राठौड़

२ हिन्दु लुहारों का एक भेद विशेष । (मा. म.)

(मि. खेरगिया)

रू. भे.—सकळीगर, सकळीघर ।

सिकसा—देखो 'सिक्षा' (रू. भे.) (डि. को.)

सिकस्त—सं. स्त्री. [फा. शिकस्त] हार, पराजय ।

उ०—१ तठै वेढ हुई, तिण मैं पठांणां री फौज सिकस्त पाय भाज नीसरी ।—द. दा.

उ०—२ मेर मींणा नै सिकस्त देतां ही पाछै सूं प्रथ्वी री पुड़ झुकावतौ वडै वेग आयौ ।—वं. भा.

सिकादार—देखो 'सिकदार' (रू. भे.)

सिकायत—सं. स्त्री [अ. शिकायत] १ अपराधपूर्ण या अनियमित कार्यों की रोकथाम हेतु सम्बन्धित विभाग या अधिकारी के पास भेजी जाने वाली सूचना, कम्पलेण्ट, रिपोर्ट ।

उ०—राजा कांन रा काचा हुवै है । वै सिकायत री तह मैं कदे ई कोनी जावै ।—नैणसी री साको

२ उद्दण्ड, अन्याय या शरारत के विरुद्ध उठाई जाने वाली आवाज आपत्ति, असंतोष ।

उ०—कोई पण बात री हद व्हिया करै । सेवट सूरज री सिकायत प्रिंसीपल कनैं अर उण रा बाप कनै पूगी । प्रिंसीपल री तरफ सूं उणनैं ठबक मिळी अर सेठजी कांनी सूं म्हनैं कागज मिळ्यौ ।
—अमर चूंनड़ी

३ चुगली ।

उ०—आप तौ उणनैं दीवांना बणायौ है अर वौ जिण हांडी मैं खावै उणनै इज फोड़ै । मारवाड सूं नित रोज आपरी साची झूठी सिकायतां दिल्ली पूगावै ।—अमर चूंनड़ी

४ निंदा, बुराई ।

५ उपालंभ, उलाहना ।

६ शरीर में उत्पन्न होने वाली कोई बीमारी या उसका कष्ट ।

सिकार—सं. पु. [फा. शिकार] १ किसी पशु-पक्षी आदि को मारने का कार्य, आखेट ।

उ०—१ समाजोग री बात कै एक दिन उठारो राजा सिकार नै निकळ्यौ । आगूंणा भाखर री ढाळ मैं झाड़ी आयोड़ी ।
—अमरचूंनड़ी

उ०—२ लावां तीतर लार, कर हाका भागे किता । सिंघां तणी सिकार, रमणी मुसकल राजिया ।—किरपारांम

उ०—३ म्हांरो मारूड़ो रमै छै सिकार ।—रसीलै राज री गीत

पर्याय.—आखेट, आछोटण, पापकरण, म्रगया ।

क्रि. प्र.—आणी, करणी, खेलणी, फंसणी, रमणी, होणी ।

२ उक्त प्रकार से मारा हुआ जानवर या पक्षी ।

३ मांसाहार ।

मुहा.—सिकार व्हेणी=अधिकार में होना, प्रेम में फंसना ।

रू. भे.—सकार ।

सिकारखांनौ—सं. पु.—देशी राज्यों का वह विभाग जो शिकार किये जाने वाले जानवरों की रक्षा एवं देख-भाल का कार्य करता था ।

सिकारगाह—सं. स्त्री.—वह स्थान जहाँ शिकार किया या खेला जाता है ।

सिकारणौ, सिकारबौ—क्रि. स.—स्वीकार करना । (हूँडी)

सिकारपुरी—सं. पु.—१ घोड़ों की एक जाति विशेष ।

२ इस जाति या नस्ल का घोड़ा ।

सिकारबंद—सं. पु. [फा. शिकारबंद] घोड़े की दुम के पास चारजामें के पीछे शिकार लटकाने या आवश्यक सामान बांधने के लिए लगाया जाने वाला तस्मा ।

सिकारियोड़ौ—भू. का. कृ.—स्वीकारा हुआ ।

(स्त्री. सिकारियोड़ी)

सिकारी—वि. [फा. शिकारी] शिकार करने वाला, आहेरी, आखेटक ।

उ०—एक दो सिकारी कुत्ता हिम्मत करनैं झाड़ी रै मांयनै घुसिया तौ घुमतां पांण डाकी वांनैं कागद रै ज्यूं चरड़ करता चीर नै थूंड सूं वारै उछाळ दिया ।—अमर चूंनड़ी

उ०—२ नाहर 'करन' तणो नर नाहर, अवनां गजां सिकारी जाहर ।—रा. रू.

सं. पु.—१ वधिक, बहेलिया ।

२ शिकार करने वाला व्यक्ति ।

सं. स्त्री.—३ एक प्रकार की तलवार विशेष ।

रू. भे.—सकारी ।

सिकाल—सं. पु.—एक प्रकार का अशुभ घोड़ा जिसका अगला दाहिना तथा पिछला बांया पैर सफेद होता है ।

सिकियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ अंगारे या ताप पर पका हुआ । (रोटी-बना) २ घी, तेल आदि डाल कर भुना हुआ. ३. तेज धूप या

आग में तपाया हुवा, तपा हुआ. ४ तपा हुआ, गर्म हुवा हुआ।

(स्त्री सिकियोड़ी)

सिकिरि—देखो 'सिगर' (रू. भे.)

उ०—चमर चिंध सिकिरि झमालु, गयणंगणु छायउ। सिविदिवि नंदणु दंसणत्थु दस दिसि जणु धायउ।—जयसिंह सूरि

सिकुड़ण—सं. स्त्री.—१ संकोच, आकुंचन।

२ खिन्न-चित्त या उदास होने की क्रिया या भाव।

३ कम होने या घटने की क्रिया या भाव, संकुचन।

४ सिकन, सिलवट।

५ एकत्रीकरण।

रू. भे.—संकुड़ण।

सिकुड़णौ, सिकुड़बौ—क्रि. अ.—१ संकुचित होना, तंग होना, छोटा होना।

२ कम होना, घटना।

३ संकोचयुक्त होना, शर्माना।

४ खिन्न-चित्त या उदास होना।

५ सिकन पड़ना, सिलवट पड़ना।

६ एकत्र होना।

७ सिमटना।

सिकुड़णहार, हारौ (हारी), सिकुड़णियौ—वि०।

सिकुड़िओड़ौ, सिकुड़ियोड़ौ, सिकुड़्योड़ौ—भू० का० कृ०।

सिकुड़ीजणौ, सिकुड़ीजबौ—भाव वा०।

संकुड़णौ, संकुड़बौ, संकुडणौ, संकुडबौ, सुकड़णौ सुकड़बौ, सुकुड़णौ, सुकुड़बौ—रू० भे०।

सिकुड़ियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ संकुचित हुवा हुआ, तंग हुवा हुआ. २ कम हुवा हुआ, घटा हुआ. ३ संकुचित या शर्माया हुआ. ४ खिन्न या उदास. ५ सिकन या सिलवट पड़ा हुआ. ६ एकत्र हुवा हुआ. ७ सिमटा हुआ।

(स्त्री. सिकुड़ियोड़ी)

सिकोड़णौ, सिकोड़बौ—क्रि. स.—१ संकुचित करना, तंग करना, छोटा करना।

२ कम करना, घटाना।

३ संकोच कराना, शर्म कराना।

४ खिन्न या उदास करना।

५ सिकन या सिलवट पटकना।

६ एकत्र करना।

७ समेटना।

सिकोड़णहार, हारौ (हारी), सिकोड़णियौ—वि०।

सिकोड़िओड़ौ, सिकोड़ियोड़ौ, सिकोड़्योड़ौ—भू० का० कृ०।

सिकोड़ीजणौ, सिकोड़ीजबौ—कर्म वा०।

सिकोड़ियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ संकुचित किया हुआ, तंग किया हुआ, छोटा किया हुआ. २ कम किया हुआ, घटाया हुआ. ३ संकोच कराया हुआ. ४ खिन्न या उदास किया हुआ. ५ सिकन या सिलवट पटका हुआ. ६ एकत्र किया हुआ. ७ समेटा हुआ।

(स्त्री. सिकोड़ियोड़ी)

सिकोतरी—सं. स्त्री.—१ पिशाचिनी, चुड़ैल।

उ०—सूर वीरां रा काळजा वास्तै डाकणी सिकोतरी आवै छै। जिकै राजहंस हुवै हुवै रिझावै छै।—पत्नां

२ दूती।

३ दुर्गा का एक नामान्तर।

उ०—जिकै ठौड़ सूं कूदियौ हुंतौ, तिकण ठोड रौ नांम पाखंड कहीजै छै। पछै गयौ। पछै महीपै नूं सिकोतरी रौ वर हुवौ।

—नैणसी

सिकोरौ—सं. पु.—मिट्टी का बना कटोरानुमा पात्र विशेष।

उ०—पंछी जळ पय पियै, ठींगळां ठंडी कोरां। वासै वाड़ी विकै, दूध अर साग सिकोरां।—दसदेव

सिको—सं. पु.—[अ. सक्का] १ मशक से पानी भरने का व्यवसाय करने वाला मुसलमान, भिश्ती।

उ०—१ तरै गुढा रा लोग महाजन, छोकरी, हीडागर, घांची, मोची, सिको महेस जी सं गिलो करै जै बीजो साथ रावजी रा तो घांची हीडागर कस करै।—राव चंद्रसेन री वात

उ०—२ हमें मूळवौ रोजीनां पांणी पावै सिको हुय, रोज रो काढण रो इलाज करै पण दाव लागै नहीं।

—मूळवै सांगावत री वात

२ देखो 'पक्को' (रू. भे.)

उ०—एक सिको इक साल को, घड़ीयो एकण घाट। हूरीया कहि छै पारखु, जैसो पेट'र याट।—अनुभववांणी

३ देखो 'सको' (रू. भे.)

उ०—सुर जेठ अनै संकर सिको, अहि अमर मांनव डरा। परमेस निभो थारी पहुंचि, परा परा सिगळां परा।—पी. ग्रं.

सिक्कावबात—सं. स्त्री.—राजाओं द्वारा महत्वपूर्ण पट्टों, परवानों आदि पर लगाई जाने वाली मुहर, मुद्रा।

सिक्को—सं. पु. [अ. सिक्कः] १ निर्दिष्ट मूल्य की कोई धातु मुद्रा जो वस्तुओं के क्रय-विक्रय या लेन देन में विनिमय के साधन के रूप में काम आती हो।

२ किसी व्यक्ति का रौब या प्रभाव।

मुहा.—सिक्को जमणौ=प्रभाव जमना, असर होना, रौब पड़ना।

३ मुहर, छाप।

५ देखो 'सिकौ' (रू. भे.)

सुकजाणहार, हारौ (हारी), सुकजाणियौ - वि०।

सुकजायोड़ौ – भू०का०कृ०।

सुकजाईजणौ, सुकजाईजबौ —भाव वा०।

सुकजायोड़ौ देखो 'संकुचियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री सुकजायोड़ी)

सुकटि—वि.स्त्री [सं.] जिसकी कमर सुन्दर हो, अच्छी कमर वाली।

सं.स्त्री १ अच्छी कमर, सुन्दर कमर।

२ सुन्दर कमर वाली स्त्री।

सुकतज, सुकतिज – देखो 'सुक्तिज' (रू.भे.) (अ मा; डि.को.)

सुकतंड, सुकतुंड–सं.पु. [सं. शुकतुंड] १ तोते की चोंच।

२ तांत्रिक पूजन में बनाई जाने वाली हाथ की एक मुद्रा विशेप।

वि.–तोते की चोंच के समान सुन्दर नाक वाला।

सुकथ, सुकथन–सं.पु. [सं. सुकथन] १ गुण-कथन, कीर्तिगान।

२ कीर्ति, यश।

उ०—धना हाथ कमंधजां महाभडां सूरधीरां, किया पाथ जेम हुइ भारथा कहाय। सुकथां रहावै इळा चौकूंठ रा सूरां साह, रंभ सथा रथै बैठा दुनै मारु-राव।—चतुरी खिड़ियौ

३ अच्छी बात या चर्चा।

४ कहने का सुन्दर तरीका, ढग या प्रणाली।

सुकथा—सं.स्त्री. १ अच्छी बात, चर्चा या प्रसंग।

२ कोई प्रेरणाप्रद कथानक।

सुकदायक—देखो 'सुखदायक' (रू.भे.)

उ०—मोरां मेह मछां जळ मानै, करै नहीं विहंगा वछ कानै। 'साता' ज्यां सुरज सकवांनै, सुकदायक आदू सकव्यां नै।

—भभूतसिहजी रौ गीत

सुकदेव–सं.पु.–पुराणों के भारी वक्ता एवं ज्ञानी एक मुनि जो कृष्ण द्वैपायन व्यास के पुत्र थे।

उ०—१ अहो निस कागभुसुंड आराध, पढै तौ नांम सदा प्रहळाद। जपै सुकदेव जिसा जोगेस, आदेस आदेस आदेस आदेस।

—ह.र.

उ०—२ सुकदेव व्यास जैदेव सारिखा, सुकवि अनेक तै एक संथ। श्री दरबार पहिलौ कीजै तिणि, गूंथियै जेणि सिगार ग्रंथ।

—वेलि

रू.भे.–सुकदे सुगदेव।

सुकन—वि. [सं. सु+कर्ण] जिसके कान सुन्दर हो।

सं.पु.–१ अच्छे कान।

२ देखो 'सुगन' (रू.भे.)

उ०—१ सूर न पूछै टीपणौ, सुकन न देखै सूर। मरणा नूं मंगळ गिणै, समर चढै मुख नूर।—वां.दा.

उ०—२ राजि उठा हुंती भलै मुहूरत खड़िया छै, पातिसाहजी सूं घणौ सुख हुयौ छै, भला सुकन हुया छै, राजि न पधारै। ताहरां मुंहतै रै पालियै राजि पगै लागण न पधारिया।—द.वि.

सुकनभेंट—देखो 'सुकुनभेंट' (रू.भे.)

सुकनाई—देखो 'सुगन' (रू.भे.)

उ०—आगम काग उडाय, सदा लेती सुकनाई। रुकम चंच पर रजत, बोल वरदाती बाई। आगम काग उडाय, नित तुम वाट निहारी। वर 'जीवा' वासतै, राधै जिम कुंज विहारी।

—अरजुणजी बारहठ

सुकनाधिप, सुकनाधिपत, सुकनाधिपति, सुकनाधिपती–सं.पु. [सं. शकुनः+अधिपति] पक्षिराज गरुड़।

उ०—वाळमीक पुळिंद रिखी वाणौ, कीधौ गुरु सुकनाधिप काणौ। भख अेंठित बोर करां कर भीलण, अेम घणां पद अप्पिया।

— र.ज.प्र.

सुकनासी - वि. [सं. शुक+नासिका] तोते की चोंच तुल्य नाक वाला, सुन्दर नाक वाला।

सं.पु.–तोते की चोंच तुल्य नाक।

सुकन्नी सं.स्त्री. [सं. सुकन्या] १ पुत्री, कन्या।

उ०—नीराजन मुख विधि नियम, साधि लगन पळ साच। कन्ह कंवरि लाल सुकनी, आपी 'खेतळ' आच।—वं.भा

२ देखो 'सकुनि' (रू.भे.) (अ.मा.)

३ देखो 'सुगनी' (रू.भे.)

सुकन्या—सं.स्त्री. [सं.] १ च्यवन ऋषि की पत्नी और शर्याति राजा की कन्या।

२ अच्छी कन्या, शुभ गुणों वाली कन्या।

सुकपिच्छक—सं.पु. [सं. शुकपिच्छकः] गन्धक। (डि.को.)

सुकप्रिय, सुकप्रिया—सं.स्त्री. [सं. शुकप्रिय] अनार, दाड़म। (अ.मा.)

सुकमळाकारी—सं.पु.–एक प्रकार का शुभ लक्षणों वाला घोड़ा। (शा.हो.)

सुकमार—देखो 'सुकुमार' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

उ०—भांमणि रा सुकमार भुज, साहब गळै सुहाय। जाण नाळ जळजात रा, कांम पताका काय।—वां.दा.

सुकमारता—देखो 'सुकुमारता' (रू.भे.)

उ०—अधर प्रवाळ सरीखा वणिया, दंत जांणै हीरां री कणियां। बांह जिकै तौ चंपा री डाळ, हात पग री सुकमारता जांणै कमळनाळ।—र. हमीर

सुकमाळ, सुकमाल—देखो 'सुकोमळ' (रू.भे.)

उ०—१ चंदवदण, अगलोयणी, भीसुर ससदळ भाळ। नासिका दीप-सिखा जिसी, केळ गरभ **सुकमाळ**।—ढो.मा.

उ०—२ कोईक कांमण मुख सूं इम कहै रे, दीसै नान्हड़ियौ **सुकमाल** रे। कुटुंब कबीलो किण विध छोडियौ रे, किण विध तोड़्यौ माया जाल रे।—जयवांणी

उ०—३ सोवन भारी जल भरी रे लाल, कनक कचोला थाल। लै आवै भावै घणै रे लाल, कांमणि अति **सुकमाल**। —प.च.चौ.

उ०—४ धनख ज्यूं ही भुंहरां री खंच, नासिका जि सूवा री ही चंच। अधर प्रवाली जिसा वणियां, दांत जांणै हीरां री कणियां। वांह तौ चंपा री डाल हाथ पग जिकै कमळ सूं ही **सुकमाल**।

—र. हमीर

सुकमाळी, सुकमाली—देखो 'सुकोमळ' (रू.भे.)

उ०—ए मदिर मालिया रे, ए **सुकमाली** सेज रे। कुंकुम वरणी मां सुंदरी रे, मति मूकौ अवला सूं हेज रे।—जयवांणी

सुकमुख—वि. [सं. शुक+मुखं] १ जिसका तोते के समान मुख हो।

२ टेढ़ा, कुटिल।* (डि.को.)

सं.पु.—तोते का मुख।

सुकर—सं.पु.—१ वरछी, भाला। (ना.डि.को.)

२ हाथ, कर। (डि.को.)

उ०—१ **सुकरै** गिर साहै सीस संवाहै. राखि व्रजं ब्रजराज। सुरलोकि सराहै मौ मन माहै, ताइ प्रभू सिरताज।—पि.प्र.

उ०—२ आकुळत व्याकुळत चलत नह आंवणौ, पीव किण भांत आरांम पांमै। **सुकर** दै सकरचा नैण मूंदै सची, नागणी नाग सिर घडा नांमै।—महारांणा राजसिंहजी रौ गीत

उ०—३ इळा नभ भाळ पाताळ खप उपावण, कंपावण काळ विकराळ कै केवी। **सुकर** प्रतमाळ किरमाळ जुग सम्हणी, दिपै डाढाळ घटियाळ देवी।—खेतसी वारहठ

उ०—४ काळ गिरद अथहां कळोधर, प्रतपाळा बंधन महाराज। सुरियंद भूप 'अमर' निज **सुकरां**, भांजै कुरंद विया भाराथ।

—महारांणा अमरसिंहजी री गीत

वि.—१ सहज, सरल।

२ सहज साध्य।

३ देखो 'सुक्र' (रू.भे.)

उ०—१ आराधी ईसरि मंदै महेसरि, पैठिसै कीरति परमेसर। जंप सै जोगेसर **सुकर** सैनीछर, सस रुसेसर नै ससिहर।—पी.ग्रं.

उ०—२ वळि राजा छत्रिया वहनांमी, निविळै सै दोइ विख नाखि। एक कीयै तै इंदरै ऊपर, एक **सुकर** री काढी आंखि।

—पी.ग्रं.

उ०—३ **सुकर** छाई वादळी, रही सनेसर छाय। डंक कहै भडळी वा, वरस्यां विना न जाय। दीवा वीती पंचमी, सोम **सुकर** गुरु मूळ। डंक कहै है भडळी, निपजै सातू तूळ। सोमां **सुकरां** सुर गुरां, जै चंदौ ऊगंत। डंक कहै है भडळी, जळ थळ एक करंत।

—वर्षा विज्ञान

४ देखो 'सूवर' (रू.भे.)

रू.भे.—सुकरि।

सुकरणी—सं.पु. [सं. सु—कर्मन्] अच्छे कर्म, अच्छे कार्य, शुभ कार्य।

उ०—करौ कथ केवळी, करौ सत सील **सुकरणी**। करौ जीभ जीकार, करौ उदिया घट करणी।—सुरजनदास पूनियौ

सुकरत—देखो 'सुक्रत' (रू.भे.)

उ०—१ अवनी मैं जिकै भलाई आया, करै सदा **सुकरत** रा कांम। दांन सदा वित साह देवै, नित रसणा लेवै हरिनांम।

—र.ह.

उ०—२ निसचर! पाप कियां जै सुख हुवै, रावण! **सुकरत** करै न कोय। अभिमांनी कुमती रे, निसचर कुमती, म्हारा प्रांणा रा प्रीतम सूं, म्हारा सुखड़ा रा सागर सूं विछवौ थैं कीयौ।

—गी.रां.

उ०—३ नित जप जप जगनायक, वायक सत कहण सुजस कमळावर। **सुकरत** करण सदीवत, सोहत श्री करत सत पुरस।

—र.ज.प्र.

सुकरतळ—सं.पु.—छप्पय छन्द का ४५वां भेद जिसमें २६ गुरु, १०० लघु से १२६ वर्ण या १५२ मात्राएँ होती हैं। (र.ज.प्र.)

सुकरति, सुकरती—देखो 'सुक्रत' (रू.भे.)

उ०—धीरम, धरिया ही रह्या, का पुरसां का माल। **सुकरति** सोदा कर गया, जै साई का लाल।—अग्यात

सुकरम—सं.पु. [सं. सुकर्मन्] अच्छा कार्य, सत्कर्म।

सुकरमा—सं.पु. [सं.वि. सुकर्मिन्] १ अच्छा कार्य करने वाला, पुण्य-कार्यकर्त्ता व्यक्ति।

२ विषकभ आदि सत्ताईस योगों में से सातवां योग। (ज्योतिष)

३ विश्वकर्मा।

४ विश्वामित्र।

सुकरमी—वि. [सं. सुकर्मी या सुकर्मिन्] १ अच्छा कार्य करने वाला।

२ पुण्यवंत कार्य करने वाला, पुण्यात्मा।

३ सदाचार का पालन करने वाला, सदाचारी।

रू.भे.—सुक्रमी।

सुकरवार—देखो 'सुक्र' (रू.भे.)

सुकरांणौ—सं.पु.—१ किसी कार्य के सम्पन्न होने पर कार्य-सम्पादन में सहायकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के शब्द।

२ उक्त कृतज्ञता या धन्यवाद के रूप में दिया जाने वाला धन।

३ राजाओं या जागीरदारों द्वारा लिया जाने वाला एक प्रकार का कर विशेष।

वि.वि.—यह कर आवादी की भूमि का पट्टा (अधिकार-पत्र) करने

पर राजा या जागीरदार द्वारा भूमि-क्रेता से वसूल किया जाता था, जो प्रायः विक्रय-मूल्य के दसवे भाग के बराबर होता था।

रू.भे.—सरगाणी।

सुकराचारि, सुकराचारिय, सुकराचारी, सुकराचारज—देखो 'सुक्राचारज' (रू.भे.)

सुकरि—क्रि.वि.—१ शीघ्र, जल्दी।

२ देखो 'सुकर' (रू.भे.)

सुकरियप्रसट—सं.पु.—सूर्य, भानु (अ.मा.)

सुकरिया—देखो 'सुक्रिया' (रू.भे.)

सुकलंबर, सुकलंबरा—देखो 'सुक्लांबर' (रू.भे.)

सुकळ, सुकल—वि. [सं. सुकल] १ अपने धन का सद्व्यय करने वाला।

२ कोमल, मधुर एवं अस्फुट स्वर करने वाला।

[सं. शुक्ल] ३ साफ, स्वच्छ, उज्ज्वल। (अ.मा; नां.मा.)

उ०—बोलति मुहुरमुह विरह गमै बै, तिमी सुकळ निमि सरद तणी। हमणी नै न पामै देखै हंस, हंस न देखै हंसणी।

—वेलि

४ श्वेत, सफेद, धवल। (डिं.को; ह.नां.मा.)

५ चमकीला, चमकयुक्त।

६ सत्व गुणों से सम्बन्धित, सात्विक।

७ दोषरहित, निर्दोष।

८ शुभ, लाभकर।

९ पवित्र, उत्तम।

उ०—अनंत सकति कउ निवास, अनंत मुक्ति सुख विलास। अनंत वीरज अनत धीरज, अनंत सुकल ध्यांन री।

—म.कु.

१० प्रकाशमान, प्रकाशयुक्त।

स.पु.—१ ब्राह्मणों की एक पदवी।

२ देखो 'सुकळपख' (रू.भे.)

उ०—चिन्है पख क्रम्मा सुकल निधांन, चिन्है वपु अंग सुदक्षिण वांम। ब्रह्मा दक्षण अग वदीत, निपायौ दक्ष प्रजापति मीत।

—रा. वंसावळी

३ घोड़े के तालु कण्ठ में होने वाली भंवरी (चक्र) जो कि अति शुभ व कीर्ति प्रदीपनी मानी गई है। (शा.हो.)

रू.भे.—सुक्र।

सुकळपंग, सुकळपांग—देखो 'सुक्लांग' (रू.भे.) (नां.मा.)

सुकळपक्ष, सुकळपख, सुकळपख्य—सं.पु. [सं. शुक्ल पक्ष] प्रत्येक पक्ष का उत्तरार्द्ध भाग, सुद पक्ष, इसमें प्रतिपदा से पूर्णिमा तक का समय होता है। एवं चन्द्रमा की कलायें प्रतिदिन बढ़ती रहती है।

उ०—माह मास ऋतमांन, अरक बैठो उत्तराइण। सुकलपख्य तिथि सिसिर, महासुभ जोग सिरोमणि।—रा.रू.

रू.भे.—सुकळ, सुक्ल, सुक्लपक्ष, सुक्लपख।

सुकळांग, सुकलांग—वि. [सं. शुक्ल+अंग] १ गौर वर्ण।

उ०—निकाळण वंक जरमन तणौ नीह थी, बवर अणसंक पतसाहचे बैल। अपत सुकलांग कोमंड सर नीछटण, उवह पत लंदन तै रूप ऊभेल।—किसोरदांन बारहठ

२ देखो 'सुक्लांग' (रू.भे.)

सुकळांवर, सुकळांबरा, सुकळा अंबर—देखो 'सुक्लांबर' (रू.भे.)

उ०—वीणाप सक्त हात वीसाळो, सुकळा अंबर आणंद सीदी। मुकतागळ जयै उजळ माळौ, सारद तुज नीमांमी नमस्तै।

—रांमदांन लाळस

सुकळापंग, सुकळापांग देखो 'सुक्लांग' (रू.भे.) (अ.मा; नां.मा.)

सुकळी—सं.स्त्री. [सं. शकुलिन्] मछी, मछली। (अ.मा.)

सुकळीण, सुकलीण, सुकळीणौ, सुकलीणौ, सुकलीन—देखो 'सुकुलीण' (रू.भे.)

उ०—१ जै सुकलीण साहसी, सुवां न मूकै मांण। सगतक उपराठौ हुग्री, तणौ विसंलहू आंण।—बां.दा. ख्यात

उ०—२ प्रसणां घर धुसतै 'पतावत', सवळ बरद लीधा सुकळीण। 'जोधा' रहै वगतरां जड़िया, जड़ीया रहै व्रहासां जीण।

—माधोसींघ री गीत

उ०—३ अणदीधौ लीजै नणौ, तौ ही अदत्तादांन रे। एम विचारी परि हरै सुकलीणौ कुमर सुजांण रे।—वि.कु.

उ०—४ धन दिहाड़ौ धन घड़ी, धन मुहरत धन वार। सुकळीणी सुंदर तणी, सायव पूछी सार।—अग्यात

उ०—५ मोल सणगार सभि करी, सुकलीणी सुविलासौ रे। जांणै भळकी वीजली, आवी प्रीउ नै पासौ रे।—प.च.चौ.

(स्त्री. सुकळीणी, सुकलीणी, सुकलिनी)

सुकळीपांग—देखो 'सुक्लांग' (रू.भे.)

सुकळौ, सुकलौ—देखो 'सुकुळीण'।

उ०—पांहण कुं पूजै दुनी, करि करि कुळ का देव। हरिया सुकळा छाडिकै, करि निकुला की सेव।—अनुभववांणी

सुकव—देखो 'सुकवि' (रू.भे.) (अ.मा.)

उ०—मथांण्यौ भाग धिन क्रपा फुरमावियौ, तोर वाधवियौ सुकव ताई। मांम्हळै वीनती धावियो सुरांणी, बैठ रथ आविया उठै वाई।—खेतसी बारहठ

सुकवाह, सुकवाहण, सुकवाहन—स.पु. [स. शुकवाहन] तोते पर सवारी करने वाला, कामदेव।

सुकवि, सुकवी सं.पु. [सं. सुकवि] १ उत्तम काव्यकर्त्ता, अच्छा कवि। (डिं.को.)

२ चारण।

उ० १ केईथोक निहीं नन पार कोड, मरव भ्रात माची मिहीं। किमि करि प्रणांम कीजै सुकवि, नरहर रै इतरी निहीं।—पी.ग्रं.

उ०—२ मारूधर देस रै मांही, सुकव्यां सुड़द बसाई। रतनू साख

लाख रंग लागै, कुळ मैं कसर न काई।—मे.म.

उ०—३ अविनासी अविकार असीमा, सुभ गुण दियण अनुग्रह सीमा। पूरण उरस पुरांण प्रमेसर, सुकवि सधार वार अग्रेस्वर।

—रा.रू.

३ पण्डित। (ह.नां.मा)

रू.भे.—सकव, सकवि, सकवी, सुकव।

सुकसार—सं.स्त्री.—मछी, मछली। (अ.मा.)

सुकसारकाप्रलापण, सुकसारिकाप्रलापण, सुकसारिकाप्रलापन—सं.पु. [सं. शुक सारिका प्रलापनः] १ तोता-मैना को पढ़ाने की क्रिया।

२ स्त्रियों की ६४ कलाओं में से एक।

सुकाज—सं.पु. [सं. सुकार्य] १ भलाई, उपकार।

उ०—१ मासी कह्यौ—थूं म्हनै अैड़ी अबूझ जांणै है कांई। किंणी दूजा रै भरोसै म्हैं थनै आ सीख नीं दी। म्हनै सपना मैं ई औ पतियारौ नीं हौ कै म्हारौ धन **सुकाज** सारू वरतीजैला।

—फुलवाड़ी

२ यश, कीर्ति। (अ.मा.)

३ अच्छा कार्य।

क्रि.वि.—लिए, हेतु।

उ०—महा दिय मांन करि गुह मीत, तारै सह कीर कुटुम्ब सहीत। करै कपि मित्र सुग्रीव **सुकाज**, रहच्चै वाळि दियौ कपि राज।

—ह.र.

रू.भे.—सुकारज।

सुकाणौ, सुकावौ देखो 'सुखाणौ, सुखावौ' (रू.भे.)

उ०—भीना चीर **सुकायवा**, रईय गुफा मैं राजुल रंग कि। रहनै मैं काउसंग रह्यौ, अवलोकी कह्यौ सुंदर अंग कि।—ध.व.ग्रं.

सुकाणहार, हारौ (हारी), सुकाणियौ—वि०।

सुकायोड़ौ—भू०का०कृ०।

सुकाईजणौ, सुकाईजबौ—कर्म वा०।

सुकात—वि.—नष्ट होने वाला, नश्वर।

उ०—काळ हैं कराळ औ कराळ भाभरचौं, दूसरै मरै विहाल हूं ढरचौं। यादि तैं **सुकात** गात जात जी जरचौं, पाहि मां अचाहि आहि आपनां मरचौं।—ऊ.का.

सुकातज, सुकातिज—सं.पु. [सं. शुक्तिज] मोती।

सुकाय—वि.—१ बड़े आकार का, दीर्घकाय।

२ सुन्दर व श्रेष्ठ शरीर वाला।

३ दृढ़, मज़बूत, सशक्त।

उ०—नमौ प्रहळाद उवारण प्रम्म, नमौ अग कासव मारण भ्रम्म। नमौ कमठाधर रूप **सुकाय**, नमौ मंदराचळ पीठ भ्रमाय।

—ह.र.

सुकायोड़ौ—देखो 'सुखायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री. सुकायोड़ी)

सुकारज—देखो 'सुकाज' (रू.भे.)

सुकारथ—देखो 'सुक्यारथ' (रू.भे.)

सुकारथौ—देखो 'सुक्यारथौ' (रू.भे.)

(स्त्री. सुकारथी)

सुकाळ, सुकाल—सं.पु. [सं. सुकाल] १ दुष्काल का उलटा, सुभिक्ष।

उ०—अभै नद त्रास न आस निरास, वस्यौ हरिरांम अभै पद वास। दुरासद मारन त्रास दुकाळ, सुधा झड़ि बारह मास **सुकाळ**।

—ऊ.का.

२ वह समय जो अन्न आदि की उपज की दृष्टि से उत्तम व अनुकूल हो।

उ०—पोकरण **सुकाळ** हुवै नै सखरी नीपजै तौ रुपिया १५०००) ऊपजै नै पातसाही तरफ मुनसब मैं दांम लाख ८००००००) में छै। तिण रा रुपिया २०००० हुवै।—मारवाड़ री ख्यात

३ प्रचुरता, बहुतायत।

रू.भे.—सक्काळ, सुगाळ।

सुकावणौ, सुकावबौ—देखो 'सुखाणौ, सुखावौ' (रू.भे.)

सुकावहार, हारौ (हारी), सुकावणियौ—वि०।

सुकाविप्रोड़ौ, सकावियोड़ौ सुकाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

सुकावीजणौ सुकावीजबौ—कर्म वा०।

सुकावियोड़ौ—देखो 'सुखायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री. सुकावियोड़ी)

सुकित्ति—देखो 'सुकीरति' (रू.भे.)

उ०—गुमांन मोड़ि हत्थ जोड़ि देव कोड़ि वग्ग ए, अनूप भूप चूंप धारि आइ पाइ लग्ग ए। पहू बहू **सुकित्ति** नित्त सव्व सोभ लायकं, प्रगट्ट देव नित्त मेव सेव पास नायकं।—ध.व.ग्रं.

सुकिय—देखो 'स्वकीय' (रू.भे.) (डिं.को.)

सुकिया—देखो 'स्वकीया' (रू.भे.) (डिं.को.)

उ०—१ **सुकिया** मिळ जूथ अनेक करै सुख, रवि नांम नरंद सुरच्छंद तणी रुख। चत्र जांम वितीत उदोत जगाचख, सझि रीझ विदा किय तीस छहै सख।—सू.प्र.

उ०—२ सझि बत्तीस नव सात, मिळै **सुकिया** जुथ मेळा। वांणी कोकिळ विमळ, चवै चंदवदन सचेळा।—सू.प्र.

उ०—३ **सुकिया** समूंह मिळ नेह सुख, व्रत गायन आणंद मैं। सुरराज जेम नरराज सुख, 'अभमाल' राजस इंद मैं।

—सू.प्र.

उ०—४ वाजंत्र वजत विसाळ, रस रागरग रसाळ। मिळ भूळ **सुकिया** वांम, क्रत रूप रति जिम कांम।—सू.प्र.

सुकियाग्ररथ, सुकियारथ, सुकियारथौ—देखो 'सुक्यारथ' (रू.भे.)

उ०—१ जिण दिन रघुवर जंपै, **सुकियाग्ररथ** दिवस सोय नर संभळ। दखै न राघव जिण दिन, जांणै सोय आळजंजाळ।

—र

उ०—२ ... जनम सुकियारथउ रै, भेट्यां नीजिनराय। प्रभु ... ... न थाय।—वि.कु.

उ०—३ ... ... कामिज मिध, परमगुरु चा ग्रहिया ...। ... ... मिळि, जनम सुकियारथ हूत्रौ जगि।
—महादेव पारवती री वेलि

उ०—४ ... ... भुंग उपरि भुवियां घणां। सुकियारथा ..., ... देवजी।—वील्होजी

उ०—५ ... गयो सुकियारथो, उणि सुंदरि अरथाय। सीस ... ..., सीत महे सिर जाय।—मेहोजी गोदारो

(स्त्री. सुकियारथी)

सुकिरत, सुकिरति सुकिरित सुकिरिति—देखो 'सकीरति' (रू.भे.)

उ०—... होवें तो सुकिरिति करिया, जरणा रैं वातां सहि ...। ... ... ममता थी ..., श्रीकम सां कितराई तरिया।
—पी.ग्रं.

सुकीय—देखो 'स्वकीय' (रू.भे.)

सुकीया—देखो 'स्वकीया' (रू.भे.)

उ०—... ... सुकीया सुंदरीया, चँवँ कवर परगह सुचोख। ... ... नर अवरां, दीठा तियां वळागो दोख।
—तेजसी खिड़ियो

सुकीरत, सुकीरति, सुकीरती—स.स्त्री. [स. सुकीर्त्ति] १ सुयश, यश, कीर्त्ति।

२ तारीफ़, बड़ाई, सराहना।

उ०—सुकीरती समाज रे, प्रसिद्ध ... पाज रे। जनां निवाह लाज रे, रहै अधार राज रे।—र.ज.प्र.

रू.भे.—सुकित्ति, सुकिरत, सुकिरति, सुकिरित, सुकिरिति।

सुकुंडल—सं.पु. [स.] धृतराष्ट्र के सौ पुत्रों में से एक पुत्र।

सुकुड़णो, सुकुड़बो—देखो 'सिकुड़णो, सिकुड़बो' (रू.भे.)

सुकुड़णहार, हारो (हारी), सुकुड़णियो—वि०।

सुकुड़िओड़ो, सुकुड़ियोड़ो सुकुड़्योड़ो—भू०का०कृ०।

सुकुड़ीजणो, सुकुड़ीजबो—भाव वा०।

सुकुड़ाणो, सुकुड़ाबो—देखो 'सिकुड़णो, सिकुड़बो' (रू.भे.)

सुकुड़ाणहार, हारो (हारी), सुकुड़ाणियो—वि०।

सुकुड़ायोड़ो—भू०का०कृ०।

सुकुड़ाईजणो, सुकुड़ाईजबो—भाव वा०।

सुकुड़ायोड़ो—देखो 'सिकुड़ियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री. सुकुड़ायोड़ी)

सुकुड़ावणो, सुकुड़ावबो—देखो 'सिकुड़णो, सिकुड़बो' (रू.भे.)

सुकुड़ावणहार, हारो (हारी), सुकुड़ावणियो—वि०।

सुकुड़ाविओड़ो, सुकुड़ावियोड़ो, सुकुड़ाव्योड़ो—भू०का०कृ०।

सुकुड़ावीजणो, सुकुड़ावीजबो—भाव वा०।

सुकुड़ावियोड़ो—देखो 'सिकुड़ियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री. सुकुड़ावियोड़ी)

सुकुड़ियोड़ो—देखो 'सिकुड़ियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री. सुकुड़ियोड़ी)

सुकुति—देखो 'सुक्ति' (रू.भे.)

सुकुनभेंट—सं.पु.—१ एक प्रकार का सरकारी कर विशेष जो अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शुभ शकुनों के रूप में लिया जाता था।

२ रस्मीतौर पर शकुन के रूप में दी जाने वाली वस्तु या धन।

रू.भे.—सकुनभेंट, सुकनभेंट।

सुकुनि, सुकुनी—१ देखो 'सकुनि' (रू.भे.) (डिं.को.)

२ देखो 'सुगनि' (रू.भे.)

सुकुमार—वि. [सं.] १ कोमल, नाज़ुक।

उ०—मैं सुकुमार खड़ी कांपत हौं, सिर पर दधि की मटुकिया भारी रे। मीरां के प्रभु गिरधरनागर, तुम्हरै चरणकमळ बळिहारी रे।—मीरां

२ सुन्दर।

३ चिकना, स्निग्ध।

स.पु.—१ नाज़ुक लड़का या बाल।

२ युवा पुरुष, जवान।

३ मेरु पर्वत के नीचे का वन।

४ स्वामी कार्त्तिकेय का नाम। (अ.मा.)

५ ईख।

६ शाकद्वीप के जलधार पर्वत के निकट का एक वर्ष।

७ काव्य का एक गुण।

८ चम्पा का वृक्ष या फूल। (अ.मा.)

रू.भे.—सुकमार, सुकुमाल।

सुकुमारता—सं.स्त्री. [सं.] १ सुकुमार होने का गुण, अवस्था या भाव।

२ कोमलता, नाज़ुकता।

रू.भे.—सुकमारता।

सुकुमारवन—सं.पु. [सं.] सुमेरु के निकटस्थ का एक वन जो शङ्कर-पार्वती का क्रीड़ा-स्थल माना जाता है।

सुकुमारी—सं.स्त्री. [सं.] १ पुत्री, बेटी।

२ सुन्दर कन्या, सुन्दर लड़की।

३ कुमारी कन्या।

४ कोमल व नाज़ुक अङ्गों वाली युवती।

५ चमेली।

६ ईख।

७ शङ्खिनी नामक औषधि।

८ नारद की पत्नी व सृञ्जय राजा की पुत्री का नाम।

९ परीक्षित-पुत्र राजा भीमसेन की पत्नी का नाम।

१० शाकद्वीपीय अनुतप्ता नामक नदी का नामान्तर।

वि.—जिसके अङ्ग कोमल हों, कोमलाङ्गी।

सुकुमाल—देखो 'सुकुमार' (रू.भे.)

उ०—राज लीला सुख भोगियउ, म्हारउ रिखभ **सुकुमाल** रे। आज सहइ तै परिसहा, भूख त्रसा नित काल रे।—स.कु.

सुकुळ—सं.पु. [सं. सुकुल] १ उत्तम कुल, श्रेष्ठ वंश।

२ अच्छा घराना, प्रतिष्ठित परिवार।

३ उत्तम जाति, उच्च वर्ण।

सुकुलीण, सुकुळीणौ, सुकुलीणौ, सुकुलीन—वि. [स. सुकुलीन] (स्त्री. सुकुलीणी, सुकुलीनी, सुकुलीणी) १ श्रेष्ठ कुल या उत्तम वंश में जन्मा, उच्च कुल का, कुलीन।

उ०—१ सुंदर **सुकुलीणी** भीणीं साड़ी मैं, जुलफां सपणीं, जिम अपणी आड़ी मैं।—ऊ.का.

उ०—२ मूंछ केस खंडत नहीं, नाक न खंडत कोर। पड़ी पुळंतां पाघड़ी, **सुकुळीणी** तज सोर।—बां.दा.

उ०—३ राजुल चाली रंग सुं रे लाल, यदुपति वंदण जाइ **सुकुलीणी** रे। मेह सु भीनी मारगै रे लाल, ऊभी गुफा मांहै आइ सुकुलीणी रे।—स.कु.

२ अच्छे नस्ल का, नस्ली।

रू.भे.—सकलीण, सकलीणौ, सकलीन, सकुलीण, सकुलीणौ, सकुलीन, सुकळीण, सुकलीण, सुकळीणौ, सुकलीणौ, सुकलीन, सुकळौ, सुकलौ।

सुकुसुमा—सं.स्त्री. [सं.] स्कंद की एक मातृका।

सुकुसुमाकर—सं.पु.—छप्पय छंद का ६७वाँ भेद जिसमें ४ गुरु, १४४ लघु से १४७ वर्ण या १५२ मात्राएँ होती है। इसको कुसुम भी कहते हैं। (र.ज.प्र.)

सुकेड़ो—देखो 'सुखेड़ी' (रू.भे.)

सुकेतु—सं.पु. [सं.] १ ताड़का नामक राक्षसी का पिता एक असुर।

२ पाण्डव पक्षीय एक राजा जो चित्रकेतु राजा का पुत्र था व कृपाचार्य के साथ युद्ध करते हुवे मारा गया था।

३ ताड़का राक्षसी का पुत्र व सुबाहु राक्षस का भाई एक राक्षस का नाम।

४ कपिल ऋषि के शाप से बचा हुआ एक सगर-पुत्र।

५ कश्यप एवं दनु के पुत्रों में से एक पुत्र दानव।

सुकेस—सं.पु. [सं. सुकेश] विद्युत्केश व सालकंटका के संसर्ग से उत्पन्न एक पुत्र राक्षस जो राक्षस होते हुवे भी पवित्र जीवन जीता था व धर्मनिष्ठ थे।

सुकेसि, सुकेसी—सं.पु. [सं. सुकेशि] एक राक्षस जो विद्युत्केशि नामक राक्षस का पुत्र तथा माल्यवान, सुमाली व माली नामक राक्षसों का पिता था।

सं.स्त्री. [सं. सुकेशी] १ लम्बे, घने एवं सुन्दर केशों वाली स्त्री।

२ विराट नरेश की पत्नी का नाम।

३ अलकापुरी की एक अप्सरा जिसने अष्टावक्र के स्वागत में नृत्य किया था।

४ कृष्ण की एक पत्नी का नाम।

५ परी, अप्सरा। (अ.मा; डिं.नां.मा; नां.मा.)

६ मगध-नरेश केतुवीर्य की पुत्री व मरुत्त (तृतीय) की पत्नी का नाम।

वि.स्त्री.—सुन्दर व सुकोमल बालों वाली।

सुकोमळ, सुकोमल—वि. [सं. सु कोमल] (स्त्री. सुकोमळी, सुकोमली)

१ अत्यन्त सुन्दर, कोमल, नाजुक, मनोहर।

उ०—नमणी खमणी बहुगुणी, **सुकोमळी** जु सुकच्छ। गोरी गंगा नीर ज्यूं, मन गरवी तन अच्छ।—ढो.मा.

२ मुलायम, नरम।

३ धीमा, मन्द।

४ प्रिय, मधुर।

रू.भे.—सुकमाळ, सुकमाल, सुकमाळी, सुकमाली।

सुक्क—१ देखो 'सुक' (रू.भे.)

२ देखो 'सुक्र' (रू.भे.)

उ०—होळी **सुक्क** सनीचरी, मंगळवारी होय। चाक चहोड़ै मेदनी, विरळा जीवै कोय।—अग्यात

सुक्कर—१ देखो 'सुक्र' (रू.भे)

उ०—समत सर विक्रम छत्तीस कम वै सहस, मास आसाढ़ तिथि सुकल नौमी। वार **सुक्कर** नखत स्वांति संध्या वखत, भवांनी ओतस्या खुड़द भोमी।—मे.म.

२ देखो सुक्र' (५) (रू.भे.)

३ देखो 'सुकर' (रू.भे.)

सुक्करवार—देखो 'सुक्रवार' (रू.भे.)

उ०—उजवाळी वैसाख री, छठी गुर **सुक्करवार**। मुहकमसिंघ 'कल्यांण' तणा, रिण जीपौ वड वार।—रा.रू.

सुक्किया—देखो 'स्वकीया' (रू.भे.)

उ०—रमै हसै नरिंदरं, मझार राज मिंदरं। करै उछाह **सुक्किया**, पचास सातसै प्रिया।—सू.प्र.

सुक्ख—देखो 'सुख' (रू.भे.)

उ० – क्षुल्लक रिखि बोल्यउ खरउ, दीक्षा मांहि दीठा दुक्ख रे। आज आधउ राज लेईनइ, संसार ना भोगवुं **सुक्ख** रे।—स.कु.

सुक्खम—देखो 'सुक्षम' (रू.भे.)

उ०—नहीं तू बाळ न ब्रद्ध न मूळ, नहीं तू थावर **सुक्खम** थूळ।
—ह.र.

सुक्खेण—देखो 'सुखेण' (रू.भे.)

उ०—कपी बीस कीड़ेक **सुक्खेण** कीधा, दिसा पाछिम सोधिवा लार दीधा।—सू प्र.

सुक्खौ—देखो 'सुख' (अल्पा; रू.भे.)

उ०—गज ना गाज हठा नहीं,तुच्छ छड नेहना सुक्ती जी। भेदन भिन्न तृष्णा, नर तणां बहु दुखी जी।—स.कु.

सुक्त—सं.पु.—मोती (नां.मा.)

सुक्तज—देखो 'सुक्तिज' (रू.भे.)

सुक्ति, सुक्ती—सं.स्त्री. [सं. शुक्ति] १ सीप। (डि.को.)

२ शंख।

३ घोंघा।

४ खोपड़ी का भाग विशेष।

५ घोड़े की गर्दन या छाती की भौरी।

६ गन्ध द्रव्य।

रू.भे.—सुकुति।

सुक्तिज—सं.पु. [सं. शुक्तिजं] मोती, मुक्ता।

रू.भे. सुकतज, सुकतिज, सुक्तज।

सुक्यारथ—क्रि.वि. [स. सु-कार्यार्थे] १ किसी उत्तम कार्य के लिए, शुभ कार्य हेतु, सद् उद्देश्य से।

उ०—बिहु तजै जळ धरा, तजै संसार सुक्यारथ। मरणौ मंगळ जांण, जाण जीवणौ अकारथ।—साहिबो सुरतांणियौ

वि.—२ सार्थक, सफल।

उ०—१ विधवा राजपूतांणी री उण बेटी नै सोळवौ वरस कांई लागौ, जांणै विरमाजी री सिरजण सुक्यारथ व्हियौ।—फुलवाड़ी

उ०—२ थकै कैवण लागौ—पण थांरै माईतां रौ गुण म्हैं जीवूं जित्तै नीं विसरूंला। जै थांरा माईत थांरै सागै औ आंटौ नीं साजता तौ म्हारी जूंण कीकर सुक्यारथ व्हेती।—फुलवाड़ी

३ सद् उपयोग।

रू.भे.-सुकारथ, सुकियाअरथ, सुकियारथ, सुकीयारथ, सुक्यारत, सुक्यारथ, सुक्रियथ।

सुक्यारथौ—वि. [स. सु-कार्यार्थी] (स्त्री. सुक्यारथी) १ जो सद्-उद्देश्य से कोई कार्य करता हो, शुभ कार्य करने वाला, उत्तम कार्य करने वाला।

२ सार्थक, सफल।

उ० —१ बीठू सज्जन मन वस्या, ज्यासुं लागो चित्त। सोई घड़ी सुक्यारथी, जाय मिळीजै मित्त।—कुंवरसी सांखला री वारता

उ० —२ रांम नांम सदा वाणी, रांम नांम सदा कथा। रांम नाम सदा सब्दं, तैं सबद सुक्यारथा।—ह.र

३ सद्-उपयोग करने वाला।

रू.भे.—सुकारथ, सुकारथौ, सुकियाअरथ, सुकियारथ, सुकारथी, सुकियारथी, सुकियारथौ।

सुक्र—स.पु. [स. शुक्र.] १ अग्नि देव का एक नाम।

(डि.को; ह.ना.मा.)

२ आग, अग्नि।

उ०—अग्नि थावक आविया,सस्त्र साजिया सतावी। माणा चढ़िया सुक्र, फूल झड़िया हद फावी।—मे.म.

३ सौर मण्डल के नवग्रहों में से एक ग्रह, जो सूर्य के सबसे अधिक निकट है, शुक्र ग्रह। (अ.मा.)

उ०—१ मंगळ बुद्ध मयंक, वळै सनि सुक्र ब्रहस्पति। राहु केत रिख अरुण, नवै ग्रह सांति करै नित।—ह.र.

उ०—२ सुकीर नासिक सरूप, वेस रीत राजियै। सुरू गुरू र भोम सुक्र, राजद्वार राजियै।—सू.प्र.

उ०—३ पांचमैं भवन ससि सुक्र पेखि। दाखै कवि जातक-भरण देखि।—सू.प्र.

४ शुक्राचार्य ऋषि जो दैत्यों के गुरू थे। शिव से इन्होंने मृत-संजीवनी विद्या प्राप्त की थी। वामन अवतार के समय दैत्यराज बलि के द्वार पर इन्होंने अपनी एक आंख खो दी थी।

उ०—१ चक्री-पीवणौं पाय भाई बचायौ, क्षुधाळी हणैं हेक हेरंब खायौ। चढी ज्यां थकै तेमड़ो सुक्र चेलो, भुजां झोक कीधो पित्रांलोक भेळौ।—मे.म.

उ०—२ तुही हाथ लै सूळ सादूळ हक्कै, अगां मात्र तू सुक्र रा छात्र तक्कै।—मे.म.

पर्याय०—उसना, कवि, चखएक, दनुप्रोहिता, भारगव, विद्या-सजीवण, हिरणगरभ।

५ सात वारों में से एक वार जो गुरुवार के बाद तथा शनिवार के पहले पड़ता है।

उ० - दत्त माहाराज जसवंतसिंघजी रौ कुंवर प्रथीसिंघ री वारैट नाथा रतनसीयोत रोहड़ीया नुं। संमत १७१५ रा फागण सुद ७ सुक्र दीयौ। - नैणसी

६ जैनियों के ८८ ग्रहों में से बयालीसवां ग्रह।

७ ज्येष्ठ मास का एक नाम।

[सं. शुक्रम्] ८ पुरुष का वीर्य या धातु। (डि.को.)

उ०— असुच अपवित्र सूगावणा है. मनुस्य तणा कांम भोग। वाय पित्त श्लेसमाए, सुक्र सोणित स्रवै रोग।—जयवांणी

९ किसी वस्तु का सार, तत्व, सत। (डि.को.)

१० रस।

११ निष्कर्ष, परिणाम।

[अ.] १२ धन्यवाद, आभार, कृतज्ञता।

उ०— हे दरवेस मैं सुक्र करतौ थौ तौं सूं थारै जवाब री गफलत हुई।—नी.प्र.

वि. [सं. शुक्रः] १ चमकीला, चमकदार।

२ उज्ज्वल, स्वच्छ।

३ एकाक्षी, काना।

४ श्वेत। (डि.को.)

रू.भे.—सुकर, सुक्क, सुक्कर, सूकर।

सुक्रकर—सं.पु. [सं. शुक्रकरः] मज्जा (डि.को.)

सुक्रगुजार—वि. [अ. शुक्र+फा. गुजार] आभार मानने वाला, कृतज्ञ, धन्यवाद देने वाला।

सुक्रत—सं.पु. [सं. सु-कृतं] १ दान, पुण्य, धर्म आदि सत्कर्म, पुण्य-कार्य। (अ.मा; डिं.को.)

उ०—१ सुक्रत लगन स्वाधीन सदाई, सदा मगन सुख रासी। सनमुख संपत लगत अग्नि सी, पराधीन दुख पासी।—ऊ.का.

उ०—२ पिंड पड़ैं पुन ना पड़ैं, परळै पतित न होय। रज्जब, संगी जीवका, सुक्रत सिवाय न कोय।—रज्जब वांणी

उ०—३ जगतसिंह वडौ दातार विवेकी ठाकुर हुवौ. कळजुग मांहै वडा वडा सुक्रत कीया। वडा वडा दांन कीया।—नैणसी

[सं. सुकृत] २ परोपकार, भलाई।

३ इन्द्रासन। (नां.मा.)

वि. [सं. सुकृत्] १ भाग्यवान।

२ धर्मशील, धर्मात्मा।

३ परोपकार, भलाई करने वाला, परहितैषी।

४ दानशील।

[सं. सुकृत] भली-भाँति किया हुआ, भली-भाँति बनाया हुआ।

रू.भे.—सुकरत, सुकरति, सुकरती, सुक्रती, सुक्रत्य, सुक्रित, सुक्रिथ।

सुक्रतकरम—सं.पु. [सं. सुकृत-कर्म] १ दान, पुण्य, धर्म, भलाई, परोपकार आदि सत्कर्म।

२ शुभ कार्य, उत्तम कार्य।

सुक्रति, सुक्रती—१ देखो 'सुक्रत' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

२ देखो 'सुक्रत्य' (रू.भे.) (अ.मा.)

सुक्रतु—सं.पु. [सं. सुक्रतुः] १ अग्नि, आग।

२ शिव, महादेव।

३ इन्द्र।

४ मित्र, वरुण, सूर्य, सूरज।

सुक्रत्य—सं.पु.—१ ऋषि, तपस्वी, मुनि। (अ.मा.)

२ देखो 'सुक्रत' (रू.भे.)

सुक्रमण—सं.पु.—दैत्यों के गुरू शुक्राचार्य। (अ.मा.)

सुक्रमी—देखो 'सुकरमी' (रू.भे.)

सुक्रवार—सं.पु. [सं. शुक्र-वार, वासर] सप्ताह का एक दिन जो वृहस्पतिवार के बाद तथा शनिवार के पहले पड़ता है।

रू.भे.—सुक्करवार।

सुक्रसिख, सुक्रसिस—सं.पु. [सं. शुक्र-शिष्य] शुक्राचार्य के शिष्य दैत्य, असुर। (अ.मा; डिं.को; नां.मा.)

सुक्रांम—सं पु.—इन्द्र। (अ.मा; नां.मा.)

सुक्राचारज, सुक्राचारी, सुक्राचारय्य, सुक्राचारच—सं.पु. [सं. शुक्राचार्य] दैत्यों व असुरों के गुरु शुक्राचार्य जो महर्षि भृगु के पुत्र थे। (अनेका.)

रू.भे.—सुकराचारि, सुकराचारिय, सुकराचारच।

सुक्रित, सुक्रिथ—देखो 'सुक्रत' (रू.भे.)

उ०—१ क्रन रा भोज सुक्रित रा क्यावर, वित व्रवण अछत रा वीर। दत रा करण रजत रा दाता, खित रा रूप प्रक्रत रा खीर।—आईदांन पाल्हावत

उ०—२ जीव गयौ दहवाट, कारिज कौ सरीयौ नही। जनहरीया हरि हाट, सुक्रिथ सौदा नां कीया।—अनुभववांणी

सुक्रियथ—देखो 'सुक्यारथ' (रू.भे.)

उ०—मांडै पूजा तूझ महणमथ, सकळ सरीर करिस इम सुक्रियथ।—ह.र.

सुक्रिया—सं.पु. [अ. शुक्रिया] आभार प्रदर्शन, धन्यवाद देने की क्रिया।

रू.भे.—सुकरिया।

सुक्रीड़ा—सं.स्त्री. [सं.] १ एक अप्सरा का नाम।

२ अच्छा खेल।

सुक्रीत—वि. [सं. सुकीर्ति] जिसका सुयश हो, वीर, बहादुर। (अ.मा.)

सुक्रोध—देखो 'सक्रोध' (रू.भे.)

उ०—'जुंझार' सुतन 'उमेद' जोध, कोपियौ प्रळय पावक सुक्रोध।—शि.रू.

सुक्ल—सं.पु. [सं. शुक्ल] १ ब्रह्मावीसी का तीसरा वर्ष। (ज्योतिष)

२ देखो 'सुकलपख' (रू.भे.)

उ०—प्रणम्मौ समौ च्यार छै नौ पहोमी। नमौ मास आसाढ री सुक्ल नोमी।—मे.म.

सुक्लता—सं.स्त्री. [सं. शुक्ल-ता] १ शुक्ल होने की अवस्था या भाव।

२ सफेदी, श्वेतता।

३ उज्ज्वलता, स्वच्छता।

४ चमक, आभा।

सुक्लपक्ख, सुक्लपक्ष, सुक्लपख—देखो 'सुकळपंख' (रू.भे.)

सुक्लमास—सं.पु.—ज्योतिष के २७ योगों में से एक योग। (ज्यो. वा. बो.)

सुक्लांग—सं.पु. [सं. शुक्ल+अंग या अपांग] मोर, मयूर।

रू.भे.—सुकळंपंग, सुकलपांग, सुकळांग, सुकलांग, सुकळापंग, सुकळापांग, सुकळीपांग, सुक्लापांग, सुखलापांग।

सुक्लांबर, सुक्लांबरा—सं.स्त्री. [सं. शुक्ल-अंबरा] सरस्वती, शारदा।

रू.भे.—सुकल अंबर, सुकलंबरा, सुकलांबर, सुकलांबरा।

सुक्लापांग—देखो 'सुक्लांग' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

सुक्षम—देखो 'सूक्ष्म' (रू.भे.)

सुखंकरी—सं.स्त्री.—जीवंती, डोडी।

सुखंडज—सं.पु. [सं. शिखंडज] वृहस्पति। (अ.मा.)

सुखंद—देखो 'सुखद' (रू.भे.)

सुखंम—देखो 'सूक्ष्म' (रू.भे.)

उ०—तणौ हेत चित मात, रह्या घरि बैसि मया करि। सुखंम सेन्न दरहरी, ग्राव नुतौ तिणि सायरि।—वि.सं.सा.

सुख—सं.पु. [सं.] १ मन की वह उत्तम तथा प्रिय अनुभूति, जिसमें वह मानसिक व शारीरिक कष्टों से मुक्त रहकर उत्साहित व संतुष्ट रहता है और इस दशा के बराबर बने रहने की आशा करता है। शान्ति, आराम, दुःख का विपर्याय। (डि.को.)

उ०—१ सोळैई थांन अचळ इंद्रीसुर, अति सुख उदै कियो अतरि उर। दिसन ब्रह्म सिव अरक बखांणो, जळपति ससि दिस मारुत जांणी। रा.रू.

उ०—२ सोय सुहागिन सूंदरि, सुख सागर भरतार। दूजी दुखी दुहागनी, हरीया बिन इकतार।—अनुभववांणी

उ०—३ सुख लाधै केलि स्यांम स्यांमा संगि, सखिए मन रखिए मघट। चौकि चौकि ऊपरि चित्रसाळी, हुइ रहियौ कहकहाहट।

—वेलि

पर्याय०—आनन्द, निरव्रती, मोद।

क्रि०प्र०—आणौ, करणौ, दैणौ, पाणौ, भोगणौ, मिळणौ, व्हैणौ।

मुहा०—१ सुख आणौ=सुख के दिन आना, आराम मिलना। २ सुख करणौ=आनन्द करना, मौज-मस्ती करनी, क्रीड़ा करना, रति क्रीड़ा करना। ३ सुख खोणौ=आफ़त, परेशानी या कोई झंझट गले लगाना। ४ सुख पाणौ=आराम पाना, किसी कार्य में कम परेशानी या परिश्रम होना। ५ सुख मांणणौ= मौज-मस्ती करना, प्रसन्न रहना, आनन्द करना। ६ सुख री नींद सोणौ=चैन से दिन काटना, निश्चित होकर रहना। ७ सुख लूटणौ=आनन्द करना, सुख-साधनों का उपभोग करना। ८ सुख व्हैणौ=कोई परेशानी या कष्ट समाप्त हो जाना, सुख होना।

[सं. सुखम्] २ हर्ष, खुशी, आनन्द।

उ०—१ तरसि पधार हुआ तय्यारी, 'धीर' तणौ आयौ व्रतधारी। रांणी जळती 'ऊदै' राखी, सुख नव कोट किया जग साखी।

—रा.रू.

उ०—२ अंधै कुं लोयन दीयां ऐसैं मन फूलाय। जन हरीया ज्युं विरहनी, रांम मिल्या सुख थाय।—अनुभववांणी

उ०—३ एकंत उचित क्रीड़ा चौ आरभ दीठौ सु न किहि देव दुजि। अदिठ अस्रुत किम कहणौ आवै, सुख तै जांणणहार सुजि।

—वेलि

३ भय, चिन्ता या कष्टों से मुक्तावस्था, निश्चितता, चैन, शान्ति, आराम।

उ०—१ इणी भांति भरमल अरजा कर रजावध कर रीझाय लीयौ। सुख सु पोढ रह्या।—कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—२ सूतौ थाहर नींद सुख, माढूळौ बळवंत। वन कांठै मारग वहै, पग पग होल पड़ंत।—बां.दा.

४ प्रेम, प्रीति, स्नेह। (अ.मा; ह.नां.मा.)

उ०—मिळिया वंका राठवड़, चित हित दाख वचाव। सुख जाडो कीधो सगै, रीधौ हाडौ राव।—रा.रू.

५ दोस्ती, मित्रता।

उ०—राव वीरमदै दूदावत धरती वाहिरो काढीयौ थौ सुं सहसै नैं राठौड़ वेरसी रांणी अखैराजोत रै सुख हुतौ।

—राव मालदेव री वात

६ सुविधा, आराम।

उ०—उर त्रास पार न वार, चित डरत करत विचार। जग धिनी पंखी जात, सुख पंख जेण सु गात।—रा.रू.

७ समृद्धि, सम्पन्नता।

उ०—१ सुख संपत्ति कै सब कोई साथी, विपति परै सब सटकै।

—मीरां

उ०—२ पदम पराग कदम रज पावन, पाग धरत छत्रपत्ती। प्रापत होत भोत सुख संपति, व्यापत नांहि विपत्ति।—मे.म.

८ कल्याण, मङ्गल। (अनेका.)

९ ध्यावस, तसल्ली, ढाढस।

उ०—१ आयां मन विगसै नहीं, गयां न होवै दुख। जनहरीया हरि भगति की, कैसैं उपजै सुख।—अनुभववांणी

उ०—२ रथ थंभि सारथी विप्र छंडि रथ, श्री पुर हरि बोलिया इम। आयौ कहि कहि नांम अम्हीणौ, जा सुख दै स्यांमा नैं जिम।

—वेलि

१० सन्तोष, सब्र।

उ०—आसा तिसना छाडि, निरासा हुय रहै। हरिहां दास कहै हरिरांम, सांम सुख जब लहै।—अनुभववांणी

११ उमंग, उत्साह।

उ०—सुरख सरोरुह खंड लियां सुख साजही। कै अरुणोदय कांति रही मिळि राजही।—बां.दा.

१२ निरोगता, स्वस्थता, आरोग्यता।

१३ खामोशी, शान्ति।

१४ सरलता, आसानी।

१५ सन्धि, सुलह।

१६ उपयुक्त, ठीक, उचित।

१७ जल, पानी। (अनेका.)

१८ स्वर्ग।

वि.—१ प्रिय, मधुर, मनोहर।

२ धर्मात्मा, पुण्यात्मा।

३ सरल, करने योग्य।

४ आरामदायक।

उ०—वल्ली तसु बीज भागवत वायौ, महि थांणौ प्रिथुदास मुख। मूळ ताल जड़ अरथ मंडहे, सुथिर करणि चढ़ि छांह सुख।—वेलि

५ भला, अच्छा।

अव्यय–१ सहर्ष, आनन्द से।

२ आराम से।

३ आसानी से।

४ राजी या रजामन्दी से।

५ चुपचाप, शान्ति से।

रू.भे.—सुक, सुक्ख, सुख्ख, सूख।

अल्पा.—सुक्खौ, सुखड़ौ।

सुख आसन—देखो 'सुखासण' (रू.भे.)

सुखकंद–वि. [सं.] सुख देने वाला, आनन्ददायक।

उ०—तूं उपगार करै जु अपार अनाथ अधार सबै **सुखकंदा**।
—ध.व.ग्रं.

सं.पु.–सुख का मूल।

सुखकर, सुखकरण–वि. [सं.] आनन्ददायक, हर्षप्रद, सुख देने वाला।

उ०—'ऊमर' हंदौ दूसरौ, हूंतौ नांम 'हमीर'। तै हमरोट कहावही, **सुखकर** नीर समीर।—बां.दा.

सं.पु.–वैकुण्ठ, स्वर्ग। (नां.मा.)

रू.भे.—सुखकार, सुखकारक, सुखकारी, सुखकारौ।

सुखकार, सुखकारक, सुखकारी, सुखकारौ—देखो 'सुखकर' (रू.भे.)

उ०–१ प्रथ्वी मांहै परराड़ौ, सिवीयणौ गढ **सुखकार** रे लाल। जेलागर मंत्री जेहां, नांमै जयतरू नारि रे लाल।–ध.व.ग्रं.

उ०—२ सभि करि सोल सिंगार, अधर बिंब निज नारियां जी। आवी आणंद पूर धवल मंगल करती **सुखकारी** यां जी।
—प.च.चौ.

उ०–३ गोखै बैठी गौरड़ी, अपछर नै अनुहारी रे। केलि करै मन मेलि नै, सहियर सूं **सुखकारौ** रे।—वि.कु.

उ०–४ हुकम हुवौ सुसराजी सा' रौ, वरस चतुरदस वनचारी। प्रांण प्रियाजी म्हारा बन मैं पधारै हौ, पति सेवा ही **सुखकारी**।
—गी.रां.

सुखगंध–वि.–जिसकी महक आनन्द देने वाली हो, सुगन्धित।

सुखग–वि.–आराम से चलने या जाने वाला।

सुखड़ी–सं.स्त्री.–१ एक प्रकार का मीठा खाद्य पदार्थ जो गेहूँ के सेंके हुए आटे में घी व गुड़ मिलाकर बनाया जाता है।

२ मिठाई।

३ दस्तूरी, हक़।

रू.भे.—सुखडी।

सुखड़ौ–सं.पु.–१ एक प्रकार का खाद्य पदार्थ।

उ०—तांबौ, कांसी, पीतळ, जसद, सीसौ, कथीर, गरी, नाळेर, मिरच, पीपळ, मजीठ, हींग, **सुखड़ौ**, तेल, मिसरी, गुळी, इतरा वसतै दुगांणी ८ मण १ लागै।—नैणसी

२ देखो 'सुख' (अल्पा; रू.भे.)

उ०—१ औ तौ, नेह-नीत नागर घणौ, औ तौ, **सुखड़ा** रौ सागर स्यांम।—गी.रां.

उ०—२ दूधां न्हासी, पुतरां फळसी, विपता वढी, **सुखड़ै** रळसी।
—दसदोख

सुखचतुरथी, सुखचौथ–सं.स्त्री. [सं. सुखचतुर्थी] माघ, वैसाख, भाद्रपद व पौष मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को, यदि उस दिन मङ्गलवार हो, किया जाने वाला व्रत विशेष।

सुखचार–सं.पु.–बढ़िया घोड़ा। (शा.हो.)

सुखजनक–वि. [सं.] जिससे सुख उत्पन्न हो, सुखप्रद।

सुखजननी–वि.स्त्री. [सं.] आनन्ददायिनी, सुखप्रद।

सुखडी–सं.स्त्री.–देखो 'सुखड़ी' (रू.भे.)

उ० पीरसवा मांडी **सुखडी** सारी।—वरमपंत्र

सुखण–सं.पु.–१ परशु, फरसा। (डिं.नां.मा.)

२ गंडासा।

सुखणी–वि.स्त्री.–सुखी।

उ०–वूढापै **सुखणी** हुस्यूंजी, होती मोटी रे आस। घर सूनौ करि जाय छै रे, माता मूकी नीरास।—जयवांणी

सुखत्रिय–सं.पु. [सं. सुख=शोभा, सुन्दरता+स्त्री.] काजल। (अ.मा.)

सुखत्री–सं.पु. [सं. सुक्षत्रिय] श्रेष्ठ क्षत्रिय, ऐसा क्षत्रिय जिसका चरित्र उज्ज्वल हो।

सुखद–वि. [सं.] १ आरामदेह, आरामदायक, सुविधाजनक।

२ आनन्ददायक, हर्षप्रद।

उ०—आसोज पूरण जगत आसा, भोम अन अति भार ए। सोभंतु जंतु अनंत सुखमय, **सुखद** संपति सार ए।—रा.रू.

३ सुन्दर, मनोहर।

उ०—१ सुच्छम रोमावळि **सुखद**, वरणी उकति विचार। सांप्रति रस सिणगार री, बेल कियौ बिसतार।—बां.दा.

उ०—२ सित कुसुमां गूंथी **सुखद**, वेणी सहियां व्रंद। नागणि जांणौ नीसरी, सांपड़ि खीरसमंद।—बां.दा.

४ प्रिय, मधुर।

उ०—अत परमळ पमर पसरिया आंबा, सुक पिक बोलै **सुखद** सराग।—बां.दा.

सं.पु.–१ विष्णु का आसन।

२ विष्णु।

३ मित्र, दोस्त। (अ.मा;ह.नां.मा.)

४ भोजन, खाना। (ह.नां.मा.)

रू.भे.—सुखंद।

सुखदांन, सुखदांनी–वि.–सुख देने वाला।

उ०—१ सुपनै ही इण देमड़ै, स्रवण रसण **सुखदांन**। नर नह सुणै खायै नहीं, पिकवांणी पकवांन।—कविराज बांकीदास

उ०—२ दरस बिना मोहि कछु न सुहावै, तलफ तलफ मुरझांनी।

मोरा री नन्दलाल की चेरी, कृपा लीजो सुखदांनी ।—मीरां

सुखदा–सं.स्त्री. [सं.] १ इन्द्र की एक अप्सरा ।

२ स्वामि कार्त्तिकेय की अनुचरी एक मातृका का नाम ।

३ गङ्गा नदी ।

४ लक्ष्मी । (अ.मा.)

५ हरिनखी, हरें, हड़ । (अ.मा.)

वि.स्त्री.–सुखदायक ।

सुखदाइ, सुखदाइक, सुखदाईक—देखो 'सुखदायक' (रू.भे.)

उ०—१ पाल्यौ छ खंड को राज जिणे, जिन राय भयौ पदवी दु पाइ । सेवहु भाव भलै 'धरमसी' कहै 'सांति' जिणंद सदै सुखदाइ ।

—ध.व.ग्रं.

उ०—२ साखी पद वद गाय गुणावै, साथ संग सुखदाई । साध ठिकांणै थै ठग सारा, दोहूं लोक दुखदाई ।—ऊ.का.

उ—३ हीरी नितही निरभी नचिता, आतम दरसी सदा सुखदाई । नहिं कोई मित अमिता ।—श्री सुखरांमजी महाराज

उ०—४ दादू चंदन बावना, बसै बटाऊ आई । सुखदाई सीतळ किये, तीन्यों ताप नसाई ।—दादूवांणी

उ०—५ दसरथ 'अजन' घरै सुखदाई, रूप 'अभी' प्रगट्यौ रघुराई ।

—रा.रू.

उ०—६ जियारांम गुरु साहब साचा, निरवांनी अरज चितलाई । जन सुखरांम साधु की संगत, सदा रहौ सुखदाई ।

—श्री सुखरांमजी महाराज

सुखदात, सुखदाता–वि. [सं. सुख-दातृ] १ आनन्ददायक, सुख देने वाला ।

२ आराम देने वाला ।

सुखदाप्रांण–वि.–प्राणों को सुख देने वाला ।

स.पु.–मित्र, दोस्त । (अ.मा.)

सुखदाय, सुखदायक, सुखदायी, सुखदायौ–वि. [स. सुखदायक] (स्त्री. सुखदायण, सुखदायणी, सुखदायिनी) १ आनन्ददायक, हर्षप्रद ।

उ०—काय अमावस रैण प्रसना कीजहीं, दीवाळी सुखदाय प्रभा दरसीजही ।—बां दा.

२ सुख पहुँचाने वाला, आरामदायक, भला ।

उ०—१ जग नायक जिनवर पुहवी मांहे प्रत्यक्ष, सोलम 'सतीसर' सुखदायक कल्पव्रक्ष ।—ध.व.ग्रं.

उ०—२ सुणै पढै नह सासतर, सेवै नह सतसग । सुखदायक किम नीपजै, उर संतोख अभंग ।—बां.दा.

उ०—३ नै वा अचित खूबसूरत, इती छोखी, इती सुवावणी, इती मनहरणी, इती सुखदायी. अर इती लुभावणी लागै कै वात छोडो ।—फुलवाड़ी

उ०—४ थांरी कंचन वरणी काया, राजि थांरट रूप सकल सुखदाया ।—वि.कु

३ संतुष्ट ।

४ हितकर, भला करने वाला, हितैषी ।

उ०—दसरथ नंद मुकत रा दाता, असुर जुधां घाता प्रसेस । निजकुळ मुकुट जांनकीनायक, सुखदायक सेवगां सही ।

—र.ज.प्र.

रू.भे.—सुकदायक, सुखदाइ, सुखदाइक, सुखदाई, सुखखदाई ।

सुखदे, सुखदेव—देखो 'सुकदेव' (रू.भे.)

उ०—१ सोई पीयाला पी रिख नारद, सो सिनकादिक व्यास । सोई पीयाला जनक वदेही, सोई सुखदे व्यास ।—अनुभववांणी

उ०—२ सौ कैसै बाळ वय विद्या बुधि सनकादिकू जैसे । सुखदेव तरुण अधि सौ वेद व्यास तैसै ।—सू.प्र.

उ०—३ विमळ कवेसर विलै साधु सुखदेव सरीखा । बालमीक जैदेव नांम नरहर कवि नीका ।—पी.ग्रं.

सुखधांम–सं.पु. [सं. सुख+धाम] १ स्वर्ग, वैकुण्ठ । (अ.मा.)

२ सुख का घर, स्थान ।

सुखधांमी–सं.पु. [सं. सुख+धाम+ई रा.प्र.] १ विष्णु ।

२ इन्द्र ।

३ स्वर्ग का निवासी ।

वि.–१ सुख के घर में वास करने वाला ।

२ सुखी ।

सुखनवांण–सं.पु. [फा. सुखन+वाण] शब्द वांण, शब्द, ध्वनि ।

उ०—वीरवळ मारांणी जद पातह खांना खांन नूं खत इनायत कियौ । अकबर जिणमें लिखियौ म्हारी सभा नु नजरलागी जिणसूं म्हारी सभा री जेब वीरबळ मारांणी । हूं वीरबळ री लोथ कांधै लै बाळतो तो उण री चाकरी सूं उरण होतो । खुदा ताळा री क्रपा सूं वीरबळ मौ नूं मिळियौ हौ । म्हारा दिल मांहली वात बाहर आंणतो दारू ज्यूं । म्हारा सुखनवांण संवारण नूं खुरसांण हुतौ ।—वां.दा. ख्यात

सुखपत, सुखपति, सुखपती—देखो 'सुसुप्ति' (रू.भे.)

उ०—१ सैसव तनि सुखपति जोवण न जाग्रति । वेस संधि सुहिणा सु वरि, हिव पल पल चढ़ती जि होइसै । प्रथम ग्यांत एहवी परि ।—वेलि

उ०—२ न को सुपन जागै न को सुखपती, न को पद तुरीया न को मोख मुगती ।—अनुभववांणी

सुखपात–सं.पु –सुख के पात्र ।

उ०—अणघड़ आप अविगत सरूपी, अर्खे अगाध सुखपात । ग्यांन ध्यांन पोथी नहिं पुस्तक, स्याई कलम नहिं हात ।

—श्री हरिरांमजी महाराज

सुखपाळ, सुखपाल–सं.स्त्री.–१ एक प्रकार का वाहन जिसे आदमी उठाकर चलते थे, पालकी, डोली ।

उ०—१सुखपाळ चढ़ण चाळीस साठ, असवार हाथियां तणा

आठ।—वि.सं.

उ०—२ ताहरां प्रभात नरसंघ नुं **सुखपाळ** बैसांण सरव लोक भेळौ करनै चालीया।—राजा नरसिंघ री वात

२ स्वर्ण निर्मित एक प्रकार का बढ़िया पलङ्ग।

उ०—पणधारी राजा 'पदम', निरधन किया निहाल। सै सूवंता साथरै, सै पौढै **सुखपाळ**।—द.दा.

सुखपूरवक–क्रि.वि. [सं. सुख-पूर्वक] १ सुख से, आराम से।

२ आनन्द से, हर्ष सहित।

सुखपोस–वि.–जो सुखपूर्वक पाला-पोपा गया हो, जिसका पोषण सुखमय स्थिति में हुआ हो।

उ०—आथ अटूट अखूट अन, प्रजा घणौ **सुखपोस**। धन 'वांका' ऊ धंगड़ौ, साहिब जै संतोस।—वां.दा.

सुखप्रद–वि. [सं.] १ सुखद, सुखदायक, आरामदेह।

२ आनन्ददायक, हर्षप्रद।

सुखवास–सं.पु. [सं. सुख-वास] १ सुखपूर्वक रहने की जगह। कुछ दिन या समय के लिए आराम से रहने की जगह।

२ कष्ट या अभाव का समय व्यतीत करने के लिए किसी स्थान पर किया जाने वाला निवास।

रू.भे.—सुखवास।

सुखवासी–वि.–१ 'सुखवास' करने वाला।

२ आनन्द एवं सुख से रहने वाला।

रू.भे.—सुखवासी।

सुखम—देखो 'सूक्ष्म' (रू.भे.) (अ.मा; ह.नां.मा.)

उ०—१ थावर जंगम **सुखम** थूळ।—केसोदास गाडण

उ०—२ त्रिण कोडा कोडि सागर **सुखम** बीय अरौ, देह दौ कोस दोई पल्ल आयु धरौ। बोर परिणांम आहार बीजै दिनै, युगलीया मांनवी एह कहिया जिणै।—ध.व.ग्रं.

रू.भे.—सुख्खम।

देखो 'सुसमा' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

सुखमगां–क्रि.वि.–सीधे रास्ते से, सुगमता से।

उ०—आवै संघण अचींत, जेम वनि अगनि सिळग्गां। सरप विक्ख सोखवा, मंत्र आवै **सुखमगां**।—रा.रू.

सुखमण, सुखमणा, सुखमणि–सं.स्त्री. [सं. सुषुम्णा] १ शरीरस्थ तीन प्रधान नाड़ियों में से एक जो इड़ा और पिंगला के बीच में रहती है। (योग)

उ०—१ मनवा देव वसै हिरदा मैं, नाभि कमळ पग दैला रै। चंद्र सूर रा लिया सरोदा, **सुखमण** सीर चडैला रै।

—श्री हरिरामजी महाराज

उ०—२ इळा अर पिंगळा वीच है **सुखमणा**, होय तांह त्रिगुटी घाट मेळा। अगम का पंथ जांह और पुहचै नहीं, हंस परिहंस मिळ करत केळा।—अनुभववांणी

उ०—३ इळा चंद रवि पंगळा, विच **सुखमणि** कौ घाट। हरीया गुर परताप तैं, खुल्हा सइज कपाट।—अनुभववांणी

२ वैद्यक के अनुसार चौदह प्रधान नाड़ियों में से एक जो नाभि के मध्य में स्थित है और जिससे अन्य सब नाड़ियाँ लिपटी हुई होती हैं।

[सं. सुषुम्णः] ३ सूर्य की मुख्य किरणों में से एक का नाम।

रू.भे.—सुखमन, सुखमना, सुखमनि, सुखमल, सुखमिण।

सुखम-दुखम–सं.पु.यौ. [सं. सुखं+दुखं] जैन मतानुसार काल के प्रमुख छः भागों में से अवसर्पिणी काल तथा उत्सर्पिणी काल का तृतीय काल विभाग, जिसमें प्रथम सुख तथा पश्चात् दुःख हो।

सुखमन, सुखमना, सुखमनि—देखो 'सुखमण' (रू.भे.)

उ०—१ कांम धेनु दुहि पीजियै, अलख रूप आनंद। दादू पीवै हेत सौं, **सुखमन** लागा बंद।—दादूवांणी

उ०—२ जाकै विच **सुखमना** जागी, नांव निरंतर ताळी लागी। जुरा मरण काळ नहीं ग्रासै, मनवा मिल्या रांम इक रासै।

—अनुभववांणी

उ०—३ सकळ समीपी सकळ सुहावा, तीनि लोक त्रिभुवन पतिरावा। **सुखमनि** उलटि गगन मैं आंणी, मुनि मंडल मैं खेलै प्रांणी।—ह.पु.वां.

सुखममारग—देखो 'सुखममारग' (रू.भे) (अ.वां.)

सुखमय–क्रि.वि. [सं.] सुखपूर्वक, आनन्दपूर्वक।

उ०—आसोज पूरण जगत आसा, भोम अन अति भार ए। सोभंतु जंतु अनंत **सुखमय**, सुखद संपति सार ए।

—रा.रू.

वि.—सुखी।

रू.भे.—सुखंम।

सुखमल—देखो 'सुखमण' (रू.भे.)

उ०—इळा पिंगळा पूरि कै, मन **सुखमल** कै मांहि। जनहरीया सुख सहज की, इन सेती गम नांहि।—अनुभववांणी

सुखम-सुख–सं.पु.यौ. [सं. सुखम्] जैन मतानुसार अवसर्पिणी काल का प्रथम काल विभाग तथा उत्सर्पिणी काल का छठवां काल विभाग, जिसमें केवल सुख ही सुख हो।

सुखमा–सं.स्त्री. [सं. सुषमा] १ आभा, कान्ति, दीप्ति, शोभा, छवि। (अ.मा; नां.मा.)

२ खूबसूरती, सुन्दरता।

[सं. शुष्मा] ३ ज्योति, प्रकाश।

४ शक्ति, पराक्रम।

५ तेज।

६ सूर्य, रवि।

७ महिमा।

उ०—**सुखमां** वरणूं सुखसागर की, अपनी रुख भेख उजागर की।

निस नाह उछाह पखा सुणियै, सब संत समाज कथा सुणियै ।
—ऊ.का.

८ एक वर्ण वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में नगण, यगण, भगण तथा अन्त में गुरु के क्रम से १० वर्ण होते हैं । (र.ज.प्र.)

९ पक्षी ।

१० देखो 'सुखमा' (रू.भे.) (अ.मा.)

११ देखो 'सुखमरणा' ।

उ०—सास हमारी सुखमा नारी, ससुरो परम संतोख । जेठ जुगत कर जांणियां रे, वाल्हा पीव रह्यो निरदोख ।—मीरां

सुखमादसद—सं.पु. [सुषमाऽदर्शद] परम शोभा का दर्पण, चन्द्रमा ।
(अ.मा.)

सुखमिरण—देखो 'सुखमरणा' (रू.भे.)

उ०—चंद सूर सुखमिरण जांह मेला, नादै विंद समाई । उलटि धरिण गिगन में गरजै, विन बादर भर लाई ।—अनुभववांणी

सुखरम—सं.पु. [सं. सु+ख+रम] सूर्य, भानु ।

उ०—निमो दिव मंम विचार ब्रह्म । निमो किरनाळ निमो सुखरम ।—सूरज स्तुति

सुखरात, सुखराति, सुखरात्रि—सं.स्त्री. [सं. सुखरात्रि] कार्तिक मास की अमावस्या की रात्रि ।

सुखरास, सुखरासि, सुखरासी—वि. [सं. सुखराशि] सर्वथा सुखमय, सुखों का समूह ।

उ०—१ सुक्रत लगन स्वाधीन सदाई, सदा मगन सुखरासी । सनमुख संपत लगत अगिनसी, पराधीन दुख पासी ।—ऊ.का.

उ०—२ गोकुळ की नारी देखत, आनंद सुखरासी । एक गावत एक नाचत, एक करत हासी ।—मीरां

उ०—३ रवि रिपु भवन जकां सुखरासी । अरि अरण कुळ बळ करण उदासी ।—रा.रू.

सुखलापांग—देखो 'सुक्रांग' (रू.भे.) (अ.मा.)

सुखलिणी—देखो 'सुकुलीणी' (रू.भे.)

उ०—नाडी अलियर नीर, भूल्यां जल भागै नहीं । सुखलिणी रे सरीर, वक्र लगागी काछवी ।—अग्यात

सुखलोया—सं.पु.—घोड़ों का एक रोग जिससे पीड़ित होने वाला घोड़ा दुबला हो जाता है और उसकी त्वचा खराब हो जाती है ।
(शा हो.)

सुखवंत, सुखवत—वि. [सं. सुखवत्] सुखी, प्रसन्न, खुश ।

सुखवाणी, सुखवावी—देखो 'सुखाणी, सुखावी' (रू.भे.)

सुखवायोड़ो—देखो 'सुखायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री. सुखवायोड़ी)

सुखवास—देखो 'सुखवास' (रू.भे.)

उ०—१ तासै सुरग सुखवास, गुर फुरमाई चाली । वीसंन जपो ससारि, हुआ हर कारि चाली ।—वि.सं.मा.

उ०—२ हुं आव्यो हो ताहरै पास, वात कही मैं माहरी । हिव दीजै हो मुझ सुखवास, उलट मन मांहि धरी ।—वि.कु.

सुखवासी—देखो 'सुखबासी' (रू.भे.)

उ०—बाहड़मेर रै कांकड़ चारण सुखवासी वसै । रावळ भारमल महेसदास नै पटै ।—नैणसी

सुखसज्या—देखो 'सुखसेज्या' (रू.भे.)

उ०—मांणत पदमणि महल मैं, रसियौ बगसीरांम । सुखसज्या मैं सांभळी, केहर तंडव तांम ।—बगसीरांम प्रोहित री बात

सुखसागर—सं.पु. [सं.] १ ईश्वर, परमेश्वर । (नां.मा.)

उ०—१ हंसा जांनि दुखी सरवर विन, जुग जीवन सुखसागर धरि धरि ।—अनुभववांणी

उ०—२ सदा क्षणभंगुर जांण सरीर, सखा सुखसागर सूं कर सीर । हियै धर नांम अमोलक हीर, विस्वंभर संवर बांधव वीर ।
—ऊ.का.

२ भागवत के अनुवाद का नाम ।

सुखसाजा—सं.पु.—सुख का सामान ।

उ०—संपज 'अजन' सदन सुखसाजा । रांम जनम जिय दसरथ राजा ।—रा.रू.

सुखसाता—सं.स्त्री. [सं. सुख-शांति] १ सुख की उपलब्धि, प्राप्ति, आनंद, मङ्गल, खैरियत, कुशल-क्षेम ।

उ०—१ वांनै जोसीजी माथै सोळै आंनां भरोसो व्हैगो । सुखसाता बूझी ।—फुलवाड़ी

उ०—२ नाळ उतरतां काळजौ होठां लाय बोल्यौ—म्हनै एकर साळ रै मांय जावण दौ । मां-बेटी री सुखसाता तौ पूछ लूं ।
—फुलवाड़ी

२ आरोग्यता, स्वस्थता ।

उ०—१ कनै बैठी समाचार छै । साहजी डीलां में कीसायक है ? सुखसाता है ?—भि.द्र.

उ०—२ दौलति द्यौ सुखसाता, सहुजन मन्न सुहाता राज । जै दिन राता तुझ गुण गाता, तै रहै राता माता राज ।—ध.व.ग्रं.

सुखसार—सं.पु.—१ सुख का सार ।

उ०—रित वसंत सोभंत अंब तर मंजर ओपै । गुल गुलाब सुखसार हार चौसर आरोपै ।—रा.रू.

२ अटारी, अट्टालिका । (अ.मा.)

सुखसेज, सुखसेज्जा, सुखसेज्या, सुखसेझ—सं.स्त्री. [सं. सुख-शय्या] १ किसी की मृत्यु के अनन्तर मृतक के उद्देश्य से उसके संबंधियों द्वारा ब्राह्मणादि को दिया जाने वाला शय्यादान, जिसमें चारपाई, बिस्तर, छाता व कपड़े होते हैं ।

२ आरामदायक शय्या ।

उ०—पिंड प्रांण छूटसी, नाड़ तूटसी करसा । धरा सेझ धारसी, करै सुखसेझ अळगा ।—ज.खि.

२ आरामदायक शय्या।

रू.मे.—सुखसज्या।

सुखसोरठ—सं.पु.—एक राग विशेष। (मीरां)

सुखस्यायक—सं.पु.—कल्पवृक्ष। (नां.मा.)

सुखहारी—वि.—सुख को हरण करने वाला।

उ०—दिली लखै दिगदाह, विगत हित साह विचारी। खर भूकै रव खैंग, स्वांन कूकै **सुखहारी**।—रा.रू.

सुखांछक—सं.पु.—चन्द्रमा, चाँद। (नां.मा.)

सुखांत—वि. [सं.] जिसका अन्त सुखमय हो।

उ०—सुखी वियोग सैं मुखी, दुखी भ्रमैं दिगंत मैं। मुखांत कांत म्लौमुखी, दुखांत तें **सुखांत** मैं।—ऊ.का.

सुखाकर—वि.—सुखकर, सुखदायक।

उ०—पल्ल त्रिभाग विना त्रिक सागर, सोलम सांति जिणंद **सुखाकर**।—ध.व.ग्रं.

सुखाणौ, सुखाबौ—क्रि.स. ['सूखणौ' क्रि. का प्रे.रू.] १ किसी गीले वस्त्र, कागज़ या किसी गीली वस्तु को धूप या हवा में, गीलापन या आर्द्रता दूर करने के लिए फैलाकर रखना।

२ किसी प्रकार से ताप पहुँचा कर या किसी अन्य प्रक्रिया से किसी पदार्थ की आर्द्रता दूर करना।

३ सूखने के लिए डाल देना।

४ पानी सोखने के लिए प्रेरित करना।

५ दुर्बल या क्षीण कर देना।

सुखाणहार, हारौ (हारी), सुखाणियौ—वि०।

सुखायोड़ौ—भू०का०कृ०।

सुखाईजणौ, सुखाईजबौ—कर्म वा०।

सुकाणौ, सुकाबौ, सुकावणौ, सुकावबौ, सुखवाणौ, सुखवाबौ, सूखाणौ, सूखाबौ, सूखावणौ, सूखावयौ—रू०भे०।

सुखायल—सं.पु. [सं.] प्रशिक्षित, सधा हुआ तथा शीघ्र वश में आने वाला घोड़ा।

सुखायोड़ौ—भू.का.कृ.—१ गीलापन या आर्द्रता दूर करने के लिए खुली हवा या धूप में फैलाया हुआ। २ ताप पहुँचा कर या किसी अन्य प्रक्रिया से आर्द्रता दूर किया हुआ। ३ सूखने के लिए डाला हुआ। ४ पानी सोखने के लिए प्रेरित किया हुआ।

(स्त्री. सुखायोड़ी)

सुखारथी—वि. [सं. सुखार्थी] सुख की इच्छा या कामना करने वाला।

उ०—**सुखारथी** स्वारथी जै स्वसुख, दुख प्रारथी वच सदै। वढै जी विद्यारथी विसद, परमारथी वच वदै। ऊ.का.

सुखाळा—वि.—१ प्रसन्नचित्त, खुशमिजाज़।

२ सुखी।

सुखाळी—सं.स्त्री.—१ सुख की अवस्था या भाव।

२ आराम, चैन, खैरियत।

सुखाळौ—वि. (स्त्री. सुखाळी) प्रसन्न, सुखी।

उ०—हंस **सुखाळौ** मांनसर, चुगि मोताहळ खाय। हरीया दूजा ना भखै, लांघणीयौ रहि जाय।—अनुभववांणी

सुखावणौ, सुखाववौ—देखो 'सुखाणौ, सुखाबौ' (रू.भे.)

उ०—म्हारा जीवण मैं सुख री आ एक ई हिलोळ आई, इणनै ई थूं **सुखावणी** चावै।—फुलवाड़ी

सुखावणहार, हारौ (हारी), सुखावणियौ—वि०।

सुखाविप्रोड़ौ, सुखावियोड़ौ, सुखाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

सुखावीजणौ, सुखावीजबौ—कर्म वा०।

सुखावियोड़ौ—देखो 'सुखायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री. सुखावियोड़ी)

सुखावेस, सुखावेसु, सुखावेसू—क्रि.वि.—सुखपूर्वक।

उ०—कहा देस देसू रम प्रदेसू है परमेसू संग ए, दुस्टी विचेसू करि अनेसू खोंस लेसू कंग ए, सोई मरेसू जन निरभेसू **सुखावेसू** आज ए।

—करुणा सागर

सुखासण, सुखासन, सुखासनि—सं.पु.—१ पालकी, डोली, सुखपाल।

उ०—१ हरि हरि उचार नर पुर हुए हेर वार विसमी हुई। उण वार रथी त्रप ऊपड़े आप **सुखासण** आरुही।—रा.रू.

उ०—२ तठा उपरांति राजांन सिलांमति घणां घोड़ा हाथी **सुखासण** रथ पायक जवहर हीरा मोती मांणक सोना रूपा दाइजै दीजै छै।—रा.सा.सं.

उ०—३ दैत्य दमनी हारी राजा जीतियौ, **सुखासण** वैठ दैत्य दमनी घरै आई।—पंचदंडी री वारता

उ०—४ आवइ सकल कलापति व्यापति मांडइ कोडि। वइठा स्वजन **सुखासनि** वासगि धन दिइं कोडि।

—जयसेखर सूरि

२ आरामदायक आसन।

३ पलथी, पालथी।

रू.भे.—सुख-आसन।

सुखि—क्रि.वि.—१ सुखपूर्वक, आराम से।

उ०—मोटउ नगर लोग **सुखि** वसइ, चावउ कुंवर कुळ छइ चिहुं दिसइ। आठ सहस हयवर तसु मिळइ, पंच सहस पायदळ तसु जुडइ।—ढो.मा.

२ देखो 'सुखी' (रू.भे.)

सुखिओ—देखो 'सुखियौ' (रू.भे.)

सुखिणी—वि.स्त्री.—देखो 'सुखी' (रू.भे.)

उ०—हूं जांणू **सुखिणी** करूं रे, परणावूं वर सार रे।

—स्रीपाल रास

सुखिम—देखो 'सूक्ष्म' (रू.भे.)

उ०—सींगी रिख **सूखिम** होय सोख्या, नारद रूप फिराया। संकर

का मन मांही पैठी, नाना भांति नचाया ।—ह.पु.वां.

सुखियारी-वि. (स्त्री. सुखियारी) सुखी ।

उ०—सुख नूं सुखी थी विरजा सुखियारी, दुस्टी आतां ही करदी दुखियारी ।—ऊ.का.

सुखियो-वि.—सुखी ।

उ० —१ सदा वास करि पोढै सुखिया, विसन समंद जांमात वखांण ।—ह.नां.मा.

उ०—२ माहरा सहू इण राज में, थें ही जो दुखिया होय । तो कहो इण संसार में, सुखियो न दीसै कोय ।— जयवांणी

क्रि.वि. —सुखपूर्वक, आराम से ।

उ० —१ साठ कोड़ घर बाहिरै जी, मांहे बहोतर कोड़ । लोग सहु सुखिया वसै जी, रांम क्रस्ण री जोड़ ।—जयवांणी

उ०—२ सखरै महिलै राखवो सुखियो, सखरी भगति सजाई । स्वारथ विण जै करणी सेवा, भलां तणीय भलाई ।

—घ.व.ग्रं.

रू.भे. —सुखिग्रो, सुखीग्रो ।

सुखी-वि. [सं. सुखिन्] १ जिसको किसी प्रकार का दुःख, कष्ट, परेशानी या अभाव न हो, कष्ट व अभाव से सर्वथा मुक्त ।

उ० —१ बळती लू चाली है अर सुखी जीवण में फोड़ी पड़ रै'यो है । —दसदोख

उ०—२ वहेजु वाट वाट में पिता पिता महा वहैं । सुखी सुवाट तैं सदा दुखी दुवाट में दहैं । —ऊ.का.

२ आनन्दित, हर्षित, खुश ।

उ० – प्यारो पंजर भीतरें, ताहि न जांणै कोय । जन हरीया सो जांणिसी, सुखी सुहागिन होय ।—अनुभववांणी

३ संतुष्ट ।

रू.भे. —सुखि ।

सुखीग्रो, सुखीयो—देखो 'सुखियो' (रू.भे.)

उ०—१ जीव जिकै सुखीग्रा हूवा रे, वलि हुस्यइ छइ जेह । तै जिणवर ना धरम थी रे, मति को करज्यो संदेहो रे ।—स.कु.

उ०—२ तांउ ऊपाडिउ घालिउ पाइ पूछिउं कुमुलु युधिस्टिरि राई । भगइ दुरयोधनु अतिग्र सुखीया तुम्ह पाय जउ मइं पणमीया —सालिभद्र सूरि

सुखुपती, सुखुप्ती—देखो 'सुसुप्ती' (रू.भे.)

उ०—१ जाग्रत स्वप्न सुखुपती तुरीया, इनतें अलग रहाया । तीन गुणां जहां उत्पति नाही, पांच भूत नहि काया ।

—श्रीसुखरांमजी महाराज

उ०—२ जाग्रत काया खड़ बड़, सुपनही डोर हलाय । सुखुप्ती मांचेट मैन दे, तो सब परळै होय जाय ।

—श्री हरिरांमजी महाराज

सुखेरी, सुखेड़ी—स.स्त्री.—हरी सब्जी जिसे उबाले या बिना उबाले सुखा-कर शाक बनाया जाता है ।

वि.वि.—ये सब्जियां है : काचरा, मतीरा, ग्वारफली, टींडसी, सांगरी, केर, पांसा, गाजर इत्यादि ।

रू.भे.—सुकेड़ी ।

सुखेण, सुखेन—सं.पु. [सं. सुषेणः] १ एक वानर जो बालि का श्वसुर व धर्म नामक वानर का पुत्र था । राम-रावण-युद्ध में वह राम-पक्ष में था । यह युद्ध-विशारद के साथ ही वैद्यक शास्त्रज्ञ भी था ।

उ०—सुखेणां नळं नील सुग्रीव साथां । हणूं आदि आए मिळै जोड़ि हाथां ।—सू.प्र.

२ एक राजा जो अविक्षित्-पुत्र परिक्षित् राजा का पुत्र था ।

३ विष्णु का एक नामान्तर ।

४ जमदग्नि एवं रेणु के पुत्रों में से एक ।

५ कर्ण का एक पुत्र ।

६ दूसरे मनु का एक पुत्र ।

७ धृतराष्ट्र का एक पुत्र जो भीमसेन द्वारा मारा गया था ।

८ श्रीकृष्ण का एक पुत्र ।

९ देवकी का एक पुत्र जो कंस के द्वारा मारा गया था ।

सुखोपति—देखो 'सुसुप्ती' (रू.भे.)

उ०—जाग्रत सुपन सुखोपति, पांच ग्यांन यंद्री पचीस प्रक्रत लोई ।

—ह.पु.वां.

सुख्ख देखो 'सुख' (रू.भे.)

उ०—१ काया झबकइ कनक जिम, सुंदर केहै सुख्ख । तेह सुरंगा किम हुवइं, जिण वेहा वहु दुख्ख ।—ढो.मा.

उ०—२ कहा घाट वाटू सुख्ख ठाटू मुज वेराटू रांम ए । गुण रांमदासू चरित गासूं नित निवांसूं नांम ए ।—करुणा सागर

सुख्खदाई—देखो 'सुखदायी' (रू.भे.)

उ० —नमो नमांमी अंतरयांमी सरव स्वांमी स्रस्टि ए । वंदौं सदाई सुख्खदाई चित्त आई इस्ट ए ।—करुणा सागर

सुख्खम—देखो 'सूक्ष्म' (रू.भे.)

सुख्याति—सं.स्त्री. [सं.] १ कीर्ति, यश, प्रशंसा ।

२ प्रतिष्ठा ।

सुख्यारत, सुख्यारथ—देखो 'सुक्यारथ' (रू.भे.)

सुगंद, सुगंध—सं.स्त्री. [सं. सुगंधः] १ अच्छी और प्रिय गंध, महक, खुशबू ।

उ०—१ सोनूं सुगंध सोनूं मिळचा, बळिहारी इण वात री । साखात सकति 'इंदर' सुणं, महिमा 'करनळ' मात री ।—मे.म.

उ०— २ नाहर जो गाजिस नहीं, ऐ गज वहता ईस । सर सर कमळ सुगंध री, भमर न मांगिस भीख ।—वां.दा.

पर्याय०—कसबोय, गंध, डमर, वगर, वास, वासना, वासावळी, महक ।

२ गंधक ।

[सं. सुगंधं] ३ चन्दन ।
४ जीरा ।
५ नीलकमल ।
६ गंधेज नामक घास, गन्ध-तृण ।
७ ख़ुशबूदार चीज़ ।
८ चना ।
९ मरुवा ।
१० माधवी-लता ।
११ सफ़ेद ज्वार ।
१२ केवड़ा ।
१३ राल ।
१४ व्यापारी ।
१५ रुसा घास ।
१६ शिला-रस ।
१७ देखो 'सुगंधित' (रू.भे.)
उ०—व्रक्ष वल्ली का परस तैं **सुगंध** हुऔ । लतां कां मन मांहै संकोच छै ।—वेलि टी.
रू.भे.—सगंध, सुंगण, सुगंधि, सुगंधउ, सुगंधी, सूगंध ।

सुगंधउ—देखो 'सुगंध' (रू.भे.)
उ०—तंती नाद तंबोळ रस, सुरहि **सुगंधउ** जांह । आसण तुरी घरि गोरड़ी, किसउ दिसाउर त्यांह ।—ढो.मा.

सुगंध उर—सं.पु.–१ हिरन, मृग । (अ.मा.)
२ कस्तूरिया हिरण ।

सुगंधक—सं.पु. [सं. सुगंधकः] १ चन्दन । (नां.मा; ह.नां.मा.)
२ लाल तुलसी ।
३ पुष्प, फूल । (अ.मा; नां.मा; ह.नां.मा.)
४ नारंगी ।
५ गन्धक ।
वि.—जिसमें ख़ुशबू हो, ख़ुशबूदार ।
उ०—तद मीट लखंत धनंतर री, उड घांण **सुगंधक** अंतर री ।
—पा.प्र.
रू.भे.—सुगंधिक, सुगंधीक ।

सुगंधका—सं.स्त्री.–सोनजुही, कस्तूरी । (अ.मा.)
रू.भे.—सुगंधिका ।

सुगंधता—सं.स्त्री.–फूल आदि ख़ुशबूदार वस्तुओं का गुण-धर्म, महक ।
उ०—केवड़ा केतकी कुंद । यां का वास कौ भार लीयौ छै । **सुगंधता** तौ भार ही मांझ हुई । स्रम हुऔ छै । एही सीतता हुई ।
—वेलि टी.

सुगंधधर—सं.पु.–केसर । (अ.मा.)
वि.—सुगंध को धारण करने वाला, महक़दार ।

सुगंधमल्यका—सं.स्त्री. [सं. सुगंधमल्लिका] मालती । (अ.मा.)

सुगंधा—सं.स्त्री. [सं.] १ तुलसी ।
२ सौंफ़ ।
३ रुद्रजटा ।
४ विजौरा नींबू ।
५ माधवी लता ।
६ काला जीरा ।

सुगंधाई—सं.स्त्री–सुगंध, महक़, ख़ुशबू ।
उ०—तठै रूप **सुगंधाई** सूं काळौ भैरू जाड़ेची रै महल हमेसा आवै ।—जगदेव पंवार री वात

सुगंधाकर, सुगंधाकार—वि.–सुगंध से भरपूर, अत्यन्त सुगंधित ।
उ०—**सुगंधाकरं** सुंदरं फूल सोहै, महाथंभ सौरंभ सिंभू विमोहै ।
—रा.रू.

सुगंधि—वि. [सं.] १ धर्मात्मा, पुण्यात्मा ।
२ ख़ुशबूदार, महक़दार ।
३ मधुर ।
सं.पु. [सं. सुगंधिः] १ परब्रह्म, परमात्मा ।
२ मधुर सुगंधियुक्त आम ।
[सं. सुगंधि] ३ पिपरा मूल ।
४ वन तुलसी ।
५ चन्दर ।
सुमरियोड़ौ—भू.का.कृ.—१ ईश्वर या अपने ईष्टदेव के नाम का वार-वार उच्चारण किया हुआ, नाम जपा हुआ, माला जपा हुआ, भजन किया हुआ । २ किसी कार्य या यात्रा के प्रारम्भ में अपने ईष्टदेव का ध्यान किया हुआ, याद किया हुआ, स्मरण किया हुआ । ३ पूर्व की कोई बात या घटना को याद किया हुआ । ४ भूली हुई बात को याद करने का प्रयास किया हुआ, सोचा हुआ, विचारा हुआ ।

(स्त्री. सुमरियोड़ी)

सुमसायक—सं.पु. [सं. सुमन+सायक] रति-पति, कामदेव । (डि.को.)

सुमसुखड़ौ—सं.पु.—१ वह घोड़ा जिसके सुम सूखकर सिकुड़ गये हों ।

२ उक्त प्रकार का घोड़ों का एक रोग । (शा.हो.)

सुमांण, सुमांणस—सं.पु. [सं. सु+मानस] भला एवं सज्जन पुरुष ।

उ०—१ गलि अमलदार तिरणूं गिणैं, मरणूं डूबि **सुमांणसां** । खळ भांति सिरड़ि मन मैं खिटै, मिटै न टिरड़ि कुमांणसां ।
—ऊ.का.

उ०—२ राजा मित्र म जांणौ रंग, **सुमांणस** रौ करिजै संग । काया रखत तपस्या कीजै, दांन वळै धन सारु दीजै ।—ध.व.ग्रं.

सुमांनी—वि. [सं. सुमांनिन्] स्वाभिमानी ।

सुमाग—देखो 'सुमारग' (रू.भे.)

उ०—चित **सुमाग** खरचियौ, चित्त लीणौं हर पाए । जिसौ वेद वाचियौ, तिसी परसिद्धी पाए ।—नैणसी

सुमात—सं.स्त्री.—श्रेष्ठ माता, पार्वती । (अ.मा.)

सुमात्रा—सं.पु.—वोर्निया के पश्चिम और जावा के उत्तर-पश्चिम में स्थित इण्डोनेशिया द्वीप-समूहों में से एक द्वीप ।

सुमाद्रेय—सं.पु. [सं. माद्रेय] पाण्डु-पुत्र नकुल व सहदेव का एक नामांतर जो उनकी माता माद्री के नाम के आधार पर हुआ ।

सुमार—सं.पु. [फा. शुमार] १ गणना, गिनती, संख्या ।

उ०—१ करै **सुमार** भलाई कितरां, जेट तुमार जमाडी । और खुमार चढी नहीं अंतर, एक दुमार अगाडी ।—ऊ.का.

उ०—२ खिजायौ त्रिनेण प्रळै काळ रौ रिमां घू खंगै, पांखियौ नागेंद्र फतै पाव रौ प्रभाव । लेवाळ अंत रौ गजां धाव रौ **सुमार** लागै, सेल मारू राव रौ क्रतांत रौ सुजाव ।
—राजा वळूतसिंघ रै भाला रौ गीत

२ लेखा-जोखा, हिसाव-किताव, नाप-तोल ।

३ सीमा, हद, पार, पारावार ।

उ०—१ साह रै धन घणौ । विणज रौ **सुमार** नहीं । जहाज हालै ।—पलक दरियाव री बात

उ०—२ जैपुर तैं बगरू कै खेत खूर आया, कूरम की सेनि का **सुमार** हू न पाया ।—शि.वं.

४ अदद, नग ।

५ चोट, प्रहार ।

उ०—केहकां रै **सुमार** लागी छै । जिकां मैं बोलण री तौ वकाय रही नहीं पण मूछां हाथ फेर फेर साथियां नुं कोट मैं पड़ण री सैंन करै छै ।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

५ नाश, संहार, ध्वंस ।

सुमारग—सं.पु. [सं. सु-मार्ग] श्रेष्ठ व उत्तम मार्ग, सन्मार्ग ।

उ०—कुण असली कुण कमसली, तास पटंतर एह । कमसल चलै कुमारगी, असलि **सुमारग** लेह ।—अनुभववांणी

रू.भे.—सुमाग ।

सुमारणौ, सुमारवौ—क्रि.स.—१ गणना या गिनती करना, गिनना ।

२ लेखा-जोखा करना, हिसाव करना ।

३ वर्गीकरण करना, श्रेणी बनाना ।

४ सीमा या हद निर्धारित करना ।

५ चोट या प्रहार करना ।

सुमारणहार, हारौ (हारी), सुमारणियौ—वि० ।

सुमारियोड़ौ—भू०का०कृ० ।

सुमारीजणौ, सुमारीजवौ—कर्म वा० ।

सुमाळी, सुमाली—सं.पु. [सं. अंशुमाली] १ सूर्य, रवि ।
(अ.मा; नां.मा.)

[सं. सुमाली] २ एक राक्षस जो सुकेश राक्षस का पुत्र तथा रावण का नाना था ।

३ एक वानर का नाम ।

सुमित, सुमित्र—देखो 'सुमित्र' (रू.भे.)

सुमिट्ठउ—वि. [सं. सुमिष्ठम्] मधुर ।

उ०—साह आलिम एक वयण, विप्र उच्चरइ **सुमिट्ठउ** । लोयण तैं हेतम कीय, जेणि परि रमणि मुह दिट्ठउ ।—प.च.चौ.

सुमिणइ, सुमिणौ—सं.पु. [सं. स्वप्न, प्रा. सुमिण, सुविण] स्वप्न, सपना ।

उ०—१ रोपीउ पवणिहिं कलपतरौ **सुमिणइ** कुंतिदूयारि, पवणह नंदणु वजमओ भीमुसु भूयण मझारि ।—सालिभद्र सूरि

उ०—२ धनुखु चडावीउ भूयणि भमउं इच्छा छइ मन माहि । वइठउ दीठउ हाथिणीयं सुरवइ **सुमिणा** माहि ।—सालिभद्र सूरि

सुमितरा—देखो 'सुमित्रा' (रू.भे.)

उ०—**सुमितरा**, कौसल्या दुरगा, विद्वतमा वर केकयी । गौरव गाथा घणा नमूना, मदालसा अर मैत्रयी ।—नारी सईकड़ौ

सुमित—देखो 'सुमित्र' (रू.भे.)

सुमिति—१ देखो 'सुमतिजिन'।

२ देखो 'सुमति' (रू.भे.)

सुमित्र—सं.पु. [सं.] १ श्रेष्ठ व अच्छा मित्र।

उ०—चरित्र में विचित्र ज्यूं, पवित्र में पवित्र जै। अमित्र कै अमित्र त्यूं, सुमित्र कै सुमित्र जै।—ऊ.का.

२ श्रीकृष्ण का एक पुत्र।

३ अभिमन्यु के सारथि का नाम।

४ इक्ष्वाकुवंशीय राजा सुरथ का पुत्र।

उ०—सुतरा सुरथ नृप सुमित्र सत्पति, तपसी हुवौ राज तजि भ्रांति।—सू.प्र.

५ विक्रमादित्य के समसामयिक सौराष्ट्र के अन्तिम राजा का नाम। (कर्नल टॉड)

६ देखो 'सुमित्रा' (रू.भे.)

उ०—उदर सुमित्र लछण जीपण अरि, धरै सेस अवतार धुरंधर।—र.रू.

रू.भे.—सुमित, सुमित्त, सुमित्त।

सुमित्रा—सं.स्त्री. [सं.] १ मगध देशाधिपति सूर राजा की कन्या, जो इक्ष्वाकुवंशीय राजा दशरथ की तीन पत्नियों में से एक थी। लक्ष्मण और शत्रुघ्न इसके पुत्र थे।

उ०—निज कौसल्य केकइ सुमित्रा नांम, वरियांम तरा अति हेत वांम।—सू.प्र.

२ श्रीकृष्ण की एक रानी।

३ मार्कण्डेय ऋषि की माता।

रू.भे.—सुमितरा, सुमित्र।

सुमित्रानंदन—सं.पु. [सं.] सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न।

सुमित्रासुत, सुमित्रासुतन—सं.पु. [सं. सुमित्रासुत] सुमित्रा के पुत्र लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न।

सुमियांणो—सं.पु.—मारवाड़ राज्यान्तर्गत सिवाना नामक कस्बे का गढ़ या किला।

सुमिरण—देखो 'स्मरण' (रू.भे.)

उ०—१ राजा विक्रमादित्य आगिया वैताल री सुमिरण कियौ।—पंचदंडी री वारता

उ०—२ ज्वांन अवस्था जोर वहीत, विण जारिया सकैतौ जोर निवारि वै। हरि सुमिरण हिरदै धरौ, विण जारिया चालौ देखि विचारि नै।—ह.पु.वां.

उ०—३ तन सौं सुमिरण सब करैं, आतम सुमिरण एक। आतम आगै एक रस, दादू बड़ा विवेक।—दादूवांणी

सुमिरणी—देखो 'सुमरणी' (रू.भे.)

उ०—हाथ में मोटै मोटै मिणियां री सुमिरणी थी।—पदमसिंहजी री बात

सुमिरणी, सुमिरबौ—देखो 'सुमरणौ, सुमरबौ' (रू.भे.)

उ०—१ रसणां रटै तौ रांम रट, आंमय लगै न अंग। जै सुख चाहै जीव रौ, सुमिर सुमिर स्रीरंग।—ह.र.

उ०—२ अपनी जांणै आप गति, और न जांणै कोइ। सुमिर सुमिर रस पीजियै, दादू आनंद होइ।—दादूवांणी

सुमिरन—देखो 'स्मरण' (रू.भे.)

उ०—थोड़ा धीरज रखौ भगत, संसार असार है अर सुख-दुख का जोड़ा है। साधु संत की सोहब्बत तकदीर वालै कौ मिळती है। सौ मालिक का सुमिरन करौ और प्रेम सैं सीधै खड़े रहौ बेटां।—अमरचूंनड़ी

सुमुख—सं.पु. [सं. सुमुख] १ गणेश, गजानन।

उ०—सुकवि सुमुख पग नाय सिर, हिय थिर आंण हुलास। कुकवि बतीसी ग्रंथ कवि, दाखै बांकीदास।—बां.दा.

२ शिव, महादेव।

३ गरुड़।

४ पंडितजन।

[सं. सुमुखं] ५ नाखून की खरोंच।

वि. [सं. सुमुख] (स्त्री. सुमुखा, सुमुखी) १ मनोहर, सुंदर।

२ आनन्दकर, सुखप्रद।

३ आतुर, उत्सुक।

४ सुंदर मुख वाला।

सुमुखा, सुमुखी—वि.स्त्री. [सं.] सुन्दर मुख वाली, सुन्दरी।

सं. स्त्री.—१ सुन्दर स्त्री।

२ एक अप्सरा।

३ संगीत में एक मूर्छना।

सुमुखौ—वि. [सं. सुमुख] (स्त्री. सुमुखी) सुन्दर मुख वाला।

सं.पु.—आइना, कांच, शीशा।

सुमेधा—सं.पु. [सं. सुमेधस्] १ पितरों का एक गण या भेद।

सं.स्त्री.—२ मालकंगनी।

सुमेर, सुमेरगिर, सुमेरु, सुमेरू—सं.पु. [सं. सुमेरुः] १ पुराणानुसार एक पर्वत जो स्वर्ण का कहा गया है। (अ.मा; नां.मा.)

उ०—१ देतौ अड़व पसाव दत, वीर गोड़ वछराज। गढ अजमेर सुमेर सूं, ऊंचौ दीसौ आज।—बां.दा.

उ०—२ हिंदू मुसलमांन सलांम कर ठाढै, एक तैं एक सुमेर सै गाढै।—रा.रू.

उ०—३ देवी रथ्थ रेवंत सांरग राजै, देवी विमांणं पालखी पीठ ब्राजै। देवी प्रेत आरुढ पद्मं, देवी सागरं सुमेरु गूढ सद्मं।—देवि.

पर्याय.—अचल, आरकगिर, कंचनगिर, कांचनअचळ, गरमेर, गिरपति, देवगर, पंचरूपी, माहव, रतनसांन, मवळ, सुथांनिक, सुरगिर, हेमगिर।

२ माला के सिरे पर रहने वाला बड़ा मनका।

३ शिवजी का नाम।

रू.भे.—मेर, मेरु, समेर, सूंमेर।

सुमोज—सं.पु.—उत्सर्ग, दान। (डिं.को.)

सुमोद—सं.पु. [सं. सु+मोदः] हर्ष, प्रसन्नता, खुशी।

सुमौरत—सं.पु. [सं. सु+मुहूर्त्त] श्रेष्ठ व उत्तम मुहूर्त्त।

उ०—ज्यांरा सोवन थाळ भलांई वजिया, 'पातल' जनम पखैत **सुमौरत** सजिया।—किसोरदांन बारहट

सुयं—देखो 'स्वयं' (रू.भे.)

उ०—**सुयं** विष्णु रुघवंसी राजा, वरण आस्रम ध्रम वांधी पाजा। —वि.सं.सा.

सुयंबर, सुयंवर—देखो 'स्वयंवर' (रू.भे.) (डिं.को.)

सुय—सं.पु. [सं. सूत्र] १ जिनेन्द्र की वाणी या सूत्र।

२ देखो 'स्रुत' (रू.भे.) (जैन)

सुयकरण—सं.पु. [सं. श्रुतकरण] व्याकरण, दूसरी कलाओं आदि का ज्ञान रूप, अवस्था विशेष। (जैन)

सुयक्खंध, सुयखंध—स.पु. [सं. श्रुति-स्कद] वेदों का एक विभाग।

उ०—१ **सुयक्खंध** अध्ययन उद्देसादिक भला हो लाल, संख्यायइं एक एक प्रत्येकइ गुण निला हो लाल।—वि.कु.

उ०—२ एक **सुयखंध** इणि अंग नउजी, वरग छइ आठ अभिरांम। आठ उद्देसा छइ वलीजी, सख्याता सहस पद ठांम।—वि.कु.

सुयगडांग—सं.पु.—'क्रताङ्ग' नामक सूत्र। (जैन)

उ०—स्री आचारांग पहिलौ अग, सहस अढी ए सूत्र सुचंग। **सुयगडांग** बीजौ स्रीकार (सुविचार), संख्या इकवीससै सुविचार। —ध.व.ग्रं.

सुयण—देखो 'सैण' (रू.भे.)

उ०—१ **सुयण** लाखौ सदा सालिम, जगत जांणै वडौ जालिम। लहण भेदां गुणां लाइक, निवड दाता नरां नाइक।—ल.पि.

उ०—२ सिघ भूंभार नरसिंघ रा सींघळी, सूरवट **सुयण** वट भुजै सोहै।—जूंभारसिंह राठौड़ रौ गीत

उ०—३ दंवु न गिणई दैवु, न गिणई पुण्यु नइ पावु। संतापु **सुयण**-ह करई, पुण्यहीन जिम राय रोलई।—सालिभद्र सूरि

सुयस—सं.पु. [सं. सुयश] कीर्ति, यश, बड़ाई, तारीफ़, सुख्याति।

उ०—नाग देव नर तोहि मनावत, पढि पढि **सुयस** पार नहीं पावत। गावत निगम अगम तव गत्ती, स्री करनी जय जयति सकत्ती।—मे.म.

सुयसा—सं.स्त्री. [सं. सुयशा] १ परीक्षित की एक पत्नी।

२ एक अप्सरा।

३ दिवोदास की पत्नी व काशीराज भीमरथ की पुत्र-वधु।

सुयांण—देखो 'सुजांण' (रू.भे.)

उ०—प्रोहित तांम परिछवै, सुणि दसरथ **सुयांण**।—रांमरासौ

सुयुद्ध—सं.पु. [सं.] न्याय-सम्मत-युद्ध, धर्म-युद्ध।

सुयोग—सं.पु. [सं.] १ अच्छा योग, शुभ संयोग, शुभ अवसर या मौक़ा।

२ देखो 'सुयोग्य' (रू.भे.)

सुयोगता—सं.स्त्री. [सं. सु-योग्यता] योग्यता, सुयोग्यता।

उ०—अयोग कौ **सुयोगता**, दई प्रयोग दौ नहीं। लबार कै पुकार की, लगारसी रलौ नहीं।—ऊ.का.

सुयोग्य—सं.पु. [सं.] बहुत योग्य, क़ाबिल, लायक।

रू.भे.—सुजोग, सुयोग।

सुयोधन, सुयोधनि—सं.पु. [सं. सुयोधनः] दुर्योधन का एक नामान्तर।

उ०—१ एहिज परिथई भीरि कजि आयां, धनंजय अनै **सुयोधन**। —वेलि

उ०—२ मरचौ **सुयोधन** गौ भक मारत, आर्य्यवरत्त कौ करगौ आरत।—ऊ.का.

उ०—३ एहु तु पुरोचन नांमि, पुरोहितु दुरयोधनह। तुम्हि वीनविया सांमि, राय **सुयोधनि** पय नमीय।—सालिभद्र सूरि

सुयौ—१ देखो 'सुवौ' (रू.भे.)

उ०—ढोलइ चलतां परिठव्यउ, अगणि मोजां सल्ल। ढोलउ गयउ न वाहुड़इ, **सुया** मनावण चल्ल।—ढो.मा.

२ देखो 'सूवौ' (रू.भे.)

सुरं—१ देखो 'स्वर' (रू.भे.)

२ देखो 'सुर' (रू.भे.)

सुरंग—सं.स्त्री. [सं.] १ किसी मकान, किले या गढ़ के अन्दर से या किसी दीवार के अन्दर से ज़मीन के नीचे-नीचे बनाया हुआ तंग रास्ता जो आपात्-स्थिति में गुप्त रूप से भाग कर सुरक्षित स्थान पर पहुँचने के काम आता है, गुप्त मार्ग, चोर-रास्ता।

उ०—सगरिहिं खणीय **सुरंग** विदुरि दिवारीय दूर लगइ, हुं ऊगारउं अंग ईण ऊपाइं पंडवह।—सालिभद्र सूरि

२ किले की दीवार को उड़ाने के लिए बनाया जाने वाला बड़ा गड्ढा या छेद जिसमें बारूद भर कर पलीता लगाया जाता है।

उ०—१ नीसरणी लागै नहीं, लागै नहीं **सुरंग**। लड़ नहिं लीधां जाय औ, दीधौ जाय दुरंग।—बां.दा.

उ०—२ गढ नै घणी ही खसीया वार दोय **सुरंग** लगाई सु दखल गढ नुं पोहोतौ, पिण गढ नहीं आयौ।—नैणसी

३ चोरी करने के लिए मकान की दीवार में किया जाने वाला बड़ा छेद, सेंध।

४ खान (पहाड़) से पत्थर निकालने के लिए विस्फ़ोट करने बावत किया जाने वाला छोटा गड्ढा जिसमें बारूद भर कर धमाका किया जाता है।

उ०—ओदी उघरै मिनख, खोदवै ख्यारां भारी। कोलै कंवळी रेत, खांणरी **सुरंगां** सारी।—दसदेव

५ पहाड़ की गुफ़ा, गिरि-कन्दरा।

उ०—सुरंगां तणी हाल हूं आव माहें, महा हेमरा धाम आराम माहें।
—सू.प्र.

६ रेल आदि के लिए पहाड़ को फोड़कर बनाया हुआ रास्ता।

न.पु.—७ अच्छा रंग, अच्छा वर्ण।

उ०—भरिया रंग सुरंग भाठवड, लंबीया ताड़ अवर लगस। अहर उलगा ओपिया अनोपम, रमगा जुडीया तबोळ रस।
—महादेव पारवती री वेलि

८ सूर्य के रथ का सारथी, अरुण।

उ०—अनगीन मग उरस चंचळ, मातहमुख चालै। सुरंग पंग सारथी, हेक चक्रह रथ हालै।—सू.प्र.

९ (लाल) रंग विशेष का घोड़ा।

उ०—१ मोती सुरंग कमेत, लखी अबलख फुलवारी। रंग जड़ाव हमरंग, हरी मनहरी हजारी।—सू.प्र.

उ०—२ मेटिया केइक पीळा पमंग, मोन रै कइक धूसर सुरंग। अरा थाग वेग केई भंवर अंग, रेसमी पोत किरमची रंग।—पे.रू.

१० घोड़ा, अश्व। (ना.डि.को.)

उ०—जमावत सूर 'सुभै' अजरंग, मझै जुध बीच गरक्क सुरंग।
—सू.प्र.

११ प्रत्येक चरण में २८ मात्राओं का एक छन्द विशेष।

उ०—दाखा मात्र अठार दस, एक चरण री अंग। ब्रनवां लाखो वीरवर, मधरां छंद सुरंग।—ल.पिं.

१२ आनन्द, सुख।

उ०—निरधारचा नै थै आधार, भवसायर ऊतारै पार। आरती यांनी आरत भंग, धरै ध्यांन तै लहै सुरंग।—वृ.स्त.

वि. (स्त्री. सुरंगी) १ उत्तम, श्रेष्ठ।

उ०—वळती मारवणी कहइ, मारू देस सुरंग। बीजा तउ सगळा भला, माळव देस विरंग।—ढो.मा.

२ अच्छा, बढ़िया।

उ०—१ ताय सुरंग वान कहिवै, तगी दोग त्रिरंगी दहन री। उर जेज धरी स करी उरड़, ऊनी तेज अगन्न री।—रा.रू.

उ०—२ तप ऊजमणै रजतपालणां, सोवन पूतली चंग। मोदक थाल देहरै मूंकी, जिनवर स्नात्र सुरंग।—वृ.स्त.

३ सुन्दर, सुडौल।

उ०—१ जिण मुखि नागरबेलड़ी, करहउ एह सुरंग। मांगळोर वाड़ी चरइ, पांणी पीवइ गंग।—ढो.मा.

उ०—२ रजंग ब्रप अंग सुरंग चतुरंग, सीन संग करि खतंग सारंग।—सू.प्र.

४ अच्छे रंग का, सुन्दर रंग का।

५ जोशपूर्ण, जोशीला।

उ०—तेरैई सास्त्र कमंध मिळ, सुत्र सीनंग 'दुरंग'। मीर कमंधां धीर मिळ, थया सधीर सुरंग।—रा.रू.

६ रक्ताभ, लाल।

उ०—१ निज अंग झळक दीप फानूसां, सुरंग जरी पोसाप झळूसां।—सू.प्र.

उ०—२ केवी भूप रायसिंघ कोपीवै, जुड़ लागां मुह कीध जुवा। रातळ सुरंग हुई भखती रत, हाली भाखर सुरंग हुवा।
—द.दा.

उ०—३ बाहां वाधै राठवड़, विगर सनाहां अंग। वागा केसर भारिया, हुयगा स्रोण सुरंग।—रा.रू.

६ सुन्दर, सुहावना।

उ०—१ सझ पोसाक सुरंग दळ साजा, राज पटण आए चंद राजा।—सू प्र.

उ०—२ जरै गजारुढ प्रांमार सिंह उरग, असि चलाय आपरा। सुरंग हौदा रै बरब्बर कढती, दहिया रौ तुरंग दळियौ।—वं.भा.

७ स्वच्छ, साफ़।

८ अनूठी, उक्तिवाला।

९ शुभ।

उ०—सुरंग महूरत सुभ घड़ी, इळ प्रगट्यौ 'अजमाल'। आगम दरसण आवियौ, हाडौ दुरजण साळ।—रा.रू.

१० मधुर, मीठा।

सुरंगइ, सुरंगई, सुरंगउ, सुरंगलौ—देखो 'सुरंगी' (रू.भे.)

उ०—१ बावहियउ पिउ पिउ करइ, कोयल सुरंगइ साद। प्रिय तिण रुति आळिंग रह्यां, ताह सुं किसउ सवाद।—ढो.मा.

उ०—२ देस सुरंगउ भुइं निजळ, न दियां दोस थळांह। घरी घरी चंद-वदनियां, नीर चढइ कमळांह।—ढो.मा.

उ०—३ सांवणियौ सुरंगलौ रै लाल, आसी वीरी कन्हैयालाल पांवणौ।—लो गी.

सुरंगियौ—देखो 'सुरंगौ' (अल्पा; रू.भे)

सुरंगी—वि.स्त्री.—१ हंसी-खुशी, उत्साह-उमङ्ग से भरपूर, आनन्दमय।

उ०—१ औरां रै तीज सुरंगी होसी, म्हांरै घर रहसी रंग कानी।
—लो गी.

उ०—२ माल मता अर जगां सेठाई रै पगां, सदा सुरंगी रैती आई ही।—दसदोख

२ हरी-भरी।

उ०—१ उण वगत वौ किरियौ तौ बीकानेर सूं घांटी रौ फटकारौ देतौ अर अेकरण ठौड़ बैठौ ई नित मंडोवर री सुरंगी वाड़ी चर जातौ।—फुलवाड़ी

उ०—२ देखि सुरंगी डाळि, जांणूं जाइ विलगुं जसा। आस करूं हूं आलि, करम विना मिलवौ किसौ।—जसराज

३ सुन्दर, आकर्षक।

उ०—१ मारवणी सिणगार करि, मंदिर कूं मल्हपंति। सखी सुरंगी साथ करि, गयंगयणी गय गंति।—ढो.मा.

उ०—२ सदा सुरंगी कांमणी, वरसां सदा जवार। जुग जुगंतर जावतां, कुंवरां वरस अठार।—वि.सं.सा.

४ आरामदायक, सुखदायक।

उ०—इसड़ी वधावौ म्हांरी सेजा मैं राखां, सेज सुरंगी ढोल्यौ नित नवौ।—लो.गी.

५ अच्छे रंग वाली, सुन्दर रंग की।

उ०—१ पेच सुरंगी पाग रा, ढांकै मत धर ढाल। काछी चढ आछी कहूं, हंजा भीजण हाल।—बां.दा.

उ०—२ हालतां हालतां मारग मैं मोचीं री हाट आई। चौवा री सुरंगी मोचड़ियां देखी तौ बादळ रौ मन डुळियौ।—फुलवाड़ी

६ देखो 'सुरगौ' (रू.भे.)

सुरंगीयौ—देखो 'सुरंगौ' (अल्पा; रू.भे.)

उ०—भूलूं नह कुळवाट सुभाए, असी सुरंगीयै खग आए।

—सू.प्र.

सुरंगौ—वि. [सं. सुरंग] (स्त्री. सुरंगी) १ सुन्दर, मनोहर।

उ०—१ छत्रा रूप छवि परख, सरब चख वदन सुरंगै। यौं लग्गै रमरुप, आखिर फिर कागद अग्गै।—रा.रू.

उ०—२ टूंच अर पंजां मैं रंग भर-भरनै चित्रांम मांडणा चालू करचा, सौ छात, आंगणौ, छाजा, मोड़ा अर गुमटियां माथै सगळै सुरंगा मांडणा मांड दिया।—फुलवाड़ी

उ०—३ उर धण हुळसण हरख मन, रीझण खीजण रूप। लाज सुरंगा लोयणां, राजै अंग अनूप।—अग्यात

२ आनन्दमय, सुखमय।

उ०—१ नरपति आयौ 'जैनगर', निज उर हरख निवास। सुपह सुरंगौ सासरै, लग्गौ सांवण मास।—रा.रू.

उ०—२ वा डुसकिया भर-भर नै रोवण लागी। आंख्यां रै डोळां मैं कुरचोड़ा सुरंगा सपना खारौ पांणी वणनै ढळग्या। पण मासी री आंख्यां मैं वस्योड़ा सोनळ सपना हाल मगसा नीं पड़चा।

—फुलवाड़ी

३ उत्साह, जोश व उमङ्ग से पूर्ण, उत्साह-युक्त।

उ०—धन्य कह्यौ सब ऊमरां, साहंस देख प्रचंड। हुवा सुरंगा वांण सुण, भुज लागा ब्रहमंड।—रा.रू.

४ रक्ताभ, लाल।

उ०—१ वसुधा स्रोण सुरंगी तुरियां, धसळ विथुरी रैंण। आदू चपळ सहावौ हुइ. रत्ती हुइ अणरतह।—गु.रू.बं.

उ०—२ कळ रोद्रां वळ दाख कमंधां, कीधा खग्ग सुरंगा कंधां।

—रा.रू.

उ०—३ भिड़ै रत्थ चांचा नखां भांजि भारौ, सुरंगौ कियौ रांण रौ गात सारौ।—सू.प्र.

५ अच्छे रंगों का सुन्दर रंगों का।

उ०—१ पकवांनै पांनै फळै सुपुहपै, सुरंगै वसत्रै दरव स्रव। पूजियै कसटि भंगि वनसपती, प्रसूतिका होळिका प्रव।

—वेलि

उ०—२ नाभी गुलाब रा फूल ज्युं दरसी, रति जांणै अनंग री निजर करसी। सुरंगा चीर मै चूड़ौ झमकै छै। जांणै झींणा बादल मैं वीजळी चमकै छै।—पनां

६ प्रफुल्लित, प्रसन्न।

उ०—काया झवकइ कनक जिम, सुंदर केहै सुख्ख। तेह सुरंगा किम हुवइं, जिण वेहा बहु दुख्ख।—ढो.मा.

७ शुभ।

उ०—कर क्रपांण मोरत किसूं, आखै सूर अवीह। रण मर स्वरग सिधावणौ, सुतौ सुरंगौ दीह।—बां.दा.

८ श्रेष्ठ, उत्तम।

९ अच्छा, बढ़िया।

उ०—चोखौ केलू हेरै तौ ध्यांन तौ सुरंगै रंग रौ इज ठहरचौ—इम कहिनै समझायां समझ गया।—भि.द्र.

१० स्वच्छ; साफ़।

११ मधुर, प्रिय।

१२ रसिक।

१३ सुशोभित।

उ०—१ धाट सुरंगौ गोरियां, आदू कहवत एह। पदमणियां हमरोट व्है, राख म संसौ रेह।—बां.दा.

उ०—२ इसड़ौ वधावौ म्हारै घूंघट पर राखां, घूंघट सुरंगौ चूनड़ नित नवी।—लो.गी.

१४ हरा-भरा।

रू.भे.—सरंगौ, सुरंगइ, सुरंगई, सुरंगउ सुरंगलौ।

अल्पा;—सुरंगियौ, सुरंगीयौ।

सुरंद—देखो 'सुरेंद्र' (रू.भे.)

उ०—१ महा मदंध आसुरां, सुरंद चाउ मारणा। त्रिलोक नाथ गोह, ग्राह ग्रीध आद तारणा।—र.ज.प्र.

उ०—२ हीरां कौ रूप देख, सुरंद मन मैं जांणै छै। धन्य छै ऊ पुरुस (जु) इं नारिनै महल मैं मांणै छै।

—वगसीरांम प्रोहित री बात

सुरंपत, सुरंपति—देखो 'सुरपति' (रू.भे.).

उ०—रावळ वापा जसौ रायगुर, रीझ खीज सुरंपत री रूस।

—वारुजी सोदौ

सुरंभ—देखो 'सौरभ' (रू.भे.)

उ०—वाजै सीतल वाय रै र०, लहरी आवै रै सुरंभ तणी घणी रै। कहतां न वणै काय रै र०, सबली रे सोभा वन मांहै वणी रे।

—वि.कु.

सुरंभी—देखो 'सुरभि' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

सुर—सं.पु [सं.] १ देवता, देवगण।

उ०—१ सगी ससीला कत री, पूरी एह प्रतीत। कै जासी सुर अंतरै, कै पासी रस जीत।—बां.दा.

उ०—२ सिव संभव सिव रूप सुरेसुर, सिव गुण दियण प्रणांम सदै सुर।—ना.द.

२ ऋषि, मुनि, महात्मा।

३ सूर्य, रवि।

४ आकाश।

५ विद्‌वजन, पंडित।

६ हिन्दू, आर्य।

उ०—१ हट छोड़ी हर मत करो हूरां, नर हिंदू छै तुरक नहीं। वासीवध केसरी वागी, सुर सोहड़ राठौड़ सही।

—हठीसिंह जोधा री गीत

उ०—२ लड़थड़ै पड़ै कै धर लड़ै, एम असुर सुर आथड़ै।

—सू.प्र.

उ०—३ आराव साथ वह सुर असुर, फबै गजां धज फरहरां। आगरा हूंत चढियो 'जसो', कीधां विकटां लसकरां।—सू.प्र.

उ०—४ राठौड़ मौड हिंदुवांण सिरि, महा द्रुग्ग गढ जोधपुर। गजसिंघ कुवर घप सूरसिंघ, सहुवै पंदै सुर असुर।—गु.रू.बं.

७ परमार राजपूतों की एक शाखा। (बां.दा.ख्यात)

८ ठगण के प्रथम लघु मात्रा का नाम। (डि को.)

९ टगण के चतुर्थ भेद का नाम। (र.ज.प्र.)

१० तैतीस की संख्या। (डि.को.)

११ राग,धुन।

उ०—गत ग्रत करि मिथू सुर गावै, वयंड सूंडची भेर वजावै।

—सू.प्र.

१२ देखो 'स्वर' (रू.भे.) (डि को; ह.नां.मा.)

उ०—१ हिरण रहै थिर होय, वीणा सुर सूं वांकला। जिण कारण सूं जोय, पारधियां पांनै पड़ै।—बां.दा.

उ०—२ गहकै आरंगपुर, सारंग सुर गावै। वांणिक दीठांई नीठां, वणि आवै।—ऊ.का.

उ०—३ भूं भुहरा सुर कोकला, कंठ कपोत ठार। खंजन चपळा टगह पर, ए पंखी लक्षण च्यार।—हो.मा.

उ०—४ राग-रंग हुवै छै। छह राग, तीस रागणी। मूरतवंत खड़ा हुवा छै। सात सुर तीन ग्रांम री भेद वणियां छै।

—रा.सा सं.

सुरश्रंगना—सं.स्त्री. [सं.] अप्सरा।

सुरआळ, सुरआळय—सं.पु. [सं. सुर+आलय] देवताओं का निवास स्थान, स्वर्ग। (अ.मा; नां.मा.)

उ०—चारू चोहटा चार दिस, वणिया हाट विसाळ। मणिमंडत कंचन मई, सबै जिसै सुरआळ।—गज-उद्धार

—देखो 'सुरेंद्र' (रू.भे.)

उ०—वरै रंभ वैसि रथां रण विद, अघो-अघ राज लियै सुरइंद।

—सू.प्र.

सुरईस—देखो 'सुरेस' (रू.भे.) (डि.को; ना.डि.को.)

सुरश्रोक—सं.पु. [सं.] स्वर्ग, वैकुण्ठ। (डि.को.)

सुरकंत—सं.पु. [सं. सुरकांत] इन्द्र। (डि.को.)

सुरक—सं.पु. [सं. स्वर्ग] स्वर्ग, वैकुण्ठ।

उ०—सरव लघु नगण आयुस द्रवण सुर सुरक। तात विध सावित्री कनक रंग तैण।—र.रू.

२ घबराने या डरने की क्रिया या भाव, डर, घबराहट।

उ०—१ लोगां रै हीयै अस्टपौर मासी रै घर.री सोरकी रैवती। मन सुरक सुरक करतौ।—फुलवाड़ी

उ०—२ अबै चोरी नीं करनै इज्जत सूं ठायो अपड़लां तौ सावळ! जीव अस्टपोर सुरक सुरक करै।—फुलवाड़ी

३ चिंता, फ़िक्र।

उ०—थूं क्यूं सुरक-सुरक करै, म्हारी अकल माथै थनै भरोसौ कोनीं।—फुलवाड़ी

४ धड़कने या फड़कने की क्रिया या भाव।

उ०—बाप री तौ हाड हाड कुळतौ हो। वो तौ ऐड़ी डरचो कै काळजो सुरक-सुरक करण लागो।—फुलवाड़ी

५ सुड़क-सुड़क कर पानी पीने की क्रिया।

६ देखो 'सुरख' (रू.भे.)

उ०—फजर ऊगा समा गजां नैजा फरक, येळा उड रजी असमांन ढकियो अरक। सुर सब अछर वेताळ नारद हरक, सुतन 'अजमल' कठी नयण कीधा सुरक।—मेघराज आढौ

सुरकणौ, सुरकबौ—क्रि.अ.—१ डरना, घबराना।

२ धड़कना, फड़कना।

३ चिंता होना, सोच करना।

४ सुड़क-सुड़क कर धीरे-धीरे पीना।

५ ऊपर की ओर हवा के साथ धीरे-धीरे खिंचना।

सुरकणहार, हारौ (हारी), सुरकणियौ—वि०।

सुरकिश्रोड़ौ, सुरकियोड़ौ, सुरक्योड़ौ—भू०का०कृ०।

सुरकीजणौ, सुरकीजबौ—भाव वा०।

सुरकन्या—सं.स्त्री. [सं.] १ देवबाला, देव कन्या।

२ अप्सरा।

सुरकरिप्रसठ—सं.पु. [सं. सुरकरिप्रष्ठ] सूर्य, भानु। (अ.मा.)

सुरकरी—सं.पु. [सं. सुरकरिन्] १ इन्द्र का हाथी।

२ दिग्गज।

सुरकली—सं.स्त्री.—एक रागिनी का नाम। (संगीत)

सुरकांनन—सं.पु. [सं. सुर+कानन] देवताओं का वन, नन्दन वन।

सुरकांमणी, सुरकांमिणी—सं.स्त्री. [सं. सुर+कामिनी] अप्सरा।

उ०—केवी मुद्दर पूठि सुर-कांमिणी, जडाधार पासै व्योम

जोगिणी।—गोकुल राठौड़ री गीत

सुरका-दुरकी–सं.स्त्री.–किसी बात को इधर उधर करने की क्रिया, दौत्य कर्म, चुगली।

उ०—खिलवत हास खुसांमदी, **सुरकादुरकी** सांग। किसव लियां ए कुकवियां, माहव हूता मांग।—बां.दा.

सुरकियोड़ौ–भू.का.कृ.–१ डरा हुआ, घबराया हुआ। २ धड़का हुआ, फड़का हुआ। ३ चिंता या सोच-फ़िक्र किया हुआ। ४ सुड़क-सुड़क कर पीया हुआ। ५ हवा के साथ धीरे-धीरे ऊपर की ओर खिंचा हुआ।

(स्त्री. सुरकियोड़ी)

सुरकी–सं.पु.–सोलंकी राजपूतों की एक शाखा।

सुरकुंभ–सं.पु. [सं.] देवताओं का कलस, देव-घट।

उ०—पूरें प्रभु आस सदा परतख, वदां **सुरकुंभ** किना सुरवक्ष।
—ध.व.ग्रं.

सुरकेतु–सं.पु. [सं.] १ इन्द्र।

२ देवताओं की ध्वजा।

सुरक्ष–सं.पु [सं.] १ एक मुनि।

२ एक पौराणिक पर्वत।

वि.–रक्षित, सुरक्षित।

सुरक्षा–सं.स्त्री. [सं.] १ रक्षा, हिफ़ाज़त।

२ देखभाल, संभाल।

सुरखंडनिका–सं.स्त्री. [सं.] एक प्रकार की वीणा।

सुरख–वि. [फा. सुर्ख] १ लाल, रक्ताभ।

उ०—१ किरमजी रेसम कै तणाव दियैं, जोतिकै वीचतैं **सुरख** डोरि कैसी खुली। तारा मंडळ तैं और धार सुरसती की चली।
—सू.प्र.

उ०—२ वोलीयौ **सुरख** चख कीयां चांपौ वयण, भड़ां पग मांड जोस धर दीण री भुयण। लाभ छत्री धरम वहोससत्रां लयण, गाज नाळं धरर धुवां ढकीयौ गयण।—रिवदांन बारहठ

उ०—३ **सुरख** सरोरुह खंडळियां सुख साजही, कै अरुणोदय कांति रही मिळी राजही।—बां.दा.

२ क्रोध पूर्ण, रोशपूर्ण।

सं.पु–१ तांबा। (अ.मा.)

२ एक प्रकार का शुभ रङ्ग का घोड़ा। (शा.हो.)

रू.भे.—सुरक।

अल्पा;—सुरखौ।

सुरखरू–वि. [फा.] १ सफल, क़ामयाब।

२ सम्मानित।

उ०—लोकां सूं ठीक कीयौ, परदेसै माल विकीयौ। नांणों आयौ। सिगळां सुं **सुरखरू** हूवौ, सरब थोक घरै हुवा।
—सतरी वांधी लिखमी री वात

सुरखांनी–वि.–रक्ताभ, लाल।

उ०—कमळा रेसमी नारंगी पैवंदूका हूंनर अदभूत, रोसनी हमरांनी **सुरखांनी** सहतूत।—सू.प्र.

सुरखाब–सं.पु. [फा. सुर्खाब] १ चकवा नामक पक्षी।

२ लाल परों का पक्षी विशेष।

वि.–लाल।

उ०—नदि नांम अगैं कहता निलाव, **सुरखाब** होय उभळै सताव।
—सू.प्र.

३ ब्राह्मणी बलख।

सुरखिया बगलौ, सुरखिया बुगलौ–सं.पु.–बुगले का भेद विशेष।

सुरखी–सं.स्त्री. [फा. सुर्खी] १ अरुणिमा, लालिमा।

उ०—लड़वा भुज अंबर जाय लगा, जिणवार फुणावण सेस जगा। **सुरखी** मुख मूंछ बुहार चली, किरदंत वराह खड़ी कंवली।
—पा.प्र.

२ नाराज़गी, गुस्सा।

उ०—तद कुंवर क्यूं **सुरखी** कर कही जै हूं पूछूं उवा तौ वात बोलौ नहीं।—कुंवरसी सांखला री वारता

३ इमारत आदि बनाने में काम आने वाला ईंटों का महीन चूरा।

उ०—पकै ढूंढ़ियां ईंट चूनौ, **सुरखी** हळकी फूल घुट। ठंठेरा लुहारा सारा, लोह चढावै लाल चुट।—दसदेव

सं.पु. [फा. सुर्ख] १ वह घोड़ा जिसकी दुम लाल हो।

२ वह घोड़ा जिसका रङ्ग सफ़ेदी या भूरापन लिये काला हो।

सुरखौ–सं.पु. [फा. सुर्ख] १ लाल रङ्ग का कबूतर।

२ देखो 'सुरख' (अल्पा; रू.भे.)

उ०—सुत कल्यांण साहि भुज सुजड़ां, अर समहर साझै औनाड़। चुगती चोळ थई चांचाळी, पसरी **सुरखा** हुआ पहाड़।
—धोळूजी बीठू

सुरग—देखो 'स्वरग' (रू.भे.)

उ०—१ भागीरथ सुत जिण तप अभंग, गौ **सुरग** अहुति जिण आंणि गंग।—सू.प्र.

उ०—२ जाजुल गोळा ज्वाळ, गरज जिण काळ उगल्लै। त्रासै **सुरग** पताळ, दिगज दिगपाळ दहल्लै।—मे.म.

उ०—३ तौ सुरसरी तरंग, कूंची **सुरग** कपाट री। ऐथ पखाळै अंग, जग मैं धिन मांनख जिकै।—बां.दा.

सुरगज–सं.पु. [सं.] इन्द्र का हाथी, ऐरावत।

रू.भे.—सुरगय।

सुरगण–सं.पु. [सं.] १ देवगण, देवतागण। (अ.मा.)

२ देखो 'सगुण' (रू.भे.)

उ०—भुख न भागी भेन गयौ, तिण चर तिण तहां जाय। **सुरगण** तिण सुख छाडि करि, यस निरगुण का गुण गाय।—ह.पु.वां.

रू.भे.—सुरियण।

सुरगति–सं.स्त्री. [सं.] १ देवयोनि, दैवीगति ।
 उ०—सती सती सगस लियो रे, पांच मैं सिरदार । चोखी पाली सुरगति सही रे, करसी सेवी पाती रे ।—जयवांणी
 २ भाग्य ।

सुरगनदी–देखो 'स्वरगनदी' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

सुरगपत, सुरगपति, सुरगपती—देखो 'स्वरगपति' (रू.भे.) (डि.को; ह.नां.मा.)

सुरगपहाड़–सं.पु. [सं. स्वर्ग-पहाड़] सुमेरु पर्वत ।

सुरगपाताळी–सं.पु.–वह सींग वाला पशु जिसका एक सींग आकाश की ओर तथा दूसरा सींग भूमि की ओर झुका हुआ हो । (अशुभ)

सुरगपुर, सुरगपुरी—देखो 'स्वरगपुरी' (रू.भे.)

सुरगबाळी–सं.स्त्री.–कान का एक आभूषण ।

सुरगवेसां, सुरगवेस्या–सं.स्त्री. [सं. स्वर्गवेश्या] अप्सरा ।

सुरगमंदाकनी, सुरगमंदाकिनी—देखो 'स्वरगमंदाकिनी' (रू.भे.)

सुरगय—देखो 'सुरराज' (रू.भे.)
 उ०—सेस हिमालय संग, सुरगय हय नय पय दरस । रुद्र सिलोचय रंग, जय जय लखवरीस जस ।—बां.दा.

सुरगरंद–सं.पु [सं. सुर-गिरि] सुमेरु पर्वत ।

सुरगरंद-माळा–सं.स्त्री. [सं. सुर-गिरी-माला] सुमेरु पर्वत की श्रेणी ।
 उ०—भड़ज बादळ सबळ बीज साबळ झळक, खळक जळ रुधर घट नाळ खाळा । वार सुरतांण दळ अकळ खूटा वरस, 'माल' हर सीस सुर-गरंद-माळा ।—अजवी बारहठ

सुरगर—१ देखो 'सुरगुरु' (रू.भे.)
 २ देखो 'सुरगिरि' (रू.भे.)

सुरगलोक—देखो 'स्वरगलोक' (रू.भे.)

सुरगवधू—देखो 'स्वरगवधू' (रू.भे.)

सुरगवास—देखो 'स्वरगवास' (रू.भे.)
 उ०—दोनूं बेटा परण्या-पांत्या हा, माईतां री **सुरगवास** व्हियां जणा थाट सूं लारै औसर-मौसर करचा ।—फुलवाड़ी

सुरगवासी—देखो 'स्वरगवासी' (रू.भे.)

सुरगविहारी—देखो 'स्वरगविहारी' (रू.भे.)

सुरगसार–सं.पु. [सं. स्वर्गसार] चतुर्दश ताल के चौदह भेदों में से एक । (संगीत)

सुरगाह–सं.पु.–तोता, कीर । (अ.मा.)
 रू.भे.—सुरगाह ।

सुरगांम–सं.पु. [सं. स्वर-ग्राम] स्वर-ग्राम ।
 उ० अंबपुर नाथ सूं बैठ सनमुख अडर, प्रगट **सुरगांम** उतपति सिधांणी ।—सिवनाथसिंह मेड़तिया री गीत

सुरगादि–सं.पु (ब.व) [सं. स्वर्ग-आदि] स्वर्ग-लोक-समूह ।
 उ०—सप्त पाताळ जीव जंत सुरगादि मैं, सकळ ही देखीया है तांन भागे ।—अनुभववांणी

सुरगापगा–सं.स्त्री. [सं. स्वर्गापगा] स्वर्गगंगा, मंदाकिनी, गंगानदी ।

सुरगापुर, सुरगापुरि–सं.पु. [सं. स्वर्ग-पुर] स्वर्ग धाम, वैकुण्ठ धाम ।
 उ०—१ पार गिराएं झंभराय वस; **सुरगापुर** सुहांवणौ । —वि.सं.सा.
 उ०—२ वीर वटाऊ भाइया, म्हांनै पीहर पंथ वताय । डावी डांडी परहरौ, जीवणौ **सुरगापुरि** जाय ।—वि.सं.सा.

सुरगायक–सं.पु. [सं.] देवताओं के गायक, गंधर्व ।

सुरगायत–सं.पु.–स्वर्ग, वैकुण्ठ ।

सुरगारोहण–सं.पु. [सं. स्वर्गारोहण] स्वर्ग या वैकुंठ की ओर किया जाने वाला गमन ।

सुरगाह–सं.पु. [सं. सुर+गाथा] १ देवताओं की कथा ।
 २ देखो 'सुरगह' (रू.भे.)

सुरगि—देखो 'स्वरग' (रू.भे.)
 उ०—रतंन काया **सुरगि** सोहै, छोडि जीव संसार नै । हंसि मिळी मौ मिण करौ इकांयत, मेल्यसी करतार नै ।—वि.सं.सा.

सुरगिर, सुरगिरि, सुरगिरी–सं.पु. [सं. सुरगिरि] सुमेरु पर्वत । (अ.मा; नां.मा; ह.नां.मा)
 उ०—दीठउ **सुरगिरि** क्षीरहरौ, सुमिणइ सिरि रवि चंद । जनमि युधिष्ठिरराय तणइ, मिलीया सुखइ विंद ।—सालिभद्र सूरि
 वि.–पीला ।* (डि.को.)

सुरगी–वि. [सं. स्वर्गीय] स्वर्ग का, स्वर्ग सम्बन्धी ।
 सं.पु.–१ स्वर्ग का निवासी, देवता, सुर । (डि.को.)
 २ देखो 'स्वरग' (रू.भे.)

सुरगीनदी—देखो 'स्वरगनदी' (रू.भे.) डि.को.)

सुरगुण, सुरगुन—देखो 'सगुण' (रू.भे.)
 उ०—१ त्रिगुण न्यारौ नांव है, **सुरगुण** विनां न पाय । किस कुं नदीयै वंदीयै, हरीया पिता'र माय ।—अनुभववांणी
 उ०—२ मन कै भोळै तन गहै, गोविंद भोळै ध्यांन । निरगुन के भोळै करै, हरीया **सुरगुन** ध्यांन ।—अनुभववांणी

सुरगुर, सुरगुरु, सुरगुरू–सं.पु. [सं. सुर-गुरु] १ देवताओं के गुरु, बृहस्पति । (अ.मा.)
 २ बृहस्पति नामक ग्रह । (अ.मा.)
 उ०—१ अनग्रह भवन करूरै आवै,दसमै जो **सुरगुर** दरसावै । दुसह तोड ग्रह जोर न दाखै, रक्षा जीव परख डर राखै ।—रा.रू.
 उ०—२ निरख छठै रिपु ग्रह ससिनंदण, कुळ मातुळ सुख अरी निकंदण । राज भवन **सुरगुर** सुभ राजै, विसव छत्र आंण विराजै । —रा.रू.
 ३ बृहस्पतिवार, गुरुवार ।
 उ०—सोमां सुकरां **सुरगुरां**,जो चंदौ उगंत । डंक कहै सुण भड्डळी, जळ थळ एक करंत ।—वर्षा विज्ञान
 ४ पीतवर्ण, पीला ।* (डि.को.)

रू.भे.—सुरगर, सुरगरि, सुरगुरु, सुरगुरू।

सुरग्यांन, सुरग्यांनी—देखो 'सुग्यांनी' (रू.भे.)

उ०—१ जमुना कै नीरै तीरै, धेनु चरावै सब ही कै **सुरग्यांन**। वंसी वजा मेरौ मन हर लीन्हौ, मार बिरह का बांन।—मीरां

उ०—२ यूं मूजरौ मांनौ प्यारी कौ, संग छोडौ परनारी कौ। सायर **सुरग्यांनी** प्यारा, अवलेखा आवै थारा।—लो.गी.

उ०—३ जद हट बोल्यौ रै दिल्ली कौ बादस्या; कोठै हूं चाल'र आई लोय। **सुरग्यांनण** हूरम कुरणसी कूंटा का यै पड़ चंदा पड़ै।—लो.गी.

(स्त्री. सुरग्यांनण)

सुरग्रह, सुरग्राह–सं.पु. [सं. स्वर+ग्रह] १ वीणा। (अ.मा.)

२ श्रवणेन्द्रिय, कान।

सुरघंट–सं.पु.–वीरघंट।

उ०—अंकुस सीस वणै गुण ऐसौ, जग वेधियौ मघा सनि जैसौ। अनुहरतां **सुरघंट** अपारै, दीपै किरि भल्लरि हरि द्वारै। रा.रू.

सुरघण–सं पु –मेघनाद, इन्द्रजित।

उ०—रिण कुंभ **सुरघण** मार रांवण, कठण खळ जण कीध कण कण।—र.ज प्र.

सुरघाती–सं.पु.–दैत्य, असुर, राक्षस। (अ.मा.)

वि.–देवताओं का नाश करने वाला।

सुरड़—देखो 'सरड़' (रू.भे.)

सुरड़णौ, सुरड़बौ–क्रि.स.–१ कांटेदार छड़ी, बेंत या चाबुक से बुरी तरह पीटना।

उ०—१ विरखा रा विछोव पछै उण माथै कांई-कांई विखौ पड़चौ, किण भांत उणरौ सुभाव बदळियौ, वौ पिणियारचां नै छेड़तौ, घड़ा बेवड़ा फोड़तौ, पछै कीकर मां एक दिन उणनै कांवड़ियां सूं **सुरड़ियौ**।—फुलवाड़ी

उ०—२ मतै ई वोहरा रा मोर सड़िद सड़िद **सुरड़ीजण** लागा कै वौ जोर सूं डाढियौ। चौधरी री वेटौ जाग्यौ जित्तै जित्तै वोहरा रौ आखौ डील वींधीजग्यौ। भाटी तौ उणी भांत सड़िद सड़िद बाजती री।—फुलवाड़ी

२ किसी पौधे या पेड़ की टहनी को हाथ या मुंह (जानवरों द्वारा) में पकड़कर इस प्रकार खींचना कि उसके समस्त फल, फूल या पत्ते एक साथ तोड़ लिये जावें, टहनी को नङ्गा कर देना, सूंतना।

उ०—१ इण निम भरने **सुरड़**, बुरड़ भेळी कर राखै। लरड़ लाय सा भाळ, साल भर सागां नाखै।—दसदेव

उ०—२ खोड़ै खील्हैरी रा चारिया, फुरणियां रा वैसणहार। कूमटै कंकेड़ै रा **सुरड़णहार**, आयवैरा चरणहार।—रा.सा.सं.

३ अनर्गल बोलना।

उ०—सेठां री हूंस हाल मिटी नीं ही। मुधरा मुधरा मुळकता बोल्या—गीगला री मां थांमैं औ इज तौ मोटौ औगण कै बोलता ढवौ ई नीं, **सुरड़ता** ई जावौ।—फुलवाड़ी

४ चाटकर खाना।

५ सञ्चय करना, सञ्चित करना।

क्रि.अ.–खरोंचना या खरोंचें आना।

उ०—दौ च्यारैक धकै आया जियां रा मूंडा तौ **सुरड़ीज्योड़ा** गोडां अर खुणियां सूं लोई चिकै पण घणा खारा घाव नीं लागोड़ा।—चितरांम

सुरड़णहार, हारौ (हारी), सुरड़णियौ—वि०।

सुरड़िओड़ौ, सुरड़ियोड़ौ, सुरड़चोड़ौ—भू०का०कृ०।

सुरड़ीजणौ, सुरड़ीजबौ—कर्म वा०।

सुरड़ियोड़ौ–भू.का.कृ.–१ कांटेदार छड़ी, बेंत या चाबुक से पीटा हुआ।

२ हाथ या मुंह में पकड़कर, सूंतकर फल, फूल या पत्ते तोड़ा हुआ (पेड़, पौधा या टहनी)। ३ अनर्गल बोला हुआ। ४ चाटकर खाया हुआ। ५ सञ्चय किया हुआ, सञ्चित। ६ खरोंचा हुआ या खरोंचें आई हुई।

(स्त्री. सुरड़ियोड़ी)

सुरड़ी–वि.स्त्री.–नाक कटी हुई।

सुरड़ी-बुरड़ी–वि.स्त्री.–नाक-कान कटी हुई, 'बूंची'।

सुरड़ौ–वि. (स्त्री. सुरड़ी) १ नाक-कान कटा हुआ, बूंचा।

२ निर्लज्ज, बेशर्म ?

उ०—संकर सागर हुयगौ **सुरड़ा**, करण मिलै नहीं पांणी कुरड़ा। चोभ मांय ठहरै नहि चुरड़ा, जिण री पाळ पड़ै दस दुरड़ा।—ऊ.क.

सुरचक्र–सं.पु.–सुदर्शनचक्र। (अ.मा.)

सुरचाप–सं.पु. [सं.] इन्द्रधनुष।

सुरचाह–सं.स्त्री.–अग्नि, आग। (अ.मा.)

सुरच्छा—देखो 'सुरक्षा' (रू.भे.)

सुरज–सं.पु –१ एक देव-जाति। (अ.मा.)

२ देखो 'सूरज' (रू.भे.)

उ०—छक बढियौ अणछेह, पमंग चढियौ भुबपत्ती। जांण चढ्यौ जेठ रौ, **सुरज** सपतास सपत्ती।—मे.म.

सुरजण - देखो 'सुरजन' (रू.भे.)

सुरजणौ–सं.पु. [सं. सुरञ्जनः] सुपारी का पेड़।

उ०—आंब आंवळौ **सुरजणौ** मौरसळी भड़ जाय।—रुखमणी मंगळ

सुरजन–सं.पु. [सं.] १ देवगण, देवता लोग, सुरगण।

२ सज्जन, भला।

३ चतुर, बुद्धिमान।

रू.भे.—सुरजण, सुरज्जण।

सुरजमुखी – देखो 'सूरजमुखी' (रू.भे.)

सुरजरठ—देखो 'सुरज्येस्ठ' (रू.भे.)

सुरजवंसी—देखो 'सूरजवंसी' (रू.भे.)

सुरजांण-सं.पु.-१ विष्णु ।

२ श्री कृष्ण ।

३ इन्द्र ।

सुरजा-सं.स्त्री. [सं.] १ एक अप्सरा ।

२ पुराणोक्त एक नदी ।

उ०—जगंनाथ गंगासागर हैं, साखी गुपाल व्रजवासी । सेतुबंध रांमेस्वर ईस्वर, मूळ वटी सुरजा सी ।—मीरां

सुरजेठ, सुरजेठि, सुरजेठी, सुरजेठौ—देखो 'सुरज्येस्ठ' (रू.भे.) (डि.को; नां.मा; ह.नां.मा.)

उ०—१ उमा सहित गण ईस, लच्छि जगदीस पधारै । सावत्री सुरजेठ जती, जंगम अण पारै ।—रा.रू.

उ०—२ हमैं नठा उपरांति करि नैं राजांन सिलांमति ग्रीष्म रित मांहे जिकै राजांनां ठाकुरनां सुख जेठ मांहे कहीग्रा तिकै सुख सुरजेठ कहतां इंद्र री ठकुराई पिण नही ऊग्रां राजां रा सुख कहीजै छै । —रा.सा सं.

सुरज्जण—देखो 'सुरजन' (रू.भे.)

उ०—रांवण गुणी मुरार, हार सारखो बभीखण । अमी बंट आसुरां, जोर अत कमी सुरज्जण ।—रा.रू.

सुरज्येस्ट, सुरज्येस्ठ-सं.पु. [सं सुर-ज्येष्ठ] १ ब्रह्मा, विधाता । (नां. मा.)

२ विष्णु ।

३ श्री कृष्ण ।

४ इन्द्र, जो देवताओं में बड़े माने गए हैं ।

रू भे.—सुरजरठ, सुरजेठ, सुरजेठि, सुरजेठी, सुरजेठौ ।

सुरझणौ, सुरझवौ -देखो 'सुळझणौ, सुळझवौ' (रू.भे.)

उ०—१ दादू सब्दैं ही मुक्ता भया, सब्दैं समझै प्रांण । सब्दैं ही सूझै सबै, सब्दैं सुरझै जांण ।—दादूवांणी

उ०—२ जब समझा तब सुरझिया, उलट समांना सोइ । कछु कहावै जब लगै, तब लग समझ न होइ ।—दादूवांणी

सुरझाणौ, सुरझावौ -देखो 'सुळझाणौ, सुळझावौ' (रू.भे.)

सुरझायोड़ौ -देखो 'सुळझायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री. सुरझायोड़ी)

सुरझावणौ, सुरझाववौ—देखो 'सुळझाणौ, सुळझावौ' (रू.भे.)

उ०—हमनै कहा सुरझावण रांणा, तुम जातै उरझाय रांम । हमनै कहा निरमोहित रहना, तुम तो जात मोहाय रांम ।—मीरां

सुरझावियोड़ौ—देखो 'सुळझायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री. सुरझावियोड़ी)

सुरझियोड़ौ—देखो 'सुळझियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री. सुरझियोड़ी)

सुरटीप-सं.स्त्री. [सं. स्वर+रा. टीप] गायन में स्वरालाप, आलाप; टीप । (संगीत)

सुरण-सं.स्त्री.-१ वह रस्सी जो कुएँ से पानी खींचने वाले पात्र के साथ बँधी हुई हो, नेज, लाव । (शेखावटी)

२ देखो 'सूरण' (रू.भे.)

सुरणा, सुरणाइ, सुरणाई, सुरणाय, सुरणौ—देखो 'शहनाई' (रू.भे.)

उ०—१ तरै भाटी भीमदै आसकरणोत, आसकरण जसहड़ोतरै, भेद दियौ । नै कोई कहै छै, सुरणाई वजाई, तिण में काई वात जणाई ।—नैणसी

उ०—२ सबदां आगै छत्रीस वाजां रा नांम कहै छै । ढोल ६, दमांमा ७, भेरि ८, भूंगळि ९, नफेरी १०, मदन-भेरि ११, सुरणाई १२, झांझ १३........।—रा.सा.सं.

सुरणौ, सुरवौ-क्रि.अ.-अपान वायु का निसरना, पाद आना ।

सुरतंर—देखो 'सुरतर' (रू.भे.)

सुरत-सं.स्त्री. [सं. सु+रतं] १ स्त्री-सम्भोग, रति-क्रीड़ा, सम्भोग ।

उ०—१ पति पवन प्रारथित त्री तत्र निपतित, सुरत अंत केहवी स्त्री । गजेंद्र क्रीडता सु विगळित गति, नीरासइ परि कमळिनी । —वेलि

उ०—२ जैसै निधवन कहतां सुरत सु भोग कै विखै अस्त्री की लाज सरव सरीर छोडि कै नैत्रां माहै जाय रहै छै । तैसें प्रथी छांडि तळावां पांणी जाय रह्यौ छै ।—वेलि टी.

उ०—३ जिण समैं रा रस कौ किसो छेह, जठै धण जिका धरती मदवौ जिको सांवण रौ मेह, इण भांत सुरत जंग जूटा धाय हुय छूटा ।—र. हमीर

२ लहर, ऊर्मी, तरङ्ग ।

३ अत्यन्त हर्ष, आनन्द या आह्लाद ।

४ न्याय-दर्शन के अनुसार चित्त व शरीर के छः प्रकार के क्लेश यथा भूख, प्यास, सर्दी, गर्मी, लोभ और मोह ।

उ०—एक रमा अहनिसा, दोय रवि चंद त्रिगुण दख । च्यार वेद तत पंच, सुरत छह सपत सिंध सख ।—र.ज.प्र.

५ पुष्प-गुच्छ जो सिर पर धारण किया जाय ।

[सं. सुरत] ६ अच्छा खिलाड़ी ।

७ देखो 'सूरत' (रू.भे.)

उ०—१ ध्रुव वन सिधारचौ वचन मारचौ, ध्यांन धारचौ एक ए । तजि पांन नीरु महाधीरु, परा पीरु पेख ए । सव ब्रह्म मंजु उर समंजू, सुरत रंजू तांम ए । ऐसा गोविंदू क्रपासिंधू, दीन बंधू रांम ए ।—करुणासागर

उ०—२ रांणी भारी पगां हीं । रांणी नै किणी सुरत मांनतां नीं देख डांवड़ी रा मन में एक उपाव सूझियौ ।—फुलवाड़ी

रू.भे.—सुरती, सुरत्त, सुरित ।

८ देखो 'स्मृति' (रू.भे.) (अ.मा.)

९ देखो 'सुरति' (रू.भे.)

उ०—१ म्हांरी आद भवांनी यै ! टेर लगाई यै हरकै नांव की

सुरत लगाई यै हरकै ध्यांन की ।—लो.गी.

उ०—२ भजन, यजन कर पिता थांनै पाया । अमर अराध्यां अवनी पै आप आया । सौ सुरत करौ सुर-काज सुधारौ ।—गी.रां.

उ०—३ सुरत सब्द रांमत रची, सुंन सहर घर माय । गेबी आवाजां साधां होय रही, झिळमिळ जोत जगाय ।

—श्री हरिरांमजी महाराज

उ०—४ वा पातसाह आलमगीर हाथी असवार कुरांन मैं सुरत लगाय रयौ है । लारै खवासी मैं मुखनस बैठौ मोरछड़ करै है ।

—द.दा.

सुरतग्रही—सं.पु. [सं.] नाक । (अ.मा.)

सुरतजंग—सं.पु.—रति-क्रिया में होने वाला सङ्घर्ष, रति-क्रीड़ा ।

सुरतटी—सं.स्त्री.—गङ्गा नदी ।

उ०—लाखीकां ऊपरा, चढै भड़ लक्ख सचेळै । जांण जटी चल्लिया, कुंभ सुरतटी समेळै ।—रा.रू.

सुरतपाक—वि.—जिसका चेहरा पवित्र एवं शुद्ध हो ।

सुरतर—सं.पु. [सं. सुरतरु] देव-वृक्ष, कल्प-वृक्ष, मंदार, पारिजात ।

(अ.मा; नां.मा.)

उ०—१ कारण विण जगसूं करै, आठ पोहर उपगार । जांणीजै सुरतर जिकै, मांनव लोक मझार ।—वां.दा.

उ०—२ सत हरचंद समांन, प्रगट दरियाव अथघपण । सुरतर आस सपूर, जांण पारस सेवक जण ।—र.ज.प्र.

रू.भे.—सुरंतर, सुरतरु, सुरतरुवर, सुरांतर ।

सुरतरण—सं.स्त्री. [सं. सुर+तरुणी] अप्सरा ।

उ०—किरण-पत आवियौ, कहै सुण सुरतरण । थियै मत गमजा घिरै थारै ।—द.दा.

सुरतरु, सुरतरुवर—देखो 'सुरतर' (रू.भे.)

सुरतांण—देखो 'सुलतांण' (रू.भे.)

उ०—१ आवै जौ अकलीम, सात हेक सुरतांण रै । नहीं जिका दै नीम, ईछै लेवा आठमी ।—वां.दा.

उ०—२ आयी ऊपर ऊपरा, सुणी खबर सुरतांण । उर अकुळाय पटक्कियौ, सीस खुदाय कुरांण ।—रा.रू.

उ०—३ मेदपाट खुरसांण, आदि बकवाद संभारै । सहि कीध फुरमांण, खांन सुरतांण हकारै ।—गु.रु.वं.

सुरतांणी—देखो 'सुलतांणी' (रू.भे.)

उ०—१ करण भारथ महा महाराजा कमंध, मिळै ... भड तांमगयणि मेळै । चींत सुरतांणी आगळि 'चौंडरज', चैन सुरितांण तिम न कौ चेलै ।—केसोदास गाडण

उ०—२ भागां झाड वीड थीउ पाधर, कादव कीधां पांणी । डूंगर तणां सिखर जिम चालइ, तिम हाथी सुरतांणी ।—का.दे.प्र.

सुरतांणोत—सं.पु.—१ कछवाहा राजपूत-वंश की एक उप-शाखा व इस शाखा का व्यक्ति ।

२ मेड़तिया राठौड़-वंश की एक उप-शाखा व इसका व्यक्ति ।

सुरतांणौ—देखो 'सुलतांण' (अल्पा; रू.भे.)

उ०—मंडी आस मळेछं, खट्टण खंड द्रुग्ग चितंगौ । कित्ती खंड विहंड, जित्ती हार धार सुरतांणौ ।—रा.रू.

सुरतांत—क्रि.वि. [सं. सुरत=सम्भोग+अन्त] सम्भोग के पश्चात्, मैथुन के पश्चात् ।

उ०—तठा उपरांति करि राजांन सिलांमत रंगमहल मैं प्रेम झड़ लागिनै रही छै । सुरतांत समय हुवौ छै ।—रा.सा.सं.

सुरता—सं.स्त्री.—१ चित्तवृत्ति, बुद्धि ।

उ०—१ पुनि पुन्य उदै भेए पूरब कै, उघरै उर अंक अपूरब कै । सुरता विकसी सरसायन मैं, परि प्रेम पयोनिधि पायन मैं ।

—ऊ.का.

उ०—२ सिली सुरता घस सिद्धि संमद्ध, पिली प्रभुता वस बुद्धि प्रवंद्ध । हिली जुगती जस वार हजार, मिळी मुगती दस द्वार मंझार ।—ऊ.का.

उ०—३ तूं तौ समझि सुहागण सुरता, नारि पलक मेरी रांम सू लगी ।—मीरां

२ आत्मा ।

उ०—कुपह कुमारग वरजि करि, सुपह साच करणी कहै । सेहनांण सुगुर तणा सुरता सुणौ, प्रमन की प्रगट कहै ।—वि.सं.सा.

३ लगन, ध्यान ।

४ याद, स्मृति ।

५ देखो 'स्रोता' (रू.भे.)

उ०—१ सुरता अर बकता बौह ग्यांनी, विन गुर गम आतम नहीं जांनी ।—अनुभववांणी

उ०—२ सकळ प्रताप सुरसरी, हरि पद रुद्र सहित । सुरता रांम सुमित्र सुत, वकता विसवामित्र ।—रांमरासौ

६ देखो 'सुरत' (रू.भे.)

७ देखो 'सूरत' (रू.भे.)

८ देखो 'सुरति' (रू.भे.)

सुरतात—सं.पु. [सं.] १ देवताओं के पिता कश्यप ।

२ देवताओं के अधिपति इन्द्र ।

सुरताभीलणी—सं.स्त्री.—एक राजस्थानी लोक-गीत ।

सुरति—सं.स्त्री. [सं. सु+रति] १ जमकर या छककर किया जाने वाला उपभोग, अच्छा भोग ।

२ तसल्ली, सन्तोष ।

३ अप्सरा, देवाङ्गना । (नां.मा.)

४ याद, स्मरण ।

उ०—१ तद घर थी नीसर विलाप करण लागियौ—हा हा प्रियै! केथी गई मोनूं वांणी देय । है प्रियै ! थारा जोवन री सुरति कर जीवूं छूं ।—वैताळ पच्चीसी

उ०—२ हरीया हंसी जीव है, सुन्य सागर विसरांम। सुरति समारी सीपड़ी, निज कन मोती नांम।—अनुभववांणी

५ ध्यान, लगन।

उ०—१ ध्यांन विहूंणा गुर मिळ्या, सुरति विहूंणा सिख। जन-हरीया गुर सिख का, सका मिथ्या न चिख।—अनुभववांणी

उ०—२ लगी सुरति मत सबद सुं, कबहूं खंडै नांहि। जनहरीया मन मिळ रह्या, आर पार पद मांहि।—अनुभववांणी

६ चित्तवृत्ति, बुद्धि।

उ०—सुरति चली आकास कुं, दै जाळंधर बंध। जनहरीया जांह जागीयै, हदि वेहद की संध।—अनुभववांणी

७ आत्मा।

उ०—बंधन तैं निबंध भया, मिळ्या सुन्य घरि जाय। हरीया सुरति'र सबद का, त्रिभैं ध्यांन लगाय।—अनुभववांणी

८ मोक्ष, मुक्ति।

उ०—जन हरिरांम कहै घट परचा, अखंड एक रांम की चिरचा। घट मैं रांम-नांम लिव लावै, जब तैं सुरति निरत घर पावैं।

—अनुभववांणी

९ ज्ञान।

उ०—अरध उरध कै बीच मैं, हरीया भिळमिळ जोत। सुरति सबद परचा भया, मिळै ओत अर पोत।—अनुभववांणी

१० भावना।

उ०—नर नारी को रूप धरि, नाचै करैं निरत। जनहरीया नारी नहीं, कांमी कांम सुरति।—अनुभववांणी

११ शब्द, ध्वनि, स्वर।

उ०—हरीया पांव न पख बिन, सुरति चढी असमांन। नांव निरंजन पाईयां, न्यारा वेद पुरांन।—अनुभववांणी

१२ परमपद, परमधाम।

उ०—१ उलटा मन असमांण कुं, मिलै त्रिवेणी तट। जनहरीयै जांह मंडीया, सुरति सबद का मट।—अनुभववांणी

उ०—२ सुरति सबद कै मट की, है अजरायल वाटि। जनहरीयै जांह घर कीया, लोक वेद सु फाटि।—अनुभववांणी

१३ प्राण या प्राण-वायु।

उ०—जाळधर बंधा उरधै कंधा, मन अरु पवन मिळंदा है। उलटया है आसण पलटया वासण, सुरति सबद परसंदा है।

—अनुभववांणी

१४ देखो 'स्रुति' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

१५ देखो 'सूरत'।

उ०—१ ओढ़ं लज्या चीर, धीरजि कौ घाघरो। ममता कांकण हाथ, सुरति की मूंदड़ी।—मीरां

उ०—२ महांसूर सुरति निळै अरटै 'सहसमल', मारकां तौ जिसां मिळै जुध मेच। जड़ळतां करै विचि गळै ठहरै जकै, परीवरमाळ जिम हिंडुळै पेच।—सहसमल राठौड़ रौ गीत

१६ देखो 'सुरत' (रू.भे.)

रू.भे.—सुरत, सुरती, सुरत्त, सुरित।

सुरतिगोपणा, सुरतिगोपना—सं.स्त्री. [सं. सुरतिगोपना] वह नायिका जो रति-क्रीड़ा करके आई हो, परन्तु अपनी सखियों से यह बात छिपाती हो।

सुरतिय—सं.स्त्री. [सुरस्त्री] अप्सरा।

सुरतिवंत—वि. [सं. सुरतिवत्, सुरतिमान्] कामातुर।

सुरती—सं.स्त्री.—१ तम्बाखू के पत्तों का चूरा जो चूना मिलाकर या पान में डालकर खाया जाता है।

२ देखो 'सुरत' (रू.भे.)

३ देखो 'सूरत' (रू.भे.)

४ देखो 'सुरति' (रू.भे.)

उ०—१ होटल माई खाणी हिळतां, बिटळां बुरी विचारी रे। मांनव धरम सास्त्र री महिमां, सुरती नहीं संभाळी रे।

— ऊ.का.

उ०—२ अथिर सुख संसार ना जी, कांय अळूजी जी जाळ। वचन सुणी सत गुरु तणा जी; चेतो सुरती संभाळ।—जयवांणी

५ देखो 'सुरता' (रू.भे.)

६ देखो 'स्रुति' (रू.भे.)

सुरत्त—१ देखो 'सूरत' (रू.भे.)

उ०—१ वाहू चळी निरम्मळी, चरव बींभळी सुरत्त। आजै 'करनळ' अक्कळी, (तूं) संवळी रूप सगत्त।—राव सेखो

उ०—२ विदर बुराई बींटिया, विदर वड़ा वाचाळ। विदर पटा लावै सुरत्त, छोगाळा चिरताळ।—वां.दा.

२ देखो 'सुरति' (रू.भे.)

उ०—पही भमंतउ जउ मिळइ, कहै अम्हीणी वत्त। धण कंणयर री कंब ज्यउं, सूकी तोइ सुरत्त।—ढो.मा.

३ देखो 'सुरत' (रू.भे.)

सुरत्थ, सुरत्थी—देखो 'सुरथ' (रू.भे.)

उ०—थंडै काहुळा बिरमीनाद तंडैबै बीरांण थूंथ, मंडकै धुरंदी जोध मट्टां छंडै मांण। सुरत्थां समत्थां जुत्थां खासा भंडां होदां सीस। करी मुंडां तूभ वाळी उमडै केवांण।

—भगतरांम हाडा रौ गीत

सुरत्रिय, सुरत्रिया, सुरत्री—सं.स्त्री. [सं.] अप्सरा, परी, देवाङ्गना।

उ०—१ मिळ सची संग सुरत्रिय समाज, 'जोध' हर वधाया हरख साज।—शि.सु.रू.

उ०—२ सदन कज फरैं अहियां फलां सुरत्रियां। वदन कज वहा सिध फरैं वांसैं।—माहसिंह रावत रौ गीत

उ०—३ हुवै दिव्य देहा, सुरत्री सनेहा। विवांण विराजै, गयं अग्गि गाजै।—सू.प्र.

सुरथ-सं. पु. [सं.] १ पुराणानुसार स्वारोचिष मनवन्तर का एक राजा जिसने सर्वप्रथम दुर्गा की आराधना की थी।
उ०—देवी गाजता दैत ता वंस गमिया, देवी नवै खंड त्रिभुवन तूझ नमिया। देवी वन्न मैं समाधी सुरथ व्रन्नी, देवी पूजतै आस पुरणा प्रसन्नी।—देवि.
२ राजा द्रुपद का एक पुत्र।
३ जनमेजय का एक पुत्र।
४ हंसध्वज का एक पुत्र जो चंपकपुरी का राजा था।
५ सुरथ नामक द्वीप का राजा।
६ एक द्वीप का नाम।
७ सूर्यवंश में रणक नामक राजा का पुत्र, एक सूर्यवंशी राजा।
उ०—तास सुनाव प्रसेनजित तत्र। जिण सुत खुद्रक भूप हुवौ जत्र। खुद्रक सुतण रिणक्क दहण खळ। हुवौ सुरथ जिण सुत झाळाहळ।—सू. प्र.
८ शस्त्रों से सज्जित सुन्दर रथ।
उ०—लखि फौज तुंग लड़ंग, ऊबंध किर दधि अंग। वणि सुरथ पायक व्रंद, जग जांण दळ जयचंद।—रा. रू.
९ उक्त प्रकार के रथ पर चढ़ने वाला वड़ा योद्धा।
रू. भे.—सुरत्थ, सुरत्थी, सुरथि।

सुरथांण, सुरथांन-सं. पु. [सं. सुर+स्थान] १ देवालय, देव मन्दिर।
उ०—जितै 'जसौ' पह जीवियौ, थिर रहियौ सुरथांण। आंगळ ही अवरंग सूं, पड़ियौ नह पाखांण।—वां. दा.
२ स्वर्ग, वैकुण्ठ।
उ०—रिघ नेह वैस पटरांणियां, देह न गाळी दुक्ख मैं। सुरथांन काजि महाराज संगि, मिळी एम सुरमुक्ख मैं।—रा. रू.
रू. भे.—सुरथांनक, सुरांथान, सुरांथांनि।

सुरथांनक-सं. पु.—१ सुमेरु पर्वत। (अ. मा.)
२ देखो 'सुरथांण' (रू. भे.)

सुरथि—देखो 'सुरथ' (रू. भे.)

सुरदारू-सं. पु. [सं.] देवदारू का वृक्ष।

सुरदुंदुभि-सं. स्त्री. [सं.] देवताओं का नगाड़ा।

सुरदेव-सं. पु. [सं.] जैनियों के भविष्यकाल के दूसरे तीर्थंकर का नाम। (स. कु.)
रू. भे.—सूरदेव।

सुरदेवि, सुरदेवी-सं. स्त्री. [सं. सुरदेवी] यशोदा के गर्भ से अवतार लेने वाली योगमाया जो, कंस द्वारा पछाड़ी जाते समय उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई थी।

सुरदेस-सं. पु. [सं. सुरदेश] स्वर्ग।

सुरदोखी-सं. पु. [सं. सुर+द्वेपिन्] देवताओं का दुश्मन दैत्य, दानव, असुर। (अ. मा.)

सुरद्रुम, सुरद्रुमी-सं. पु. यौ. [सं. सुरद्रुम] देववृक्ष, कल्पवृक्ष।

सुरद्रोही-सं. पु. यौ. [सं.] १ असुर, दैत्य, दानव, राक्षस। (अ. मा.)
२ रावण, दशानन। (अ. मा.)
३ यवन, मुसलमान।
उ०—सुरद्रोही जाग्रत सुपन, प्रगट लखै उतपात। वार सुरंगी वीच तै, करै विरंगी वात।—रा. रू.
रू. भे.—सुरध्रोही।

सुरद्वार-सं. पु. यौ. [सं.] स्वर्ग-द्वार।
उ०—देवारी सुरद्वार, अडियौ अकवरियौ असुर। लड़ियौ भड़ ललकार, पोळां खोल 'प्रतापसी'।—दुरसौ आढ़ौ

सुरद्विप-सं. पु. यौ. [सं.] १ इन्द्र का हाथी, ऐरावत।
२ देवताओं का हाथी।

सुरधनुख, सुरधनुस-सं. पु. यौ. [सं. सुर+धनुष] इन्द्रधनुष।

सुरधरम-सं. पु. [सं. सुर+धर्मी] वृहस्पति। (अ. मा.)

सुरधांम-सं. पु. [सं. सुरधामन्] स्वर्ग।
उ०—परी वर होय विमांण पधारि। मिळै सुरधांम आरांम मझारि।—सू. प्र.

सुरधि-सं. स्त्री.—१ सफाई, स्वच्छता, शुद्धि।
२ अशुद्ध को शुद्ध करने का भाव, शुद्धि।
उ०—उच लगन लखि रिखि अरधि। सब कूंण प्राचिय सुरधि।—रा. रू.

सुरधुनी-सं. स्त्री. [सं. सुर+ध्वनी] गंगा नदी।

सुरधेन, सुरधेनु-सं. स्त्री. [सं. सुर+धेनु] १ इच्छित फल देने वाली देवताओं की वह गाय जो समुद्र मंथन से निकलने वाले १४ रत्नों में से एक थी, कामधेनु।
उ०—१ राजा तिण नगरी तणौ होजी, मछरालौ महसेन। मांनी महिपति अछै सभा दौ सुभमती होजी, दायक जिम सुरधेन।—वि. कु.
उ०—२ धेन पूज सुरधेन, विमधु चरणांम्रत वंदां। धनुख मांण न्रप कळप, संख जस मद्द विरद्दां।—रा. रू.
२ वशिष्ट मुनि की शवला नामक (नंदिनी) गाय जिसके लिये विश्वामित्र से युद्ध हुआ था।

सुरध्रमरिम-सं. पु. [सं. सुर+धर्म+रिपु] दैत्य, दानव, असुर, राक्षस। (नां. मा.)

सुरध्रोही—देखो 'सुरद्रोही' (रू. भे.) (नां. मा.)

सुरनगर-सं. पु. [सं.] स्वर्ग।

सुरनद, सूरनदि, सुरनदी-सं. स्त्री. [सं. सुरनदी] १ गंगा नदी। (अ. मा; ह. नां. मा.)
उ०—पोसप्प पांन कपूर प्रिथवी, वणात जण धन वांन ए। इधकार तीरथ जात उद्दम, आदि सुरनदि आंन ए।—रा. रू.
२ आकाश गंगा।

सुरनयर—देखो 'सुरनगर' (रू. भे.)

उ०—'असनाह' नृप दुख हरण आयां, जोधपुर सुख जांणियै।
सुरनयर की कविलास सोभा, वाधि तास वखांणियै।—रा. रू.

सुरनरजयकारी–सं. पु. यौ.—वह घोड़ा जिसका समस्त शरीर श्वेत हो और एक कान श्यामवर्ण का हो। ऐसा माना जाता है कि ऐसे घोड़े के स्वामी में देवताओं को जीतने की भी शक्ति आ जाती है। (शा. हो.)

सुरनाथ–सं. पु. [सं.] इंद्र, सुरपति।
उ०—१ सुरनाथ त्रितापुर साखियात। प्रगटै कि सस्त्र रव वज्रपात।—रा. रू.
उ०—२ माथ पगां सुहनाथ नमावै, गौरव सारद नारद गावै।
—र. ज. प्र.
रू. भे.—सुरनाह।

सुरनाथरथ–सं. पु. [सं.] इंद्र का हाथी, ऐरावत। (अ. मा.)

सुरनायक–सं. पु. [सं.] १ ईश्वर, परमात्मा। (ह. नां. मा.)
२ विष्णु। (नां. मा.)
उ०—सुनरायक सेव्य समृद्धि वहै, बळ वायक तैं वंज व्रिद्धि वहै।
नव नैनन मैं नव निद्धि वहै, सब हाजर रिद्धिय सिद्धि वहै।
—ऊ. का.

सुरनारी–सं. स्त्री. [सं.] देवबाला, देवांगना, अप्सरा।

सुरनाह—देखो 'सुरनाथ' (रू. भे.)

सुरनैज–सं. पु. [सं सुर+नदी+ज] पितामह भीष्म, गांगेय।
उ०—धकै फरसधर चक्रधर, पाळी जिण निज पैज। सौ सूरां सिर सेहरौ, नर पुंगव सुर-नैज।—बां. दा.

सुरप, सुरपत, सुरपति, सुरपती–सं. पु. [सं. सुरप, सुरपति] १ देवताओं का राजा इन्द्र, सुरराज। (अ. मा; डि. को.)
उ०—१ लहर हेक दीधी लछीस यांनक लंकसा। सुज पय नमै अविच्ळ सीस सुरप असंकसा।—र. ज. प्र.
उ०—२ सेवैं पुरुख सुपह पह सुमनस, सुमनस सेवैं सुरप सुवेस। सेवैं सुरपतादि उर ईसर, ईसर तौ सेवै अवधेस।—र. रू.
उ०—३ रट नर अधिका राज, राजां अधिका सुर रटैं। सुरां अधिक सुरराज, अवधेसर सुरपत अधिक।—र. ज. प्र.
उ०—४ ब्रह्मा बिसन सेस सिव नारद, नर सुरपति लै आदि। गिरही रिखवदेव औतारा, और की कौन मुनादि।—अनुभववांणी
२ विष्णु।
३ दुर्गा, देवी। (क. कु. बो.)
४ पार्वती। (,,)
५ टगण के चतुर्थ भेद का नाम। (डि. को.)
६ टगण के द्वितीय भेद का नाम। (र. ज. प्र.)
७ आदि गुरु त्रिकळ मात्रा का एक नाम।
रू. भे.—सुरंपति, सुरपती, सुरपत्ती, सुरांपत, सुरांपति, सुरापत सुरापति, सुरापती।

सुरपतगुरु, सुरपतिगुरु–सं. पु. यौ. [सं. सुरपतिगुरु] बृहस्पति।

सुरपतिचाप–सं. पु. यौ. [सं.] इन्द्रधनुष।

सुरपतितनय–सं. पु. [सं.] १ इन्द्र का पुत्र, जयंत।
२ अर्जुन।

सुरपतिपाट–सं. पु.—इन्द्रासन। (नां. मा.)

सुरपती, सुरपत्ती—देखो 'सुरपति' (रू. भे.) (अ. मा.)
उ०—१ चालेवौ चक्रवती, निजर सुरपती निहारै। भाग धन्य भूपती, एम सोभाग उचारै।—रा. रू.
उ०—२ तिलोतमा मैणका सची, उरवसी सरोतरि। सुरपत्ती सेवतां, ईढ न धरै तिण औसरि।—रा. रू.

सुरपथ–सं. पु. [सं.] आकाश, आसमान। (अ. मा.)

सुरपरवत–सं. पु. [सं. सुर+पर्वत] सुमेरु पर्वत।

सुरपाज, सुरपाजा–सं. पु.—श्रीरामचन्द्र, श्रीराम। (नां. मा.)

सुरपादप–सं. पु [सं] कल्पवृक्ष, देववृक्ष।

सुरपाळ, सुरपाळक, सुरपालक–सं. पु. [सं. सुरपाल, सुरपालक] १ इन्द्र, सुरराज।
२ पीतवर्ण। (डि. को.)
वि.—देवताओं की रक्षा या पालन करने वाला।
उ०—देवी दांनवां काळ सुरपाळ देवी, देवी साधकं चारणं सिधं सेवी।—देवि

सुरपीर—देखो 'सुड़पी' (रू भे.)

सुरपी–रसं. पु.—देवताओं के पूजनीय, देव पूज्य।
उ०—वळि वळ वळी महावतां, आराधे सुरपीर। छरिति मंदोपति छोडिया, किरि गिरि अट्ठ सरीर।—रा. रू.

सुरपुर–सं. पु. [सं.] १ अमरावती, स्वर्ग, वैकुण्ठ।
उ०—१ सुरपुर तूं गयौ अभिनवा 'सेखा' सुजस राखि वर स्यांम सनाह।—बां. दा.
उ०—२ सुर करैं हरख वरखै सुमन, अमर तरणि धिन उच्चरै। नर भुवण हूंत सतियां नृपति, सुरपुर मारग संचरै।—रा. रू.
२ किसी विषय, घटना या बात की गुप्त रूप से या दबी जबान से चलने वाली चर्चा, जिक्र, गुप्त वार्ता।
उ०—१ इण बात री सुरपुर वांणियै सुणी तौ बौ मांय रावळा मैं सीधौ ठकरांणीसा' रै पाखती गियौ।—फुलवाड़ी
उ०—२ कालै थारै भाग रौ म्हैं निपटनै पाछौ आवतौ हौ कै एक वांटका लारै म्हैं दो लुगायां री सुरपुर सुणी।—फुलवाड़ी
३ गुप्त मंत्रणा।
उ०—पछै घड़ी भर तांई दोनूं लोग लुगाई सुरपुर करता रह्या।
—फुलवाड़ी
४ फुसफुसाहट, अस्पष्ट आवाज।
उ०— बरसाळी मैं ऊभा चोर साळ मैं सुरपुर सुणी तौ किंवाड़ रै पाखती कांन लगाय ब्यांनै नूं सुणण लागा।—फुलवाड़ी

५ भनक।

उ०—उण देस री राजा अदल न्यायी हौ। इण सौदा री **सुरपुर** ई सुणली तौ पीढियां री कमाई तक खोस लेवैला।—फुलवाड़ी

६ खवर।

उ० च्यारू टाट्या सिरदारां री गत विगड़ी उण सूं चौगणी **सुरपुर** उण रै कांनां पूगगी ही।—फुलवाड़ी

७ उड़ती खवर, अफवाह।

उ०—इण गवाड़ी राजाजी री ढूक नीं व्ही जित्तै कित्ता मिनख प्रीत करण री स्वांग रचियौ, पण राजाजी री **सुरपुर** सुणतां ई एक ई इण गवाड़ी साम्ही मूंडौ नीं करियौ।—फुलवाड़ी

८ चक-चक।

उ०—जांनियां रै डेरा सूं ठौड़ ठौड़ **सुरपुर** सळवळण लागी कै वींदराजा नै किणी काळजीभा री निजर लागगी। तपास करनै उणरी जीभ डांभौ।—फुलवाड़ी

९ चर्चा, वात, जिक्र।

उ०—मेड़ी रै वारणै ऊभा धणी नै अबै जावतां चेतौ व्हियौ पण चेतौ वावड़तां ई जकी **सुरपुर** कांनां सुणीजी तौ जांणै काळजा मैं अणचीती सुरंग छूटी।—फुलवाड़ी

१० विचार-विमर्श, सलाह।

उ०—खिलकौ जोवण सारू गांव रा सगळा बूढा-ठाडा चोवटै अेकठ होय **सुरपुर** करण लागा।—फुलवाड़ी

सुरपुरनाथ, सुरपुरनाह—सं. पु. यौ. [सं. सुरपुरनाथ] इन्द्र। (अ. मा.)

सुरपुरी—सं. स्त्री. [सं.] देवताओं की पुरी, स्वर्ग, वैंकुण्ठ।

सुरपोढणी—सं. स्त्री.—आसाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी। यह दिवस भगवान के शयन करने का माना जाता है।

सुरप्रिय—सं. पु. [सं.] १ इन्द्र का एक नामान्तर।

२ वृहस्पति का एक नामान्तर।

वि.—जो देवों को प्रिय हो।

सुरफांकताल—सं. स्त्री.—मृदंग की एक ताल।

सुरवंधु—सं. पु. [सं.] दैत्य, दानव। (डिं. को)

सुरबांग—सं. स्त्री. [सं. स्वर+फा. बांग] अजान की आवाज।

उ०— सुर झालर घटां सरसाया। महजीतां **सुरबांग** मिटाया।
—रा. रू.

सुरवांणी—सं. स्त्री. [सं. सुर+वाणी] देव भाषा, संस्कृत।

उ०—साच वाच संभळै, सोचि वोलै **सुरबांणी**। जीहा जपि जीकार, कथा ध्रम सिध कहांणी।—वि. सं. सा.

सुरवाळ, सुरवाळा—सं. स्त्री. [सं. सुरवाला] देवांगना, अप्सरा।

उ०—वरै सुज हिंदु वरै **सुरवाळ**। चलै सुख हूर धरै चुंगलाळ।
—रा. रू.

रू. भे.—सुरवाळी।

सुरवाळी—सं. स्त्री.— १ पृथ्वी, धरती। (डिं. नां. मा.)

२ देखो 'सुरबाळ' (रू. भे.)

सुरभंग—सं. पु. [सं. स्वर+भंग] १ एक प्रकार का रोग जिसके कारण स्वर बैठ जाता है और भर्राई हुई आवाज निकलती है।

२ उच्चारण में होने वाली बाधा।

३ साहित्य में एक सात्विक अनुभाव जिसमें हर्ष, भय, क्रोध आदि के कारण स्वर में रूपान्तरण हो जाता है।

सुरभख—देखो 'सुरभिक्ष' (रू. भे.)

उ०—मेटै दुरभक मुरधरा, **सुरभख** चारू चाळ। रायपाळ पायौ विरद, महींरेलण घणमाळ।—पा. प्र.

सुरभमण, सुरभवन—सं. पु. [सं. सुर+भवन] १ स्वर्ग, वैकुण्ड।

२ देवस्थान, मंदिर, देवालय।

रू. भे.—सुरभुयण, सुरभुवण।

सुरभाका, सुरभाख, सुरभाखा—सं. स्त्री. [सं. सुर+भाषा] संस्कृत भाषा, देववाणी। (अ. मा.)

उ०—१ संसक्रत है **सुरभाख**, आदि पहिला उच्चारू। सुजि भाखा दूसरी, सेस दूजै विसतारू।—सू. प्र.

उ०—२ भाखा व्रज मारू **सुरभाखा**, भाखा प्राक्रत जांन भर। पायौ रचण रूपगां पैंडौ, 'मेहाही' थारी महर।—वां. दा.

सुरभि—सं. स्त्री [सं. सुरभिः] १ वसंत ऋतु।

२ महक, सुगंध, खुशवू।

उ०— पुहप **सुरभि** पांचैवरण, वरखा करण विसेख।—ध. व. ग्रं.

३ गौ, गाय।

उ०— **सुरभि** रसा नूं स्यांम मौ, खंड खगट खाटेह। स्रोण साड़िदै सावरत, विप्रां नित वांटेह।—रैंवतसिंह भाटी

४ पृथ्वी, धरती। ५ शराब, मदिरा।

६ अष्ट मातृकाओं में से एक।

७ वन तुलसी।

८ एक प्रकार की सुगंधित घास।

९ साल वृक्ष की राल।

१० गंधक।

११ कस्तूरी।

१२ हरीतकी, हर्रे।

सं. पु.—१३ चैत्र मास, मधुमास।

१४ चंदन।

१५ पुष्पहार।

१६ नारियल।

१७ चपक वृक्ष।

१८ समी वृक्ष।

१९ कदंव वृक्ष।

२० जातिफल, जायफल।

२१ मोतिया बेला ।

२२ सुवर्ण ।

वि. [सं. सुरभि] १ महकदार, खुशबूदार, सुगंधित ।

उ०—१ छट्ठी पूजा ए छती, महा सुरभि पुस्पमाल । गुण गुंथी धापी गलें, जेम टलें दुख जाल ।—ध. व. ग्रं.

उ०—२ वात समीरण चालवै, सुरभि सीतल नै मंद । गगन वस्त्र जाम कहीयै, तजै तिमिर नो फंद ।—वि. कु.

२ मनोहर, सुन्दर ।

३ ग्रानन्ददायक, प्रिय ।

४ चमकदार, चमकीला ।

५ प्रेम पात्र ।

६ प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित ।

७ बुद्धिमान, पंडित, विद्वान ।

८ पुण्यात्मा, नेक ।

९ जवान, युवा ।

रू. भे.—सरभि, सुरभि, सुरभी, सुरभेई, सुरम्भी, सुरह, सुरहि, सुरही, सुरिहि, सोरभेई ।

सुरभिक्ष, सुरिभख–सं. पु. [सं. सुरभिक्ष] १ वह समय जब वर्षा अच्छी होने के कारण अन्नादि की फसल अच्छी होती है, दुरभिक्ष का उल्टा, सुकाल ।

२ अधिक वर्षा ।

रू. भे.—सुरभख ।

सुरभिगंध–सं. स्त्री. [सं.] सुगंध, खुशबू ।

सुरभितनय–सं. पु. [सं.] १ बैल ।

२ सांड ।

३ बछड़ा ।

सुरभितन्या–सं. स्त्री. [सं.] १ गाय, गौ ।

२ गाय की बछिया ।

सुरभिमास–सं. पु. [सं.] चैत्रमास, मधुमास ।

सुरभी—देखो 'सुरभि' (रू भे.)

(अ. मा; नां. मा; ह. नां. मा.) (अनेका.)

उ०—१ सुरभी गोवर पाक, करै ग्रोखर चहुंग्रारां । काया पाक किम कहां, भोत मळ भरी विकारां ।—वि. सं. सा.

उ०—२ सुरभियां चरावौ संग लावौ सखा, छैल ग्रावौ कदम तणी छांहीं । पोख हित वेल गावौ चरित पेम रा, मुरलिका सुणावौ घोख मांहीं ।—बां. दा.

सुरभुवण, सुरभुवण—देखो 'सुरभवन' (रू. भे.)

